दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 31 | अंक :55
प्रतापगढ़ | शुक्रवार ,27 दिसम्बर -2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

इंडी गठबंधन में रार

कांग्रेस को इंडी गठबंधन से बाहर किया जाए-आआपा

▶▶ माकन की टिप्पणी पर भड़की

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली में इंडी गठबंधन न सिर्फ बिखर गया है बल्कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आआपा) के बीच तलवारें खिंच गई हैं। कांग्रेस नेता अजय माकन ने कल अरविंद केजरीवाल पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। आज दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और आआपा सांसद संजय सिंह ने एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कांग्रेस पर पलटवार किया। आआपा ने कहा कि कांग्रेस को आईएनडीआईए (इंडी गठबंधन) से बाहर कर दिया जाना चाहिए।आआपा नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने आरोप लगाया कि दिल्ली में कांग्रेस भाजपा के पक्ष में खड़ी है। अजय माकन भाजपा की स्क्रिप्ट पढ़ते हैं और आआपा के नेताओं को कोसते हैं। उन्होंने कल आआपा के संयोजक केजरीवाल को ÷एंटी नेशनल÷ कहा। क्या आज तक अजय माकन ने भाजपा के किसी नेता को ऐसा कहा? ये कैसा बयान है? जिस केजरीवाल ने कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए दिल्ली और चंडीगढ़ में प्रचार किया, संसद में हम कांग्रेस के साथ खड़े रहे, उसी पार्टी (यूथ कांग्रेस) के नेता केजरीवाल के खिलाफ एफआईआर करा रहे हैं। हरियाणा चुनाव में हम कांग्रेस के साथ मिलकर लड़ना चाहते थे लेकिन कांग्रेस के कारण गठबंधन नहीं हुआ। इसके बावजूद हमारे किसी नेता ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एक शब्द नहीं बोला।

आज कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची देखकर साफ पता चल रहा कि जैसे वह भाजपा के दफ्तर से बन कर आ रही है।संजय सिंह ने अत्यंत तल्ख लहजे में कहा, ÷अजय माकन और उनकी पार्टी ने जो दुस्साहस किया है, उसके लिए कांग्रेस से बात करूंगा। अगले 24 घंटे में कांग्रेस पार्टी माकन पर कार्रवाई करे। अगर ऐसा नहीं होगा तो हम इंडी गठबंधन के अन्य सहयोगी दलों से बात करके कांग्रेस को इंडी गठबंधन से बाहर कराएंगे।दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि कांग्रेस के बयानों और एक्शन से यह साबित हो गया है कि उसकी भाजपा से साठगांठ हो गई है। माकन के केजरीवाल के बारे कल की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर आतिशी ने कड़ा एतराज जाहिर किया। आतिशी ने कहा कि कल कांग्रेस के नेता ने केजरीवाल और मेरे (आतिशी) के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।

क्या इससे पहले कभी भाजपा के खिलाफ शिकायत या एफआईआर दर्ज करवाई? हमें आधिकारिक सूत्रों से पता चला है कि कांग्रेस उम्मीदवारों का खर्च भाजपा से आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि संदीप दीक्षित और फरहाद सूरी की चुनावी फंडिंग भाजपा द्वारा की जा रही है। आतिशी ने सवालिया लहजे में कहा कि जब कांग्रेस को लगता है कि हम एंटी नेशनल हैं तो लोकसभा चुनाव मिलकर साथ क्यों लड़ा? उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आआपा को हराने के लिए कांग्रेस ने भाजपा के साथ साठगांठ कर ली है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का दिल्ली एम्स में निधन

▶▶ देशभर में शोक की लहर, कांग्रेस के कार्यक्रम रद्द

नई दिल्ली,एजेंसियॉ। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार रात को दिल्ली एम्स में आखिरी सांस ली। उन्हें देर शाम एम्स में भर्ती कराया गया था। हालत गंभीर होने के कारण उन्हें इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि उन्हें सांस लेने में परेशानी हो रही थी।उधर, कर्नाटक के बेलगावी में कांग्रेस की कार्यसमिति की बैठक को रद कर दिया गया है और सारे कार्यक्रम कैंसिल कर दिए गए। वहीं खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी समेत तमाम नेता दिल्ली लौट रहे हैं।

इससे पहले, 13 अक्टूबर 2021 को मनमोहन सिंह को एम्स में भर्ती कराया गया था।प्रख्यात अर्थशास्त्री और देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय मनमोहन सिंह जी का निधन भारतीय राजनीति की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति और उनके परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

दिल्ली कांग्रेस परिवार आदरणीय मनमोहन जी की स्मृतियों को नमन करता है और राष्ट्रनिर्माण में दिये उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है।भारत के एकमात्र सिख प्रधान मंत्री ने 1991 में वित्त मंत्री के रूप में शपथ लेने के चार महीने बाद राज्यसभा में प्रवेश किया। जून 1991 में पीवी नरसिम्हा राव के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री रहे। उन्होंने उच्च सदन में पांच बार असम का प्रतिनिधित्व किया और 2019 में राजस्थान चले गए।

संसद में उनका आखिरी हस्तक्षेप नोटबंदी के खिलाफ था, उन्होंने इसे संगठित लूट और वैध लूट बताया।

उत्तर भारत शीत लहर के आगोश में पहाड़ों पर गिर रही बर्फ से कांपे मैदान

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत समूचा उत्तर भारत शीत लहर के आगोश में है। पहाड़ों पर गिर रही बर्फ से मैदानों में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अनुसार, पश्चिमी विक्षोभ के कारण दिल्ली समेत कई राज्यों में हल्की बारिश होने और कोहरा छाने की संभावना है। दिल्ली में आज अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना है। अगले तीन दिन के लिए घने कोहरे की चेतावनी (येलो अलर्ट) जारी की गई है।राष्ट्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में आज सुबह कोहरे की पतली परत छाई रही और न्यूनतम तापमान गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने कारण 27 और 28 दिसंबर को उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में ओलावृष्टि के साथ हल्की से मध्यम वर्षा या गरज के साथ आंधी-तूफान आने की संभावना है।साथ ही दिल्ली में अगले कुछ दिनों तक कोहरा गिरने और हल्की बारिश की संभावना है। इससे ठंड में इजाफा होने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक सुबह के समय हल्का कोहरा छाए रहने की संभावना है। रविवार को कोहरा घना हो सकता है। दिल्ली में आज दिनभर आंशिक रूप से बादल छाए रहने की संभावना है। शाम और रात के समय हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम 7 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। कल 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। समूचा हिमाचल प्रदेश शीत लहर की चपेट में है। कहीं-कहीं तो पारा शून्य से नीचे है।

युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है - प्रधानमंत्री

▶▶ प्रधानमंत्री ने देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया

▶▶ प्रधानमंत्री ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय युवाओं के साहस और सामर्थ्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि युवाओं के कारण विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की सफलता सुनिश्चित है।प्रधानमंत्री गुरुवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ भी किया। इसका उद्देश्य पोषण संबंधी सेवाओं के कार्यान्वयन को मजबूत करके और सक्रिय सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करके पोषण संबंधी परिणामों और कल्याण में सुधार करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कार्यक्रम के दौरान ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी) के विजेता बच्चों से भी बातचीत की।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में युवाओं को भविष्योन्मुखी बनाने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि युवा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रहें। प्रधानमंत्री ने देश की आजादी के समय युवाओं की भूमिका से लेकर मौजूदा समय में विदेशी कंपनियों के शीर्ष पर भारतीयों के काबिज होने का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ÷आज के युवाओं के सामने विकसित भारत का लक्ष्य है। इस दशक में हमें अगले 25 वर्षों के तेज विकास की नींव रखनी है, इसलिए भारत के युवाओं को अधिक से अधिक इस समय का लाभ उठाना होगा। हर सेक्टर में स्वयं भी आगे बढ़ना है और देश को भी आगे बढ़ाना है।प्रधानमंत्री ने लाल किले से दिये अपने भाषण का जिक्र करते हुए देश में गैर-राजनीतिक पृष्ठभूमि के एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने अगले 25 सालों के लिए इस शुरुआत को बेहद महत्वपूर्ण करार दिया। उन्होंने युवाओं से इस अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि देश की राजनीति में एक नवीन पीढ़ी के उदय के लिए यह आवश्यक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का भी आयोजन होगा। देशभर के लाखों युवा इसका हिस्सा बनेंगे। इसमें विकसित भारत के विजन पर चर्चा होगी।प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हैं। हम माता गुजरी और श्री गुरु गोबिंद सिंह को भी श्रद्धांजलि देते हैं। उन्होंने कहा कि आज हम तीसरे %वीर बाल दिवस% का हिस्सा बन रहे हैं। तीन साल पहले हमारी सरकार ने वीर साहिबजादों के बलिदान की अमर स्मृति में वीर बाल दिवस मानने शुरुआत की थी। अब ये दिन करोड़ों देशवासियों के लिए, पूरे देश के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बना है। इस दिन ने भारत के कितने ही बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस से भरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वीर बाल दिवस का यह दिन हमें सिखाता है कि चाहे कितनी भी विकट स्थितियां आएं, कितना भी विपरीत समय क्यों ना हो देश और देश हित से बड़ा कुछ नहीं होता।प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश के 17 बच्चे बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल और कला जैसे क्षेत्रों में पुरस्कार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने दिखा दिया है कि भारत के युवा और बच्चे कितने सक्षम हैं।

सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे - योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, (हि.स.)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनका आशीर्वाद हमारी प्रेरणा है। उस प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन-संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह हमें स्वतस्फूर्त भाव से प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन किया गया। इस दौरान ऐतिहासिक समागम व 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया।

▶▶ ▶▶ मेलबर्न टेस्ट

विराट कोहली पर लगा मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

नई दिल्ली, (हि.स.)। स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि कोहली को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ÷किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।÷इसके अलावा, कोहली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था।यह घटना पहले दिन के 10वें ओवर के बाद हुई, जब कोहली को एमसीजी पर 90,000 दर्शकों के सामने डेब्यू करने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास को कंधे से धक्का देते हुए देखा गया। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच बहस हुई और दूसरे ओपनर उस्मान ख्वाजा ने मामले को शांत करने की कोशिश की।कोहली ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।मैदानी अंपायर जोएल विल्सन और माइकल गॉफ, तीसरे अंपायर शारफुद्दौला इब्ने शाहिद और चौथे अंपायर शॉन क्रेग ने आरोप लगाया।लेवल 1 उल्लंघन के लिए न्यूनतम दंड आधिकारिक फटकार, अधिकतम दंड खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत और एक या दो डिमेरिट अंक है।

हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विहिप ने की देशव्यापी अभियान की घोषणा

▶▶ विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने कहा- 5 जनवरी को विजयवाड़ा से होगी शुरुआत

नई दिल्ली, (हि.स.)। हिन्दू मन्दिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने अगले महीने से देश व्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां प्रेस वार्ता में यह घोषणा की।मिलिंद परांडे ने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान प्रारम्भ करेंगे।इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आन्ध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित 'हैंदव शंखारावम' नामक लाखों लोगों के विशेष व विराट समागम में होगा।विहिप संगठन महामंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की स्वाधीनता के उपरांत जिस हिन्दू-द्रोही काम पर विराम लग जाना चाहिए था, अर्थात मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था, एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं तो भला हिंदुओं के साथ ही यह भेदभाव क्यों। अनेक उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट संकेतों के बावजूद सरकारें मंदिरों के प्रबंधन व सम्पत्तियों पर कब्ज़े जमा कर बैठी रहीं।

उन्होंने आगे कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान व दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए। इस बारे में हमने सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विहिप के कार्यकर्ताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है, जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुड़े किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण हेतु अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है।इसमें यह बात और सामने आई है कि जब सरकारें मंदिर समाज को लौटाएंगी तो स्वीकार कैसे करेंगे और किस प्रावधान के अंतर्गत करेंगे। इसीलिए कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा पूज्य संतों, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति या जज तथा सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के साथ समाज के वे प्रतिष्ठित लोग, जो हिंदू शास्त्रों और आगम की विधियों के ज्ञाता हैं, ऐसे लोगों को एकत्र कर राज्य स्तर की एक धार्मिक परिषद बनाएंगे। यह राज्य स्तरीय परिषद जिला स्तरीय परिषद व मंदिर के न्यासियों का चुनाव करेगी, जिसमें अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के साथ समाज के विविध वर्गों का सहभाग होगा। विवादों के निस्तारण के लिए एक प्रक्रिया निश्चित की जाएगी। ऐसे प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप गत सप्ताह ही हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलकर उन्हें उनके विचारार्थ सौंपा था।उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी ही चर्चा अन्य राज्य सरकारों तथा विविध राजनैतिक दलों से भी चल रही है।

संभल में मिला जागृत कूप, खुदाई जारी

संभल ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के संभल में गुरुवार को जामा मस्जिद से करीब 200 मीटर की दूरी पर एक कूप (कुआं) मिला है। मौके पर अभी खुदाई का कार्य जारी है। यह कुआं हिंदू बाहुल्य इलाके में मिला है। इसे मृत्यु का कुआं भी कहा जाता है।जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पेंसिया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां एक जागृत कूप मिला है। इससे पहले, चंदौसी के लक्ष्मणगंज में बावड़ी मिली थी, जिसकी खुदाई पिछले पांच दिनों से जारी है। इस बावड़ी को सदियों पुराना बताया जाता है।इससे पहले 25 दिसंबर को संभल में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने चंदौसी स्थित पृथ्वीराज चौहान की बावड़ी का निरीक्षण किया था। एएसआई टीम ने फिरोजपुर किले का भी निरीक्षण किया था। टीम के साथ डीएम और एसपी भी मौजूद थे। डीएम-एसपी के साथ टीम के लोगों ने बावड़ी के अंदर जाकर, दीवारों को छूकर पूरा निरीक्षण किया था। टीम ने तोता-मैना की कब्र भी देखी थी।जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया ने बताया था कि संभल प्राचीन नगर रहा है। इस नगरी में इतिहास से लेकर वर्तमान तक अनेक अवशेष उपलब्ध हैं और दिखते भी हैं। उनको संरक्षित और सुरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। उसी क्रम में एएसआई की टीम आई थी।उन्होंने बताया था कि फिरोजपुर का किला पहले से एएसआई के संरक्षण में है। एएसआई ने उसे सुरक्षित करने के लिए चारदीवारी बनाई है। इसके बावजूद आसपास के लोगों का आना-जाना लगा रहता है। अब, एएसआई इस ओर ध्यान देगा। दूसरा नीमसार का कुआं सबसे जागृत कूप है।

उसी में जल मिला है। वह तीर्थ भी जागृत है। यहां 10-12 फीट की गहराई पर जल है। तोता-मैना की कब्र थोड़ी जीर्ण हालत में है। उसे सुरक्षित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा राजपूत काल की बावड़ी जो कि पृथ्वीराज के समय में बनी थी, वह बहुत सुंदर और भव्य है, उसे भी सुरक्षित करने की आवश्यकता है।

धूमधाम से मनाई जाएगी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

अयोध्या (आरएनएस)। श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया है कि अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी।राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंदिरों पर बनाई गयी मस्जिदों को स्वयं तोड़ें मुसलमान- उदयराजे होलकर

लखनऊ, (हि.स.)। आक्रांताओं द्वारा नष्ट-भ्रष्ट किए गए मंदिरों का जीर्णोद्धार इस देश की शांति के लिए परम आवश्यक है। इसलिए देशभर में मंदिरों को ध्वस्त कर बनायी गई मस्जिदों को मुस्लिमों को स्वयं तोड़ देना चाहिए।

देश में विकास को लेकर सकारात्मक वातावरण है और इस नाते जहां भी कोई विधर्मी आक्रांताओं द्वारा मंदिरों को ध्वस्त किया गया है और उस पर खुद की मान्यता के अनुसार पूजा स्थल बना लिए, उस भयंकर गलती के परिमार्जन के लिए उनके मजहबी नेताओं को आगे आकर उन स्थलों को स्वयं हिंदुओं को सौंप देना चाहिए। इसी से देश में स्वस्थ वातावरण बनेगा, जो विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह बातें अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं अहिल्याबाई होलकर के वंशज उदयराजे होलकर ने कही।उदयराजे होलकर से हिन्दुस्थान समाचार ने अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति के उद्देश्य एवं वर्षभर होने वाले कार्यक्रमों समेत कई बिंदुओं पर बातचीत की। उदयराजे ने बताया कि अहिल्यादेवी होलकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से सारा देश परिचित हो इस उद्देश्य से अखिल भारतीय स्तर पर लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति का गठन किया गया है। समिति में देशभर के प्रख्यात कलाकार, वरिष्ठ पत्रकार, शिक्षाविद, साहित्यकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हैं।

समिति की ओर से लोकमाता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

उदयराजे होलकर ने बताया कि समिति द्वारा वर्षभर में अनेक कार्यशालाएं, सेमिनार तथा सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन देश के प्रमुख महानगरों एवं विश्वविद्यालयों में संपन्न होंगे।

महाकुम्भ में अग्नि जनित घटनाओं के खिलाफ एडब्ल्यूटी बनेगा सुरक्षा कवच

महाकुम्भ में एडवांस्ड फीचर्स युक्त 4 आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) का होगा मेला क्षेत्र में प्रयोग

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भनगर। उत्तर प्रदेश में महाकुम्भ-2025 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इसी क्रम में, उत्तर प्रदेश अग्निशमन व आपात सेवा विभाग एडवांस्ड फीचर्स युक्त 4 आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) का भी मेला क्षेत्र को इस्तेमाल करेगी। इन आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर को मेला क्षेत्र में टेंट सिटी और बड़ी टेंट सेटअप के दृष्टिगत डिप्लॉय किया गया है। यह वीडियो तथा थर्मल इमेजिनिंग सिस्टम समेत कई आधुनिक फीचर्स से लैस हैं तथा इनके जरिए मेला क्षेत्र में अग्नि जनित घटनाओं की रोकथाम के साथ ही दमकलकर्मियों के जीवन रक्षण में भी मदद मिलेगी।

यह जोखिम से भरे फायर ऑपरेशंस को अंजाम देने के साथ ही अग्निरक्षकों की सुरक्षा के लिए भी कवच के तौर पर कार्य कार करने में सक्षम होगा।

महाकुम्भ के नोडल/मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि आर्टिकुलेटिंग वॉटर टावर (एडब्ल्यूटी) एक आधुनिक अग्निशमन वाहन है। मुख्यतः इसका प्रयोग बहुमंजिलीय एवं विशेष ऊँचाई के टेन्ट तथा भवन की आग बुझाने में किया जाता है। चार बूम से निर्मित ए.डब्ल्यू.टी 35मी की ऊंचाई तथा 30मी की क्षैतिज दूरी की पहुंच तक अग्निशमन कार्य को संचालित कर सकते हैं। यह कई प्रकार के आधुनिक फीचर्स से लैस है तथा वीडियो तथा थर्मल इमेजिंग कैमरे से युक्त होने के कारण इसकी उपयोगिता और बढ़ जाती है। यही कारण है कि यह न केवल रेस्क्यू ऑपरेशंस को अंजाम देकर जान-माल की रक्षा करने में सक्षम हैं बल्कि अग्निरक्षकों के जीवनरक्षण और उनकी सुरक्षा में कवच का कार्य भी करते हैं।

131.48 करोड़ के वाहन व उपकरणों को किया जा रहा डिप्लॉय

प्रयागराज। डिप्टी डायरेक्टर अमन शर्मा ने बताया कि महाकुम्भ को अग्नि दुर्घटना रहित क्षेत्र बनाने के लिए विभाग को 66.75 करोड़ का बजट आवंटित हुआ है, जबकि विभागीय बजट 64.73 करोड़ है। इस प्रकार, कुल 131.48 करोड़ रुपए की लागत से वाहन व उपकरणों को महाकुम्भ मेला में अग्नि जनित दुर्घटनाओं से सुरक्षा के लिए डिप्लॉय किया जा रहा है। इनको पूरी तरह से मेला क्षेत्र में डिप्लॉय करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी के विजन अनुसार, इस बार महाकुम्भ में अलग-अलग प्रकार के 351 से अधिक अग्निशमन वाहन, 2000 से अधिक ट्रेन्ड मैनपावर, 50 से अधिक अग्निशमन केंद्र व 20 फायर पोस्ट बनाए जा रहे हैं। प्रत्येक अखाड़ों के टेंट्स को फायर फाइटिंग इक्विप्मेंट्स से भी लैस किया जा रहा है।

डॉ संतोष सिंह बने मेडिकल कॉलेज प्रयागराज की मीडिया प्रभारी

प्रयागराज। प्रधानाचार्य मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज की प्रधानाचार्य डॉक्टर वत्सला मिश्रा ने सर्जरी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष सिंह को कॉलेज का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है।यह आदेश देते हुए डॉक्टर वत्सला मिश्रा ने कहा कि तात्कालिक प्रभाव से डा0 संतोष कुमार सिंह सहायक आचार्य सर्जरी विभाग मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज अपने विभागीय एवं चिकित्सीय कार्यों के अतिरिक्त इस चिकित्सा महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी / मीडिया प्रवक्ता के रूप में कार्य किये जाने हेतु एतद्वारा आदेश पारित किया जाता है। इस हेतु डा0 संतोष को कोई अतिरिक्त भत्ता इत्यादि देय नही होगा।

डॉ. सुचिता और अभय प्रताप अभाविप, काशी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष एवं प्रांत मंत्री के रूप में पुनर्निर्वाचित

प्रयागराज। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), काशी प्रांत के चार-दिवसीय 64वें प्रांत अधिवेशन का शुभारंभ भगवान कुश की नगरी कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) के फरीदीपुर स्थित केएनआई प्रांगण में हुआ।

अधिवेशन के पहले दिन उद्घाटन सत्र के साथ ही पिछले सत्र की कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वाराणसी महानगर की प्रो. सुचिता त्रिपाठी और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अभय प्रताप सिंह को अभाविप काशी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष और प्रांत मंत्री के रूप में पुनर्निर्वाचित किया। प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि पिछले सत्र में अभाविप काशी प्रांत के कार्यकर्ताओं ने कुल 3,05,802 सदस्य जोड़े हैं।

अभाविप काशी प्रांत के इस चार-दिवसीय प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, श्रीमती रजनी तिवारी, अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, विकासार्थ विद्यार्थी की राष्ट्रीय संयोजिका कु. पायल राय, प्रांत अध्यक्ष प्रो. सुचिता त्रिपाठी, प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह, स्वागत समिति अध्यक्ष राम आशीष वर्म, और स्वागत समिति मंत्री चंदन नारायण द्वारा किया गया। यह अधिवेशन 25 से 28 दिसंबर तक महाराज कुश की नगरी कुशभवनपुर के फरीदीपुर स्थित केएनआई प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। अधिवेशन की शुरुआत 25 दिसंबर को सायं प्रख्यात कवि पंडित राम नरेश त्रिपाठी के नाम से आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई, जिसमें आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बृजेंद्र सिंह और काशी प्रांत की सह-मंत्री सुश्री आंचल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

प्रथम सत्र में प्रांत अध्यक्ष प्रो. सुचिता त्रिपाठी ने प्रस्तावना प्रस्तुत की और प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने पिछले सत्र में किए गए कार्यों का विवरण प्रांत मंत्री प्रतिवेदन के माध्यम से दिया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी द्वारा आगामी सत्र के लिए पुनः काशी प्रांत अध्यक्ष और प्रांत मंत्री के रूप में प्रो. सुचिता त्रिपाठी और अभय प्रताप सिंह का निर्वाचन किया गया।

कांग्रेसियों ने प्रभात पांडे की मौत की निष्पक्ष जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। आज महानगर कांग्रेस कमेटी प्रयागराज के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन के नेतृत्व में भाजपा के कुशासन के विरोध में हुए विधान सभा लखनऊ के घेराव के दौरान उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव स्वर्गीय प्रभात पांडेय की पुलिसिया बर्बरता के कारण मृत्यु हो गई जिसकी निष्पक्ष जांच की मांग के लिए राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी प्रयागराज को दिया गया।

इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष प्रयागराज कांग्रेस प्रदीप मिश्र अंशुमन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संविधान एवं लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। यहां जनता शांतिपूर्वक तरीके से अपनी बात सरकार तक न पहुंचा पाए इसलिए पुलिस प्रशासन के सहारे उसकी आवाज दबा रही है। ऐसी ही कार्यवाही में लखनऊ विधानसभा घेराव के दौरान ही जहां पुलिसिया बर्बरता के कारण उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव स्व. प्रभात पांडेय की मृत्यु पुलिसिया बर्बरता के कारण हो गई जो सरकार के तानाशाही को दिखाता है। ज्ञापन देने में प्रमुख रुप से प्रदीप कुमार मिश्र अंशुमन, रघुनाथ द्विवेदी, आशीष पांडेय, राम मनोरथ सरोज, विनय पांडेय, इस्तियाक अहमद, अजेंद्र गौड़, अब्दुल कलाम आज़ाद, अशफ़ाक़ अहमद, बैजन्त मिश्रा, सुशील मिश्रा, विवेक पांडेय, शादाब, नफीस कुरैशी, इरशाद उल्ला, सौरभ चौधरी, शुभम शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

एसआरएन अस्पताल में सीबीआरएन यूनिट की स्थापना

केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर अटैक ट्रीटमेंट यूनिट एसआरएन अस्पताल में होगी शुरू

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल (एसआरएन), एमएलएन मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर (सीबीआरएन) अटैक ट्रीटमेंट यूनिट की स्थापना की जा रही है। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला भारत में एम्स, नई दिल्ली के बाद दूसरी ऐसी इकाई है। इस प्रयोगशाला का उद्देश्य रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर खतरों से जुड़े आपातकालीन स्थितियों में प्रभावी इलाज और अनुसंधान की सुविधा प्रदान करना है।यह यूनिट आगामी महाकुंभ 2025 को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में तीर्थयात्रियों और नागरिकों को त्वरित और सटीक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकें। यूनिट में रासायनिक और जैविक खतरों, रेडियोलॉजिकल खतरों तथा न्यूक्लियर खतरों का उपचार किया जाएगा।

सीबीआरएन यूनिट में अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक उपकरण जैसे गैस क्रोमैटोग्राफी, मास स्पेक्ट्रोमेट्री और रेडियोधर्मी जांच के लिए विशेष उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मियों की टीम, जो आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

महाकुंभ 2025 के लिए विशेष तैयारी

प्रयागराज। महाकुंभ में करोड़ों तीर्थयात्रियों के आने की संभावना है। सीबीआरएन यूनिट के माध्यम से रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर आपदाओं से उत्पन्न किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह यूनिट महाकुंभ को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

प्राचार्य डॉ. वत्सला मिश्रा ने कहा कि यह यूनिट एसआरएन अस्पताल की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी और मानव जीवन की सुरक्षा के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ेगी।

प्रमुख अधीक्षक डॉ अजय सक्सेना ने कहा कि यह यूनिट न केवल चिकित्सा सेवाओं में सुधार लाएगी, बल्कि मेडिकल छात्रों और शोधकर्ताओं के लिए अनुसंधान और प्रशिक्षण के नए अवसर भी प्रदान करेगी।

पर्यावरण संरक्षण स्वच्छता के लिए जागरूकता रैली आज

प्रयागराज। विश्व प्रसिद्ध महाकुंभ प्रयागराज के दृष्टिगत दो क्लब लायंस क्लब इलाहाबाद सिटी एवं लायंस क्लब इलाहाबाद अशोक के संयुक्त प्रयास से 27 दिसंबर को एक विशाल रैली का आयोजन हुआ है। जिसमें अल्लापुर के दो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के समस्त लगभग 400 विद्यार्थियों की भागीदारी होगी। सभी छात्र-छात्राएं अपने साथ पोस्टर्स, बैनर्स तथा पर्यावरण एवं हमारे सभी ग्लोबल कॉजेज पर फोकस करते हुए शामिल होंगे। रैली लेबर चौराहा पानी की टंकी के पास स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर बागंबरी गद्दी एवं मटियारा रोड से होती हुए स्कूल प्रांगण में समाप्त होगी।

मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स की लगातार तीसरी जीत

प्रयागराज। मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स ने प्लाजु अल्टीमेट को 35 रन से हराकर प्रयागराज सिंधी प्रीमियर लीग (पीएसपीएल) में लगातार तीसरी जीत दर्ज की। इसके अलावा एसपीवीआरएन, सिंधी लायंस, जनप्रिया किंग्स और आहूजा सुपरस्टार ने भी मुकाबले जीते।दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर गुरुवार को खेले गए मैच में मील्स ऑन व्हील्स वॉरियर्स ने 10 ओवर में 8 विकेट पर 91 रन (दीपक जुमनानी 39, विकास उतरानी 3/22, जैकी आहूजा 2/25) बनाकर प्लाजु अल्टीमेट को 10 ओवर में 6 विकेट पर 56 रन (धीरज 13, नीरज जुमनानी 2/07, अमित 2/18) पर सीमित किया। एसपीवीआरएन ने 10 ओवर में 7 विकेट पर 85 रन (नितिन 26, राहुल23, प्रथम 2/25) बनाकर रिलैक्स एंड सनशाइन लीजेंड्स को 10 ओवर में 6 विकेट पर 82 रन (आकाश बदलानी 38 नाबाद, अमित मध्यान 2/19) पर सीमित किया। आरएमसी ने 10 ओवर में 8 विकेट पर 59 रन (पुलकित वालेचा 18, निखिल कांदरू 3/16, सिद्धार्थ मदनानी 2/12) बनाए। जवाब में सिंधी लायंस ने 9.4 ओवर में तीन विकेट पर 60 रन (सनी केवलानी 27 नाबाद, निखिल कांदरू 18, विशाल मध्यान 1/16, मोहित मधवानी 1/22) बना लिए।जनप्रिया किंग्स ने 10 ओवर में पांच विकेट पर 86 रन (धीरज 37, भरत कुकरेजा 25, यश 3/18) बनाकर सिंध फाइटर्स को 10 ओवर में चार विकेट पर 76 रन (विनीत21, अमर कॉलोनी 2/11) पर सीमित किया।आहूजा ने 10 ओवर में 94 रन (तन्मय 35, मनोज 2/23, विकास 2/31) बनाकर प्लाजु अल्टीमेट को 10 ओवर में 6 विकेट पर 66 रन (धीरज 19, तुषार 3/10, विवेक मध्यान 2/22) पर सीमित किया।

विश्व के सबसे बड़े अलौकिक महामृत्युंजय यंत्र का भूमि पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। पूर्ण महाकुंभ 2025 मेला क्षेत्र संगम विहार सेक्टर 22 झूंसी प्रयागराज में विश्व के सबसे बड़े महामृत्युंजय यंत्र का भूमि पूजन गुरुवार को पूरे विधि विधान से किया गया। पूजन में विधान परिषद अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, चेयरपर्सन सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र संस्थान परम पूज्य सद्गुरु मां उषा जी, परम पूज्य स्वामी सहजानंद सरस्वती पीठाधीश्वर सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र संस्थान,अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज, महामंडलेश्वर परम पूज्य रामेश्वरानंद जी महाराज, सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

गंगा - यमुना अदृश्य सरस्वती की पावन धरा पर स्थापित होने वाले विश्व का प्रथम भव्य महामृत्युंजय यंत्र विश्व में अपनी तरह का पहला अलौकिक यंत्र है। शिव महामृत्युंजय मंत्र के 52 अक्षरों के आधार पर

इसका आकर बनाया गया है। इस यंत्र की चौड़ाई 52 फीट तथा लंबाई 52 फुट होने के साथ-साथ इसकी ऊंचाई भी 52 फुट रखी गई है। जबकि 151 प्रकांड पंडितों द्वारा 8,00,000 महामृत्युंजय मंत्रों से अभिमंत्रित यह यंत्र पूरे विश्व में सकारात्मक वातावरण का संचार करेगा।

सिद्ध महामृत्युंजय यंत्र संस्थान की चेयरपर्सन सद्गुरु मां उषा जी व स्वामी सहजानंद सरस्वती पीठाधीश्वर सिद्ध महामृत्युंजय संस्थान द्वारा बताया गया कि अभी तक महामृत्युंजय यंत्र 2-डी स्वरूप में मिलता है वर्तमान में 3-डी महामृत्युंजय यंत्र की विधि अनुसार स्थापना की जा रही है। वह स्वरूप सिद्ध महामृत्युंजय अंतर्राष्ट्रीय योग एवं ज्योतिष अनुसंधान केंद्र ने वर्षों के अनुसंधान के बाद तैयार किया है। अनुसंधान केंद्र द्वारा तैयार महामृत्युंजय यंत्र के वर्तमान में 3- डी स्वरूप पर हर तरह के आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक पक्ष को ध्यान में रखा गया है।

हिंदी, भोजपुरी, उड़िया और राजस्थानी फिल्म एक्टर होंगे सम्मानित

आयुष एक्सपो में एस डब्लू एस आर्ट्स संस्था करेगी सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। सिविल लाइंस में गुरुवार को संजीवनी वेल्फेयर सोसाइटी और एस डब्लू एस आर्ट्स संस्था के तत्वाधान में एक मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें 2 जनवरी से 6 जनवरी तक एन सी जेड सी सी में होने वाले आयुष एक्सपो में विभिन्न संस्कृत कार्यक्रम पर विचार परामर्श किया गया। बैठक में एस डब्लू एस के डायरेक्टर साकिब सिद्दीकी ने बताया कि 4 और 5 जनवरी को एन सी जेड सी सी में डांस परफॉर्मेंस का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन प्रांत के हिंदी भोजपुरी, उड़िया और राजस्थानी फिल्म एक्टर शामिल होंगे। डांस परफॉर्मेंस के बाद भोजपुरी हीरो आशीष सिंह बंटी, उड़िया हीरो नवीन कुमार, रैना प्रोडक्शन फिल्म के डायरेक्टर व राजस्थानी हीरो जुबैर

खान और नामचीन एक्टरों के नामी एक्टर अजय गुप्ता, सागर वर्मा, राज द्विवेदी और अजय मिश्रा को एक्टर अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। एस डब्लू एस आर्ट्स की सचिव अन्नू विश्वकर्मा ने बताया कि हमारी संस्था हर साल इस तरह रंग रंग कार्यक्रम का आयोजन करती है जिसमें लोगों को अपनी प्रतिभा उजागर का करने का मौका देती है और इस मंच से उनका हौसला बढ़ाया जाता है। इस मीटिंग में संजीवनी वेल्फेयर सोसाइटी के परियोजना प्रबंधक डॉक्टर राहुल शुक्ला ने बताया कि उनकी तरफ से 2 जनवरी से 6 जनवरी तक एन सी जेड सी सी में आयोजित होने वाले इस विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही मुफ्त परामर्श कैंप का आयोजन करेंगे। जिसमें डॉक्टरों की टीम मरीजों के बेहतर इलाज को यकीनी बनाएगी। इस अवसर पर पूनम तिवारी, डॉ. पंकज कुमार, संदीप मित्तल, श्रेया मेहता, मनोज राजपूत, तानिया सिंह, सरजीत गौतम आदि मौजूद रहे।

इलाहाबाद स्पोर्टिंग अकादमी चैंपियन

प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी ने संगम सिटी क्लब को टाईब्रेकर में 3-2 से हराकर प्रथम एमएम प्रथम एमएम हैकेट स्मृति फुटबाल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया।त्रिवेणीपुरम झूंसी मैदान पर खेले गये खिताबी मुकाबले में निर्धारित समय तक दोनों टीमों के गोल न कर पाने के कारण टाईब्रेकर हुआ जिसमें इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी की तरफ से उत्कर्षकांत श्रीवास्तव, विकल्प झा और निखिल ने गोल किया। संगम सिटी के लिए संतोष यादव और आमिर खान ने गोल किया। मुख्य अतिथि जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष नरायणजी गोपाल ने पुरस्कार वितरित किये। संगम सिटी फुटबाल क्लब के उपाध्यक्ष संतोष यादव ने मुख्य अतिथि का बुके देकर स्वागत किया। आयोजन सचिव बृजेश कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन एवं प्रतियोगिता के अध्यक्ष अमन सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर वरिष्ठ फुटबाल खिलाड़ी मोहन लाल, अंबर जायसवाल, जितेंद्र कुमार (जैक) आदि मौजूद रहे।

वीर सपूतों की वजह से राष्ट्र महफूज-उज्ज्वल रमण सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। क्षेत्र के मदरा मुकुंदपुर के डाँड़ी मजरे में अमर शहीद रविशंकर यादव की 26वीं पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पण समारोह आयोजित की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे क्षेत्रीय सांसद कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह ने शहीद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए कहा इन्ही वीर सपूतों की वजह से राष्ट्र सुरक्षित है।मुझे क्षेत्र के बेटे पर गर्व है । उज्ज्वल रमण सिंह ने कहा कि अमर शहीद रविशंकर यादव ने देश की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। देश के प्रति निष्ठा युवा पीढ़ी को प्रेरित करेगी और युवाओं का सेना के प्रति सम्मान और देश के प्रति निश्चय बढ़ेगा। श्री सिंह ने कहा कि ऐसे वीर सपूतों की वजह से

ही हम सुरक्षित और स्वतंत्र हैं।क्षेत्र के युवाओं की जिम्मेदारी है कि उनकी निष्ठा और आदर्शों को अपने जीवन में उतारें और राष्ट्र को सुरक्षित और सशक्त करने में योगदान दें।शहीदों का सम्मान केवल श्रद्धांजलि देने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें उनके परिवार के सहयोग के लिए आगे आना होगा।कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने मौन रहकर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। बता दें कि शहीद राजेश्वर यादव वर्ष 1998 में 12 दिसंबर को देश के पूर्वी सरहद की तैनाती में शहीद हो गए थे।

मौके पर योगेन्द्र सिंह, दिलावर सिंह, श्याम कृष्ण यादव उर्फ पप्पू, विनोद यादव, राजू सिंह, रज्जन शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

मानक के अनुरूप नहीं बन रही सड़क

लोकमित्र ब्यूरो

फूलपुर। महाकुंभ के चलते जहां प्रयागराज को जोड़ने वाली सभी सड़कों की मरम्मत लेपन कार्य युद्ध स्तर पर दिन रात चल रहा है। वही कार्यदाई संस्था द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु दिन-रात फूलपुर क्षेत्र में सड़कों का लेपन कार्य चल रहा है। परंतु लक्ष्य की पूर्ति हेतु संबंधित कार्यदाई संस्था द्वारा जल्द बाजी में जैसे तैसे माल डालकर रोलर दौड़ा दिया जा रहा है। लेपन कार्य में लगे लोग मानक भी नहीं बताते सड़कों पर पूर्व में हो गए गढ्ढों को भी नियमानुसार बंद करके समतलीकरण भी नहीं किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता राकेश मोदनवाल पप्पू मोदनवाल दिवाकर

दुबे रमाकांत गुप्ता मनोज गुप्ता पुट्टी लाल गुप्ता हिमांशु दुबे रहमान फिरोज आदि ने लोक निर्माण विभाग खंड 4 के अधिकारियों से फूलपुर मुबारकपुर रोड की मैलहन बाजार का निरीक्षण करके नियमानुसार कार्य हेतु संस्था को निर्देशित करने की मांग की है ।

बिल मांगने पर मनबढ़ों ने रेस्टोरेंट में की तोड़फोड़, मैनेजर को पीटा

प्रयागराज। सिविल लाइंस स्थित होटल ब्लैक एंड व्हाइट में पांच दबंग किस्म के युवकों ने वेटर द्वारा बिल मांगे जाने पर तोड़फोड़ कर दी और मैनेजर की पिटाई कर दी। मैनेजर ने मामले की तहरीर सिविल लाइंस थाने में दी है।

पुलिस को दी गई तहरीर में रेस्टोरेंट के मैनेजर नोमान ने कहा है कि हमारे रेस्त्रोरेन्ट-ब्लैक एन्ड व्हाइट में पाँच व्यक्ति जिनका नाम, निशांत ठाकुर निवासी हल्दीराम सिविल लांइस, उज्जवल ठाकुर उर्फ गोलू निवासी अल्लापुर, शिखर द्विवेदी निवासी अल्लापुर, सत्यम तिवारी निवासी बेली और अभि शुकना निवासी सोरांव हमारे रेस्टोरेन्त पर आये और खाने का आर्डर किये। बिल करवाने के लिये जब वह कैश काउन्तर पर आये तो उनसे पैसा मांगा गया। उन्होंने कहा कि हम पैसा नही देते और माँ बहन की बहन की गाली देने लगे। उसी दौरान हमोई रेस्टोरेन्त में तोड़े फोड़ करना शुरू कर दिया। उन्होंने फ्रिज, ट्रे, गमला और बाकी सामान तोड़ दिया और मैनेजर को मारा। उन्होंने 25 30000 रुपए का समान तोड़ डाला और धमकी दी कि हम इलाहाबाद के सबसे बड़े माफिया हैं हमसे मत उलझना वरना जान से मार देंगे।

एस. वी. पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस पर मेडल पाते ही खिल उठे छात्रों के चेहरे

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। झूंसी स्थित एस.वी पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेलकूद के समापन समारोह में खेलकूद प्रतियोगिताओं के छात्र विजेताओं को मेडल से सम्मानित किया गया मेडल पाते ही खिल उठे बच्चों के चेहरे।

वीर बाल दिवस पर बालक केशव ने सच्चा वीर बना दे गीत प्रस्तुत किया छात्र आर्यन यादव ने गुरु गोविंद सिंह के दोनों साहिबजादे त्याग और बलिदान की गाथा सुनाया। वहीं दौड़ प्रतियोगिता में अरनव सिंह श्लोक यादव शिवान्श यादव प्रिंस यादव शिवांजलि पाल अंबुज पाल प्रखर श्रीवास्तव अर्णव यादव ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया चेयर ,म्यूजिकल चेयर ,स्पून और टॉफी बिस्किट , गुब्बारा और गणित दौड़ में अभिनंदन तिवारी आर्यन यादव अनिकेत यादव नयन यादव दिव्यांश भास्कर अभिनव श्रीवास्तव अमित यादव अंकुश यादव प्राख्या यादव ने गोल्ड मेडल जीता।प्रतिक पटेल रुद्र मिश्रा नीरज कुशवाहा शुभ शुक्ला सांवि पाल आर्यन प्रजापति जान्वी भास्कर अभिज्ञान शिवांश मिश्रा अक्षदा पाल युवांश गुप्ता श्रेयांशी यादव भावना मिश्रा शिवांगी यादव सिवान्श यादव गौरव यादव श्रेयांश यादव शिवम चौरसिया सौम्या यादव तेजस यादव ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया ।प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने वीर बाल दिवस पर विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत के बच्चों के चरित्र में गुरु गोविंद सिंह ,छत्रपति शिवाजी और महाराणा प्रताप के चरित्र झलकते हैं।इस अवसर पर नीतू द्विवेदी जागृति सिंह दिव्या पांडे नीलम मिश्रा मानसी केसरवानी प्रियंका तिवारी वैष्णवी स्नेह लता दुबे रुचि सीलम तिवारी उपस्थित रहे।

एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

हंडिया। ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन युवा कल्याण एवं प्रादेशिक दल द्वारा रेड ईगल पब्लिक स्कूल भिउरा में आयोजित किया गया। एक दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता में 800 मी. दौड़ सीनियर बालक वर्ग में अक्षय यादव प्रथम, कृष्णा शुक्ला द्वितीय व प्रवेश यादव को तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर जूनियर वर्ग में आबिद हुसैनी प्रथम, अक्षय यादव द्वितीय तथा मोहम्मद अमान तीसरे स्थान पर रहे। 100 मी बालिका सीनियर में रिंकी यादव प्रथम तथा आयुषी मिश्रा द्वितीय रही।कबड्डे डी

जूनियर बालिका वर्ग में बेसिक शिक्षा परिषद स्पोर्टस एकेडमी बलीपुर की टीम अव्वल रही। बालीबाल जूनियर बालक वर्ग की जलालपुर की टीम प्रथम तथा रेड ईगल पब्लिक स्कूल द्वितीय रही। कार्यक्रम के समापन पर कालेज के डायरेक्टर सर्वेश पांडेय ने सभी के प्रति आभार जताते हुए सभी विजेता उपविजेता छात्र छात्राओं को शाबाशी देते हुए प्रतियोगिता में हारे बच्चों को जमकर मेहनत करने की नसीहत दिया। उन्होंने कहाकि हार से ही जीत का रास्ता मिलता है।इस मौके पर प्रबंधिका रेनू पांडेय, प्रधानाचार्य सुमन, श्रीकांत आदि भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

इनामी दंगल में शाकिर मेरठ ने अल्फेज को हराकर बने चैंपियन

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। चायल विकास खंड के फदिलाबाद गांव में बुधवार को दो दिवसीय इनामी दंगल का समापन हुआ। इसमें पहली कुश्ती राजेश और समीर अली के बीच हुई। जिसमें राजेश ने समीर को पटखनी दी। इसके बाद कई जिलों के पहलवानों ने कुश्ती में भाग लिया। आयोजन कमेटी की तरफ से प्रत्येक कुश्ती पर पहलवानों को इनाम दिया गया।

करारी के फदिलाबाद गांव में आयोजित दो दिवसीय इनामी दंगल में चौम्पियन कुश्ती शाकिर मेरठ और अल्फेज कौशाम्बी के बीच हुई। दोनों पहलवानों की कुश्ती करीब आधा घंटे चली। एक दूसरे पर भारी पहलवानों ने कुश्ती की कला का प्रदर्शन किया। रोमांचक कुश्ती का आनंद ले रहे दर्शक दीर्घा भी रोमांचित हो उठी। दोनों के बीच कई राउंड कुश्ती चली। अंत में शाकिर पहलवान मेरठ ने अल्फेज पहलवान कौशाम्बी को चारों खाना चित कर चौंपियन बने। आयोजन कमेटी ने चौंपियन बने शाकिर पहलवान को चौंपियन इनाम हीरो की साइकिल भेंट कर अन्य पुरस्कार व नगद रुपए से सम्मानित किया। उपविजेता अल्फेज पहलवान को भी कमेटी ने इनाम देकर पुरस्कृत किया। दंगल कमेटी के आयोजक लल्लू राम यादव ने बताया कि दंगल प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 22 सालों से किया जा रहा है। मंच संचालन विकास यादव ने किया। इस मौके पर सुनील पहलवान जौनपुर, वैशाली दिल्ली, तोता पहलवान आदि ने भी कुश्ती में दमखम आजमाया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि सपा के विधासभा अध्यक्ष चंद्रजीत यादव, धर्मेंद्र यादव प्रधान, कप्तान यादव, बृजेश सिंह,सुनील अग्रहरि, राम संजीवन गौतम, कामता दिवाकर आदि मौजूद रहे।

फार्मर रजिस्ट्री न कराने पर नहीं मिलेगी सम्मान निधि का लाभ- कृपाशंकर मिश्र

कौशाम्बी। शासन के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत कादिराबाद के पंचायत भवन में फार्मर रजिस्ट्री एवं किसान आई डी हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में बड़ी संख्या में ग्राम वासियों ने उपस्थित होकर फार्मर रजिस्ट्री एवं किसान आईडी बनवाने कार्य किया गया। जिसमें पहुंचे किसानों का दस्तावेज लेकर ऑनलाइन आवेदन कर रजिस्ट्री की गई। सभी लाभार्थियों का ऑनलाइन आवेदन कर रजिस्ट्री कराना आवश्यक है। छोटे व मध्यम वर्ग के किसानों को केंद्र सरकार की ओर से खाद, बीज लेने के लिए सम्मान निधि योजना के तहत साल भर में तीन किस्तों में छह हजार रुपये की धनराशि बैंक खाते भेजी जाती है। जिसके तहत सम्मान निधि के लाभार्थियों की फार्मर रजिस्ट्री कराई ज रही है।

वीबीपीएस को वालीबॉल प्रतियोगिता में मिला दूसरा स्थान

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। जिला वालीबॉल एसोसियेशन और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को क्षेत्र के पाँच विद्यालयों के बीच वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के अलावा, सेंट जोसेफ स्कूल, एमवी कान्वेंट स्कूल, बीबीएस स्कूल और एम एस कान्वेंट स्कूल ने प्रतिभाग किया। सभी टीमों को आसानी से हराकर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल की टीम फाइनल में पहुंची और एमएस कान्वेंट स्कूल की कड़ी स्पर्द्धा से अपने को नहीं निकाल सकी और इस तरह गेम में द्वितीय स्थान पर रह गई। एमएस कान्वेंट ने पहला और सेंट जोसेफतीसरे स्थान पर रही।इसके पूर्व वीबीपीएस के सीनियर सेक्शन ने अपने सभी मैच बेहद उम्दा तरीके से

जीते, जबकि जूनियर सेक्सन उतना बढ़िया नहीं कर पाए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वालीबॉल एसोसियेशन के सचिव परमदेव सिंह रहे। प्रधानाचार्या प्रीती मिश्रा ने अतिथियों के साथ विजयी टीम को शील्ड व सम्मान पत्र प्रदान किया।उत्थान संस्था के सचिव डॉक्टर केके तिवारी, अध्यक्ष धीरेंद्र तिवारी और स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक तिवारी ने कहा कि हमारे बच्चों का प्रयास सराहनीय रहा। आप सब उत्साह से लगे रहो। इस अवसर पर विद्यालय के पीटीआई नकुल तिवारी, वरिष्ठ शिक्षक राकेश मालवीय, आर पी ओझा, अतुल पाण्डेय, रिक्की यादव, रंजीत सिंह आदि शिक्षक मौजूद रहें।

स्वामित्व योजना का मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने में मदद करना-धर्मराज मौर्य

कौशाम्बी। स्वामित्व योजना का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन व अन्य संपत्ति के मालिकों को उनके अधिकार प्रदान करना। साथ ही जमीनों के विवादों का समाधान करना है। स्वामित्व योजना के संबंध में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को जिला अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य व स्वामित्व योजना के जिला संयोजक व जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा योगेंद्र सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वामित्व योजना एक ऐसी योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनों जमीन के मालिकों को उनकी जमीन का स्वामित्व प्रदान करना है या योजना भारत सरकार द्वारा शुरू की गई है और इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के विवादों को कम करना और जमीन के मालिकों को उनके अधिकार प्रदान करना है ऐसे तमाम जानकारी को मीडिया को साझा किया। इस मौके पर जिला महामंत्री संजय जायसवाल, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र साहू उपस्थित रहे।

ट्रक की टक्कर से घर जा रहे छात्र की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

चरवा, कौशाम्बी। चरवा थानाक्षेत्र के अयोध्या का पूरा गांव के समीप गुरुवार की दोपहर अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से पैदल घर जा रहे छात्र की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

चरवा क्षेत्र के चंदईतारा गांव निवासी मकसूद अली पुत्र हमीद अली मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। मकसूद के अनुसार उसका पुत्र इरफान अली (12) रैयादेह माफी गांव के कम्पोजिट विद्यालय में पढ़ता था।वह गुरुवार की दोपहर विद्यालय से छुट्टी होने के बाद पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान अयोध्या का पूरा गांव के समीप पीछे से आ रहे बेकाबू ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। छात्र के मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।वह रोते-बिलखते मौके पर पहुंचे। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक ने व्यापारियों के साथ की बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पुलिस कार्यालय स्थित दुर्गा भाभी सभागार में पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा व्यापारियों को समुचित सुरक्षा व सहयोग का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मंझनपुर भी मौजूद रहें।

एसपी ने सुनी जनशिकायत

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

प्रेमी के शादी से मुकरने पर युवती छत से कूदी, घायल

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की रात अपने बेवफा प्रेमी के शादी करने से इंकार करने पर एक युवती ने छत से छलांग लगा दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की जानकारी के बाद आनन - फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़िता की मां ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पिपरी क्षेत्र के एक गांव की महिला ने बताया कि सराय अकिल क्षेत्र के हसनपुर मऊहई गांव निवासी उनकी बड़ी बेटी का चचेरे देवर का उनके घर आना जाना रहता था। इसी दौरान उसकी 22 वर्षीय बेटी को उसने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया।इसके बाद वह उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। युवती के मुताबिक शादी का झांसा देकर लगातार उसके साथ संबंध बना रहा था। शादी का दबाव बनाने पर युवक शादी से मुकर गया। बुधवार की रात युवती अपने प्रेमी से मोबाइल फोन पर बातें करते हुए प्रेमी को मनाने का प्रयास कर रही थी।

जब वह नहीं माना तो उसने छत से छलांग लगा दी। जिसमें उसका बायां पैर टूट गया। दाहिने पैर में भी मोच आई। घटना की जानकारी होने के बाद आनन - फानन में परिजनों ने उसे इलाज के लिए तिल्हापुर मोड़ स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गुरुवार को पीड़िता की मां ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर शिवचरन राम का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

दम्पति ने मेड़ काटने का विरोध करने पर महिला को दी धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के बेगमपुर गांव में गुरुवार की दोपहर खेत का मेड़ काटने के विरोध पर दम्पति ने महिला को मारपीट की धमकी दी।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस चौकी जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

पुलिस चौकी सल्लाहपुर क्षेत्र के बेगमपुर गांव निवासी गुलाब सिंह किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता है।उसकी पत्नी कुसुम देवी के अनुसार गुरुवार की दोपहर वह खेत की ओर गयी थी। इसी दौरान उसने देखा कि पड़ोसी अपनी पत्नी के साथ उसके खेत की मेड़ काट रहे हैं। मेड़ काटने से मना करने पर वह दोनों उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने फावड़ा लेकर उसको मारने के लिए दौड़ा लिया।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने पुलिस चौकी जाकर आरोपी दम्पति के खिलाफ घटना की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

महिला सिपाही ने विवाद सुलझाकर दंपती को मिलाया

चायल, कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मद पुर गांव में गुरुवार को दंपती के दूसरे पर शक को लेकर हुए विवाद को महिला सिपाही ने समझा बुझाकर सुलझा दिया। दंपती कभी न लड़ने की कसमें खाकर हंसी खुशी घर चले गए।मोहम्मदपुर गांव निवासी शत्रुघन उर्फ कुंदन मजदूरी करता है। उसके मुताबिक दो साल पहले उसकी शादी ज्योति से हुई थी। शादी के कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक ठाक था। इधर एक महीने से एक दूसरे पर शक होने से विवाद होने लगा था। छोटी छोटी कमियां निकाल कर एक दूसरे से विवाद होने लगा। विवाद के चलते उनकी पत्नी ज्योति अपने मायके चली गई। गुरुवार को ज्योति थाने पहुंच पुलिस को मामले की जानकारी दी। इंस्पेक्टर शिवचरन राम ने मामले की जिम्मेदारी महिला सिपाही ज्योती सिंह को दिया। महिला सिपाही ने दोनों को थाने बुलाकर उनकी बातों को संजीदगी से सुनकर उन्हें समझाया। इसके बाद दंपती ने एक दूसरे से कभी भी विवाद न करने की कसमें खाई और खुशी होकर ज्योति अपने पति के साथ ससुराल चली गई

मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। 26 दिसम्बर, 2024 को राजा हास्पिटल तिल्हापुर मोड़ पर मोटरसाइकिल चोरी करते हुये जनता द्वारा पकड़ कर थाना पिपरी पर लाया गया था। सूचना पर थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक वीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारापकड़े गये व्यक्ति आलीम उर्फ टमटा निवासी सोनारन टोला थाना करारी को हिरासत में लिया गया।

सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक रत्नेश कुमार मय हमराहपुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर विनोद निषाद, संगम निषाद, राम निषाद, पताल निषाद, निवासीगण ग्राम घोघपुर थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड़ 2000 रुपये तथा जामातलाशी से 3560 रुपये व 52 अदद तास के पत्ते बरामद हुआ। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक आत्मा प्रसाद मय हमराहपुलिस बल द्वारा मुखबिर की सूचना पर अगमशील निषाद, शेरा निषाद, भुक्खन निषाद, भगवान राम गौड़ निवासीगण ग्राम मवई थाना महेवाघाट को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते गिरफ्तार किया गया।

अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना महेवाघाट पुलिस उपनिरीक्षक श्रवण कुमार शुक्ला मय हमराह पुलिस बल द्वारा सरोज निवासी हिनौता थाना महेवाघाट को 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उ0नि0 अंजनी कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा राम सिंह सरोज निवासी काजीपुर थुलबुला थाना सैनी को 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक आलोक राज मय हमराह पुलिस बल द्वारा राज कुमारी निवासी पथरावां थाना सैनी को 15 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 89 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 13 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में

(थाना मंझनपुर से 07, थाना सराय अकिल से 03, थाना कोखराज 01, थाना सैनी से 02) कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का सेट निःशुल्क किया वितरित किया गया

कौशाम्बी। समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत संचालित निःशुल्क कोचिंग में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी के निर्देश के अनुपालन में 26 दिसम्बर 2024 को जिला समाज कल्याण अधिकारी कौशाम्बी दिलीप कुमार द्वारा 20 प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का सेट निःशुल्क वितरित किया गया, जिसमें 13 सिविल सेवा एवं 07 नीट की तैयारी करने से सम्बन्धित छात्र थे। जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को यह भी आश्वासन दिया गया कि नियमित तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं को भविष्य में पुनः इसी प्रकार के निर्देश के अनुपालन में पाठ्य-पुस्तकों का संकलन उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

जनपद स्तरीय अष्टम् कहानी सुनाओ प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न उच्च प्राथमिक वर्ग में संध्या शुक्ला को मिला प्रथम स्थान

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जनपद स्तरीय अष्टम् कहानी सुनाओ प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य, उप शिक्षा निदेशक, निधि शुक्ला के कुशल निर्देशन में किया गया। इस प्रतियोगिता की थीम कुंभ मेले में आस्था, परंपरा, और मानव जीवन के बदलते पहलू पर आधारित थी। प्रतियोगिता का विषय कुंभ मेले में आध्यात्मिकता और विज्ञान के संगम की खोज रखा गया था। इसमें जिले के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे, प्राथमिक स्तर, प्रथम स्थान, शिवाली श्रीवास्तव, प्राथमिक विद्यालय मकदूमपुर, नेवादा, द्वितीय स्थान अनुराधा पाण्डेय, पी.एम.अमिरसा नेवादा, तृतीय स्थान, कृष्ण कुमार जायसवाल, प्राथमिक विद्यालय पचासा कड़ा, विजय कुमार वर्मा, प्राथमिक विद्यालय जलीलपुर, मूरतगंज उच्च प्राथमिक स्तर, प्रथम स्थान संध्या शुक्ला, उच्च प्राथमिक विद्यालय घडियालीपुर, कड़ा, द्वितीय स्थान मनीषा पाल, उच्च प्राथमिक विद्यालय नरसिंहपुर कछुआ, कड़ा, तृतीय स्थान मारुति नंदन, उच्च प्राथमिक विद्यालय निन्दुरा कड़ा, प्रतियोगिता का संचालन डॉ. दिनेश कुमार यादव और डॉ. अनामिका सिंह द्वारा किया गया। निर्णायक मंडल में छोटे लाल (प्रवक्ता, दुर्गा देवी इंटर कॉलेज, ओसा, मंझनपुर), रंजीत यादव (प्रवक्ता, मानसिंह इंटर कॉलेज, अलीपुरजीता), उमेश कुमार (सहायक अध्यापक, लालबहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज, चायल) शामिल थे। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता डॉ. संदीप तिवारी, धीरज कुमार, राजेंद्र भारती, शबनम सिद्दीकी, और डॉ. देवेंद्र मिश्रा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता अध्यापकों में साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करने और कुंभ मेले की आस्था, परंपरा एवं आधुनिकता के प्रभाव को समझने का एक बेहतरीन मंच साबित हुई।

प्रवीण सेन परमात्मा पुनः प्रदेश अध्यक्ष बने

प्रयागराज। सेन समाज विकास संगठन के निर्वाचन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा लगातार चौथी निर्विरोध निर्वाचित हुए। विधायक विश्रामगृह खंड 2 भोपाल के सभागृह में बुधवार को संपन्न हुए निर्वाचन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण सेन परमात्मा को निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। प्रवीण सेन परमात्मा 1997 से लगातार समाज सेवा में सक्रिय है। श्री सेन इसके पूर्व जिला महामंत्री प्रदेश महासचिव प्रदेश उपाध्यक्ष तथा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पद को सुशोभित कर चुके है, श्री सेन को लगातार चौथी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए है। अपने निर्वाचन पर श्री सेन ने सभी सामाजिक बंधुओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि पूर्व की भाती मै आपके हितों के लिए संघर्ष करता रहूंगा तथा समाज को एक निश्चित विचारधारा से जोड़कर निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। भोपाल में सेन समाज विकास संगठन का कार्यक्रम आयोजित हुआ, इस कार्यक्रम में अंजली सेन जिलाध्यक्ष एवं पत्रकार छतरपुर, पूजा सेन, वंदना सेन, आरती सेन, राजाराम सेन, राम प्रसाद सेन, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सदन की बैठक में कुबरी घाट में नालों से गंगा नदी में गिरते गंदे पानी का उठाया जाएगा मुद्दा- अजय सोनी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। समर्थ किसान के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कड़ा धाम स्थित कुबरी घाट में नालो से गंगा नदी में गिरते गंदे पानी का मुद्दा उठाए जाने की बात कही है। साथ ही कहा है कि गंगा स्वच्छता अभियान तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक कि गंगा नदी में नालो से गंदे पानी का जाना न बंद हो।

गुरुवार को समर्थ किसान को के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने कड़ा धाम, कुबरी घाट, कलेश्वर घाट का भ्रमण किया और लोगों से वार्ता की। वार्ता के क्रम में स्थानीय लोगों ने बताया कि कुबरी घाट के पास गंगा नदी में दो बड़े नालों से गंदा पानी जाता है। एक नाला कुबरी घाट के पास और एक नाला कलेश्वर घाट के पास है जिनसे होकर शीतलाधाम और पास के गांव का गंदा पानी बह कर आता है और गंगा नदी में समाहित होता है। इससे गंगा नदी का जल प्रदूषित होता है। लोगों का कहना था कि यहां दूर दूर से श्रद्धालु गंगा स्नान करने आते हैं और गंगा स्नान एवं

आचमन करते हैं। साथ ही घर के लिए भी बोतलों के गंगा जल लेकर जाते हैं। अब चूंकि पास के नालों से गंदा नदी में गंदा पानी आकार समाहित होता है तो इस कारण लोगों को अशुद्ध गंगा जल स्नान, आचमन और घर ले जाने के लिए प्राप्त होता है।

इससे लोगों को भारी कष्ट होता है और लोग शिकायत करते हैं। लोगों ने बताया कि सरकारी तंत्र को गंगा सफाई और स्वच्छ गंगाजल अभियान के लिए सिर्फ दिखावा करना है बाकी कोई सार्थक कदम नहीं उठाया जाता। इस संबंध में अजय सोनी ने लोगों से वार्ता करते हुए कहा कि जिला पंचायत सदन की होने वाली बैठक में मेरे द्वारा कुबरी घाट के पास गंगा नदी में गिरते गंदे नालो के पानी के समुचित प्रबंधन के लिए आवाज उठाई जायेगी। आगे कहा कि जिले की सदन में मैं यह मुद्दा जोर शोर से उठाऊंगा कि कलेश्वर घाट और कुबरी घाट के पास से गंगा नदी ने गिरते गंदे पानी के नाले को या तो बंद कराया जाए या फिर उक्त नालों के गंदे पानी के फिल्टर करने की सरकारी स्तर पर समुचित व्यवस्था हो। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि गंगा स्वच्छता अभियान का कार्य तब तक पूरा नहीं हो सकता जब तक कि गंगा नदी में नालों से गंदा पानी का जाना न बंद हो। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ राजीव तिवारी, विनोद शुक्ला, अवधेश सिंह, राजेश वर्मा, पवन मौर्य आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

इलाज के दौरान घायल शिक्षक की मौत, कोहराम

लालगंज, प्रतापगढ़। घर से निकले कोचिंग संचालक को अज्ञात बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल कोचिंग संचालक की इलाज के दौरान गुरूवार सुबह मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। लीलापुर थानान्तर्गत तुलापुर गांव निवासी अवनीश प्रताप सिंह 55 पुत्र सुरेश बहादुर सिंह घर पर ही कोचिंग चलाते थे। वह एक स्थानीय विद्यालय में शिक्षक भी थे। वह बुधवार की शाम करीब चार बजे साइकिल से घर से किसी काम से लीलापुर जा रहे थे। इसी बीच गांव समीप तिराहे पर सामने से आ रही अज्ञात बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे अवनीश गंभीर रूप से घायल हो गये। उनका एम्स रायबरेली में इलाज चल रहा था। जहां गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान अवनीश प्रताप की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पत्नी समेत परिवार के लोगों का रो रो कर बुराहाल है। मृतक के तीन पुत्र व दो पुत्रियां हैं। एसओ लीलापुर अरूण कुमार का कहना है कि तहरीर मिलने पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

ग्रामीण सफाई कर्मी संघ के चुनाव में राम समुझ यादव पुनः बने अध्यक्ष

सगरा सुंदरपुर प्रतापगढ़। लक्ष्मणपुर विकास खंड के सभागार में गुरुवार को सुबह दस बजे से पंचायती राज विभाग के अंतर्गत ग्रामीण सफाई कर्मी संघ का चुनाव देर शाम को संपन्न हुआ।उसी दिन परिणाम भी घोषित हुआ। जिसमे रामसमुझ यादव ने अपने प्रतिद्वंदी रहे रमेश चंद्र को 42 वोटों से हरा कर दूसरी बार अध्यक्ष बने। जबकि रवींद्र प्रताप यादव निर्विरोध मंत्री चुने गए। इसी तरह मो शमशाद कोषाध्यक्ष, संगठन मंत्री वीरेंद्र कुमार व ब्लॉक सप्रेक्षक संजीव कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी बड़े, तूफान सिंह,एड़ियों पंचायत सुभाष सिंह ने शपथ दिलाते हुए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश ने किया। इस मौके पर सलमान खान,आलोक कुमार पांडेय,महेन्द्र वर्मा,राजीव यादव,सौरभ तिवारी,संदीप कुमार यादव सहित कई लोग मौजूद रहे

ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

प्रतापगढ़। माई भारत नेहरू युवा केंद्र के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय आईटीआई प्रतापगढ़ में प्राचार्य आलोक कुमार ने किया। खेल प्रतियोगिता में कबड्डी,वॉलीबॉल, दौड़,कुश्ती आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी आईटीआई प्रतापगढ़ और रुपापुर के बीच खेला गया, जिसमें आईटीआई की टीम विजयी रही। कुश्ती में आशुतोष त्रिपाठी विजयी रहे। 400 मीटर दौड में करन वर्मा प्रथम,अंकित यादव द्वितीय,नितेश कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड मे नितेश कुमार प्रथम शिवम यादव द्वितीय व अंश दुबे तीसरे स्थान पर रहे। साइकिल रेस में संध्या पांडेय प्रथम,किरन द्वितीय एवं अनीता मौर्य तीसरे स्थान पर रही। संयोजन कर्मराज सिंह मंजीत एवं संचालन केंद्र प्रशिक्षक विश्वजीत सिंह ने किया। इस दौरान सरोज अली,सौरभ चौधरी,अशोक कुमार शुक्ला, शिवपाल,वीरेंद्र प्रजापति आदि ने ने खेल प्रतियोगिता में सहयोग किया।

जनपद के सभी ब्लाको में होगी अध्यक्षों की नियुक्ति अब तक 6 ब्लाक अध्यक्ष एवं 2500 सदस्य बने

प्रतापगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद प्रतापगढ की बैठक पट्टी नगर पंचायत में पूर्व सभासद कैलाश सिंह के आवास पर जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक में पट्टी तथा बाबा बेलखरनाथ ब्लाक के अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा महामंत्री का चयन कर उन्हें मुख्य अतिथि कौशाम्बी के जिला अध्यक्ष डा0 विशाल सिंह द्वारा प्रदान किया गया । कैलाश सिंह को पट्टी का अध्यक्ष तथा मिथिलेश सिंह को बाबा बेलखरनाथ धाम का अध्यक्ष बनाया गया । इसी प्रकार जयप्रकाश सिंह व सचिन सिंह को उपाध्यक्ष एवं जयसिंह महा मंत्री नियुक्त किए गए । बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने बताया कि अब तक जिले में सदर , बिहार % लक्ष्मण पुर तथा मान धाता सहित 6 ब्लाकों में ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं । सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए जिला संरक्षक नरेन्द्र बहादुर सिंह ने बताया कि जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है । अब तक 2500 से अधिक सदस्य बनाये जा चुके हैं । बैठक में उपस्थित नगर महामंत्री डी0 पी0 सिंह ने बताया कि नगर में कार्यकारणी के गठन की प्रक्रिया चल रही है। मुख्य अतिथि डा0 विशाल सिंह ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

रेलवे परिसर में मिली युवक की लाश, सीमा विवाद में उलझी पुलिस

▶▶ विवाद में घंटों पड़ा रहा शव, ठंडी में गया अकड़

▶▶ अंत में जीआरपी को करवाना पड़ा पोस्टमार्टम

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन के आरक्षण परिसर में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फ़ैल गई। पोस्ट मार्टम कराने को लेकर जीआरपी, आरपीएफ और सिविल सीमा विवाद में घंटों उलझी रही। इस बीच ठंडी में जमीन पर पड़े मृतक का शव अकड़ चुका था। अंत में जीआरपी को ही शव का पंचनामा भरना पड़ा। क्योंकि लाश मिलने का ठिकाना जीआरपी की सीमा में था। यह जानते हुए भी उसने शव को खुलेआम ठंडी में पड़ा रहने दिया। पुलिस की इस लापरवाही से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।गुरुवार को सुबह जीआरपी और आरपीएफ को सूचना मिली कि एक युवक का शव आरक्षण दफ्तर के परिसर में पड़ा है। वहां मौजूद लोगों और रेल स्टाफ ने बताया कि आरपीएफ और जीआरपी वाले आए बिना कोई कार्यवाही किए चलते बने। यही हाल भंगवा चुंगी चौकी का था। किसी ने भी शव का पोस्टमार्टम कराने की जरूरत नहीं समझी। तीनों पुलिस वाले सीमा विवाद को लेकर एक दूसरे को जिम्मेदार बताते रहे। इसी बीच सोशल मीडिया पर शव की खबर वायरल हुई। जीआरपी को अपनी सीमा का अहसास हुआ। मौके पर सिपाही भेजकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

इस बारे में भंगवा चुंगी चौकी प्रभारी अंकित श्रीवास्तव का कहना था कि शव उनके सीमा क्षेत्र से बाहर जीआरपी में था।

जीआरपी और आरपीएफ में नहीं दिखा समन्वय

कुछ दिन पहले दिल्ली में आरपीएफ और जीआरपी के कामकाज को लेकर उच्चाधिकारियों की एक समन्वय मीटिंग हुई थी। जिसमें दोनों के बीच आपसी तालमेल और सहयोग से कार्य करने का निर्णय लिया गया था। इस आशय का एक आदेश पत्र भी संबंधित अधिकारी और थानों पर भी भेजा गया है। जिसमें कर्मियों से इसका सख्ती से पालन करने का स्पष्ट आदेश है। मगर अफसोस यहां की जीआरपी और आरपीएफ में मीटिंग और पत्र का कोई भी प्रभाव नहीं दिखा। खासकर आज की घटना को लेकर। शव मिलने की सूचना दोनो के लोकल हाकिमों को थी। इसके बावजूद किसी की मानवीय संवेदना नहीं जागी। इसकी हर तरफ चर्चा है।

चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

लालगंज, प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के टोडरपुर निवासी भगौती पटेल पुत्र रामखेलावन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बाइस दिसंबर की सुबह करीब नौ बजे गांव के हीरालाल पुत्र रामनेवाज व उनके पुत्र सुभाष पटेल तथा परिवार की प्रतिभा व नेताइन ने एकराय होकर उसकी पुत्री रूचि तथा किरन, लता, गोलू, रामजसी के साथ गालीगलौज करते हुए मारापीटा। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। गंभीर चोट लगने से रामजसी व किरन बेहोश हो गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद हीरालाल समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

छोटी उम्र में अपने विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहे वीर बालक - प्रो.अमित

▶▶ वीर बाल दिवस पर संगोष्ठी एवं व निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।पीबीपीजी कॉलेज सिटी में वीर बाल दिवस पर वृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संगोष्ठी एवं निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्राचार्य प्रो.अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया।उन्होंने गुरु गोविंद के वीर बालकों के धर्म व देश के लिए बलिदान की मार्मिक गाथा स्वयंसेवकों को बताया । कहा कि हमें वीरों से प्रेरणा लेना चाहिए। छोटी उम्र में वे अपने विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहे और पीढ़ियों को अपने साहस से प्रेरित किया। उनका बलिदान वीरता और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने माता गुजरी और गुरु गोबिंद सिंह की बहादुरी को भी नमन किया।कार्यक्रमाधिकारी डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि महान गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान और वीरता के सम्मान में आज का दिवस मनाया जा रहा है। अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह दिन गुरु गोविंद सिंह के बेटों द्वारा विश्वास, स्वतंत्रता और न्याय के प्रति समर्पण में दिखाए गए अद्वितीय साहस और निस्वार्थता की याद दिलाता है। डॉ.प्रणव ओझा, डॉ.कुलदीप सिंह ने भी सम्बोधित किया। संचालन रवि प्रकाश सिंह ने किया। निबन्ध प्रतियोगिता में 246 स्वयंसेवकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान डॉ.देवेश कुमार सिंह,राकेश सिंह, डॉ.अखिलेश मोदनवाल निर्णायक रहे। इस दौरान धीरेंद्र सिंह,दीपक कुमार, दुर्गेश शुक्ल,उपमन्यु शुक्ल, प्रशांत शुक्ल आदि मौजूद रहे।

नगर वासियों ने पूर्व न्यायाधीश को दी श्रद्धांजलि

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। नगर के अचलपुर रोड पर पूर्व न्यायाधीश अखिल कुमार उपाध्याय को उनके आवास पर बृहस्पतिवार को श्रद्धांजलि दी गई। विगत 23 दिसंबर को दिल्ली में जिले के मानिंद अधिवक्ता रहे स्वर्गीय मदन मोहन उपाध्याय के सुपुत्र पूर्व न्यायाधीश अखिल कुमार उपाध्याय का निधन हो गया था। स्वर्गीय अखिल को उनके परिजनों एवं नगर के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। पूर्व न्यायाधीश अखिल कुमार उपाध्याय 2012 में मथुरा जनपद से जिला न्यायाधीश के पद से रिटायर हुए थे। वह दिल्ली में अपने बेटे एवं बहू के साथ निवास कर रहे थे। बीते 23 दिसंबर को उनका निधन हो गया। उनकी अस्थि लेकर उनके छोटे भाई अनुराग उपाध्याय प्रतापगढ़ स्थित पैतृक आवास पर ले आए और दिनभर अस्थि कलश और उनका चित्र रखा गया। जहां उनके परिवार वालों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अपराह्न 3ः00 के बाद अस्थि को विसर्जित करने के लिए परिजन प्रयागराज रवाना हो गए। पूर्व न्यायाधीश अखिल कुमार उपाध्याय अपने पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। हेमंत उपाध्याय का निधन पहले ही हो चुका है। अन्य भाइयों मनोज कुमार उपाध्याय, संजय कुमार उपाध्याय एवं अनुराग उपाध्याय ने एवं परिवार के अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

स्वामित्व योजना के अन्तर्गत 27 दिसम्बर को तुलसीसदन में घरौनी वितरण कार्यक्रम का होगा आयोजन

प्रतापगढ़। नोडल अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा ने बताया है कि जनपद में दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को जनपद मुख्यालय स्थित तुलसी सदन (हादी हाल) में दोपहर 12.00 बजे से घरौनी वितरण कार्यक्रम प्रारम्भ होगा, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता ÷नन्दी÷ जी द्वारा किया जायेगा, जिसमें माननीय विधायक सदर, विश्वनाथगंज व जिलाधिकारी के साथ-साथ मुख्य विकास अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेगें। इस कार्यक्रम में जनपद स्तर पर विकास खण्ड सदर के ग्रामीणों को जिनका मकान आबादी खाते की भूमि पर अवस्थित है, को भौतिक रूप से मा0 मंत्री जी द्वारा घरौनी का वितरण किया जायेगा।

भगवान पार्श्वनाथ एवं अष्टम तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु की मनाई गई जयंती

▶▶ विश्वशांति की कामना के साथ शांतिधारा अभिषेक आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। श्री दिगम्बर जैन मन्दिर कटरा मेदनीगंज में आज गुरुवार को जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ एवं अष्टम तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु की जयंती परम्परागत ढंग से मनायी गयी। जैन मन्दिर कटरा मेदनीगंज में प्रातः 08ः00 बजे का पंचामृत अभिषेक मंगल मंत्रों, वाद्य यन्त्रों एवं जयकारों के बीच सम्पन्न हुआ। भगवान के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंज रहा था। इस अवसर पर भगवान का अभिषेक देखने हेतु भारी संख्या में जैन श्रद्धालु एकत्रित थे। पंचामृत अभिषेक के पश्चात विश्वशान्ति कामना के साथ भगवान पार्श्वनाथ एवं चंद्रप्रभु का शान्तिधारा अभिषेक सम्पन्न हुआ । शांतिधारा अभिषेक का सौभाग्य सुनील जैन एवं जानू जैन को प्राप्त हुआ। तत्पश्चात ÷पार्श्वनाथ मंगल पूजन विधान आरम्भ हुआ जो लगभग 10ः00 बजे तक चला।इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष ऋषभ चन्द्र जैन ने अपने सम्बोधन में भगवान पार्श्वनाथ एवं चंद्रप्रभु के जीवन दर्शन एवं उनके उनकी शिक्षाओं पर प्रकाश डाला ।जैन समाज के महामंत्री प्रदीप कुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म में 24तीर्थंकर हुए हैं और सभी तीर्थंकरों ने मानव को स्वकल्याण हेतुआत्म निरीक्षण की शिक्षायें दी है । वरिष्ठ सदस्य ध्रुव कुमार जैन ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ एवं चंद्रप्रभु ने जिस सिद्धान्त पर सर्वाधिक जोर दिया वह है %अहिंसा%। जैन धर्म के अनुसार सिर्फ प्राणों का घात करना ही हिंसा नहीं है, बल्कि मन, वचन, काय से प्राणियों को पीड़ा पहुँचाना भी हिंसा है। उन्होंने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ एवं चंद्रप्रभु का जीवन त्याग, तपस्या एवं संयम का साकार निदर्शन है। अपने उन जीवन में घोर तप करके उन्होंने आत्मत्व की खोज की थी। रात्रि 7ः30 बजे भगवान की महाआरती की गई। तत्पश्चात मंगल प्रवचन संपन्न हुआ ।इस अवसर पर मेवालाल जैन, ऋषभ चन्द्र जैन, प्रदीप कुमार जैन, ध्रुव कुमार जैन, रवि जैन,सुनील जैन, पवन जैन, संदीप जैन, सुधीर जैन, यश जैन,शैलेश जैन,नवनीत जैन, अंकित जैन, आकाश जैन,संजीव जैन,राजीव जैन,अंकुर जैन, जानू जैन, विपिन जैन, विवेक जैन आदि उपस्थित रहे ।

धूमधाम संग भगवान पार्श्वनाथ व चंद्रप्रभु की मनाई गई जयंती

प्रतापगढ़। जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभु व 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ की जयंती बड़े धूम धाम से मनाई गई। सुबह से ही समाज के लोगों की भीड़ बाबागंज जैन मंदिर मे लगने लगी। भजन व वाद्ययंत्रो के साथ भगवान का पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके बाद भगवान की 51 दीपको से आरती उतरी गई। इस दौरान रतन जैन, रोहित जैन, मिश्री लाल जैन, अरविन्द जैन, दीपेश जैन, आकर्ष जैन, गुड्डू, मंजू जैन, नगीना जैन, सिताब जैन, आशा जैन, मीना जैन, नेहा जैन, बेबी जैन आदि लॉफ मौजूद राहे।

मेधावियों की चमक से दुनिया भारत के ज्ञानदर्शन की मान रही लोहा- प्रमोद तिवारी

▶▶ शैक्षिक कार्यक्रम में विधायक मोना की ओर से टॉपर्स को मिला लैपटॉप, खिले चेहरे

▶▶ राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने महात्मा गांधी की विचारधारा को वैश्विक परिवेश में बताया प्रेरणा का श्रोत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। सांगीपुर क्षेत्र के पूरे नरायनदास स्थित पीकेबीडी इण्टर कालेज में गुरूवार को शैक्षिक महोत्सव में प्रतिभाओं की चमक दिखी। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। शैक्षिक महोत्सव में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा विद्यालय के दो टॉपर छात्रों को लैपटाप की सौगात भी मिली। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में स्कूल के टापर शाहिद अली तथा सत्यांशु सरोज को लैपटाप प्रदान किया। वही सांसद प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना की ओर से विधायक निधि से विद्यालय को शैक्षणिक भवन के लिए ढ़ाई लाख रूपये तथा हाईमास्ट की सौगात सौपी। सौगात पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे दिखे। कार्यक्रम में छात्रा रियांश शर्मा, सेजल सरोज, पलक शुक्ला, आकांक्षा तिवारी, अंशिका मिश्रा ने लोकगीत, भावनृत्य, भाषण प्रतियोगिता में मनमोहक प्रस्तुतियां दी। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि समूचा विश्व आज भारत की बहुल प्रतिभा की चमक का कायल हो उठा है।

उन्होने कहा कि देश में शैक्षिक उन्नयन के लिए भविष्य निर्माण के लिए शिक्षाविद गुरूकुल की परम्परा को यादगार बनाते हुए सर्वस्व समर्पण का योगदान दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन प्रधान कटेहटी बृजकिशोर तिवारी ने किया। प्रधानाचार्या सरिता भलोठिया ने शैक्षिक प्रगति आख्या प्रस्तुत की। प्रबंधक उमाकांत बरनवाल ने स्वागत भाषण तथा अध्यक्ष रमाकांत बरनवाल ने आभार जताया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज में व्यापारिक संवाद कार्यक्रम में देश की प्रगति में सौर ऊर्जा की महत्वता को बदलते परिवेश में मुख्य आधार कहा। उन्होने 1924 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छब्बीस दिसंबर को कांग्रेस के अध्यक्ष निर्वाचन का जिक्र करते हुए कहा कि गांधी जी के नेतृत्व में देश की आजादी के प्रकाश का शंखनाद हुआ।

विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य के लिए संघर्ष की प्रेरणा भारतीय विचारदर्शन की आज दुनिया में प्रेरणा का श्रोत है। कार्यक्रम का संयोजन आशीष पाण्डेय ने किया। सह संयोजक संजीव चौधरी तथा वरूण शुक्ला व नन्हें पाण्डेय के साथ व्यापारियों ने सांसद प्रमोद तिवारी को सम्मानित किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, केडी मिश्र, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, छोटे लाल सरोज, विंदेश्वरी पटेल, धीरेन्द्रमणि शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, दिनेश सिंह, विनय जायसवाल, आशुतोष मिश्र, राजू मिश्र आदि रहे।

जिला उद्योग बन्धु की बैठक 30 को

प्रतापगढ़। उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया है कि जिला उद्योग बन्धु की बैठक दिनांक 30 दिसम्बर 2024 को अपरान्ह 3 बजे कैम्प कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी है।

लाभार्थियों को 27 दिसम्बर को होगा निःशुल्क चाक वितरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का होगा आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।जिला ग्रामोद्योग अधिकारी/माटीकला अधिकारी नन्द लाल पटेल ने बताया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा मिट्टी कला के परम्परागत कारीगरों को मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के अन्तर्गत निःशुल्क इलेक्ट्रानिक चाक वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद को 36 इकाई का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। लक्ष्य के सापेक्ष जनपद को इलेक्ट्रानिक चाक की आपूर्ति हो चुकी है। चयनित लाभार्थियों को निःशुल्क चाक का वितरण दिनांक 27 दिसम्बर 2024 को आकांक्षा कान्वेंट स्कूल पृथ्वीगंज भगेसरा में किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक विश्वनाथगंज जीतलाल पटेल एवं अजीत प्रजापति माननीय सदस्य उ0प्र0 माटीकला बोर्ड लखनऊ होंगे। इसके अतिरिक्त माटीकला योजना को बढ़ावा देने के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

कार्यक्रम का समय पूर्वान्ह 11.00 बजे निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में माटीकला की विधा से सम्बन्धित योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। जिला ग्रामोद्योग/माटीकला अधिकारी नन्द लाल पटेल द्वारा योजना का लाभ लेने के इच्छुक लोगों से अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने हेतु अनुरोध किया गया है।

संक्षिप्त खबरें

वीर बाल दिवस पर छात्रों के बीच हुई प्रतियोगिता, हुए सम्मानित

कौशाम्बी। प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में गुरुवार को शिक्षकों और आंगनवाड़ी ने मिलकर वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें बच्चों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता करते हुए मनाया। कार्यक्रम में रंगोली, पेंटिंग, कविता लेखन, निबंध लेखन है जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया। उसके बाद नन्हे मुन्हें बच्चों ने महापुरुषों की वेशभूषा पहनकर प्रतिभाग किया। अंत में स्कूल की प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी नेवादा शिवम कुमार मिश्र, प्रधानाध्यापिका सुमन कुशवाहा, शिक्षिका शैलजा , मोहिनी शुक्ला, उमेश कुमार शुक्ला, शिक्षामित्र मीरा दुबे, आंगनवाड़ी कार्यकत्री अर्चना शुक्ला व अर्चना सरोज, सुपरवाइजर राधा रानी व चंपा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

पीड़िता ने पड़ोस के दबंगों पर मारपीट व जान से मारने का लगाया आरोप,केस

सिराथू, कौशाम्बी। सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक पीड़िता का आरोप है कि पड़ोस के रहने वाली एक महिला ने परिवारजनों के साथ मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए, महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई है ।सदर कोतवाली क्षेत्र के बलीपुर नारा निवासी साधना देवी पुत्री शिवचंद्र ने सदर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 15 दिन पहले उसकी मां व बाबा खेत ने गेहूं की बुवाई करने गए थे इस दौरान पड़ोस की एक महिला रास्ते में पानी फेंकने को लेकर गाली गलौच करने लगी , विरोध करने पर पड़ोसी अपने पति व पुत्री के साथ मिलकर मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़िता का आरोप है कि मामले में पुलिस ने खानापूर्ति की है। पीड़िता ने पुलिस ने दबंगों से अनहोनी की आशंका जताते हुए कार्यवाही की मांग की है।

भैरावा में श्रीराम केवट प्रसंग सुनकर श्रद्धालु हुए भावुक

अजुहा, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के भैरावा में स्थित श्री ओंकारेश्वर मंदिर परिसर में चल रही श्री विष्णु महायज्ञ कथा के चौथे दिन कथा आचार्य कल्लू दूबे ने राम केवट संवाद प्रसंग का वर्णन किया। इसे सुनकर श्रद्धालु भावुक हो गए। आचार्य कल्लू दूबे ने बताया कि भगवान प्रेम के भूखे हैं। उन्होंने राम केवट संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम केवट के समीप आए। गंगा का किनारा भक्ति का घाट है और केवट भगवान का परम भक्त है, किंतु वह अपनी भक्ति का प्रदर्शन नहीं करना चाहता था। केवट ने हठ किया कि आप अपने चरण धुलवाने के लिए मुझे आदेश दे दीजिए, तो मैं आपको पार उतार दूंगा। केवट ने भगवान से धन-दौलत, पद ऐश्वर्य, कोठी-खजाना नहीं मांगा। उसने भगवान से उनके चरणों का प्रक्षालन मांगा। केवट की नाव से गंगा पार करके भगवान ने केवट को उतराई देने का विचार किया। सीता ने अर्धांगिनी स्वरूप को सार्थक करते हुए भगवान के मन की बात समझकर अपनी कर-मुद्रिका उतारकर उन्हें दे दी। भगवान ने उसे केवट को देने का प्रयास किया, किंतु केवट ने उसे न लेते हुए भगवान के चरणों को पकड़ लिया, जो देवताओं के लिए भी दुर्लभ है, ऐसे भगवान के श्रीचरणों की सेवा से केवट धन्य हो गया। इस मौके पर आचार्य आचार्य कल्लू दूबे, शिवराम मिश्रा , गोपीलाल मौर्य सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने सिराथू में कार्यभार किया ग्रहण

सिराथू, कौशाम्बी। चायल तहसील में नायब तहसीलदार रही अंकिता पाठक का स्थानांतरण सिराथू तहसील के लिए हो गया था, गुरुवार को नायब तहसीलदार अंकिता पाठक ने सिराथू तहसील में पुनः कार्यभार ग्रहण किया इस दौरान मौजूद तहसील कर्मियों व क्षेत्रीय लोगों ने सिराथू तहसील में पुनः आगमन पर उनका जोरदार स्वागत किया । जिसके बाद नायब तहसीलदार अंकिता पाठक शक्तिपीठ कड़ा धाम में स्थित मां शीतला के दरबार पहुंची और पूजा अर्चना के बाद मत्था टेका। इस मौके पर मौजूद रोहित शर्मा, संतोष पंडा , विक्की केसरवानी , अंकित मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

सिराथू में समावेशी प्रशिक्षण में शिक्षकों ने प्राप्त की ब्रेल लिपि की जानकारी

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खण्ड सिराथू के बीआरसी परिसर में इन दिनों पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा संबंधित समेकित शिक्षा के अंतर्गत पांच दिवसीय नोडल टीचर समर्थ का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण में विकास खंड सिराथू के 96 नोडल टीचर के रूप में प्रतिभाग कर रहे हैं। सन्दर्भदाता पुष्पेंद्र सिंह ने अध्यापकों को विभिन्न के दिव्यांगता के बारे बताते हुए कहा कि ब्रेललिपि की सहायता से नेत्र बाधित बच्चों को किस प्रकार पढ़ाते हैं इसके बारे में विस्तार से बताया। साथ ही सभी नोडल टीचर्स को विद्यालय में नामांकित दिव्यांग बच्चों के सामाजिक एवं शैक्षिक पुनर्वास का कार्य और गुणवत्ता ढंग से क्रियान्वयन कराए जाने पर जोर देने के साथ ही दिव्यांग बच्चों की विद्यालय में प्रतिदिन उपस्थिति समर्थ एप्लीकेशन पर दिए जाने पर भी जोर दिया गया। संदर्भ दाता के रूप में स्पेशल एजुकेटर छेदीलाल बृजेश चौधरी एवं शिक्षक शारदा तिवारी, दीपनारायण मिश्र, अनिल शर्मा, भास्कर मिश्र भी उपस्थित रहे।

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

▶▶ विवाहिता की शिकायत पर पति सहित परिवारीजनों पर मुकदमा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के सिराथू कस्बे के वार्ड नं दो परसीपुर निवासी आरती तिवारी पुत्री रामबदन भार्गव की तहरीर पर पुलिस ने प्रतापगढ़ के कुडा नगर पंचायत के रहने वाले विवाहिता के पति सहित उसके परिवार वालों के खिलाफदहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। दो साल पहले हुई शादी के बाद दहेज की अतिरिक्त मांग न पूरी होने के चलते ससुराल वालों पर विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप है। सिराथू कस्बे की वार्ड नं दो परसीपुर निवासी आरती तिवारी ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वर्ष 2022 में उसकी शादी प्रतापगढ़ के कुंडा के वैष्णो नगर मोहल्ला निवासी कुलदीप शुक्ला पुत्र राजेश कुमार शुक्ला के साथ हुई थी इस दौरान पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक आठ लाख नगद, दस लाख की कार, सोने चांदी के गहने व अन्य समान दिया था। इसके बावजूद भी ससुरालीजन सोने की जंजीर, चांदी का नारियल व बर्तन न मिलने की मांग को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते रहते थे। लोकलाज के चलते वह ससुराल वालों का जुल्म बर्दाश्त करते हुए मानसिक व शारीरिक रूप से कमजोर हो कर गंभीर बीमारी का शिकार हो गई इसके बाद पति द्वारा उसकी दवा इलाज नहीं कराया गया। बीमारी के चलते मरणासन्न अवस्था में पहुंच गई। इस दौरान 8 महीने पहले ससुराल वालों ने मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद उसने पिता को फोन कर बुलाया और मायके चली आई काफी समझाने बुझाने के बाद भी ससुराल के लोग उसे रखने के लिए तैयार नहीं हो रहे है। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने पति कुलदीप शुक्ला , ससुर राजेश कुमार , सास विमला देवी , देवर पिंटू ,दीपू व चचिया ससुर बृजेश शुक्ला , शिव प्रसाद के खिलाफ मारपीट कर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

कार की टक्कर से बाइक सवार दूधिया जख्मी

अजुहा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार दूधिया को टक्कर मार दिया हादसे में दूधिया गंभीर रूप से जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए प्रयागराज ले गए ।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं एक भौतर निवासी धर्मवीर पुत्र ननका पाल बाइक से दूध बेच कर परिवार का भरण पोषण करता है। धर्मवीर गुरुवार की दोपहर बाइक से दूध लेकर अजुहा बाजार आ रहा था, जैसे ही वह अजुहा कस्बे के मंडी गेट के पास पहुंचा तभी नेशनल हाईवे पर कानपुर की ओर आ रही तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक ने पीछे से टक्कर मार दिया हादसे में बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पहुंची पुलिस ने परिजनों को खबर कर घायल को इलाज के लिए प्रयागराज भेजवाया।

खाना बनाते समय पाइप से गैस लीक होने पर लगी आग, गृहस्थी जलकर राख

सैनी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के हिसामपुर परसखी गांव में सिलेंडर में खाना बनाते समय गैस पाइप लीकेज होने के चलते घर में आग लग गई जिसमें घर की गृहस्थी जलकर खाक हो गई, सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया ।बताया जाता है कि हिसामपुर परसखी गांव निवासी दुर्गा सरोज पुत्र रमाकांत के घर में गुरुवार को दोपहर करीब एक बजे उसकी पत्नी सीमा देवी गैस सिलेंडर में खाना बना रही थी। पाइप लीकेज होने की वजह से अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग ने विशाल रूप ले लिया और छप्परनुमा घर होने के कारण पूरे घर में तेजी से आग फैलने लगी। पास पड़ोस के लोगों ने आग बुझाने के प्रयास किया लेकिन नाकाम रहे। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड कर्मियों ने पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक घर के अंदर रखी पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई।

फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का तहसील अधिकारियों ने भ्रमण कर लिया जायजा

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। किसानों के लाभ के लिए कृषि व राजस्व विभाग द्वारा किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी के लिए गांव गांव कैंप का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को एसडीएम तहसीलदार सहित तहसील के अन्य अधिकारियों ने स्थलीय निरीक्षण कर फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के कार्य का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को किसानों से समन्वय कर अधिक से अधिक किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के निर्देश दिए। एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने सिराथू तहसील के कसिया में, तहसीलदार सिराथू अनंत राम अग्रवाल ने रामपुर धमावा, गनपा, शमसाबाद, नारा में वही कनवार में नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अतुल कुमार व निदुरा व दारानगर में खंड विकास अधिकारी कड़ा संजय कुमार गुप्ता ने फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया और कैंप में उपस्थित किसानों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी जरूर बनवाएं और सरकारी योजनाओं का लाभ पायें। उन्होंने बताया कि कृषि एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा राजस्व गांवों में कैंप लगाकर किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री आईडी बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को फसली ऋण एवं फसल बीमा क्षतिपूर्ति तथा आपदा राहत प्राप्त करने में सुगमता होगी साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों हेतु बार-बार भौतिक सत्यापन से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है।

अधिकारियों ने सभी किसानों से नजदीकी जन सेवा केंद्र व राजस्व गांव में आयोजित होने वाले कैंप में उपस्थित होकर अपनी फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा लेने की अपील की है।

इसके अतिरिक्त एसडीएम सिराथू व तहसीलदार ने कैंप में फैमिली आईडी बनाए जाने के संबंध में भी जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को फैमिली आईडी के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह , तहसीलदार अनंत राम अग्रवाल , नायब तहसीलदार विनय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार अतुल कुमार, खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता, प्रदीप सिंह, जीतलाल, लेखपाल रवि विश्वकर्मा, सुनील श्रीवास्तव, अचल सिंह सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहें।

भारत के भविष्य की नींव के रूप में बच्चों को सम्मानित करने के लिए समर्पित

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। राष्ट्रव्यापी उत्सव के रूप में वीर बाल दिवस का आयोजन सप्ताह भर से किया जा रहा है ।इसके अंतर्गत के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो पर 26 दिसंबर को बीरबाल दिवस उत्सव के रूप में मनाते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी रेनू वर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि बीर बाल दिवस के उपलक्ष में जनपद में संचालित सभी आंगनबाड़ी केदो पर 3 से 6 वर्ष के बच्चों ईसीसीई गतिविधियों का आयोजन करते हुए ड्राइंग प्रतियोगिता भी कराई गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बाल मस्तिष्क को पोषित करने, रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर जोर देने के साथ-साथ उन्हें एक विकसित भारत के दृष्टिकोण में योगदान के लिए तैयार करना है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद कोईलहा 2 बाल विकास परियोजना चायल मे ग्राम प्रधान और सचिव की उपस्थिति में ड्राइंग प्रतियोगिता में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र का कायाकल्प कराए जाने, तथा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों एवं महिलाओं का वजन तथा लंबाई लेने हेतु चारों प्रकार की ग्रोथ मोनीटरिंग डिवाइस उपलब्ध कराने हेतु ग्राम प्रधान का आभार व्यक्त किया गया। डीपीओ द्वारा विकासखंड कड़ा के आंगनबाड़ी केंद्र चक सैनी में भी बीर बाल दिवस के उपलक्ष्य ग्राम प्रधान की उपस्थिति में बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अवगत कराया गया कि जनपद कौशांबी में कुल सभी ग्राम सभाओ में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर ग्राम प्रधान एवं सचिव के सहयोग से वजन एवं लंबाई लेने की मशीन उपलब्ध करा दी गई है। प्रत्येक केंद्र पर मशीन की उपलब्धता होने से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बच्चों तथा महिलाओं का वजन एवं लंबाई के अनुसार वृद्धि निगरानी का मूल्यांकन हो रहा है डीपीओ द्वारा पूरे जनपद के समस्त सम्मानित ग्राम प्रधान एवं सचिव द्वारा मशीन उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

मौके पर दोनों ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान, प्रभारी सीडीपीओ मीरा मिश्रा, मुख्य सेविका ज्ञानमती आंगनबाड़ी कार्यकत्री पदमा देवी, सुमन देवी अन्य लाभार्थीगण उपस्थित रहें।

रामपुर धमावा में सपा पीडीए चर्चा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

सिराथू, कौशाम्बी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति व समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के निर्देश पर गुरुवार को सिराथू विधानसभा क्षेत्र के रामपुर धमावा सेक्टर के गौराहार में सपाइयों ने पीडीए चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सपा जिलाध्यक्ष दयाशंकर यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार संविधान विरोधी है, आज प्रदेश की जनता महंगाई , बेरोजगारी से परेशान है। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा सिराथू के अध्यक्ष शाहनवाज अहमद ने कहा कि कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होती है, हम सब एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए तभी पार्टी को मजबूती मिलेगी। इस दौरान सपाइयों ने सामाजिक न्याय, आरक्षण, जातिगत जनगणना से लेकर बेरोजगारी, महंगाई व स्थानीय मुद्दों के साथ बाबा साहब के संविधान से मिले अधिकारों पर व्यापक चर्चा किया । इस मौके पर विधानसभा सिराथू अध्यक्ष शाहनवाज अहमद , पप्पू यादव, नवनीत यादव, सुशील यादव, बबलू सोनकर, राजा यादव, महेश यादव आदि साथी उपस्थित रहे।

महावीर सेवा संस्थान बड़गड़ चित्रकूट द्वारा अंधविश्वास के प्रति लोगो को किया जागरूकता

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। महावीर सेवा संस्थान बड़गड़ चित्रकूट के द्वारा नेवादा ब्लॉक बेहनपुरवा के अंतर्गत ग्राम बेहनपुरवा में विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार , नई दिल्ली के सहयोग से अंधविश्वास एवं मिथक निवारण संबंधी एक दिवसीय रैली का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत समुदाय के लोगों को अंधविश्वास मे ना पड़ने एवं समाज में व्याप्त किसी प्रकार के अंधविश्वास , झाड़ फूंक, टोना - टोटका आदि से दूर रहने व इसका विरोध करने का संदेश दिया गया। रैली को संस्था के सचिव अजीत कुमार जैन एवं कार्यक्रम समंन्वयक विपिन कुमार त्रिपाठी, सुमित चौधरी, कृष्णा चौधरी, रमेश ओझा, अशर्फी लाल मीना के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया! रैली मे ग्राम बेहनपुरवा के युवा किशोर, किशोरियाँ, पुरूष, महिलाएं एवं बच्चों ने हाथों मे अंधविश्वास के विरोध मे लिखे स्लोगन की तख्ती लेकर व नारा लगाकर पूरे गाँव का भ्रमण किया । जिसमें स्कूल के बच्चे व गाँव के वरिष्ठ लोग कुल लगभग 110 लोगों ने प्रतिभाग किया। रैली के अंत में सभी प्रतिभागियों को जलपान कराकर रैली का समापन किया गया! इस दौरान संस्था से संस्था के सचिव अजीत कुमार जैन, अनंत कुमार जैन, भागवत पाल एवं गाँव के वरिष्ठ लोग शामिल हुए व कार्यक्रम को सफल बनाया।

एआरके कालेज में प्रीमियम लीग के द्वितीय संस्करण का हुआ शुरुआत

सराय अकिल, (कौशाम्बी)। सराय अकिल क्षेत्र चौपूरवा एआरके कॉलेज में टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया जो कॉलेज के चेयरमैन अजीत कुमार कुशवाहा ने फीता काटकर शुरुआत की। बता दें, सराय अकिल क्षेत्र चौपूरवा में एआरके कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एआरके प्रीमियम लीग के द्वितीय संस्करण की शुरुआत हुई। जिसमे इस क्रिकेट मैच शुरुआत के मुख्य अतिथि कॉलेज के चेयरमैन अजीत कुमार कुशवाहा ने फीता काटा और इस भव्य क्रिकेट मैच का शुभारंभ कालेज के चेयरमैन अजीत कुशवाहा ने किया। जिसमे पहला मैच स्टाफ इलेवन और जूनियर इलेवन के बीच खेला गया जिसमें जूनियर इलेवन ने जीत हासिल की। जबकि दूसरा मैच हॉस्टल इलेवन एवं सीनियर इलेवन के बीच खेला गया जिसमें सीनियर इलेवन ने जीत हासिल की।

जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत किसानों के ऑनलाइन पंजीकरण से सम्बन्धित सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

जिलाधिकारी ने सी0एस0सी0 संचालक कुम्हियावा के शान सिंह एवं दिनेश सिंह द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में लापरवाही बरतने एवं कार्य की प्रगति शून्य पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सी0एस0सी0 केन्द्रों का पंजीकरण निरस्त करने के दियें निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा फार्मर रजिस्ट्री योजनान्तर्गत किसानों के ऑनलाइन पंजीकरण से सम्बन्धित सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-कुम्हियावा एवं टेवा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-कुम्हियावा के संचालक शान सिंह एवं दिनेश सिंह द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्यों में लापरवाही बरतने एवं कार्य की प्रगति शून्य पाये जाने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्रों का पंजीकरण निरस्त करने के निर्देश दियें। इसी प्रकार सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्र-टेंवा के निरीक्षण के दौरान जनसेवा केन्द्र के संचालक लवलेश द्वारा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य की प्रगति अच्छी पाये जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशंसा की।

जिलाधिकारी ने सभी किसानों से अपील की है कि वे अपने नजदीकी सी0एस0सी0 जनसेवा केन्द्रों पर स्वयं जाकर अपनी-अपनी फार्मर रजिस्ट्री कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री जनहित व शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिन्दुओं में से एक हैं, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री योजना किसानों से सम्बन्धित समस्त लाभ दिये जानें के लिए महत्वपूर्ण योजना है, इसमें एक ही पोर्टल से किसानों को विभिन्न प्रकार के लाभ प्रदान किये जायेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर श्री आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

बंद पड़े मिल में लगे ट्रांसफार्मर से तेल चोरी

अजुहा, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बंद पड़े मिल में लगे ट्रांसफार्मर से बीती रात चोरों ने तेल पार कर दिया , मिल मालिक को जानकारी हुई तो सूचना पुलिस को दी ।सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार में स्थित मिल के मालिक आनंद सिंह ने बताया कि कनवार गांव में स्थित धान मिल जो बंद पड़ी है उसमें लगे ट्रांसफार्मर से बीती रात चोरों ने लगभग 50 लीटर तेल पार कर दिया

सम्पादकीय

संसदीय बहस मिथकों में ही उलझी रही

लोकसभा में हुई चर्चा पर सियासी तू तू-मैं मैं ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई।संविधान की 75वीं सालगिरह पर संसद में विशेष चर्चा का आयोजन तय हुआ, तो सामान्य स्थितियों में यही अपेक्षा होती कि इस संविधान के तहत 75 साल के अनुभवों पर सदस्य गंभीरता से मंथन करेंगे।इस दौरान वर्तमान संवैधानिक व्यवस्था की उपलब्धियों और नाकामियों का ठोस आकलन किया जाएगा, ताकि भविष्य को बेहतर बनाने पर विचार-विमर्श हो सके।लेकिन ये सामान्य दिन नहीं हैं। इसमें संविधान भी सियासी मुद्दा है। पक्ष और विपक्ष में होड़ यह बताने की है कि किसने संविधान की भावना का ज्यादा उल्लंघन किया है।लोकसभा में हुई चर्चा पर यह सियासी होड़ ही हावी रही। संविधान की तारीफ, अनेक संदर्भों में इसके अयथार्थ महिमामंडन की आम होड़ और उन कसौटियों पर दूसरे पक्ष को कमतर दिखाने की प्रवृत्ति से संसदीय बहस उबर नहीं पाई।चर्चा की शुरुआत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ही दिशा तय कर दी, जब उन्होंने इमरजेंसी का विस्तार से उल्लेख किया और कांग्रेस पर इल्जाम लगाया कि उसने हमेशा संविधान के ऊपर सत्ता को तरजीह दी है।इसके बाद प्रधानमंत्री के भाषण तक सारी चर्चा जवाब, आरोप और प्रत्यारोपों में उलझी रही। राहुल गांधी सहित तमाम विपक्षी नेताओं भाजपा पर तीरे दागे और अपने-अपने अंदाज में उसे कठघरे में खड़ा किया।अब जो दिशा लोकसभा में तय हुई है, राज्यसभा की बहस उससे अलग मोड़ लेगी, इसकी आशा कम ही है।साफ है, संविधान पर किसी सार्थक चर्चा की उम्मीद संसद से जोडने का कोई फिलहाल आधार नजर नहीं आता।अगर सचमुच भारतीय संविधान के अनुभवों और आज उसके सामने उपस्थित हुई चुनौतियों पर सार्थक बात करनी है, तो यह दायित्व शायद बुद्धिजीवियों और सिविल सोसायटी को ही उठाना होगा।संविधान कोई धर्म ग्रंथ नहीं होता, जिसकी आलोचनात्मक समीक्षा ना की जाए। वह आस्था का दस्तावेज नहीं है।वह वक्त के तकाजों के अनुरूप बना रहे, इसलिए आवश्यक है कि उसके हर पहलू पर हमेशा सारगर्भित चर्चा करते हुए अधिकतम आम सहमति हासिल की जाए। मगर आज ऐसी चर्चाएं सिविल सोसायटी में भी गायब हैं।नतीजतन संविधान को लेकर मिथकों की भरमार हो गई है। संसदीय बहस उन मिथकों में ही उलझी रही।



केवल संभल ही नहीं देश के कई शहरों में कट्टरपंथी मुस्लिमों के निशाने पर है हिन्दू

अशोक भाटिया

गुर्जर प्रतिहार साम्राज्य के बादहिन्दुओं का उत्पीडन हिन्दुओं के शोषण, जबरन धर्मपरिवर्तन, सामूहिक नरसहांर, गुलाम बनाने तथा उनके धर्मस्थलों, शिक्षणस्थलों के विनाश के सन्दर्भ में है। मुख्यतः भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान तथा मलेशिया आदि देशों में हिन्दुओं को उत्पीडन से गुजरना पड़ा था। आज भी आजाद हिंदुस्तान के कुछ हिस्सो में ये स्थिति देखने में आ रही है।आज भी हर साल कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के त्यौहारों, शोभायात्रा पर अकारण पथराव, मूर्ति विसर्जन के दौरान हिंदुओं को धमकाने, उन पर हमला करने, कावड़ियों पर पत्थरबाजी, आगजनी और मासूमों की हत्या की खबरें सामने आती रहती हैं। यही कारण है कि हिंदू न चाहते हुए भी अपने पूर्वजों की विरासत और अपने पुश्तैनी घरों को छोड़कर पलायन कर रहे हैं। खास बात यह है कि हिंदुओं के मसले पर सेकुलर चुप्पी साध लेते हैं। अवार्ड वापसी गैंग में भी कोई सुगबुगाहट नहीं होती है। मुस्लिम समाज का नेतृत्व करने वाले भी इन कट्टरपंथियों पर चुप हो जाते हैं। मोहब्बत की दुकान लगाने वाले ऐसी घटनाओं पर अपनी दुकान का शटर गिरा देते हैं। इस साल कितनी ही शोभायात्राओं पर हमले हुए, कितने हिंदू परिवारों ने पलायन के पोस्टर लगाएं, लेकिन खामोशी की चादर ओढ़े ये लोग कुछ नहीं बोले। अज़ब विडम्बना है कि भारत में रहने वाले हिंदू इन कट्टरपंथी मुस्लिमों के भय से अपने ही घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाने को मजबूर हैं। वे अपने ही देश में डर के साये में जी रहे हैं। हिंदुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिन्दुओं की आस्था को ठेस पहुंचाना, देवी-देवताओं को अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित करना, मूर्तियों को लात मारना, उन्हें खंडित करना इन कट्टरपंथियों का शौक बन गया है।ताजा मामला हरियाणा के फरीदाबाद का है। सुभाष कॉलोनी में एक हिंदू परिवार ने अपने घर के बाहर ÷यह मकान बिकाऊ है÷ का पोस्टर लगा दिया है। हिंदू परिवार का आरोप है कि दिवाली पर उनके बच्चे के पटाखे जलाने पर कट्टरपंथी मुस्लिमों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार के घर पर ईंट-पत्थर बरसाए और मुख्य दरवाजे को तोड़ दिया। घर की बहन बेटियों से छेड़छाड़ की, उनके कपड़े फाड़ दिए। घर की महिलाओं पर डंडों से हमला भी किया। आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने की वजह से अब वह अपना मकान बेचकर पलायन करने को मजबूर हैं, जिसके चलते हिंदू परिवार के लोगों ने घर के बाहर पोस्टर भी लगा दिया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर मामले की अनसुनी करने का भी आरोप लगाया है।इस साल मई में उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले में हिंदू समाज के लोगों ने अपने घर के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए थे। ये पोस्टर स्वार इलाके के घोसी पूरा पट्टी गांव में हिंदुओं के घरों के बाहर लगाए गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह मुस्लिम बाहुल्य गांव है। गांव के ही दिनेश कुमार ने पास में रहने वाले मुस्लिम पर आरोप लगाया था कि किसी बात को लेकर कहासुनी होने पर रिजवान ने उसके घर में घुसकर उससे मारपीट की। पुलिस स्टेशन में शिकायत करने के बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर हिंदू समाज के लोगों ने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए थे। हिंदुओं ने इस मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी मदद की गुहार लगाई थी।इस साल जून में राजस्थान की राजधानी जयपुर से भी हिंदुओं के पलायन की खबर सामने आई थी। यहां शास्त्री नगर में शिवाजी नगर के हिंदुओं ने अपने घरों के बाहर पलायन के पोस्टर लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि वहां रहने वाले कट्टरपंथी मुस्लिम उन्हें परेशान करते हैं। वे मुस्लिम समुदाय की ज्यादतियों से परेशान हो गए हैं। इसलिए हिंदू कॉलोनी छोड़कर जा रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग की थी कि वह यहां गैर हिंदूओं को घर खरीदने से रोकें। हिंदुओं ने पलायन के पोस्टर में लिखा था कि सनातनियों से अपील, पलायन रोकें। सभी सनातनी भाई बहनों से निवेदन है कि अपना मकान गैर हिन्दू को न बेचें। उनकी बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। हिंदुओं ने यह भी आरोप लगाया था कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वे पहले भी शिकायत कर चुके हैं। इस इलाके में खौफ का माहौल है। पुलिस से उचित कार्रवाई और सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने की विनती करते हैं।बिजनौर में भी इस साल ही मकान बिकाऊ है के पोस्टर लगे। घटना अगस्त की है। मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती को इंस्टाग्राम पर अश्लील मैसेज भेजे। वह कई दिनों से लड़की को प्रताड़ित कर रहा था। लड़की ने परिजनों को बताया। पीड़ित लड़की के परिवार ने इस उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई। इस पर आरोपी ने करीब 300 लोगों की भीड़ इकट्ठा कर ली। भीड़ ने साम्प्रदायिक नारे लगाए और धमकी दी कि यहां बांग्लादेश बना देंगे। इससे डर का माहौल बना। इलाके के कई परिवारों ने अपने घरों की दीवारों पर ÷यह मकान बिकाऊ है÷ लिखवाया। बिजनौर पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने प्रभावित परिवारों से बात कर उनके घरों से ÷यह मकान बिकाऊ है÷ लिखे संदेश को भी मिटवाया।देश की आर्थिक राजधानी मुंबई कई सालों से बारूद के ढेर पर बैठी है। वास्तव में 1992 और 2012 के बीच तुलना करें तो पता चलता है कि वहां पिछले दो दशकों में हालात बहुत ज्यादा नहीं बदले हैं। दिसंबर 1992 में भीड़ के आक्रोश की पहली लहर काफी हद तक इस बार आजाद मैदान में हुई हिंसा जैसी ही थी। यदि इस बार असम की हिंसा ट्रिगर प्वाइंट बनी, तो 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के चलते हिंसा भड़क गई। दोनों ही प्रकरणों में मुस्लिमों का पुलिस के साथ टकराव हुआ, जहां पर खाकी वर्दीधारियों को पक्षपाती सरकारी मशीनरी के नुमाइंदों की तरह देखा गया। हालांकि इस बार पुलिस के साथ-साथ मीडिया को भी नुकसान झेलना पड़ा। 1992-93 की हिंसा के जवाब में शिवसेना की अगुआई में उग्र प्रतिक्रिया दी गई, जिसने शहर को सांप्रदायिक आधार पर दोफाड़ कर दिया। शुक्र है इस बार पुलिस ने सराहनीय ढंग से संयम दिखाया, जिससे स्थिति विस्फोटक होने से बच गई। 1992-93 में मुस्लिम समूहों द्वारा किए गए शुरुआती विरोध प्रदर्शन एक तरह से स्वस्फूर्त थे, जबकि 2012 में यह काम कहीं ज्यादा संगठित ढंग से किया गया। यह ज्यादा खतरनाक है। वहां पर अब कट्टरपंथी धार्मिक अल्पसंख्यक समूहों और उनके राजनीतिक रहनुमाओं के साथ-साथ अपराधी-आतंकी माफियाओं का घातक मेल तैयार हो गया है, जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए कहीं ज्यादा चिंता की बात है। 1992-93 की हिंसा में अंडरवर्ल्ड ने नापाक भूमिका निभाई थी। आज 2क् साल बाद इस्लामिक आतंकी संगठनों के साथ वहां कहीं ज्यादा घातक हथियार आ चुके हैंऔर कट्टरपंथी मुस्लिम समूह अब ज्यादा संगठित हैं ।यह भी विडम्बना है कि मुंबई में वोट बैंक की राजनीति के चलते राजनीतिक दबदबा रखने वाले किसी भी अल्पसंख्यक नेता को हिंसा भड़काने का आरोपी नहीं बनाया जाता। आजाद मैदान की हिंसा के बाद मुट्ठीभर लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन इसके मास्टरमाइंड लोगों को बचाया जाता रहा इसी का नतीजा है कि सांप्रदायिक विभाजन की खाई लगातार चौड़ी होती जा रही है और शहर का धीरे-धीरे 'ध्रुवीकरण' हो रहा है। मीना मेनन की शोधपरक किताब 'रॉयट्स एंड आफ्टर इन मुंबई' में ऐसी कई घटनाओं का जिक्र है जो बताती हैं कि 1992-93 के दंगों के बाद किस तरह बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ और लोग मिश्रित आबादी वाले इलाकों से निकलकर सुरक्षा की तलाश में दूसरी जगह चले गए। मुंबई में हमेशा से पृथक हिंदू व मुस्लिम इलाके रहे हैं, लेकिन अब इनकी सीमारेखाएं ज्यादा पुख्ता हो गई हैं और ध्रुवीकरण भी कहीं अधिक अपरिहार्य हो गया है। यहां तक कि झुग्गी-बस्तियों में, जहां कभी आर्थिक बंधनों ने धार्मिक वैमनस्य को कमजोर कर दिया था, वहां पर भी अब अदृश्य 'सीमाएं' नजर आने लगी हैं। एक लिहाज से आजाद मैदान की हिंसा महाराष्ट्र की तंद्रा तोड़ने के लिए एक और चेतावनी की घंटी रही है ।अब तो देश के हर प्रदेश को चेतने की व संभलने की जरुरत है क्युकि यह आग कुछ प्रदेशों में नहीं देश के हर शहर में फ़ैल रही है ।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक**

सरोकार

भागवत को क्यों दी जा रही है धर्म गुरु नहीं बनने की नसीहत

संजय सक्सेना,लखनऊ

अपना देश एक रंग बिरंगे गुलदस्ते की तरह है। अनेकता में एकता जिसकी शक्ति है। यहां विभिन्न धर्म और उनकी अलग-अलग पूजा पद्धति देखने को मिलती है तो देश का सामाजिक और जातीय ताना बाना भी काफी बंटा हुआ हुआ है। ऐसे में किसी भी मुद्दे पर किसी तरह की प्रतिक्रिया देने से पूर्व सौ बार उसके बारे में सोचना पड़ता है।वर्ना देश का माहौल खराब होने या जनता की भावनाएं भड़कने में देरी नहीं लगती है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत का एक बयान इसका सबसे ताजा उदाहरण है। वैसे यह भी सच्चाई है कि भागवत के बयान पर पहली बार हो-हल्ला नहीं मच रहा है।इससे पूर्व भी भागवत के आरक्षण, ब्राह्मणों,डीएनए से जुड़े बयानों पर हंगामा खड़ा हो चुका है। अब संघ प्रमुख मोहन भागवत के मंदिर-मस्जिद वाले बयान पर साधु-संतों की ओर से आपत्ति सामने आई है। देश में हिंदू संतों की प्रमुख संस्था अखिल भारतीय संत समिति ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की हर जगह मंदिर तलाशने और इसके सहारे कुछ लोगों का हिंदुओं का नेता बनने की कोशिश वाली टिप्पणी पर आपत्ति जताई है। समिति ने कहा है कि विभिन्न स्थलों पर मंदिर-मस्जिद विवाद को उठाने वाले नेताओं को अपने दायरे में रहना चाहिए। समिति के महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा धार्मिक है और इसका फैसला धर्माचार्यों की ओर से किया जाना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि इस मुद्दे को सांस्कृतिक संगठन आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत को छोड़ देना चाहिए।

स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा कि जब धर्म का विषय उठेगा तो उसे धर्माचार्य तय करेंगे। जब यह धर्माचार्य तय करेंगे तो उसे संघ भी स्वीकार करेगा और विश्व हिंदू परिषद भी।

स्वामी जितेंद्रानंद ने कहा कि मोहन भागवत की अतीत में इसी तरह की टिप्पणियों के बावजूद 56 नए स्थानों पर मंदिर पाए गए हैं, जो मंदिर-मस्जिद मुद्दों में रुचि और कार्रवाई का संकेत देते हैं। जितेंद्रानंद महाराज ने जोर देकर कहा कि धार्मिक संगठन जनता की भावनाओं के अनुसार कार्य करते हैं। इन समूहों के कार्य उन लोगों की मान्यताओं और भावनाओं से आकार लेते हैं जिनका वे प्रतिनिधित्व करते हैं, न कि केवल राजनीतिक प्रेरणाओं से। स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती की यह टिप्पणी जगद्गुरु रामभद्राचार्य की ओर से मोहन भागवत से असहमति व्यक्त करने के एक दिन बाद आई है। बता दें जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने अपने बयान में कहा था कि मैं यह स्पष्ट कर दूं कि मोहन भागवत हमारे अनुशासनकर्ता नहीं हैं, बल्कि हम हैं। साधू संत तो भागवत के बयान से नाराज हैं हीं इसके साथ-साथ यह भी पहली बार देखने को मिल रहा है कि आरएसएस प्रमुख को 'परिवार' के भीतर भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले द्वारका में द्वारका शारदा पीठम और बद्रीनाथ में ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती संघ परिवार के खिलाफ रुख अपनाते थे, लेकिन उन्हें कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित बता कर उनके बयानों को खारिज कर दिया जाता था।

बहरहाल, जगद्गुरु रामभद्राचार्य के साथ-साथ अन्य हिंदू धार्मिक गुरु आरएसएस के सुर में सुर मिलाने को तैयार नहीं हैं। उनका मानना है कि संघ को आस्था के मामलों में धार्मिक हस्तियों के नेतृत्व का सम्मान करना चाहिए।

उधर,राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह स्थिति धार्मिक मामलों में आरएसएस की भूमिका और प्रभाव को लेकर हिंदू धार्मिक समुदाय के भीतर संभावित झगड़े को भी दर्शाती है।रामभद्राचार्य ने कहा कि संभल में जो कुछ भी हो रहा था वह वास्तव में बुरा था। उन्होंने कहा कि इस मामले में सकारात्मक पक्ष यह है कि चीजें हिंदुओं के पक्ष में सामने आ रही हैं। हम इसे अदालतों, मतपत्रों और जनता के समर्थन से सुरक्षित करेंगे। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ किए गए अत्याचारों पर भी चिंता व्यक्त की।

बता दें हाल ही में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने मंदिर-मस्जिद विवादों के फिर से उभरने पर चिंता व्यक्त की थी। उन्होंने लोगों को ऐसे मुद्दों को न उठाने की सलाह दी। मोहन भागवत ने कहा कि मंदिर-मस्जिद विवादों को उछाल कर और सांप्रदायिक विभाजन फैलाकर कोई भी हिंदुओं का नेता नहीं बन सकता। उनका यह बयान हिंदू दक्षिणपंथी समूहों की ओर से देश भर में विभिन्न अदालतों में दशकों पुरानी मस्जिदों पर दावे जैसी मांग के बाद आया है। इस पर हिंदूवादी संगठलनों का दावा है कि ये पुरानी मस्जिदें, मंदिर स्थलों पर बनाई गई थीं। इन मस्जिदों में जौनपुर की अटाला और संभल की शाही जामा मस्जिद भी शामिल है, जिस मामले में हाल ही में हिंसा हुई थी। 24 नवंबर को भड़की हिंसा में पांच लोग मारे गए थे।

उधर,आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर राजनीति भी थमने का नाम नहीं ले रही है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का मंदिर-मस्जिद विवाद न उठाने का बयान लोगों को गुमराह करने के उद्देश्य से था। यह आरएसएस की खतरनाक कार्यप्रणाली को दर्शाता है, क्योंकि इसके नेता जो कहते हैं उसके ठीक विपरीत करते हैं। वे ऐसे मुद्दे उठाने वालों का समर्थन करते हैं। वहीं कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए आरएसएस प्रमुख को घेरा।

उन्होंने कहा कि अगर आरएसएस प्रमुख ईमानदार हैं तो उन्हें सार्वजनिक रूप से घोषणा करनी चाहिए कि भविष्य में संघ ऐसे नेताओं का समर्थन कभी नहीं करेगा जो सामाजिक सद्भाव को खतरे में डालते हैं। जयराम ने कहा कि आरएसएस प्रमुख ऐसा नहीं कहेंगे, क्योंकि मंदिर-मस्जिद का मुद्दा आरएसएस के इशारे पर हो रहा है। कई मामलों में, जो लोग ऐसे विभाजनकारी मुद्दों को भड़काते हैं और दंगे करवाते हैं, उनके आरएसएस से संबंध होते हैं।

समसामयिक

अच्छा लगता है न

एक खयाल
किसी के बातों से मान का बढ़ जाना
अच्छा लगता है न
किसी के लिए जरूरी हो तुम
जान अच्छा लगता है न
कहना कि सिर्फ तुम्हारे लिए ही आया हूँ
अच्छा लगता है न
लाख खुशी के आलम हो
पर किसी का तुम्हे देख कर खुश होना
अच्छा लगता है न
किसी के मुस्कुराते चेहरे को देख
जो तुमपे टिका हो
अच्छा लगता है न
जब तुमसे कोई बात करने के लिए
ढूंढता हो बहाना
तो अच्छा लगता है न
किसी के मुस्कुराते चेहरे को देख
जो तुमपे टिका हो
अच्छा लगता है न
कोई करने को बात का करे इंतजार
और मिलने को रहे बेकरार
तो अच्छा लगता है न
इस बेज़ार जिंदगी में
जिसके लिए तुम मुक्कमल खास हो
जिसके लिए वो शख्श हर वक़्त
आस पास हो
तो अच्छा लगता है न
जब तबियत हो नासाज,तब होले से आकर
सिर दबा दे और कहे मैं हुँ न तुम्हारे पास
तो अच्छा लगता है न
जिंदगी के थकेहाल पलों में ऐसा रूमानी खयाल
अच्छा लगता है न।

आरती कुमारी
स्टील सिटी बोकारो
झारखंड

युग पुरुष

अंचल अडिग अथाह पुरुष थे,
राजनीति के नवल प्रभात,
कहलाते जो युग निर्माता,
अटल बिहारी थे विख्यात।।
स्थान ग्वालियर जन्म हुआ जब,
गूंज उठी जग में किलकारी।
माताजी थी कृष्णा देवी,
पूज्य पिताजी कृष्ण बिहारी।।
सत्य सनातन के संवाहक,
काव्य कला के प्रेमी थे।
राष्ट्र प्रेम था मूल में उनके,
ओज क्रांति के श्रेणी थे।।
प्रखर थी बुद्धि, वाणी उत्तम,
ओजस्वी वक्ता कहलाए।
सेवक संघ समर्पित होकर,
माँ भारत का नाम बढ़ाए।।
दसवीं में जब कलम उठाई
किया काव्य का सुन्दर संचय।
हिन्दू तन मन, हिन्दू जीवन
रग रग हिन्दू मेरा परिचय।।
उन्नत उनकी पत्रकारिता,
देखी मैं स्वदेश को पढ़कर।
पाञ्चजन्य और राष्ट्रधर्म थे,
सारे ज्ञापन एक से बढ़कर।।
काव्य क्षेत्र के बड़े प्रशंसक,
रचते थे दुर्लभ कविताएं।
क्रांति ललित से भरी हुई थीं,
विश्व शान्ति के राग समाए।।
÷गीत नया गाता हूं ÷गाकर
जग में नई सोच अर्पित की।
आओ फ़िर से दिए जलाएं
आशाएं मन में पोषित की।।
ऊंचाई कविता संचित कर,
हृदय शीर्ष को,किया प्रभावित।
अपने ही मन से कुछ बोलें
कविता स्व चिन्तन से प्रेरित।।
रोते रोते रात सो गई
सपना टूट गया लिख डाली।
गीत नहीं गाता हूं लिख के,
मनोभाव की डोर संभाली।।
वाणी सहज सौम्य थी उनकी,
भाषा संगत और सुसज्जित।
ओज पूर्ण थीं काव्य पंक्तियां,
राष्ट्र प्रेम के तत्व समन्वित।।
पद्म विभूषित, उच्च विचारक,
गौरवमय अस्तित्व सकल था।
भारत रत्न कहे जाते हैं,
मित्रों जिनका नाम अटल था।।

सलोनी उपाध्याय
गाजीपुर, उत्तर प्रदेश

माता-पिता वो हस्ती हैं जिसके पसीने की एक बूंद का कर्ज भी औलाद नहीं चुका सकती।।

राशिफल

मेष	आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा7 आपका दिन परोपकार के कार्यों में लग सकता है। आज आप अपने किसी सहकर्मी या मित्र की सहायता कर सकते हैं। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।
वृष	आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और बड़ी डील भी फाइनल हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक समस्याएं समाप्त हो जाएंगी। प्राइवेट जॉब करने वाले लोगों से अधिकारी प्रसन्न रहेंगे
मिथुन	आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें। आज का दिन विद्यार्थियों के लिए थोड़ा सा उलझनो भरा हो सकता है।
कर्क	आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ किसी बात को लेकर चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। अपने परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आप किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लेंगे। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा, आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का फेर बदल न करें।
सिंह	आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आपको आज समाज में मान सम्मान मिलेगा जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज आपका मन धार्मिक कार्यक्रमों में लगा रहेगा। आप किसी मंदिर में दान पुण्य का सामान बांट सकते हैं। छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। आज आपको अचानक कहीं रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है।
कन्या	आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कार्यस्थल की व्यवस्था में कुछ परिवर्तन लाने की भी जरूरत है । टूर एंड ट्रेवल्स तथा मीडिया संबंधी व्यवसाय में सुधार आएगा । आज कार्यभार अधिक होने की वजह से ओवरटाइम करना पड़ेगा । पति-पत्नी का आपसी व्यवहार पारिवारिक माहौल को भी बेहतरीन बनाएगा ।
तुला	आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है । व्यापार बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करेंगे । छोटा-बड़ा फैसला लेते समय किसी एक्सपर्ट की सलाह से आपको मुनाफा होगा । आज पारिवारिक माहौल व्यवस्थित रखने में आपकी मदद कारगर साबित होगी
वश्चिक	आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। घर में सुखद और अच्छा माहौल रहेगा, शाम का समय बड़े बुजुर्गों के साथ बिताएंगे । यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएँ.... ऐसा कुछ नही होने वाला क्योंकि आज का दिन आपके फेवर में है। आज जीवनसाथी का आपके प्रति पूर्ण सहयोग रहेगा ।
धनु	आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा। आप व्यर्थ के खर्चों पर अधिक ध्यान ना दें, अपने सामानों को खरीदने से पहले एक आवश्यक कार्यों की लिस्ट बनाएं। व्यापार करने वाले लोगों को थोड़ा सावधान रहना होगा, आपके कार्यों में विरोधी बेवजह रूकावट डालने की कोशिश कर सकते है।
मकर	आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में खर्च होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपके परिवार में सभी लोग आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। यदि सहकर्मियों से किसी प्रकार की अनबन चल रही है, तो वह खत्म करने की कोशिश करेंगे।
कुम्भ	आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अगर आप किसी कारण परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बताएं, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा। आप अपनी सेहत को लेकर लापरवाही न बरते। यदि आप किसी प्रकार का मकान, दुकान इत्यादि खरीदना चाहते हैं, तो आज का दिन शुभ रहेगा।
मीन	आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। काम क्षेत्र में आपके कामों की सराहना होगी और आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका धन संबंधित मामला आपके लिए उलझन बन सकता है। आप अपनी माताजी से अपने मन की इच्छा को जाहिर कर सकते हैं, जिसे वह पूरी अवश्य करेंगी

शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करायें-जिलाधिकारी

▶▶ जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये शिकायतकर्ताओं की सुनी समस्याएं

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कलेक्टेऊट कार्यालय में जनय सुनवाई के दौरान दूर-दराज से आये हुये फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। शिकायतकर्ता शेष कुमार सिंह निवासी पूरे केशवराय ने शिकायत किया कि प्रार्थी ने अपनी भूमि की पैमाइश हेतु धारा-24 उ0रा0सं0 2006 के तहत आनलाइन आवेदन किया था जिसमें मौके पर कानूनगो श्रीकान्त त्रिपाठी पैमाइश करने गये थे जिनके द्वारा पैमाइश करने में लापरवाही बरती जा रही है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने एसएचओ कोतवाली नगर एवं उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया है कि संयुक्त टीम बनाकर शिकायत का निस्तारण करायें। शिकायतकर्ता रीता वर्मा निवासिनी कन्धई (बनपुरआ) ने शिकायत किया कि प्रार्थिनी की भूमि पर ग्राम के लोकई प्रसाद निवासी राजमलपुर दबंगई और गुण्डई के बल पर प्रार्थिनी की भूमि पर कब्जा करना चाहते है, प्रार्थिनी ने मना किया परन्तु जबरदस्ती प्रार्थिनी की भूमि में नींव खोद रहे हैं, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी पट्टी एवं एसएचओ कन्धई को निर्देशित किया है कि शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त राजस्व शिकायतों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच कर, शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें जिससे शिकायतकर्ता को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि जनकल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें, कोई भी पात्र व्यक्ति योजना से वंचित न रहें इसका विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनता की शिकायतों को शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय करायें, शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही कदापि न बरती जाये।

जलनिकासी में अनियमितता का आरोप, सीएम को भेजी गयी शिकायत

लालगंज, प्रतापगढ़। जलनिकासी के लिए बनाए गए नाले में अनियमितता का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर नाले को दुरूस्त कराए जाने की मांग उठाई है। तहसील लालगंज अन्तर्गत नौढ़िया ग्राम पंचायत के चंदू की बाग में नहर व सड़क के बीच जलनिकासी की समस्या के समाधान को लेकर करीब दो सौ मीटर लम्बा कच्चा नाला बनाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मानक के अनुसार नाले का निर्माण न कराये जाने से ग्रामीणों को खासी असुविधा हो रही है। आये दिन नाले मे गिरकर लोग चुटहिल भी हो रहे हैं। गांव के आयुष पाण्डेय, अजय यादव, शिवम पाण्डेय, हरी यादव, अवधेश, कमलेश कुमार, मुकेश कुमार आदि ने नाले को दुरूस्त करवाये जाने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

समाजिक एकता समारोह के रूप में मनाई गई पंडित महानारायण पाण्डेय की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

पट्टी प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के रेडीगारापुर बाजार स्थित सारिनाथ इंटरमीडिएट कॉलेज के संस्थापक महानारायण पाण्डेय की 99 वी जयंती सामाजिक एकता समारोह के रूप में धूमधाम से मनायी गई। कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम से मौजूद हजारों लोगों का मन मोह लिया। वक्ताओं ने पंडित जी के व्यक्तित्व तथा कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके सामाजिक कार्यो को याद किया । कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके किया गया । इसके बाद विद्यालय के संस्थापक पंडित महानारायण पाण्डेय के चित्र पर पुष्प अर्पित करके अपने मौजूद लोगो ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौजूद लोगों का स्वागत करते हुए विद्यालय के प्रबंधक महेंद्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि 1964 के उस दौर में जब लोग जीवन से जद्दोजहद कर रहे थे, पंडित जी ने शिक्षा की ऐसी ज्योति लोगों के जीवन में जलाई जिसकी आभा में आज भी लोग लाभान्वित हो रहे है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानांध्यापक कृष्ण नारायण पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा से ही हम जीवन का बड़ा सा बड़ा लक्ष्य हासिल कर सकते हैं। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय की छात्रा इशिका, पुष्पा, कोमल, रिया पांडे , खुशबू, सुमन, दीक्षा , शालू आदि छात्राओं ने राष्ट्रीय गीत तथा सांस्कृतिक गीतों के माध्यम से मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को हरीराम पाण्डेय, नरेंद्र पांडे, गिरिजाशंकर त्रिपाठी आदि लोगों ने संबोधित किया। अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ जय नारायण मिश्र एवं ठ संचालन राजेश तिवारी प्रधानाध्यापक ने किया । प्रधानाध्यापक राजेंद्र गौतम ने मौजूद लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

सियाराम कालोनी के ट्रांसफार्मर को क्षमता में हुई वृद्धि

निर्बाध रूप से मिलेगी कालोनीवासियों को बिजली

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। रूपापुर पावर हाउस से जुड़े सियाराम कालोनी में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाए गए ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि कर दी गई है। इससे आपूर्ति पहले से बेहतर हो जाएगी। लो वोल्टेज की समस्या भी नहीं होगी।

सियाराम कालोनी में लगे 250 केवीए के एक ही ट्रांसफॉर्मर से आपूर्ति होती है। चूंकि कालोनी में रहने वालों की संख्या अधिक है। इस वजह से आपूर्ति अधिक होती है। ट्रांसफार्मर की क्षमता अधिक न होने के कारण समस्या बनी रहती हैं। कालोनी वाशियो को इससे निजात दिलाने के लिए बिजली विभाग ने इस ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि बढ़ाकर चार सौ केवीए कर दी गई है। अब बिजली की समस्या पहले जैसी नहीं रहेगी।

इस बारे में रूपापुर के जेई संदीप मौर्य ने बताया कि बृहस्पतिवार को ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि की गई है। इसके लिए दूसरा ट्रासंफार्मर लगा दिया गया है। इस कार्य के लिए उपभोक्ताओं ने जेई संदीप की सराहना की है।

ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति व पोर्टेबल स्प्रिंकलर स्थापित कराने पर कृषकों को मिलेगा अनुदान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि कृषक मो0 असलम पुत्र मो0 मुस्तकीम ग्राम गोई विकास खण्ड बाबा बेलखरनाथधाम ने तीन वर्ष पूर्व 2.0 हेक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप सिंचाई पद्धति उद्यान विभाग से अनुदान पर लगाया था जिसमें केला, फूलगोभी, बैगन, शिमला मिर्च तथा ड्रैगन फरूट की खेती करता है, अभी मौजूदा समय में उसके पास केला, बैगन तथा ड्रैगन फरूट की फसल लगी है। कृषक असलम ने बताया है कि ड्रिप सिंचाई पद्धति की वजह से खेती बहुत आसान हो गयी है। खेती की लागत से लगभग 20-30 प्रतिशत तक की कमी आयी है जबकि उत्पादन में 30-40 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया है कि इस वर्ष ड्रिप सिंचाई पद्धति का 178 हेक्टेयर, मिनी स्प्रिंकलर-240 हेक्टेयर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर-510 हेक्टेयर एवं लार्ज वाल्यूम (रैनगन)-220 हेक्टेयर का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिये 01 हेक्टेयर क्षेत्रफल पर ड्रिप/मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति स्थापित कराने पर 90 प्रतिशत का अनुदान लघु सीमान्त/सीमान्त कृषकों को तथा 80 प्रतिशत का अनुदान सामान्य कृषकों को दिया जाता है। इस प्रकार पोर्टेबल स्प्रिंकलर/लार्ज वाल्यूम (रैनगन) का प्रति हेक्टेयर स्थापित कराने पर 75 प्रतिशत लघु सीमान्त/सीमान्त तथा 65 प्रतिशत सामान्य कृषक को अनुदान दिया जा रहा है। उन्होने बताया है कि अभी तक ड्रिप सिंचाई पद्धति 60.16 हेक्टेयर, मिनी स्प्रिंकलर 181.65 हेक्टेयर तथा पोर्टेबल स्प्रिंकलर 537.30 हेक्टेयर क्षेत्रफल की स्थापना का कार्य कृषकों के प्रक्षेत्र पर किया गया है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिये कृषक के प्रक्षेत्र पर सिंचाई व्यवस्था हेतु नलकूप लगा होना चाहिये।

आवश्यक प्रपत्र के लिये कृषक की स्वयं की जमीन की खतौनी, आधार कार्ड, पासबुक की फोटो कापी एवं एक नवीनतम फोटो पासपोर्ट साइज के साथ किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी कटरा रोड प्रतापगढ़ में उपस्थित होकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

दलित राजमिस्त्री हत्याकांड का खुलासा चौथे दिन भी लालगंज पुलिस के लिए बना दिखा सिरदर्द

लालगंज, प्रतापगढ़। दलित राजमिस्त्री की बर्बर हत्या को लेकर चौथे दिन भी लालगंज पुलिस घटना की तह तक पहुंचने में हाथ पैर चलाती दिखी। हालांकि पुलिस घटना में सही अपराधियों तक शीघ्र पहुंचने का दावा भी गुरूवार को करती नजर आयी। सीओ लालगंज रामसूरत सोनकर का कहना है कि घटना के कई बिंदुओं पर पुलिस टीमें काम कर रही हैं। सीओ के मुताबिक जल्द ही घटना की सच्चाई उजागर करते हुए सही अपराधियों को बेनकाब कर लिया जाएगा। लालगंज कोतवाली के हरनाहर गांव में राजमिस्त्री नत्थू सरोज की बाइस दिसंबर को जघन्य हत्या हुई थी। मृतक के पुत्र शिवशंकर सरोज की तहरीर पर गांव के प्रधानपति समेत चार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस राजमिस्त्री की हत्या को लेकर घटना की असली वजह तलाशने में होमवर्क कर रही है। नामजद आरोपियों मे तीन अज्ञात होने के कारण भी पुलिस की मुश्किलें बढी हुई है। प्रधानपति की नामजदगी को लेकर पुलिस गांव में पंचायत चुनाव की आपसी खेमेबंदी को लेकर भी फूंक फूंक कर कदम रख रही है। राजमिस्त्री के भी कुछ चर्चा में आये अनाम रिश्तों को भी पुलिस घटना के कारणो मे से एक संभावित मानते हुए जांच पड़ताल मे लगी हुई है। घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ अभी खाली होने को लेकर गांव में तरह तरह की चर्चा का माहौल भी देखा सुना जा रहा है। दलित हत्याकांड को लेकर मुकदमें का क्लू तलाशने में लालगंज सीओ के कंधे पर अहम जिम्मेदारी है। ऐसे में सीओ भी घटना के खुलासे को लेकर पुलिस टीमों की मानीटरिंग में जुटे हुए बताये जाते हैं। दलित राजमिस्त्री का घटना के एक दिन पूर्व कहीं जाना और फिर दूसरे दिन सुबह उसका रक्तरंजित शव मिलना खुलासे में एक और टेढ़ी खीर पुलिस के लिए सिरदर्दी लिए हुए है। लोगों की भी नजर राजमिस्त्री हत्याकांड के खुलासे को लेकर पुलिस की तरफ टिकी हुई देखी जा रही है।

उदयपुर एसओ के निलंबन की मांग को लेकर लालगंज के वकीलो ने डीएम व एसपी को सौपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिले के उदयपुर थानाध्यक्ष पर अधिवक्ता उत्पीडन की शिकायत को लेकर गुरूवार को लालगंज के अधिवक्ताओं ने डीएम तथा एसपी से मुलाकात कर निलंबन की मांग उठाई। अधिवक्ताओं ने डीएम तथा एसपी से अलग अलग भेंट कर साथी अधिवक्ता अंकुर त्रिपाठी के पुलिसिया उत्पीडन को लेकर ज्ञापन भी सौपे। लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह तथा रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल के नेतृत्व में अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमण्डल ने कलेक्टेऊट में डीएम संजीव रंजन से मुलाकात कर एसओ उदयपुर राधेबाबू से जुडी शिकायतो पर ज्ञापन सौपते हुए कार्रवाई न होने पर असंतोष जताया। वहीं डीएम से मिलने के बाद अधिवक्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे।

यहां एसपी डॉ. अनिल कुमार को ज्ञापन सौपकर उदयपुर एसओ पर अधिवक्ताओ तथा फरियादियों के साथ अनुचित व्यवहार की बिंदुवार जानकारियां दी। रूरल बार के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने डीएम से विशेषाधिकार के तहत एसओ उदयपुर को जिला मुख्यालय वापस बुलाए जाने की मांग रखी। वकीलो ने एसपी को ज्ञापन सौपकर एसओ उदयपुर के निलंबन की मांग उठायी। डीएम तथा एसपी ने प्रतिनिधिमण्डल को मांग पत्र पर निष्पक्ष जांच के साथ समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधिमण्डल मे रूरल बार के जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा, अनिल त्रिपाठी महेश, देवी प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, संतोष पाण्डेय, सिंटू मिश्र आदि अधिवक्ता शामिल रहे।

छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता परीक्षण को किया जा रहा निपुण असेसमेंट

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़।निपुण मिशन के अंतर्गत महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ ,प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक डायट अतरसण्ड , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के आदेश के अनुपालन एवं खंड शिक्षा अधिकारी सदर संतोष श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में कक्षा एक वा दों के छात्रों की शिक्षा गुणवत्ता के परीक्षण हेतु डाइट के प्रशिक्षु द्वारा निपुण असेसमेंट किया जा रहा है। जिस क्रम में प्राथमिक विद्यालय नसीरपुर विकास क्षेत्र सदर में डाइट प्रशिक्षु अदिति सिंह द्वारा एक-एक बच्चों का निपुण ऐप पर निपुण असेसमेंट किया गया। ए.आर.पी. धर्मेंद्र ओझा एवं प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार सिंह द्वारा विद्यालय में किए जा रहे निपुण असेसमेंट की सराहना की और बच्चों को कापी, ज्योमेट्री बॉक्स, पेंसिल, रबर, कटर आदि देकर उनका उत्साह वर्धन किया। साथ ही बच्चों से कहा कि इसी तरह से आगे भी पढ़ाई में मन लगाकर मेहनत करते रहो । इस दौरान सहायक अध्यापिका दीप्ति यादव आदि उपस्थित रहे।

वाराणसी लखनऊ हाईवे के किनारे साइड रोड के लिए चिन्हित की जा रही जमीन

▶▶ शासनादेश के बाद जागा प्रतापगढ़ प्रशासन

लोकमित्र ब्यूरो

कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़। महाकुंभ के दौरान आवागमन सुगम बनाने के लिए हाईवे निर्माण कंपनियों के सहयोग से कार्य में तेजी लाकर रास्ता बनाने का मैराथन प्रयास करके गड्ढा मुक्त सड़क बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। ज्ञात हो कि महाकुंभ के दौरान शहर को जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने गोंडे से सुखपाल नगर तक बाई पास चालू करके दर्शनशियों को अलग-अलग रास्तों से प्रयागराज के महाकुंभ की ओर रवाना करेंगे। इसी उद्देश्य से भूपिया मऊ ओवर ब्रिज के बगल रास्ते के निर्माण को लेकर प्रशासन द्वारा लगभग 4 मी अधिग्रहण किया जा रहा है । जो कि पूर्व में अधिग्रहण के खिलाफ न्यायालय मे वाद विचाराधीन है । पूर्व में हाईवे निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों को मुआवजा न मिलने तथा जनता के विरोध के चलते कार्य को रुकवा दिया गया था। जिला अधिकारी के आदेश के बाद बृहस्पतिवार को तहसीलदार शुप्रिया चतुर्वेदी नायब तहसीलदार आनंद यादव कानून को श्रीकांत तिवारी लेखपाल महेंद्र पांडे द्वारा जमीन की पैमाइश की जा रही है। किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए मौके पर सीओ सिटी शिवबरन बैश तथा भुपियामऊ चौकी इंचार्ज बरुण सिंह एक प्लाटून पीएसी के साथ अधिग्रहण करने के लिए भूपिया मऊ चौराहे पर मौजूद है । जहां पर स्थानीय लोगों ने नाप जोख के दौरान बताया कि अभी तक अधिग्रहण का पैसा नहीं मिला है तो रास्ते के निर्माण के बाद प्रशासन से क्या उम्मीद की जा सकती है । फिलहाल खबर लिखने तक प्रशासन किसी निर्णय पर नहीं पहुंच सका है ।हाईवे सड़क निर्माण के अधिकारियों ने बताया कि आगामी 13 जनवरी तक ओवरब्रिज के दोनों तरफ सड़कों का काम पूरा करना है।

जे एन एस स्कूल के बच्चों में दिखा वैज्ञानिक बनने का जुनून

सांगीपुर प्रतापगढ़। जे एन एस पब्लिक स्कूल दलापट्टी में बड़े उत्साह के साथ बाल मेला, स्वास्थ्य मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां ग्रामीण अंचल की प्रतिभाओं ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा साइंस प्रोजेक्ट में आस्था का प्रतीक राम मंदिर लकी ने, कंप्यूटर सिस्टम सुधांशू ने,कल कारखानों से पर्यावरण पर असर वंशिका एवं गुंजन ने,सूक्ष्मदर्शी अंशिका ने, सोलर सिस्टम की अनिवार्यता पंखुड़ी एवं चेतन एवं हर्ष ने,स्मार्ट सिटी आदर्श, शिवम्, निकेतन ने एवं मानव संरचना के प्रति मान्या ने लोगों को जागरूक किया।इस अवसर पर हजारों की संख्या में विद्यालय के बच्चों के साथ साथ अभिभावक एवं दूर दूर से अतिथि का आगमन हुआ। जिसमें सुल्तानपुर आयुर्वेद के हेल्थ कोच आदरणीय सुरेश सर,संतोष सर,शारदा शुक्ला सर एवं रानी मैम ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए, सभी को सदैव स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर तन, मन धन से आपके साथ खड़े रहने की बात करते हुए प्रोजेक्ट के लगभग 50 बच्चों को सुरेश सर के द्वारा पुरस्कृत भी किया।अंत में प्रबंधक उमाशंकर सर ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए तन मन धन से साथ खड़े रहने का वादा किया।इस अवसर पर पूर्व प्रमुख रामकृपाल पासी , रामअविलास शर्मा ,सुनील शर्मा,सुनील मौर्या ,शिवराम मौर्य ,दयाराम शर्मा , विनोद एडवोकेट ,विवेक विमल , शिवकुमार शर्मा सजन ,राम जी मौर्य जी,रघुनाथ यादव राम सजीवन वर्मा , हरिकेश विश्वकर्मा , हीरालाल विश्वकर्मा , अच्छैवर सिंह कौशल सिंह , चंदन सरोज जी,अशोक कुमार पांडे , अमित वर्मा ,राहुल सिंह , मनोज श्रीवास्तव ,आदि उपस्थित रहे

कांग्रेसियों ने विस घेराव के दौरान पुलिस बर्बरता के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन

▶▶ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा, आन्दोलन तेज करने की दी चेतावनी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 18 दिसंबर को लखनऊ में विधानसभा घेराव कार्यक्रम के दौरान पुलिस की बर्बरता के चलते युवा कांग्रेस के पूर्व सचिव प्रभात पांडेय की हुई मौत की उच्चस्तरीय जांच कराने,परिजनों को एक करोड रुपए आर्थिक सहायता दिलाने व पीड़ित परिजनों को एक सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी, के कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करके महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा।इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि यह सरकार पूरी तरह से लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है। भारतीय संविधान ने हमें अर्थात विपक्ष को विरोध करने का अधिकार दिया है मगर यह सरकार उस अधिकार को भी लोगों से छीन लेना चाहती है। गत 18 दिसंबर को विधानसभा घेराव कार्यक्रम को असफल करने के लिए प्रदेश भर के सभी जिलों में हजारों कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया गया तथा घेराव के दौरान जिस तरह से नुकीले बैरिकेडिंग का प्रयोग किया गया, इतिहास में शायद किसानों को रोकने के लिया गया था या कांग्रेसियों को रोकने के लिए किया गया।इस अवसर पर कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महासचिव राम लवट यादव व कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मकरंद शुक्ला ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि प्रभात पांडेय मामले की न्यायिक जांच हो तथा परिवार को कम से कम एक करोड रुपए आर्थिक सहायता व पीड़ित परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाय। किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव करुण पाण्डेय ने कहा कि यदि स्व.प्रभात पांडेय को जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला तो हम कांग्रेस जन प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में आंदोलन को और तेज करेंगे।इस अवसर पर इरफान अली,वेदांत तिवारी, महेंद्र शुक्ला, लल्लन सिंह,इंद्रानंद तिवारी, उमेश तिवारी, राम रतन तिवारी, मोहम्मद हुजैफ,सुरेश सरोज, सूर्य प्रकाश शुक्ला,मो.वसीम, राजू भाई, रियाज सुलतान,अभय किशोर त्रिपाठी, मोहम्मद असलम खान, सुधीर तिवारी, सुरेश मिश्रा, अबू शमा, चंद्रनाथ शुक्ला,राम मनोहर, मीरा देवी, शहजाद सलमानी,बैजनाथ यादव, हरिश्चंद्र सरोज, अश्वनी उपाध्याय,मो इदरीशी, अब्दुल रहमान,रवि प्रताप सिंह, मोहम्मद कासिम, कपिल ओझा,राघवेन्द्र शर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्थगन आदेश के बावजूद दबंग ग्राम सभा की भूमि पर कर रहे कब्जा

शिकायत पर एसडीएम ने जांच के दिए आदेश

पट्टी प्रतापगढ़। स्थगन आदेश के बावजूद ग्राम सभा की भूमि पर विपक्षियों द्वारा दबंगई व सरहंगई के बल अवैध रूप से निर्माण कार्य किए जाने के आरोपों की शिकायत एसडीएम से करते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। तहसील क्षेत्र के आसपुर देवसरा थाना अंतर्गत डाही गांव के रहने वाले संतलाल ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि गांव में स्थित ग्राम सभा की भूमि गाटा संख्या 5 ख में गांव के ही कुछ दबंग द्वारा न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करते हुए दबंगई व सरहंगई के बल अवैध तरीके से पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्यवाही नहीं की। पीड़ित मामले की शिकायत लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचा और लेखपाल की मिलीभगत से सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कराए जाने की आरोपी की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर एसडीएम ने मामले की जांच करके कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

आपरेशन के बाद किशोर की हालत बिगड़ी

पट्टी प्रतापगढ़। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के बेटा गांव निवासी विजयमान पांडे ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसके बेटे अभिषेक को बवासीर की शिकायत थी। वह अपने बेटे को लेकर कुछ दिन पूर्व रामगंज बाजार स्थित एक बंगाली डॉक्टर के यहां दिखाने गया जो इस रोग का अपने को विशेषज्ञ बता रहा था। आरोप है कि उसने ऑपरेशन के नाम पर 45000 रुपए ले लिया और ऑपरेशन भी किया। चिकित्सक के ऑपरेशन करने पर किशोर की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे ले जाकर जौनपुर में भर्ती कराए हैं। जहां उसका इलाज चल रहा है। बुधवार की शाम 5ः30 बजे पीड़ित ने आसपुर देवसरा थाने पर चिकित्सक द्वारा लापरवाही पूर्ण इलाज किए जाने का प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में थाना अध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है जांच करा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

जरा बच के,बिना अपराध पुलिस न बना दे अपराधी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। अपराध में लिप्त पाये जाने वाले शस्त्र धारकों के शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा रही है।जिसमें लालगंज कोतवाली के रामपुर बावली निवासी माता प्रसाद सिंह को पुलिस रिपोर्ट के अनुसार अपराधी बताते हुये उनके शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।जबकि माता प्रसाद सिंह पर एक भी मुकदमा या एनसीआर भी आज तक नही दर्ज है।पुलिस के इस कारनामे की चर्चा चारों तरफ है।समाज सेवी माता प्रसाद सिंह शिवकुमारी माता प्रसाद इंटर कालेज नेकनामपुर के संस्थापक भी है व अवधेश विद्यानिकेतन लालगंज के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार सिंह के पिता है। समाचार पत्रों के माध्यम से जब उन्हें जानकारी हुयी तो वो आवाक रह गये।बीते बारह दिसंबर को पुलिस कप्तान की प्रेस रिलीज के बाद मामला मीडिया में आया, जिसमें जिले के 17 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किया गया था। पीड़ित ने जानकारी होने पर जब खोजबीन शुरू की तो मालूम हुआ कि उसी नाम का व्यक्ति दूसरे गांव के प्रतापरुद्रपुर निवासी माता प्रसाद पुत्र भगवानदीन के खिलाफ तीन वर्ष पहले उसी गांव के पूरे नैन पंडित का पुरवा, प्रतापरुद्रपुर निवासी लक्ष्मीकांत पांडेय पुत्र ज्योति प्रसाद पांडेय ने मारपीट व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया था। जबकि उसके पास कोई भी शस्त्र लाइसेंस भी नही है।उनके साथ उनके बेटे शिवलाल व शिवलाल के वेटे पंकज सहित उनकी पत्नी व अन्य भी आरोपी बनाये गये है।अब सवाल येह उठता है कि जिन माता प्रसाद सिंह का शस्त्र निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी गयी उनके बेटे सुरेश कुमार सिंह,राजेश कुमार सिंह,दिनेश कुमार सिंह है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि ग्राम सभा व गांव अलग,बेटों के नाम अलग,जाति अलग तो भी पुलिस आंखों में पट्टी बांधकर रिपोर्ट भेज दी।जबकि बीट सिपाही,दारोगा,कोतवाली प्रभारी ,पुलिस क्षेत्राधिकारी,अपर पुलिस अधीक्षक के संस्तुति के बाद पुलिस अधीक्षक के अनुमोदन के पश्चात जिलाधिकारी द्वारा शस्त्र निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाती है।इस तरह गैरजिम्मेदाराना कार्यवाही को लेकर क्षेत्र में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान उठ रहे हैं।वहीं पीड़ित माता प्रसाद सिंह अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा व समाज में अपनी छवि धूमिल होने को लेकर पुलिस को जिम्मेदार ठहराया है।वहीं पीड़ित के बेटे भाजपा के जिला सह संयोजक प्रबुद्ध प्रकोष्ट व मण्डल प्रभारी /प्रधानाचार्य अवधेश विद्या निकेतन इंटर कालेज लालगंज सुरेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव गृह, पुलिस महानिदेशक लखनऊ को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि लालगंज कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक व पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य दोसी पुलिस कर्मियों द्वारा जानबूझ कर हमारे पिता व मेरी छवि व प्रतिष्ठा का हनन करने का कार्य किया गया है।

दलित महिला प्रधान से धनउगाही की मांग पर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों पर केस

लालगंज, प्रतापगढ़। दलित महिला प्रधान से जांच के नाम पर धनउगाही तथा मानसिक प्रताड़ना को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत लक्ष्मणपुर विकासखण्ड की रामपुर खजूर ग्राम पंचायत की प्रधान रेनू देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि एक किसान संगठन के पदाधिकारियों समेत आरोपियो ने उसकी ग्राम पंचायत के सरबाजपुर, पुतईपुर, आदि पुरवो मे तेईस दिसंबर को दिन में तीन बजे कथित जांच पड़ताल किया। आरोपियों ने अवैधानिक रूप से उसके गांव में आवास, शौचालय, खडण्जा, पेंशन, राशनकार्ड आदि की जांच के लिए पहुंचे। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने उसके पति विमलेश कुमार सरोज को दी। आरोप है कि रात में लगभग साढ़े आठ बजे महिला प्रधान के पति के मोबाइल पर फोन कॉल के जरिए चार लाख रूपये की मांग की गयी। आरोपी ने यह भी धमकाया कि पैसा न देने पर प्रधानी समाप्त हो जाएगी। घटनाक्रम को लेकर एक आडियो भी वायरल हुआ है। प्रधान की तहरीर पर आरोपी अखिलेश कुमार, गंगाबक्श सिंह, राकेश गिरि, अनीता गौतम, मो. हई, राकेश सिंह, शील गहलौत तथा एक अखबार समूह के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक अरूण सिंह का कहना है कि केस दर्ज किया गया है, जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से एटीएम कार्ड की हेरा फेरी

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंशा (प्रतापगढ़)। नगर पंचायत सुवंशा बाजार में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से उचक्कों ने एटीएम कार्ड की हेरा फेरी कर जिला जौनपुर के मुंगरा बादशाहपुर में एचडीएफसी बैंक के एटीएम से 90 हजार रुपए निकाल लिए। सलीम पुत्र मोहम्मद शरीफ ज्ञानपुर भदोही निवासी अपनी ससुराल गांव रोह खुर्द कला में अब्दुल खलील के घर दावत खाने आया था। वह घर जाने लगा तो सुवंशा बाजार में भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम से 10 हजार रुपए निकाल कर जाने लगा तो एटीएम में मौजूद एक आदमी ने कहा कि कैंसिल नहीं किए हैं, कैंसिल कर दीजिए तभी पैसा निकलेगा। इतने में कैंसिल करने के बहाने एटीएम की अदला बदली कर दी। इसके बाद वह चला गया। कुछ देर बाद मोबाइल में पैसा निकलने का मैसेज आया तो उसमें से 90 हजार रुपए निकल गए थे। तब उसने थाना फतनपुर को सूचना दी। फतनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार राय दलबल के साथ पहुंचे और सीसीटीवी की फुटेज से आरोपी तक पहुंचने की कोशिश कर रहे थे।

लोक भारती संयोजक के निर्देशन में किया गया हरि शंकरी पौधरोपण

▶▶ग्रामीणों को दी गई हरिशंकरी पौधरोपण के महात्म्य की जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जनपद के रानीगंज तहसील अंतर्गत राम सहाय गाँव में ग्रामीणो की उपस्थिति में हरि शंकरी पौधरोपण किया गया। लोक भारती के जिला संयोजक दिनेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में विधि विधान से पीपल, बरगद एवं पाकड़ का पौध रोपण करते हुए इसके महत्व और विशेष लाभ से अवगत कराया गया। मनरेगा कमियों के सत्यापन के अवसर पर आयोजन लोकपाल समाज शेखर प्राण नें संयोजक डी के शर्मा के निर्देशन में बृहद आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणो की भारी भीड़ को सम्बोधित करते हुए संयोजक नें बताया कि स्कन्द महापुराण में हरि शंकरी के विशेष पौराणिक महात्म्य को दर्शाया गया है जिसमें कहा गया है कि एक थाले में पीपल, बरगद और पाकड़ अर्थात हरि शंकरी रोपित करने का मतलब अपने पित्रों का तर्पण करना है और ज़ब इनकी जड़ें आपस में मिल जाती हैं तो इसके नीचे जल कलश बनता है। उस कलश पर ज़ब पीपल में भगवान

विष्णु, बरगद में भगवान शंकर और बरगद में भगवान ब्रह्म जी स्वयं उपस्थित हों तो सब समस्या स्वतः दूर हो जाती है। साथ ही उन्होंने वैज्ञानिक महत्व बताते हुए बताया कि उक्त जल कलश के बनने का मतलब जल कि कभी कमी नहीं होती। आयोजन में गांव के प्रधानपति उमेश कुमार द्वारा लोक पाल समाज शेखर, लोक भारती के संयोजक डी के शर्मा का आभार प्रकट किया। इस दौरान सभी के साथ खिचड़ी सहभोज करते हुए ग्रामीणो के विकास पर चर्चाए करते हुए प्राकृतिक खेती समेत विभिन्न पहलुओं पर विन्दुवार जानकारी साझा की गई।

जमीनी विवाद में परिवार को पीटा, तीन पर केस

कुंडा प्रतापगढ़।हथिगवां थाना क्षेत्र के मोहद्दी नगर गांव निवासी गीता देवी पत्नी राम सुख सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 24 दिसंबर को शाम 3.30 बजे जमीन के विवाद को लेकर परिवार के ही कुछ लोग उसे गालियां देते हुए लाठी-डंडे से पीटने लगे। शोर सुनकर उसे बचाने बेटा संदीप, प्रदीप और बेटी शांती आई तो उनको भी गालियां देते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता गीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने दिलीप कुमार सरोज, उसकी मां फूला देवी और बहन रंजना के खिलाफ केस दर्ज किया है।

विद्युत कैंप में जमा हुए 3 लाख 25 हजार रुपए

लोकमित्र ब्यूरो

सुवंशा (प्रतापगढ़)। विद्युत उपखंड गौरा अंतर्गत नगर पंचायत सुवंशा बाजार में बृहस्पतिवार को विद्युत शिविर में बकायेदार उपभोक्ताओं से 3 लाख 25 हजार बकाया बिल की वसूली की गई। जे ई गौरा अभय यादव के नेतृत्व में आयोजित विद्युत शिविर में बकाया विद्युत बिल जमा कराया गया, जिसमें 3 लाख 25 हजार रुपए जमा हुए। 40 उपभोक्ताओं ने ओटीएस पंजीकरण कराया। 15 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन बकाया बिल होने पर काटे गए। विद्युत शिविर में अजय गुप्ता टीजी2, बड़े बाबू सर्वेश सिंह, अभिषेक मिश्रा, राहुल कुमार, रोहित कुमार, कृष्ण कुमार पटेल, मुस्तकीम, राजेश सिंह, हरिकेश यादव, रमेश यादव एवं संजीव कुमार विद्युत कर्मी मौजूद रहे।

एक जनवरी से भगवा रंग में ही सड़कों पर दौड़ेंगी रोडवेज बसें

▶▶प्रतापगढ़ डिपो वर्कशॉप में बसों की रंगाई का काम हुआ तेज

▶▶सपा और बसपा शासनकाल की बसें भर रही थी सड़कों पर फर्राटा

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। परिवहन निगम की बसें आगामी एक जनवरी से भगवा रंग में सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। शासन के निर्देश पर प्रतापगढ़ डिपो के वर्कशॉप में बसों के रंग रोगन कर भगवा रुप दिया जा रहा है। वहीं विभागीय अधिकारी महाकुंभ के तहत बसों को भगवा कलर किया जा रहा है। प्रतापगढ़ डिपो में परिवहन निगम

की कुल 83 बसें है। जबकि 53 अनुबंधित बसों का संचालन किया जा रहा है। पड़ोसी जनपद प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन को लेकर परिवहन निगम ने भी तैयारियां तेज कर दी । शासन के निर्देश पर पुरानी बसों को भगवा रंग में रंगने का आदेश दिया गया है। प्रतापगढ़ डिपो में तेजी से चल रहा कामपरिवहन निगम के निर्देश पर प्रतापगढ़ डिपो वर्कशॉप में पुरानी और जर्जर बसों को दुरुस्त कराकर भगवा कलर किया जा रहा है। ताकि महाकुंभ में यात्रा के दौरान बस में सफर करते समय श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो ।

▶▶24 बसों को दिया गया भगवा रूप

प्रतापगढ़ डिपो की 24 बसों को अब तक भगवा रंग में बदल दिया गया है । एआरएम ने बताया कि बसपा शासनकाल में नीली और सफेद व सपा शासन काल में लाल और सफेद रंग में बसें उपलब्ध कराई गई थीं। इसमें सभी बसों को एक रंग में कर दिया गया है।

▶▶बसों के माध्यम से महाकुंभ का प्रचार

> महाकुंभ के मद्देनजर सभी निगम की बसों का मेंटेनेंस कराकर नए भगवा रुप दिया जा रहा है। एक जनवरी से सड़कों पर भगवा रंग में ही रोडवेज संचालित होंगी।
>
> **आरपी सिंह**
> **सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक**
> **प्रतापगढ़**

योगी सरकार इस बार महाकुंभ को दिव्य एवं भव्य बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। योगी सरकार जहां बसों को धार्मिक रंग भगवा में बसों को रंगवा रही है वहीं बसों के माध्यम से महाकुंभ का प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक बसों में आओ महाकुंभ चलें ... सहित विभिन्न स्लोगन के स्टीकर लगाए जा रहे हैं जो आम नागरिकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं।

जनपद की नवगठित सहकारी समितियों का किया गया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्य जन्म तिथि के अवसर पर न्याय पंचायत स्तर पर नवगठित बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समितियों (बी-पैक्स) व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारम्भ जनपद स्तर पर दिनांक 25 दिसम्बर को विकास भवन सभागार में पूर्व मंत्री के प्रतिनिधि विनोद कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिसमें सम्मानित संचालकगण जिला सहकारी बैंक लि0, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता, लीड बैंक मैनेजर, डी0डी0एम0 नाबार्ड, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य एवं एम0पी0 एसिस्टेन्ट डेयरी के द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही नवगठित सहकारी समिति के सचिवों के द्वारा भी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया तथा सचिव/मुख्य कार्यपाल अधिकारी जिला सहकारी बैंक लि0 के द्वारा कार्यक्रम के संयोजक के रूप में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों सहित प्रतिभाग किया गया।

जनपद की नवगठित सहकारी समितियों के शुभारम्भ कार्यक्रम में सहकारिता क्षेत्र की समितियों को सुदृढ़ करने के लिये सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गयी पहलों पर प्रस्तुतीकरण के उपरान्त नवगठित समितियों के सचिवों को प्रमाण पत्र एवं सहकारिता क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने वाले समिति के सचिवों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया, साथ ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सहकारिता मंत्रालय के प्रस्तुतीकरण एवं मा0 सहकारिता मंत्री जी के उद्बोधन/मार्गदर्शन को सुनने के उपरान्त कार्यक्रम का समापन किया गया।

समाजसेवी बबलू सिंह ने ठंड से बचाव के लिए जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के सुप्रीमो पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया के अति करीबी कुंडा के पूर्व ब्लाक प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह ने गुरुवार को बछरौली गांव स्थित अपने पैतृक निवास पर हजारों जरूरतमंदों को बेहतर क्वालिटी का कंबल वितरण करके जरूरतमंदों को ठंड से राहत दिलाने का कार्य किया है। स्थानीय लोगों ने बातचीत करते हुए बताया कि बबलू सिंह के द्वारा जरूरतमंदों को वस्त्र, दवा, खाद्यान्न , गरीबों की बेटी की शादी में मोटरसाइकिल समेत अन्य उपहार प्रदान करना उनकी पुरानी परंपरा चली आ रही है,और उनके सुख-दुख में शामिल होकर उनकी हर जरूरत की आपूर्ति यथासंभव अनवरत करते रहते हैं । क्षेत्रीय लोगों के मन में असली समाजसेवी बबलू सिंह के प्रति मन में अगाध श्रद्धा और विश्वास का भाव है, कि भइया हमारी सदैव ऐसी ही मदद करते रहेंगे। क्षेत्र को लोग उन्हें अपना मसीहा मानते हैं। मिष्ठान वितरण और कबंल लेकर के लोगों के चेहरे में खुशी का भाव था और सब अपना आशीर्वाद और दुआ देते हुए मंगल कामना के साथ अपने घर प्रस्थान किया।

जरूरतमंदों के मदद करने के साथ-साथ ईश्वर के प्रति भी अगाध श्रद्धा सेवा का भाव संतो के प्रति समर्पण और सनातन के प्रति सदैव जागरूक करने का कार्य करते रहते हैं। लोगों को चार धाम 12 ज्योतिर्लिंग यात्रा, शक्तिपीठ और अन्य तीर्थ स्थलों पर समय-समय पर दर्शन लाभ कराने का पूर्ण कार्य करते रहते हैं। उनके आवास से आज कोई भी परिचित और अपरिचित जरूरतमंद व्यक्ति खाली हाथ नहीं लौटते हैं ।

आशा कार्यकत्रियों के द्वितीय बैच का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में पांच दिवसीय नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम का द्वितीय बैच के आशा कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ । प्रशिक्षण का शुभारम्भ अधीक्षक डॉ राजीव कुमार त्रिपाठी द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ताओं का ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अहम योगदान है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया और कहा कि वे अपने कार्य को पूरे समर्पण के साथ करें।आशीष दूबे ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक द्वारा बताया गया कि आशा चयन का ही मुख्य आधार गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं के मृत्यु में कमी लाना है। प्रशिक्षण में चिकित्साधिकारी डॉ रोहित सिंह,अनिल वर्मा स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी, रमेश सिंह यादव सुशीला देवी एवं रत्नेश कुमार समेत अन्य आशा कार्यकत्रियां मौजूद रही

लाला मथुरा प्रसाद सिंह के त्याग को व्यर्थ नहीं जाने देगा क्षत्रिय समाज - लव सिंह गहलौत

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। क्षत्रिय समाज सुधारक लाला मथुरा प्रसाद सिंह जी के त्याग व क्षत्रीय स्वाभिमान विचारधारा को क्षत्रिय समाज कभी भी भूलेगा नहीं और उनकी विचार धारा को समाज आगे बढ़ाता रहेगा। उक्त बातें समाजसेवी लव सिंह गहलौत एडवोकेट ने लाला मथुरा प्रसाद सिंह जी की जयंती पर क्रांति कारी हरिप्रसाद सिंह जी के समाधि स्थल मतुई नमक शायर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे कहा। श्री गहलौत ने आगे कहा कि क्षत्रिय समाज को आगे बढ़ने के लिए यह आवश्यक है कि महिलाओं का सम्मान करें।बच्चों को शिक्षित करें और समाज के उत्थान हेतु संगठित हो।कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले लाला मथुरा प्रसाद सिंह जी की मूर्ति और क्रांतिकारी हरिप्रसाद सिंह जी की समाधि स्थल पर माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित करके किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर अवधेश बहादुर सिंह और संचालन राजपति सिंह ने किया।कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी स्व0 इंद्राज सिंह के पुत्र कुलदीप सिंह रिंकू ने किया। इसमें लाला मथुरा प्रसाद सिंह जी के नाती रवी सिंह को माला पहना कर सम्मानित भी किया गया।इस अवसर जगमोहन सिंह, राम सिंह, भारत सिंह, सुरेश सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह, रवी सिंह, शैलेश सिंह, राजू सिंह, अंजनी सिंह, अर्पित सिंह आदि लोग भारी संख्या में मौजूद रहे।

सड़क हादसों में दो घायल, हालत गंभीर

कुंडा प्रतापगढ़।मानिकपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर गांव निवासी कपूरी लाल का 28 वर्षीय बेटा नन्दलाल बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। हथिगवां थाना क्षेत्र के महराजपुर गांव निवासी अजय सिंह का 30 वर्षीय बेटा कार्तिक सिंह बाइक से जाते समय वाहन की टक्कर से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

राजा भइया ने राजभवन बेंती में जनता की समस्यायों का किया निस्तारण

कुंडा प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के सुप्रीमो पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने गुरुवार को राज भवन बेंती में आयोजित जनता दरबार में प्रदेश भर से आए हुए लोगों की जनसमस्याओं को सुनकर गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया।इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर कैलाश नाथ ओझा, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख बाबागंज पति हितेश प्रताप सिंह पंकज , पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, प्रमुख विहार पति राम चंद्र सरोज, प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, ब्लॉक प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज, जिला पंचायत सदस्य दिलीप पांडेय, आलोक गुरुजी जगा पुर, कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़,महमदपुर पप्पू द्विवेदी, लवलेश तिवारी बऊवा प्रधान जहानाबाद, प्रधान संजय तिवारी, सोनू सिंह रायगढ़, सुमित तिवारी फूलमती, आजाद सिंह परसीपुर,समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना, रुपेंद्र शुक्ला राजापुर सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

पासी समाज के गौरव व रत्न थे महाराजा बिजली पासी - सांसद पुष्पेंद्र

▶▶लाला बाजार में जन्म जयंती समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। पासी समाज सत्य व ईमानदारी के रास्ते पर चलने व अन्याय के खिलाफ संघर्ष करने वाली जाति है। अपने सम्मान और स्वाभिमान के लिए अन्यायी के खिलाफ संघर्ष करते-करते टूट तो सकता है लेकिन कभी भी इसने झुकना नहीं सीखा है। बुधवार को बाबागंज विधान सभा क्षेत्र के लाला बाजार में आयोजित लखनऊ के पूर्व शासक वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी के जन्म जयंती समारोह में देश के सबसे युवा कौशांबी सांसद पुष्पेंद्र सरोज अपने संबोधन में उक्त बातें व्यक्त कर रहे थे। अध्यक्षता संयोजक संजय सरोज प्रधान ने करते हुए सभी का स्वागत एवं आभार

व्यक्त किया। सांसद ने जन समस्याएं सुनी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक करवाई के लिये आदेशित किया।

तत्पश्चात कला कांकर ब्लॉक के लवाना निवासी लल्लू लाल पाल की माता जी के निधन, पूर्व कोषाध्यक्ष राजाराम यादव तथा पानी को निवासी समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष आदेश यादव के दादा दादी के निधन पर उनके पैतृक आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन व्रत रखा। इस मौके पर प्रदीप कुमार सरोज एडवोकेट, वरिष्ठ सपा नेता भागीरथी यादव, मोबीन खान, रामचंद्र यादव, लल्लू लाल पाल, दिलीप पटेल, शिव कुमार यादव, दिलीप गौतम, संदीप गुप्ता समेत बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल वर्ष 2006 अनुक्रमांक 1601197 का अंकपत्र व प्रमाण पत्र कहीं खो गया है।

मनीषा यादव
पुत्री विजय कुमार
ग्राम व पोस्ट फूलपुर रामा
थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़
उ0प्र0 230129

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

डीएम ने किया बरुआ डैम में चल रहे कार्यों का निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरुवार को सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सिंचाई प्रखंड प्रथम कर्वी के कार्य क्षेत्र अंतर्गत बरुआ डैम पर कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। डीएम ने कार्यों का जायजा लेकर सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान जूनियर इंजीनियर ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि बरुआ डैम पर स्वीकृत परियोजना (बाँध का पुनरुद्धार, गाइड वाल, रेन शूट, सीपेज ड्रेन आदि) के सापेक्ष समस्त कार्य पूर्ण कराए जा चुके हैं। मात्र गाइड वाल एवं पैरापेट की पेंटिंग का कार्य शेष है, जो जल्द ही पूर्ण करा लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कराए जा रहे कार्यों की प्रथम दृष्ट्या गुणवत्ता सही पाई। साथ ही बरुवा डैम के टॉप पर सड़क नवीनीकरण के कार्य की भी गुणवत्ता सही पाई गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया कि इस परियोजना से सम्बन्धित कार्य को गुणवत्तापूर्ण शासन की मंशानुरूप कराया जाए। डीएम ने निरीक्षण के दौरान डैम में चार मिलियन घन मीटर पानी उपलब्ध पाया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि रबी फसल की सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई सहित सिंचाई विभाग के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

मंतशा को मिला भारत रत्न अटल सम्मान

बांदा। ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन की संस्थापिका मंतशा को राजधानी लखनऊ में भारत रत्न अटल सम्मान से सम्मानित किया गया। इस पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सम्मान समरोह लखनऊ में आयोजित किया गया था। मंतशा को यह सम्मान मिलने से लोगों ने खुशी जाहिर की है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी ने बताया कि जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले 25 दिसंबर को सूचना भवन सभागार में समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। संस्था के संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज समेत पदाधिकारियों ने मंतशा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

फतेह सिंह और जोरावर सिंह की स्मृति में हुआ शहीद दिवस का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- बैजनाथ भारद्वाज विद्यामंदिर इण्टर कॉलिज बेडीपुलिया में गुरुवार को गुरु गोविन्द सिंह के पुत्रों फतेहसिंह और जोरावर सिंह की स्मृति में शहीद दिवस का आयोजन वीर बाल दिवस के रूप में किया गया। जिसका शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने फीता काटकर व दीप प्रज्ज्वलन कर किया।फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह को औरंगजेब के द्वारा इस्लाम धर्म न स्वीकार करने पर जीवित दीवार पर चुनवाए जाने की ऐतिहासिक घटना की स्मृति में शहीद दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्जित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों के व्यायाम योग के प्रदर्शन का अवलोकन किया। उन्होंने भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति स्व

एपीजे अबुल कलाम आजाद की शिक्षा का स्मरण कराते हुए कहा कि सभी विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने चाहिए, किंतु यह सपने सोते हुए नहीं देखना चाहिए, बल्कि इन सपनों को देखने के बाद उन्हें पूरा किए बिना नींद नहीं आनी चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक व जिला शासकीय अधिवक्ता श्यामसुंदर मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पहनाकर सम्मानित किया। विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकान्त उपाध्याय ने फतेह सिंह व जोरावर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर देश और धर्म के लिए किये गए उनके अप्रतिम वलिदान का स्मरण किया। बाल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी व खाद्य पदार्थों के भी स्टाल भी लगाए। इस मौके पर प्रधानाचार्य राघवेंद्र पाण्डेय, आरएसएस के जिला प्रचारक लोकेन्द्र, केसीएनआईटी बांदा के कुशल यादव, अनिल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

भैसौंधा गांव में समाजसेवी संस्था ने वितरित किए कम्बल

लोकमित्र ब्यूरो

शिवरामपुर, चित्रकूट- महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट लखनऊ द्वारा सदर तहसील क्षेत्र के भैसौंधा ग्राम पंचायत में वृद्धा, विधवा व दिव्यांग लोगों को निःशुल्क कम्बल का वितरण किया गया।महावीर फाउंडेशन ट्रस्ट के फाउंडर डॉ रामनरेश ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा ऐसे कार्यक्रम प्रदेश के विभिन्न जिलों में गरीब एवं असहाय लोगों की मदद के लिए लिए किए जाते है। बढ़ती ठंड के मौसम को देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों को कम्बल का वितरण किया गया है। जिससे ठंड के मौसम में जरूरतमंदों की कुछ मदद हो सके। बताया कि जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम पूरे ठंड के सीजन तक जारी रहेगा। इस मौके पर डॉ वीरेंद्र एन सिंह, विक्रम सिंह, आनंद विक्रम, लवलेश चंद्र, शिवम, दयाराम, शाहिद परवेज, रामकुमार कश्यप, सतपाल प्रधान, शिवांश, अंकुर, डॉ रामचंद्र, अनुपम शुक्ला, मनोज, संजय, विनय द्विवेदी, बच्चाराम यादव, विश्वेंद्र प्रताप, संदीप, कुलदीप, लवकुश, जीतू आदि मौजूद रहे।

कृषि गोष्ठी का आयोजन कर बताया फार्मर रजिस्ट्री आईडी का महत्व

चित्रकूट ब्यूरो- सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत रौली कल्याणपुर में गुरुवार को कृषि सूचनातंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम तथा सब मिशन एग्रीकल्चर एक्टेंशन योजना के तहत विकासखण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला एवं कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस निवेश मेले एवं गोष्ठी में उप कृषि निदेशक राजकुमार ने किसानों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं,

रबी फसलोंत्पान व फसल सुरक्षा के बारें में बताया। साथ ही उन्होंने सभी किसानों को अपनी जमीन का आधार लिंकेड फार्मर रजिस्ट्री कराने को कहा। बताया कि किसान अपना आधार कार्ड, खसरा-खतौनी व आधार लिंकेड मोबाइल नम्बर की सहायता से अपने नजदीकी जनसेवा केन्द्र, कृषि विभाग के तकनीकी सहायक व राजस्व विभाग के लेखपाल से सम्पर्क कर फार्मर रजिस्ट्री बनवा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने किसानों को कृषि के लिए बुवाई, फसल सुरक्षा, कृषि निवेश व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी।

नेडा परियोजना निदेशक एके श्रीवास्तव ने सोलर पम्प के अनुदान एवं प्रकिया के सम्बन्ध में जानकारी दी। उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं व कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जानकारी दी। पूर्व कृषि रक्षा सहायक रमेश कुशवाहा ने किसानों को फसल कीट प्रबन्धन एवं कृषि सम्बन्धी तकनीकी की जानकारी दी।इस मौके पर सहायक कृषि विकास अधिकारी शिवमिलन यादव, जेई विद्युत रजनीश मिश्रा, प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार मनोज कुमार, एटीएम हीरा लाल, बीटीएम श्रीकांत चौरिहा, ग्राम प्रधान इन्द्रणी, प्रधान पति राम अनूप, किसान अजय, रामकृष्ण द्विवेदी, देवराज, कामता प्रसाद मिश्र, फूलचन्द्र करवरिया, बुद्धविलास आदि मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के दूसरे मैच में फतेहपुर ने ललितपुर को हराया

चित्रकूट ब्यूरो- नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म स्मृति पर आयोजित अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट के 22वें सुभाष चैलेंज कप 2024-25 का दूसरा लीग मैच गुरुवार को ललितपुर और फतेहपुर के बीच खेला गया। जिसमें फतेहपुर की टीम ने ललितपुर की टीम को 30 रन से पराजित कर दिया।मैच में फतेहपुर ने पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। फतेहपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में आठ विकेट खो कर 164 रन बनाए। जिसमें अफसर खान के 37 और राहुल के 28 रन शामिल रहे। ललितपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अभिनव व अतीक ने दो-दो विकेट लिए। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ललितपुर की टीम ने 24 ओवर में 134 रन बनाकर ही ऑल आउट हो गई । जिसमें साकेत के 37 और अभिनव के 35 रन शामिल रहे।

कैंप में प्रकृति परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

बांदा। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अनथुवा के प्रभारी चिकित्साधिकारी जितेंद्र कुमार के द्वारा ग्राम अधरोरी में प्रकृति परीक्षण के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 150 ग्रामीणों की प्रकृति का परीक्षण किया गया। रोगियों को निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही में प्रकृति अनुसार क्या खाना है और क्या नहीं खाना है, इसकी जानकारी दी गई। आधुनिक जीवनशैली और जलवायु परिवर्तन के कारण लोगो के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों की समस्या का समाधान करने आयुर्वेद को अपनाने के प्रति लोगो को प्रोत्साहित करने और आयुर्वेद को जन स्वास्थ्य सेवाओं का मुख्य आधार बनाने की परिकल्पना के तहत अब सभी देशवासियों की प्रकृति परीक्षण किया गया।

युवा नेता रोहिल अग्रवाल को मिली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी, बनाया गया राष्ट्रीय प्रभारी

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन ने चित्रकूट के युवा व्यापारी रोहिल अग्रवाल को राष्ट्रीय प्रभारी नियुक्त किया है। उनके मनोनयन पर क्षेत्रीय व्यापारियों ने प्रसन्नता जाहिर की है।नवनियुक्त राष्ट्रीय प्रभारी रोहिल अग्रवाल ने बताया कि देश की राजधानी दिल्ली में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल वर्मा, नई दिल्ली के अध्यक्ष योगेश सिंघल, राज्य सचिव मनोज वर्मा व आईएएस रेखा वर्मा की मौजूदगी में पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। जिसमें विद्युत विभाग वाराणसी के पूर्व एमडी पृथ्वीपाल सिंह को उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी प्रकार लखनऊ के लोकेश अग्रवाल को सह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा के साथ संगठन मजबूत करने और व्यापारी हितों को लेकर संघर्ष करने को कहा गया है। इस मौके पर बांदा के विपुल सोनी, कर्वी के राजन सोनी, पुष्पेन्द्र जायसवाल, मिसेज इंडिया रह चुकी बबिता सोनी समेत जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता की हुई मृत्यु की हो निष्पक्ष जांच- गौरव पाण्डेय

कौशाम्बी। गुरूवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला अध्यक्ष गौरव पांडे की अध्यक्षता में एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल के नाम जिलाधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गई की उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 18 दिसम्बर 24 को लखनऊ में आयोजित विधानसभा ग्रो कार्यक्रम के दौरान पुलिसिया बर्बाद बर्बरता के कारण एक युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता पूर्व सचिव स्वर्गीय प्रभात पांडे की दुखद मृत्यु हो गई थी, इसकी जांच के लिए जिला अध्यक्ष ने मांग की स्वर्गीय प्रभात पांडे की हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए

ज्ञापन देने के पश्चात मीडिया को संबोधित करते हुए जिला सचिव राजेश साहनी ने कहा की विरोध करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है जिस प्रकार सरकार के इशारे पर पुलिस के पास बताना से युवा कांग्रेस के सिपाही की मृत्यु हुई है उसकी जिम्मेदार कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश के सरकार के साथ पुलिस प्रशासन भी है मीडिया को संबोधित करते हुए करते वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी ने कहा की सरकार विरोध करने पर इतनी बार वार्ता से पेश आती है की किसी आम जनता को इसमें कितना नुकसान हो जाए यह नहीं देखी वही मीडिया को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजेंद्र त्रिपाठी ने शाहिद कांग्रेस के सिपाही प्रभात पांडे को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि शाहिद प्रभात पांडे की शहादत बर्बाद नहीं जाएगी और कांग्रेस पार्टी इसका पूरा हिसाब बीजेपी से लगी वह मीडिया को संबोधित करते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू ने कहा की प्रभात पांडे की मृत्यु बहुत ही दुखद है और उसके परिवार के लिए प्रदेश अध्यक्ष अजय राय जी ने पूरा श्वसन दिया है कि इस मृत्यु की घड़ी में इस दुख की घड़ी में हम कांग्रेस जान स्वर्गीय प्रभात के परिवार के साथ हैं और उसको पूरा न्याय दिलाने का काम किया जाएगा ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गौरव पांडे ,प्रदेश सचिव राजेश साहनी , उपाध्यक्ष आशीष मिश्रा पप्पू , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राम बहादुर त्रिपाठी , राजेंद्र त्रिपाठी , नैयर रिजवी, महासचिव कौशलेश द्विवेदी, राम सूरत रैदास, राज बहादुर चौधरी , शहनाज अली ,मोहम्मद फरमान जिला , अमित द्विवेदी आजाद , युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष अलकमा उस्मानी ,सचिव अशोक दुबे , फौजिया,शिवम तिवारी , आशीष द्विवेदी , संतोष कुमार शुक्ला ,अर्श खुर्शीद ,मोहम्मद शफीक , विजय यादव नसीमुद्दीन , ब्लॉक अध्यक्ष मोहम्मद मुस्लिम , निक्की पाण्डेय , सोशल मीडिया प्रदेश सचिव मोहम्मद शाहरुख, नूरतजमा , कैलाश केशरवानी,विवेक मिश्रा,मो0 शाहरुख , सचिन पांडे बालेंद्र सिंह यादव ,शाश्वत पांडे कुमार , हेमन्त रावत , अमृत लाल , छोटे लाल , इंद्रपाल बाबूलाल मौजूद रहें।

मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत लोगो को किया गया जागरूक

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत गुरूवार को पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहो, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस क्रम में थाना करारी पुलिस टीम द्वारा कस्बा करारी मे जाकर, थाना कौशाम्बी पुलिस टीम द्वारा ग्राम आमाकुवा मे भ्रमणशील रहकर, थाना संदीपन घाट पुलिस टीम द्वारा ग्राम सुखदा मे जाकर, थाना पश्चिम शरीर पुलिस टीम द्वारा कस्बा पश्चिम शरीरा मे भ्रमण कर, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा टेवा व डायट मैदान मे जाकर, महिला थाना पुलिस टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय टेवा मे चौपाल लगाकर तथा थाना कडाधाम, मोहब्बतपुर पाइंसा एवं थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र मे भ्रमण कर, चौपाल लगाकर कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉल, पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी

ओवर ब्रिज के पास की जाए आवागमन की व्यवस्था

चित्रकूट ब्यूरो- जिला मुख्यालय के व्यापारियों ने गुरुवार को ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग में लोगों के आवागमन के लिए स्थायी रूप से रास्ता देने की मांग की। इस दौरान कई व्यापारी संगठनों ने संयुक्त रूप से अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम को ज्ञापन सौंपा।सपा पदाधिकारियों और व्यापारियों ने अपर जिलाधिकारी उमेश चन्द्र निगम से मांग की कि ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे क्रॉसिंग में बन रही बाउंड्रीवॉल के दोनों तरफ स्थायी रूप से रास्ता दिया जाए। साथ ही ओवर ब्रिज से नीचे आने जाने के लिए दोनों तरफ सीढ़ियां भी बनाई जाए। कहा कि यहां की बाजार मुख्यालय की प्रमुख बाजारों में शामिल है, बाउण्ड्री वाल बन जाने से लोगों को आने जाने में व व्यापारियों को व्यापार में भारी दिक्कतों का सामाना करना पड़ेगा। इसलिए यहां पैदल आवागमन के लिए स्थायी रास्ता बनाया जाए। जिससे नगर के लोग सुचारू रूप से आवागमन कर सकें और व्यापारियों का व्यापार बचा रहे। इस सम्बन्ध में सपा पदाधिकारियों व व्यापारियों ने अपर जिलाधिकारी को इस सम्बन्ध में ज्ञापन भी सौंपा।इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव, समाजवादी व्यापार सभा जिलाध्यक्ष पप्पू जायसवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य व्यापार सभा हिमांशु गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अंकुर पटेल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुशील कक्का, व्यापारी पीडी गुप्ता, हीरालाल सोनी, गौरीशंकर सोनी, अतुल अग्रवाल, रामनरेश अग्रहरि, बऊवा सिंह, महेंद्र गुप्ता, गन्नू गुप्ता, सोमदेव गुप्ता, संदीप गुप्ता, मुकेश कुमार, बद्री गुप्ता, रामदयाल अग्रहरि, शुभम केशरवानी, रोहित कश्यप, बद्री प्रसाद, शुभांसु केशरवानी, रमन केशरवानी, ध्रुव कुमार आदि मौजूद रहे।

चित्रकूट स्टेशन पर स्थानीय प्रशासन और रेलवे मिलकर कर रहे सुविधाओं का प्रबन्ध

चित्रकूट ब्यूरो- प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्नान के बाद चित्रकूट आने के दृष्टिगत झांसी रेलवे मंडल स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर चित्रकूधामकर्वी रेलवे स्टेशन की सुविधाओं और महाकुंभ की तैयारियों को बेहतर करने में जुटा है।झांसी मंडल के डीआरएम दीपक कुमार सिन्हा ने बताया कि आगामी महाकुंभ मेले के दृष्टिगत रेलवे के अधिकारी उत्तर प्रदेश सरकार के अफसरों के साथ मिलकर समन्वय स्थापित करते आने वाली श्रद्धालुओं की संख्या को प्रबंधित करने की रूपरेखा तैयार कर चुके हैं। बताया कि महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु काफी लोग चित्रकूट भी आते है। जिसके लिए अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चुने गए स्टेशनों की सुविधाओं को बेहतर करने का काम किया जा रहा है। महाकुंभ से सम्बन्धित जिले के स्टेशनों में अलग-अलग प्रवेश व निकास द्वार बनाए गए है। साथ ही यात्री शेल्टर की संख्या भी बढ़ाई गई है। प्लेटफार्म एरिया, फुट ओवर ब्रिज सहित सभी द्वारों व मुख्य जगहों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए आरपीएफ की तैनाती की गई है। इसके साथ ही जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित किया गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयो का किया औचक निरीक्षण, हड़कम्प

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेन्द्र कुशवाहा द्वारा गुरूवार को कम्पोजिट विद्यालय रसूलाबाद, विकास खण्ड-चायल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 12 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष 10 शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। फरहत अनीस प्रधाना अध्यापक व पद्मिनी पाण्डेय सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थी। विद्यालय में कुल नामांकन 370 के सापेक्ष 318 छात्र उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय अद्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। निरीक्षण में पाया गया कि प्रधाना अध्यापक द्वारा डी0बी0टी0 का कार्य में रुचि नहीं ली जा रही है। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 के अन्तर्गत मीनू के विपरीत दाल चावल बना था और न ही चिक्की गुणपट्टी का वितरित किया गया था। विद्यालय में एम0डी0एम0 के सुचारु वितरण हेतु प्रत्येक दिन 02-02 अध्यापकों की ड्यूटी लगायी गयी है किन्तु व्यवस्था अस्त-व्यस्त पायी गयी, छात्र विद्यालय की बाउण्ड्री कूद कर बाहर रोड पर टहलते पाये गये। प्रधाना अध्यापक फरहत अनीस को एम0डी0एम0 व्यवस्था में पायी गयी कमियों एवं सहायक अध्यापक हाशमीन फात्मा एवं पूनम सिंह को एम0डी0एम0 वितरण में ड्यूटी लगाये जाने के बावजूद सहयोग न करने हेतु माह दिसम्बर 2024 का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध किया गया। उसके बाद कम्पोजिट विद्यालय उजिहिनी खालसा, विकास खण्ड-मूरतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 09 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष 07 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। संदीप कुमार शर्मा सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश व जागृति सिंह सहायक अध्यापक मातृत्व अवकाश पर थी। विद्यालय में कुल नामाकन 275 के सापेक्ष 236 छात्र उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय अद्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 के अन्तर्गत मीनू के अनुसार भोजन बना था एवं चिक्की गुणपट्टी का वितरित किया जा रहा था। विद्यालय की स्थिति सन्तोषजनक पायी गयी। तत्पश्चात कम्पोजिट विद्यालय गौसपुर, विकास खण्ड-मूरतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष 08 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। अनुराग श्रीवास्तव सहायक अध्यापक चिकित्सीय अवकाश व सविता लखेडा सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थी। विद्यालय में कुल नामांकन 268 के सापेक्ष 258 छात्र उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय अद्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। विद्यालय का निरीक्षण समय 01:20 पर किया गया निरीक्षण के समय छात्रों से पूछने पर पता चला कि भोजन का वितरण अभी तक नहीं हुआ है. जबकि छात्रों को भोजन ग्रहण करने का समय 12:00 बजे से 12:30 बजे तक का है। विद्यालय में एम0डी0एन0 के अन्तर्गत मीनू के अनुसार भोजन बन रहा था। प्रधाना अध्यापक सुनीता देवी द्वारा एन0डी0एन0 व्यवस्था में पायी गयी कमियों हेतु माह दिसम्बर 2024 का वेतन अग्रिम आदेश तक अवरुद्ध किया गया इसके बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मूरतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 05 शिक्षिकाओं के सापेक्ष 03 शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। सविता देवी वार्डन आकस्मिक अवकाश पर व अराधना सिंह फूल टाइम टीचर अनुपस्थित पायी गयी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी जितेन्द्र कुमार, चपरासी व रमेश कुमार चौकीदार भी अनुपस्थित पाये गयें।

निरीक्षण के समय विद्यालय में एम0डी0एम0 मीनू के अनुसार बना था। विद्यालय में कुल नामांकन 100 के सापेक्ष 55 छात्राएं उपस्थित पायी गयीं। निरीक्षण के समय अद्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी जबकि सरिता विश्वकर्मा पार्ट टाईम टीचर व आरती जयसवाल पार्टटाईम टीचर अपनी कक्षा में अनुपस्थित मिली। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मूरतगंज को कारण बताओ नोटिश निर्गत करते हुए विद्यालय की व्यवस्था सुधारने व छात्र उपस्थिति बढ़ाने हेतु निर्देशित किया कर जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय पल्हाना उपरहार विकास खण्ड मूरतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 06. शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष 04 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। दीपा शुक्ला, सहायक अध्यापक वा मावेच उत्मानी,

सहायक अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थीं। विद्यालय में कुल नानांकन 159 के सापेक्ष 152 छात्र उपस्थित पाये गये। निरीक्षण के समय विद्यालय में एन0डी0एन0 के अन्तर्गत मीनू के अनुसार दाल रोटी बनी थी। निरीक्षण के समय अद्धवार्षिक परीक्षा चल रही थी। वहां से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कम्पोजिट विद्यालय रोही, विकास खण्ड-मूरतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय विद्यालय में कार्यरत कुल 14 शिक्षक-शिक्षिकाओं के सापेक्ष 10 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित पायी गयीं। रश्मि कुमारी, इंचार्ज प्रधाना अध्यापक आकस्मिक अवकाश पर थी, आरती सिंह सहायक अध्यापक समय 12:30 पर तबियत खराब होने के कारण विद्यालय से चली गयी थी एवं राजेन्द्र सिंह अनुदेशक व गुंजन कुमारी शिक्षा मित्र बिना किसी सूचना के विद्यालय अनुपस्थित पाये गये। विद्यालय में कुल नामांकन 412 के सापेक्ष 380 छात्र उपस्थित पाये गये। रितु विश्वकर्मा सहायक अध्यापक, आकांक्षा वर्मा सहायक अध्यापक, माया देवी निर्मल सहायक अध्यापक व शिवानी केशरवानी सहायक अध्यापक द्वारा अध्यापक उपस्थिति पंजिका पर पूर्व में ही विद्यालय से जाने का समय भरा गया था जिसके लिये उक्त अध्यापिकाओं को वर्ष 2024-25 हेतु एक प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदत्त की गयी।

आज किया जाएगा घरौनियों का वितरण

बांदा। प्रधानमंत्री की ओर से संचालित स्वामित्त योजना के तहत तैयार की गई घरौनियों का वितरण शुक्रवार को किया जाएगए। इसके साथ ही कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण भी किया जाएगा। वितरण समारोह का आयोजन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह में होगा। प्रत्येक तहसील एवं प्रत्येक विकास खण्ड से 100-100 लाभार्थियों को घरौनी वितरण होगा। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के लाभार्थियों को चेक वितरण होगा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रमेश बहादुर के जीवन पर आधारित उपन्यास ''शून्य से शून्य तक'' का विमोचन

▸▸ एसजेएस पब्लिक स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। कचेहरी रोड स्थित एसजेएस पब्लिक स्कूल का आज वार्षिक अभिभावक मिलन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर सीडीआरआई के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर, साइनटून्स के जनक और प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने शिरकत की। कार्यक्रम में एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह के जीवन पर आधारित उपन्यास ''शून्य से शून्य तक'' का विमोचन किया गया। गेस्ट ऑफ ऑनर और ''शून्य से शून्य तक'' के लेखक डॉक्टर नरेश कात्यायन ने बताया कि ये उपन्यास शून्य से शिखर तक पहुंचने की कहानी है जिसे आत्मवृत्तात्मक शैली में लिखा गया है।कार्यक्रम का उद्घाटन एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष डॉक्टर आरपी सिंह, मुख्य अतिथि डॉक्टर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, गेस्ट आफ ऑनर डॉक्टर नरेश कात्यायन और ग्रुप के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह ने सयुंक्त रूप से किया। कार्यक्रम की शुरुवात विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम की शुरुवात में सबसे पहले ओपन सेशन रखा गया जिसमें आये हुए अभिभावकों ने प्रबंध तंत्र से अपनी जिज्ञासाएं रखी और तमाम सुझाव रखे। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव(प्रशासन) अग्रज सिंह ने अभिभावकों की तमाम जिज्ञासाओ का सहजता से उत्तर दिया। गणेश जी की प्रतिमा और सरस्वती जी की प्रतिमा व स्वामी जानकी शरण जी, मधुलता सिंह, बाबू करन बहादुर सिंह, शकुंतला सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मां दुर्गा स्तुति,दक्षिण भारत की महान परंपरा भूत कोला पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, राज्यवर्ती त्योहारों पर आधारित प्रस्तुति,प्रकृति संतुलन पर आधारित प्रस्तुति, नारी शक्ति पर आधारित मंचन व भगवान गणपति की ओजस्वी प्रस्तुति शामिल रहीं।कार्यक्रम के लकी स्पीकर और लकी गार्जियन का चुनाव किया गया जिनमे सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के सचिव (वित्त) अनुज सिंह ने आए हुए समस्त अभिभावकों और मेहमानों का स्वागत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉक्टर प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने विज्ञान को सहज तरीके से पढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों में विज्ञान के प्रति लगाव जगाने की जरूरत है। वही गेस्ट ऑफ ऑनर डॉक्टर नरेश कात्यायन ने कहा कि शून्य से शून्य तक उपन्यास जीवन के शून्य से प्रारंभ होकर 360 के व्रत रूपी शून्य की यात्रा की सत्य कथा है। एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के अध्यक्ष डॉक्टर आरपी सिंह ने भी आये हुए अभिभावकों को शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में प्राइमरी विंग, जूनियर विंग और सीनियर विंग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं और उनके परिजनों को एसजेएस ग्रुप आफ स्कूल्स की संयुक्त सचिव डॉक्टर अनुश्री सिंह और श्रीमती प्रियंका सिंह ने सम्मानित किया।एसजेएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह ने अभिभावकों के समक्ष अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि मेहनत और लगन से सफलता के शिखर पर पहुंच सकते है।अंत मे स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर बीना तिवारी ने अभिभावकों के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट रखी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका जिया सिद्दीकी व छात्र सुयश सिन्हा, वानिया सऊद,कृतिका पांडेय, अनन्या त्रिवेदी,अंशिका सिंह और ईशान खान ने किया।उक्त जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मनोज शर्मा ने दी।

खण्ड स्तरीय ग्रामीण युवक महिला खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सलोन रायबरेली। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग दो दिवसीय खण्ड स्तरीय ग्रामीण युवक महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम सलोन में किया गया।खेल प्रतियोगिता में सबजूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग के युवक व युवतियों ने प्रतिभाग किया।100 मी0 सब जूनियर बालक वर्ग में सौरभ प्रथम स्थान पर रहे जबकि 100 मी0 सब जूनियर बालिका वर्ग में शालिनी के प्रथम स्थान प्राप्त किया।लम्बी कूद महिला वर्ग में काजल प्रथम स्थान पर रहीं।बैडमिंटन महिला वर्ग में अनुपम देवी (एकल स्पर्धा में) प्रथम स्थान पर रही।कवड्डी महिला वर्ग में सर्वोदय इण्टर कालेज की टीम विजेता रही वहीं राजकीय बालिका इण्टर कालेज की टीम उप विजेता रही। जूनियर कर्ग में 100 मी0 वालक वर्ग में विवेक कुमार प्रथम स्थान एवं 100 मी0 महिला वर्ग में मंगला सरोज ने प्रथम स्थान।1500 मी0 पुरुष वर्ग में धर्मेश यादव प्रथम स्थान एवं 1500 मी0 महिला वर्ग में सीनियर वर्ग में पूजा प्रथम स्थान रही 1500 मी0 सुजल सैनी प्रथम स्थान पर हैं। कबड्डी बालक वर्ग में सलोन देहात विजेता रही एवं सर्वोदय इण्टर कालेज के खिलाडी उपविजेता रही। इस मौके पर बेसिक शिक्षा विभाग के खेल अनुदेशकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई ।क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी असगर अली ने खेल में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों मैं उत्साहवर्धन एवं अतिथियों का आभार प्रकट किया।

खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सन्तोष कुशवाहा ने सरस्वती मां के चित्र पर पुष्प व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी, एकाउंटेंट अनुल कुमार पाल व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रशेखर रस्तोगी द्वारा खेल में प्रतिभागी विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाणपत्र देकर उन्हें प्रोत्साहित किया गया।

लालगंज ट्रेन की समस्या को लेकर सांसद को व्यापार मंडल ने सौपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। कहने को तो लालगंज वीआईपी रेलवे स्टेशन की श्रेणियो में आता है लेकिन लालगंज रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली रेलगाड़ियो की संख्या बहुत ही कम है । इन्हीं जन समस्याओं को देखते हुए एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठनेता अमेठी के सांसद रायबरेली सांसद प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल लालगंज के द्वारा ट्रेन बढ़ाये जाने से संबंधित ज्ञापन सौपा गया।नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि लालगंज रायबरेली जनपद की सबसे बड़ी व्यापारिक मंडी के साथ-साथ यहां रेल कोच फैक्ट्री और छोटे-छोटे उद्योग हैं। यहां पर हजारों की संख्या में रोज यात्रियों का आना-जाना रहता है। ट्रेनों की संख्या कम होने से यात्रियों एवं व्यापारियों को विभिन्न समस्याओं का वर्षो से सामना करना पड़ता रहा है। कोरोना काल में गाड़ी नंबर 54211 रायबरेली से कानपुर- डाउन 54212 कानपुर से रायबरेली आरसी गाड़ी चलती थी जिसका भी संचालन कोरोना काल का हवाला देकर बंद कर दिया गया था। तब से आज तक बंद है।जनहित एवं व्यापारी हितों में उक्त ट्रेन सहित अतिरिक्त ट्रेने चलाये जाना अति आवश्यक है।इसी गाड़ी नंबर 54211/54212 आरसी को वाराणसी से कानपुर वाया रायबरेली लालगंज के बीच चला दिया जाए जिससे व्यापारी और आम जनमानस को व्यापार एवं आने-जाने में काफी राहत होगी। वही सुबह प्रयागराज से कानपुर जाने के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है। इस अवसर पर रवि मुरारका ,प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई ,जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा ,नगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश सोनी ,नगर महामंत्री शिवम गुप्ता नगर महामंत्री संगठन कौशलेंद्र कंचन ,नगर युवा अध्यक्ष प्रतीक शर्मा ,नगर युवा उपाध्यक्ष पुष्कर गुप्ता ,नगर उपाध्यक्ष शीलू त्रिवेदी जिला अध्यक्ष उद्योग मंच हंसराज विश्वकर्मा आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मऊ गांव के जमीनी विवाद में अज्ञात सहित 34 लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए पहले तो दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई फिर एक दूसरे को गाली गलौज देना शुरू कर दिया। मामला यहीं नहीं रुका बात इतनी बढ़ गई कि, दोनों पक्षों के लोगों द्वारा लाठी डंडा तथा धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, पुलिस को मिली तहरीर के आधार पर एक दूसरे के खिलाफसुसंगत धाराओं में 17 लोगों को नाम जद करते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है, पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बताते चले कि मामला बीते बुधवार के दिन का है दिन में लगभग 11:30 बजे जमोलिया प्रधान अंजनी कुमार गुप्ता अपने परिजनों के साथ खेत पर विपक्षियों द्वारा रात में जबरन गाड़े गए आरसीसी पिलरों का विरोध करने खेत पहुंचे, जहां आरोप है कि, वहां मौजूद राजकुमार सिंह उर्फ मोगा पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह आदि लोगों को नाम जद करते हुए सात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार कुल्हाड़ी, फावड़ा आदि से हमला कर देना तथा आवाज सुनकर खेत में अभय सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह के बचाने आने पर उनको भी धारदार हथियार से गाल पर हमला कर देना आवाज सुनकर आए आवेदक के पुत्र शुभम वैभव एवं भाई पवन गुप्ता अश्वनी गुप्ता तथा प्रार्थी की दुकान पर काम करने वाले दीपांशु पुत्र शिव शंकर के आने पर उनके साथ भी मारपीट करना तथा विपक्षीगण द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से जान से मार देने की धमकी का आरोप लगाया है। वही दूसरे पक्ष राजकुमार सिंह उर्फ मोगा पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह की तरफसे पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि, विपक्षीगणों द्वारा लाठी डंडों से लैस होकर उनकी भूमि पर पहुंचकर अमादा फौजदारी गाली गलौज और ऐलानियां जान से मारने की धमकी देते हुए सीमेंट पिलर यूके लिप्ट्स के पेड़ को नष्ट करना उनके द्वारा विरोध करने पर विपक्षीगणों द्वारा जान से मारने की नीयत से भद्दी-भद्दी गाली देने व धारदार हथियार से वार करने पर प्रार्थी के सिर में गंभीर चोटे आना और बेहोश हो जाना विपक्षीगणों द्वारा वादी के घर में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट करने का आरोप लगाया गया है। इस पूरी घटना में सत्येंद्र प्रताप सिंह पुत्र नारेंद्र बहादुर सिंह आदि 11 लोगों को नाम जद करते हुए 10 व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर एक दूसरे के विरुद्ध डेढ़ दर्जन से अधिक नाम जद तथा डेढ़ दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा

पंजीकृत कर लिया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, बैनामे की जमीन को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है, बगैर किसी राजस्व अधिकारी की रिपोर्ट के बिना दबंग प्रतिपक्षी राजकुमार सिंह अपने सुरक्षा कर्मियों व साथियों के साथ जमीन पर कब्जा करने गए जबकि मौजूदा समय में वह जमीन अंजनी गुप्ता के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसके चलते मना करने पर दोनों पक्ष फौजदारी पर आमादा हो गए और झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। विवेचना कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी तो वहीं रायबरेली पुलिस मीडिया सेल द्वारा यह बयान दिया गया है कि, दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है चोटहिलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जिसमें न कोई फायर हुआ और न ही कोई आर्म इंजरी हुई व ना ही चोटें आई हैं तथा लूट की घटना भी असत्य है तथा घटनास्थल का निरीक्षण क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा किया गया है।

अमर शहीद लाल चंद्र स्वर्णकार की जन्म जयंती पर लोगों ने अर्पित किया श्रद्धा सुमन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। लालगंज कस्बे के तिकोना पार्क पर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद लाल चंद्र स्वर्णकार की प्रतिमा स्थापित है। स्वर्णकार संघ और व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी के नेतृत्व में उनकी जन्म जयंती पर पुष्पार्चन का कार्यक्रम आयोजित कियागया। रोहित सोनी ने कहा कि मनेहरु निवासी अमर शहीद लाल चंद्र स्वर्णकार का राणा बेनी माधव के साथ सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में अहम योगदान था। भीरा गोविंदपुर के मैदान में लालचंद स्वर्णकार ने राणा बेनी माधव के साथ मिलकर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे लेकिन आखिरकार वह अंग्रेजों से लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए थे। लालगंज में उनकी प्रतिमा की स्थापना पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पार्वती देवी और सभासद ओमप्रकाश स्वर्णकार के कार्यकाल में हुईथी। इस अवसर पर अजयवर्मा, कौशलेंद्र कंचन, शिवम गुप्ता ,सुरेश रस्तोगी, रजोले सोनी ,अप्पू शर्मा, अमरेश सोनी, बबलू सोनी, रामबाबू सोनी, नीरज गुप्ता, मनोज गुप्ता, गुलाब गुप्ता, अवधेश सोनी, कन्हैया सोनी, अनिल सोनी, सोनू वर्मा, हंसराज विश्वकर्मा ,शीलू त्रिवेदी, विमलेश, पन्नू सोनी आदि लोगों ने अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया।

महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष बनी सरिता नागेंद्र, अंजू महामंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश महिला संघ की रायबरेली कार्यकारिणी का गठन और प्रथम जनपदीय अधिवेशन का आयोजन बुधवार को शहर के नारायण होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य और मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य जेपी सिंह रहे। डायट प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती मां के चित्र पर मल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अधिवेशन में रायबरेली की कमान एक बार फिर से सरिता नागेंद्र को सौंपी गई।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ रायबरेली का शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी व प्रथम अधिवेशन जिला निर्वाचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने कहा कि महिला शिक्षकों के हित में यह संगठन सदैव काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हित में काम कर रहे हैं। डायट प्राचार्य जेपी सिंह ने कहा कि महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है। घरों को संवारने के साथ ही विद्यालयों को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। विद्यालय को आगे बढ़ाने में महिला शिक्षकों की महत्ती भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हित में संगठन सदैव काम करता रहेगा। उन्नयन गोष्ठी के साथ ही सम्पन्न हुए चुनाव में पूरी जनपदीय कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। महिला शिक्षक अर्चना मिश्रा को संरक्षिका, सरिता नागेंद्र को जिला अध्यक्ष के लिए चुना गया। इनके अलावा जनपदीय कार्यकारिणी में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अशोक कुमारी ,जिला उपाध्यक्ष साधना सिंह, जिला महामंत्री अंजू यादव, जिला कोषाध्यक्ष सीमा कुमारी, मालती सिंह कुशवाहा को जिला संयुक्त मंत्री, जिला मंत्री तपस्या पुरवार, जिला संगठन मंत्री सरोजनी मौर्या, जिला मीडिया प्रभारी किरन जेहरा, एकाउंटेंट जावित्री यादव, आय व्यय निरीक्षक रेनू बौद्ध सहित कुल 27 पदों की जिला कार्यकारिणी निर्वाचित की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन किरन जेहरा द्वारा किया गया तथा स्वागत गीत मालती मौर्या व प्रेरणा गीत एकता श्रीवास्तव, अंजू यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री व उनकी कार्यकारिणी सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

अटल जी की सौवीं जयंती पर चंद्रशेखर मेमोरियल कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रम

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी जानो प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई स्मारक फाउंडेशन के तहत लालगंज क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानचंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में अटल जी जानो चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के बाबू बहुत ही सुंदर कलाकृति के पोस्टर बनाये और निबंध प्रतियोगिता के तहत भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि अटल जी का जीवन परिचय जानना नवीन पीढ़ी के लिए बहुत ही आवश्यक है। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और महामंत्री अशोक शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान में भारत सरकार अटल जी के विषय में सुशासन पखवाड़ा मना रही है। अटल जी से संबंधित गोष्ठी और अन्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सुशील शुक्ला ने कहा कि अटल जी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे । पोखरण परमाणु बम परीक्षण और कारगिल विजय उनके कार्यकाल के ऐतिहासिक क्षण थे। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि भारत रत्न अटल जी सर्वोदयी नेता थे। प्रखर वक्ता के साथ-साथ कविता और पत्रकारिता में उन्हें महारत हासिल थी। कार्यक्रम में अटल जी की बेहतरीन कलाकृति बनाने में छात्र प्रियांशी, योगिता, अंकिता गुप्ता, साक्षी तिवारी और उमेय रुमान को प्रमाण पत्र देखकर पुरस्कृत कियागया ।वहीं अटल जी के विषय में निबंध प्रतियोगिता में रिचा, प्रिंसी, अनामिका, तनिष्का ,सिमरन, गौर श्री ,अंश गुप्ता, रिद्धिमा, विपिन,कामना को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सीएमपीएस के व्यवस्थापक दीप प्रकाश शुक्ला ने बच्चों को पुरस्कृत करने एवं उत्साह वर्धन के लिए फाउंडेशन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

सर्वोदयी नेता डॉ उपेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। डॉ0 उपेंद्र बहादुर सिंह स्मारक समिति द्वारा डॉक्टर उपेंद्र बहादुर सिंह का 14वां पुण्य स्मृति सम्मान समारोह बैसवारा इंटर कॉलेज के गोविंद हाल में आयोजित किया गया। डॉ उपेंद्र सिंह का निधन 25 दिसंबर 2010 में हुआ था। कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत कांग्रेस के प्रांतीय नेता दीपेंद्र गुप्ता द्वारा व समिति की प्रगति आख्या क्षेत्र पंचायत सदस्य अनंत विजय सिंह द्वारा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केएल शर्मा सांसद अमेठी रहे। ,विशिष्ट अतिथि श्रीमती सरिता गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष लालगंज व कुंवर देवेंद्र बहादुर सिंह प्रबंधक बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केएल शर्मा सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ उपेंद्र बहादुर सिंह बैसवारा के गांधी थे। उनकी कार्यशैली से सभी प्रभावित रहते थे।उनसे मैंने अपने जीवन में बहुत कुछ सीखा और बहुत सारी बातें जो उन्होंने कही थी ,वह आज सच हो रही है। उनके जैसे लोग बहुत कम रह गए हैं।गांधी विचारधारा के चिंतक के रूप में अनिरुद्ध भाई चंपारण को एवं साहित्य के क्षेत्र में, प्रोफेसर अश्वनी शुक्ला शिक्षाविद एवं साहित्यकार बांदा, शिक्षा के क्षेत्र में अमरपाल सिंह अंग्रेजी भाषा के पूर्व प्रवक्ता बैसवारा इंटर कॉलेज लालगंज व राजनीति के क्षेत्र में शिवहर्ष भदौरिया पूर्व प्रधान धन्नीपुर व समाज सेवा के क्षेत्र में इंजीनियर विष्णु कुमार पांडे पूर्व अभियंता विद्युत विभाग तथा खेल के क्षेत्र में अवधपाल यादव फुटबॉलर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपेंद्र सिंह के व्यक्तित्व कृतित्व पर डॉक्टर ओपी सिंह,प्रो बैजनाथ सिंह विश्वकर्मा,रविंद्र सिंह, सुरेंद्र विक्रम सिंह पूर्व विधायक हरचंदपुर,महादेव सिंह व अशोक सिंह,डॉ रमाशंकर शुक्ल व राम प्रताप सिंह, सुरेश सिंह ने प्रकाश डाला। समारोह का सफल संचालन महेश शर्मा द्वारा किया गया।आए हुए अतिथियों का आभार ज्ञापन श्रद्धेय डॉक्टर उपेंद्र सिंह के पुत्र प्रो0 अरुण कुमार सिंह पूर्व प्राचार्य बैसवारा पीजी कॉलेज द्वारा किया गया। समारोह में प्रमुख रूप से राजेश सिंह फौजी, डॉ अविनाश सिंह, अवनींद सिंह, विश्वास बहादुर सिंह ,आशीष प्रताप सिंह, प्रभात सिंह त्रिलोकचंदी, सज्जन ठाकुर, सन्त लाल ,विनय भदोरिया, कै.रविंद्र सिंह, विजय सिंह,अखिलेस कुमार, अमनदीप सिंह, सत्रोहन कुशवाहा, दिनेश यादव रज्जू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

सरयू प्रसाद ने ज्ञान और अनुभव से समाज को समृद्ध किया: केएल शर्मा

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि बुजुर्ग अनुभव का खजाना होते हैं। उनकी सीख जीवन में हर कदम काम आती हैं। पंडित सरयू प्रसाद द्विवेदी एक ऐसी ही शख्सियत थे, जिन्होंने अपने ज्ञान और अनुभव से समाज को बहुत कुछ दिया। उनकी यादें अमिट रहेंगी। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के संरक्षक स्वर्गीय द्विवेदी जी के निधन पर होटल प्लेजेंट व्यू में आयोजित स्मृति सभा में श्री शर्मा ने कहा कि द्विवेदी जी से हमने भी काफी कुछ सीखा। उनके साथी रहे पूर्व उपायुक्त ग्राम विकास वीरभद्र प्रसाद द्विवेदी ने अपने संस्मरण सुनाते हुए सरयू प्रसाद द्विवेदी को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताया। प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लल्लन मिश्रा में कहा कि द्विवेदी जी कर्म और ज्ञान का सम्मिलित रूप थे उन्होंने एक अभिभावक की तरह हम लोगों का सदैव मार्ग प्रशस्त किया न्यास के संयोजक गौरव अवस्थी ने सरयू प्रसाद द्विवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सिंगर अनुराग सिंह ने कबीर के निर्गुण भजन गाकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। की बोर्ड पर उनका साथ फैज मोहम्मद और तबले पर बबलू ने दिया। इस मौके पर विमल तलरेजा, सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र अग्रवाल, वृद्ध आश्रम के प्रबंधक धनंजय सिंह, पंडित राकेश तिवारी, रेल कर्मचारी संगठन के नेता सुधीर तिवारी विद्यार्थी परिषद के अंकुर गुप्ता आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मारक समिति के अध्यक्ष विनोद शुक्ला, आरके पांडे, जेपी त्रिपाठी, कांग्रेस नेता रोहित सिंह, परमेंद्र पाल सिंह गुलाटी, अजीत सिंह, नौशाद खतीब,आदि ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

युवक की गोली मारकर हत्या, इलाके में दहशत

● बाइक सवार बदमाशों द्वारा रंजिशन हत्या किए जाने की आशंका

लोकमित्र ब्यूरो

मान्धाता प्रतापगढ़। स्थानीय थाना क्षेत्र के हैंसी इलाके में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक शमीम बाजार से घर लौट रहा था, जब बदमाशों ने उसे निशाना बनाया। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया, जबकि परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।बताया गया कि मृतक शमीम बाजार गया था। वहां से लौटते समय रास्ते में ही बाइक सवार बदमाशों ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया। इसके बाद सूनसान स्थान पर बदमाश उसे गोली मारकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने उसे फौरन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उधर शिवय गांव के निवासी शमीम की हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि हमलावरों ने शमीम का पीछा करते हुए वारदात को अंजाम दिया। गोली मारने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।सूचना मिलने पर मान्धाता पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा कि आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा। इस घटना से शमीम के परिवार पर गम का पहाड़ टूट पड़ा है।इस हत्या ने क्षेत्र में भय का माहौल पैदा कर दिया है, और स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं।

चलती ट्रेन में चढ़ते समय फिसला पैर, कटकर युवक की मौत

बांदा। चलती ट्रेन में चढते समय पैर फिसल जाने से युवक नीचे के नीचे आकर कट गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।हमीरपुर जिला के कुनेहटा गांव निवासी 19 वर्षीय हरिभजन पुत्र वृंदावन बुधवार की दोपहर चित्रकूट जाने के लिए इंटर सिटी ट्रेन में चढ रहा था। तभी पैर फिसल जाने से वह ट्रेन के नीचे आकर कट गया। उसका शरीर दो हिस्सो में बट गया। उसकी मौके पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। तलाशी के दौरान उसकी जेब से निकले मोबाइल नबंर और आधार कार्ड से पुलिस ने परिजनो को जानकारी दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया।

अजगरा के पर्यटन विकास के लिए बजट स्वीकृत

▶▶ जनपद में स्थित महाभारत कालीन यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल का होगा कायाकल्प

लोकमित्र संवाद

अजगरा, प्रतापगढ़। जनपद के अजगरा रानीगंज में स्थित यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल का कायाकल्प जल्द ही होगा। यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल पर पचास लाख रुपए के बजट से यात्री टीनशेड, पेयजल व्यवस्था, स्नानागार व शौचालय का निर्माण किया जाएगा। बता दें कि जिलाधिकारी के निर्देश पर उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग निगम के जेई व आर्किटेक्ट ने यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया। अजगरा महोत्सव एवं मेला संरक्षक से पर्यटन विभाग निगम के जेई ने जमीन की खतौनी व लेखपाल से आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। फरवरी माह तक जनपद के रानीगंज अजगरा में स्थित यक्ष युधिष्ठिर संवाद स्थल पर निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग निगम के अधिकारियों ने संबंधित आर्किटेक्ट को कायाकल्प का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं। जल्द ही प्रस्ताव जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा और बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। अजगरा महोत्सव एवं मेला संरक्षक राजेश कुमार पाण्डेय निर्झर प्रतापगढ़ी ने बताया कि अजगरा महोत्सव स्थल का कायाकल्प होने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। मेला क्षेत्र में आने वाले दर्शनार्थियों को पेयजल, यात्रीशेड, व शौचालय की सुविधा मुहैया हो सकेगी। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग निगम के अवर अभियंता ओम प्रकाश राव ने बताया कि अजगरा का स्थलीय निरीक्षण पूरा हो गया है।

प्रभात एकेडमी स्कूल में हुआ स्पोटर्स मीट का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। शहर के प्रभात एकेडमी स्कूल में स्पोटर्स मीट का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन छात्रों ने विभिन्न आउटडोर खेलों में दमदार प्रदर्शन कर उत्साह दिखाया। भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई की जयंती के उपलक्ष में स्कूल में खेलकूद सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। जनपद की जिला क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज एवं विद्यालय प्रबंधक व प्रधानाचार्य प्रभात शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन परिचय से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

क्रीड़ाधिकारी पूनम लता राज तथा प्रधानाचार्य डॉ. प्रभात शर्मा ने प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को हरी झंडी दिखाई। सबसे पहले मैच बैडमिंटन, कुर्सी दौड़, 50 मीटर, 100 मीटर व 200 मीटर की दौड़ आयोजित किए गए। जिसमें नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला व कौशाम्बी हाउस के बीच मैच हुआ। जिसमें सभी टीमों की खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

पठन-पाठन के मध्य आयोजित खेल-सप्ताह में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता क्रिकेट कोच आदित्य सिंह, गेम्स शिक्षक के पारदर्शी निर्देशन में आयोजित की गई।इस अवसर पर प्रभात अकेडमी, अष्टभुजा नगर के शिक्षक गैर-शिक्षक, पूजा, अंजू, पूनम, एकता, मधु, अंकिता, सृष्टि, आस्था, तनुजा, सुनीता, सारा, ज़ेबा अमरजीत, यू एस मिश्रा, किशा, हरकेश, आशीष, इरफान, रीतेश, खुशबू, आराध्या, अमरजीत, आशीष, सुनीता राम, सहित विद्यार्थी व बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

गौरा ब्लाक के पूरे राम सहाय ग्राम में 119 मजदूरों का हुआ सत्यापन

▶▶ लोकपाल की पहल पर लोक भारती संस्था के सहयोग से 120 हरि शंकरी पौध लगाए गए

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। गौरा ब्लाक के पूरे राम सहाय ग्राम पंचायत में लोकपाल मनरेगा समाज शेखर की अध्यक्षता में मनरेगा मजदूरों की चौपाल का आयोजन हुआ। 119 मनरेगा मजदूरों को सत्यापित करने हेतु 120 हरि शंकरी के पौध का रोपण किया गया। मजदूरों की समस्याओ की सुनकर समाधान भी बताये गए। गौरा ब्लाक के पूरे राम सहाय गाँव में इस बार 25 दिसंबर को बड़े दिन के अवसर पर सभी मजदूरों की भागीदारी से यादगार बन गया। गाँव की सीमा पर स्थित प्राचीन नाले के दोनों किनारों पर 120 हरि शंकरी पौध का रोपण किया गया। सर्व प्रथम लोक भारती संस्था के जिला संयोजक दिनेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में विधिवत पूजन के बाद पौध रोपित हुए। शर्मा जी ने पीपल पाकड और बरगद के वृक्षों का महत्व रेखांकित करते हुए हरी शंकरी के महत्व के बारे में सभी को विधिवत जागरूक किया। प्रधान पति उमेश पटेल व ग्राम विकास अधिकारी के संयोजन में सभी मजदूरों द्वारा एक एक पौध रोपित किया गया। सभी मजदूरों ने संकल्प लिया की अपने द्वारा रोपित पौधों का संरक्षण वह स्वयम भी करेंगे। तदोपरांत मनरेगा मजदूरों की चौपाल का आयोजन हुआ जिसमे लोकपाल समाज शेखर ने मजदूरों की समस्याओ को सुना और ग्राम पंचायत को समाधान के निर्देश दिये। पौधों की देखरेख हेतु नियमानुसार आवश्यक मजदूर लगाए जाने और समुचित प्रबन्धन के निर्देश प्रधान व सचिव को दिया।

नेत्र रोगियों से मिलने बजरंग डिग्री कॉलेज पहुंचे राजा भइया

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने मंगलवार को बजरंग डिग्री कॉलेज कुंडा में पहुंच कर नेत्र रोगियों से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। साथ ही यूथ बिग्रेड के कार्यकर्ताओं को बेहतर तरीके से देखरेख करने के लिए निर्देशित किया। बता दे कि बीते दिनों राजा भइया के निर्देशन में राजा भइया यूथ बिग्रेड के संयोजन में द्वितीय चरण में बिहार ब्लॉक में आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में चिह्नित 98 महिला 75 पुरुष की आंखों का ऑपरेशन मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में कर के लेंस प्रत्यारोपित किया गया है। सभी मरीजों को बजरंग डिग्री कॉलेज में रहने व भोजन नाश्ता की व्यवस्था किया गया है। प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव के देखरेख में कार्यकर्ताओं द्वारा सभी लोगों की देखरेख की जा रही है। नाश्ता भोजन आदि समय से उपलब्ध कराया जा रहा है।

महामंत्री के आकस्मिक निधन पर शोक में डूबा उमरवैश्य समाज

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिला उमरवैश्य समाज सभा की आकस्मिक बैठक सभा के अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समाज सभा के महामंत्री शोभनाथ उमरवैश्य के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि समाज सभा के महामंत्री शोभनाथ के आकस्मिक निधन से उमरवैश्य समाज ने समाज का एक हीरा खो दिया है। जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती है। शोभनाथ उमरवैश्य समाज को ऊंचाइयों में ले जाने में सदैव अपना योगदान दिया था। समाज सभा के अध्यक्ष गुलाब चंद्र ने कहा कि आज पूरा समाज शोभनाथ के निधन से बहुत ही दुखी है। जिले के सभी पदाधिकारीयों ने शोभनाथ के आवास पर पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सियाराम उमरवैश्य, राम अजोर उमरवैश्य, अजय कुमार, मदनलाल, श्री राम, डॉक्टर श्याम, राजेश, लक्ष्मी नारायण, साधु, श्रवण कुमार, आशीष कुमार, रमेश चंद्र, विश्वनाथ, हनुमान प्रसाद, गोवर्धन दास, श्याम बाबू ,छेदीलाल, देवानंद, संतोष कुमार आदि समाज सभा के जिले के पदाधिकारीगणों ने शोक जताया। अंत में 2 मिनट कम मौन रख कर मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। इसके अतिरिक्त महामंत्री शोभनाथ के आवास पर शोक व्यक्त करने वालों में भाजपा अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, महामंत्री राजेश सिंह, विधायक सदर राजेंद्र मोर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, बब्बू सिंह, विशाल विक्रम सिंह, तिलकधारी सिंह, रवि गुप्ता, श्यामू जायसवाल आदि ने शोक जताया।

मऊ गांव के जमीनी विवाद में अज्ञात सहित 34 लोगों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के मऊ गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए पहले तो दोनों पक्षों में कहा सुनी हुई फिर एक दूसरे को गाली गलौज देना शुरू कर दिया। मामला यहीं नहीं रुका बात इतनी बढ़ गई कि, दोनों पक्षों के लोगों द्वारा लाठी डंडा तथा धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला बोल दिया। जिससे दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, पुलिस को मिली तहरीर के आधार पर एक दूसरे के खिलाफ सुसंगत धाराओं में 17 लोगों को नाम जद करते हुए डेढ़ दर्जन से अधिक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है, पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

बताते चले कि मामला बीते बुधवार के दिन का है दिन में लगभग 11:30 बजे जमोलिया प्रधान अंजनी कुमार गुप्ता अपने परिजनों के साथ खेत पर विपक्षियों द्वारा रात में जबरन गाड़े गए आरसीसी पिलरों का विरोध करने खेत पहुंचे, जहां आरोप है कि, वहां मौजूद राजकुमार सिंह उर्फ मोगा पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह आदि लोगों को नाम जद करते हुए सात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार कुल्हाड़ी, फावड़ा आदि से हमला कर देना तथा आवाज सुनकर खेत में अभय सिंह पुत्र धीरेंद्र सिंह के बचाने आने पर उनको भी धारदार हथियार से गाल पर हमला कर देना आवाज सुनकर आए आवेदक के पुत्र शुभम वैभव एवं भाई पवन गुप्ता अश्वनी गुप्ता तथा प्रार्थी की दुकान पर काम करने वाले दीपांशु पुत्र शिव शंकर के आने पर उनके साथ भी मारपीट करना तथा विपक्षीगण द्वारा लाइसेंसी पिस्टल से जान से मार देने की धमकी का आरोप लगाया है। वही दूसरे पक्ष राजकुमार सिंह उर्फ मोगा पुत्र महेंद्र प्रताप सिंह की तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि, विपक्षीगणों द्वारा लाठी डंडों से लैस होकर उनकी भूमि पर पहुंचकर अमादा फौजदारी गाली गलौज और ऐलानियां जान से मारने की धमकी देते हुए सीमेंट पिलर यूके लिप्ट्स के पेड़ को नष्ट करना उनके द्वारा विरोध करने पर विपक्षीगणों द्वारा जान से मारने की नीयत से भद्दी-भद्दी गाली देने व धारदार हथियार से वार करने पर प्रार्थी के सिर में गंभीर चोटे आना और बेहोश हो जाना विपक्षीगणों द्वारा वादी के घर में घुसकर तोड़फोड़ व लूटपाट करने का आरोप लगाया गया है। इस पूरी घटना में सत्येंद्र प्रताप सिंह पुत्र नारेंद्र बहादुर सिंह आदि 11 लोगों को नाम जद करते हुए 10 व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया है।पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर एक दूसरे के विरुद्ध डेढ़ दर्जन से अधिक नाम जद तथा डेढ़ दर्जन से अधिक अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया कि, बैनामे की जमीन को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा है, बगैर किसी राजस्व अधिकारी की रिपोर्ट के बिना दबंग प्रतिपक्षी राजकुमार सिंह अपने सुरक्षा कर्मियों व साथियों के साथ जमीन पर कब्जा करने गए जबकि मौजूदा समय में वह जमीन अंजनी गुप्ता के नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। जिसके चलते मना करने पर दोनों पक्ष फौजदारी पर आमादा हो गए और झगड़ा हो गया। जिसमें दोनों पक्षों द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। विवेचना कर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी तो वहीं रायबरेली पुलिस मीडिया सेल द्वारा यह बयान दिया गया है कि, दोनों पक्ष के लोगों को चोट आई है चोटहिलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जिसमें न कोई फायर हुआ और न ही कोई आर्म इंजरी हुई व ना ही चोटें आई हैं तथा लूट की घटना भी असत्य है तथा घटनास्थल का निरीक्षण क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा किया गया है।

अठेहा पीएससी में डॉक्टरों की कमी से क्षेत्रवासियों को हो रही है बड़ी समस्या

सांगीपुर प्रतापगढ़ अठेहा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएससी) में डॉक्टरों की गंभीर कमी के कारण स्थानीय लोग इलाज के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हो गए हैं। स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सा सुविधाओं का भारी अभाव है, जिससे आसपास के गांवों के लोग इलाज के लिए दूर-दूर तक जाने को विवश हैं।स्थानीय निवासी बताते हैं कि इस पीएससी में डॉक्टर की नियुक्ति अक्सर नहीं हो पाती, जिससे बीमारों को समय पर इलाज नहीं मिल पाता। कई बार गंभीर मरीजों को नजदीकी शहर के अस्पतालों में रेफर किया जाता है, जहां समय पर इलाज मिलना मुश्किल हो जाता है। इससे लोगों में निराशा और चिंता बढ़ गई है।सी एस सी अधीक्षक आनंद त्रिपाठी का कहना है कि डॉक्टरों की नियुक्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं, और शीघ्र ही इस समस्या का समाधान किया जाएगा। प्रशासन ने यह भी आश्वासन दिया है कि इस दिशा में आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।इस बीच, क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि पीएससी में डॉक्टरों की तैनाती जल्द नहीं की जाती, तो उनकी स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ सकती हैं। क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रशासन से शीघ्र समाधान की उम्मीद कर रहे हैं।समझना यह है कि स्थानीय प्रशासन कितनी जल्दी इस गंभीर समस्या का समाधान करता है, ताकि लोग समय पर इलाज प्राप्त कर सकें और उनकी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ने से बच सकें।

कर्जदार मजदूर ने रस्सी से फंदा लगा कर ली खुदकुशी

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ले में मजदूरी करने गए। अधेड़ ने कर्ज से परेशान होकर मकान के ऊपरी मंजिल में पड़े जाल में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।शहर के परशुराम तालाब निवासी 50 वर्षीय महेश पुत्र भगवती प्रसाद मकानो में पुताई का काम करता था। वह आजाद नगर मोहल्ले में नौशाद ठेकेदार के साथ में मोहम्मद अकील के मकान में पुताई का काम करता था। गुरूवार की सुबह वह मकान मालिक से चाबी लेकर काम करने गया था।

महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष बनी सरिता नागेंद्र, अंजू महामंत्री

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। उत्तर प्रदेश महिला संघ की रायबरेली कार्यकारिणी का गठन और प्रथम जनपदीय अधिवेशन का आयोजन बुधवार को शहर के नारायण होटल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य और मुख्य अतिथि जिला शिक्षा एवम् प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्राचार्य जेपी सिंह रहे। डायट प्राचार्य के द्वारा दीप प्रज्वलन, सरस्वती मां के चित्र पर मल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अधिवेशन में रायबरेली की कमान एक बार फिर से सरिता नागेंद्र को सौंपी गई।उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ रायबरेली का शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी व प्रथम अधिवेशन जिला निर्वाचन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य ने कहा कि महिला शिक्षकों के हित में यह संगठन सदैव काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हित में काम कर रहे हैं। डायट प्राचार्य जेपी सिंह ने कहा कि महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी मिली हुई है। घरों को संवारने के साथ ही विद्यालयों को बेहतर करने का प्रयास कर रही है। विद्यालय को आगे बढ़ाने में महिला शिक्षकों की महत्ती भूमिका है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हित में संगठन सदैव काम करता रहेगा। उन्नयन गोष्ठी के साथ ही सम्पन्न हुए चुनाव में पूरी जनपदीय कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। महिला शिक्षक अर्चना मिश्रा को संरक्षिका, सरिता नागेंद्र को जिला अध्यक्ष के लिए चुना गया। इनके अलावा जनपदीय कार्यकारिणी में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ अशोक कुमारी ,जिला उपाध्यक्ष साधना सिंह, जिला महामंत्री अंजू यादव, जिला कोषाध्यक्ष सीमा कुमारी, मालती सिंह कुशवाहा को जिला संयुक्त मंत्री, जिला मंत्री तपस्या पुरवार, जिला संगठन मंत्री सरोजनी मौर्या, जिला मीडिया प्रभारी किरन जेहरा, एकाउंटेंट जावित्री यादव, आय व्यय निरीक्षक रेनू बौद्ध सहित कुल 27 पदों की जिला कार्यकारिणी निर्वाचित की गई।

कार्यक्रम का सफल संचालन किरन जेहरा द्वारा किया गया तथा स्वागत गीत मालती मौर्या व प्रेरणा गीत एकता श्रीवास्तव, अंजू यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, मंत्री व उनकी कार्यकारिणी सहित समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

अटल जी की सौवीं जयंती पर चंद्रशेखर मेमोरियल कॉलेज में हुए विभिन्न कार्यक्रम

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी जानो प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई स्मारक फाउंडेशन के तहत लालगंज क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थानचंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज लालगंज में अटल जी जानो चित्रकला और निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला की देखरेख में छात्र-छात्राओं ने चित्रकला प्रतियोगिता के तहत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के बाबू बहुत ही सुंदर कलाकृति के पोस्टर बनाये और निबंध प्रतियोगिता के तहत भी बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि अटल जी का जीवन परिचय जानना नवीन पीढ़ी के लिए बहुत ही आवश्यक है। फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और महामंत्री अशोक शुक्ला ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान में भारत सरकार अटल जी के विषय में सुशासन पखवाड़ा मना रही है। अटल जी से संबंधित गोष्ठी और अन्य कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। सुशील शुक्ला ने कहा कि अटल जी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री रहे । पोखरण परमाणु बम परीक्षण और कारगिल विजय उनके कार्यकाल के ऐतिहासिक क्षण थे।

व्यापार मंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि भारत रत्न अटल जी सर्वोदयी नेता थे। प्रखर वक्ता के साथ-साथ कविता और पत्रकारिता में उन्हें महारत हासिल थी। कार्यक्रम में अटल जी की बेहतरीन कलाकृति बनाने में छात्र प्रियांशी, योगिता, अंकिता गुप्ता, साक्षी तिवारी और उमेय रुमान को प्रमाण पत्र देखकर पुरस्कृत कियागया ।वहीं अटल जी के विषय में निबंध प्रतियोगिता में रिचा, प्रिंसी, अनामिका, तनिष्का ,सिमरन, गौर श्री ,अंश गुप्ता, रिद्धिमा, विपिन,कामना को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। सीएमपीएस के व्यवस्थापक दीप प्रकाश शुक्ला ने बच्चों को पुरस्कृत करने एवं उत्साह वर्धन के लिए फाउंडेशन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

4 हजार से अधिक संस्थाओं को हुआ भूमि आवंटन

31 तक पूर्ण होगा महाकुम्भ के लिए शेष संस्थाओं का भूमि आवंटन

लोकमित्र ब्यूरो

महाकुम्भ नगर। सनातन आस्था के सबसे बड़े समागम महाकुम्भ 2025 को अब चंद दिन शेष रह गए हैं और मेला क्षेत्र में गितिविधियां तेजी से बढ़ गई हैं। महाकुम्भ का सबसे बड़ा आकर्षण अखाड़ों की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है और दो से तीन अखाड़ों का छावनी प्रवेश भी हो चुका है। मेला प्राधिकरण की ओर से अखाड़ा समेत ज्यादातर संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष संस्थाओं समेत नई संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य प्रगति पर है और इसे 31 दिसंबर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने अपनी विजिट के दौरान भूमि आवंटन के कार्य में तेजी लाते हुए 31 दिसंबर तक इसे पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। सीएम योगी के निर्देश के बाद त्वरित गति से संस्थाओं को

➪अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दांडीवाड़ा को भूमि आवंटन पूरा

भूमि आवंटन का कार्य किया जा रहा है। अब तक 4 हजार से ज्यादा संस्थाओं को भूमि आवंटित कर दी गई है। महाकुम्भ में 8 हजार से 10 हजार के बीच संस्थाओं के आने का अनुमान है। मेला प्राधिकरण के अनुसार, अब तक समस्त अखाड़ों, उनके अनुगामी अखाड़ों के साथ महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीवाड़ा, आचार्यवाड़ा, खाकचौक का भूमि आवंटन पूरा कर लिया गया है, जबकि प्रयागवाल और नई संस्थाओं को भूमि आवंटन 31 तक पूर्ण किया जाना है। सीएम योगी के समक्ष हुई समीक्षा बैठक के दौरान उन्हें बताया गया था कि कुल 4268 संस्थाओं को भूमि आवंटित कर दी गई है। इसमें अखाड़ों और उनके अनुगामी

चल रहा निर्माण और सजावट का कार्य

प्रयागराज। अखाड़ों समेत जिन-जिन संस्थाओं को भूमि आवंटन हो चुका है, उनके टेंटेज का कार्य भी पूरी तेजी से आगे बढ़ रहा है। झूंसी क्षेत्र में अखाड़ों, महामंडलेश्वर, खालसा, दंडीवाड़ा, आचार्यवाड़ा, खाकचौक समेत अनेक संस्थाओं के लोग अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुरूप टेंट और सजावट के कार्य में जुटे हैं। प्रशासन की ओर से यहां चेकर्ड प्लेटें बिछा दी गई हैं और साइनेज भी तेजी से लगाए जा रहे हैं, ताकि आने वाले लोग अपनी संस्थाओं तक आसानी से पहुंच सकें। इसके अलावा लाइटिंग समेत अन्य आवश्यक कार्य भी पूरी गति से किए जा रहे हैं। जूना अखाड़ा और आवाहन अखाड़े का छावनी प्रवेश भी हो चुका है, जबकि गुरुवार को ही अग्नि अखाड़े का भी छावनी प्रवेश हुआ है। इस तरह, सभी अखाड़ों और संस्थाओं में गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं और एक जनवरी तक यह क्षेत्र पूरी तरह सज संवर कर तैयार हो जाएगा।

अखाड़ों को 19, महामंडलेश्वर को 460, खालसा को 750, दंडीवाड़ा को 203, आचार्यवाड़ा को 300, खाकचौक को 300 और अन्य को 1766 भूमि आवंटन का कार्य पूरा किया जा चुका है। वहीं, प्रयागवाल को अब तक 450 भूमि आवंटन किए जा चुके हैं। प्रयागवाल को भूमि आवंटन का कार्य 12 दिसंबर से शुरू हुआ है, जो 31 दिसंबर तक चलेगा। इसी तरह, नई संस्थाओं को भूमि आवंटन का कार्य भी 16 दिसंबर से शुरू हो गया है, जिसे 31 तक पूरा कर लिया जाएगा।

डा पवन मिश्र को मातृ शोक संवेदना देने पहुंचे विधायक

लोकमित्र ब्यूरो

होलागढ़ (प्रयागराज)। पूरनपुर निवासी डॉ.पवन मिश्र की 96 वर्षीय माता कलावती का घर पर बुधवार को निधन हो गया। सबसे छोटे बेटे विनय मिश्र ने गुरुवार को श्रृंगवेरपुर गंगा घाट पर मुखाग्नि दी। फाफामऊ के भाजपा विधायक गुरु प्रसाद मौर्य ने गंगा घाट पर पहुँच शोक संवेदना दी। बता दें कि डा पवन के बड़े भाई ग्राम के तीन बार प्रधान रह चुके हैं। शोक के इस मौके पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी, रामजी शुक्ल, राकेश पांडेय, सुबोध तिवारी, डा के डी मिश्र, इंजीनियर संदीप मिश्र, शिव दीप मिश्र, सूर्यांश, रबीन्द्र राजा, त्रियुगी नारायण मिश्र, भाजपा नेता गुरु ओम मिश्र, संदीप द्विवेदी, बच्चू लाल यादव आदि मौजूद रहे।

परिवहन विभाग के एम डी ने झूंसी बस अड्डे का किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

झूंसी। उत्तर प्रदेश के परिवहन निगम के निदेशक ने झूंसी वर्कशॉप और बस अड्डे का निरीक्षण किया था श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधा उपलब्ध कराए जाने के दृष्टिगत गुरुवार को उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग के एम डी मासूम अली सर्वर ने परिवहन विभाग के द्वारा कराए जा रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए बनाए गए अस्थाई बस अड्डे का निरीक्षण किया। तथा उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि प्रदेश के मुख्य मंत्री जी ने ये काम परिवाह विभाग को सौंपा और कहा कि महाकुंभ महापर्व है जिसमें देश विदेश के श्रद्धालु कुंभ मेले में आयेगे। श्रद्धालुओं की संख्या चालीस करोड़ आकी जा रही है उनको बेहतर सुविधा मुहैया कराया जाय जिसके दृष्टिगत लोकेशन डिवाइस से लैस अस्थाई 7000 हजार बसों का संचालन किया जाएगा जिससे श्रद्धालुओं के हित में होगा। जिसमें 5050 सटल बसे चलाई जाएगी वो भी निःशुल्क चलाए

जाएंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि यह बसे 10 तारीख से संचालित किए जाएंगे। बस स्टैड,पार्किंग,यात्रियों की व्यवस्था,ड्राइवर कंडक्टर की रहने की व्यवस्था, कैंटीन की व्यवस्था, कंट्रोल रूम, ब्रेकडाउन हो जाता है तो क्रेंस कहा पर होना चाहिए, चेकपोस्ट कहा पर होगा, खोयापाया केंद्र, अलाउंस सिस्टम, दूरदराज से आए श्रद्धालुओं के आराम की व्यवस्था हो और अलाव की व्यवस्था इन सब व्यवस्था को चुस्तदुरुस्त होना अतिआवश्यक है। कहा कि प्रदेश के अलावा कुल आठ अन्य प्रदेश से हमारा समझौता हुआ और वहां की बसे संचालित होंगी जैसे दिल्ली, पंजाब,उत्तराखंड, राजस्थान,बिहार, मध्य प्रदेश, इसी प्रकार कुल मिला कर आठ राज्यों ने भी श्रद्धालुओं को ले आने लेजाने में अपना अहम योगदान देंगे। सटल बसों में दोनो ओर पैनल लगाया जाएगा जिसमें महाकुंभ सटल बस लिखा होगा इससे श्रद्धालुओं को ज्ञात हो जाएगा कि ये सटल बस है। सटल बस का किराया निःशुल्क रहेगा। अगर आवश्यकता पड़ी तो और भी बसों का संचालन किया जाएगा।

मेजा ऊर्जा निगम की सामाजिक उत्तरदायित्व मुहिम जारी

विभिन्न गांव में चल रहा कम्बल वितरण व लगाई गई कस्तूरबा विद्यालय में सौर स्ट्रीट लाइट

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। मेजा ऊर्जा निगम द्वारा स्थानीय लोगों के लिए अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत बच्चों की शिक्षा में सहयोग ठंढ से गरीबों को बचाने के लिए कम्बल वितरण अभियान चलाया जा रहा है। सहयोग की इस मुहिम में एक दिन पूर्व मेजा ऊर्जा निगम से जुड़े विभिन्न गांवों में सैकड़ों लोगों को कम्बल वितरण के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में 100 सौर स्ट्रीट लाइट लगा कर लोगों को सहयोग और सहूलियत दी गयी है। मेजा ऊर्जा निगम के एच आर हेड (विभागाध्यक्ष मानव संसाधन) विवेक चंद्रा , डीजीएम मानव संसाधन सुधीर मुदाही द्वारा गुरुवार को प्राथमिक स्कूल चपरो में गरीबों को 200 कम्बल वितरित किए हैं।स्कूल के 170 बच्चों को वैग और स्टेशनरी संस्थान के (सीएसआर) के अंतर्गत वितरित किया है।एच आर हेड विवेक चंद्रा ने कहा कि निगम स्वास्थ,शिक्षा,पर्यावरण,यातायात के साथ रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर सक्रिय रहा है।यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

मेजा ऊर्जा निगम ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के अंतर्गत स्थानीय समुदायों की सहायता के लिए दो महत्वपूर्ण सीएसआर कार्यक्रमों को बुधवार को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। सतत विकास को प्रोत्साहित करते हुए, निगम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मेजा सहित विभिन्न प्रमुख क्षेत्रों में 100 सौर स्ट्रीट लाइट्स स्थापित की हैं। यह पहल न केवल सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करती है, बल्कि क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरणीय स्थिरता को भी बढ़ावा देती है।

मेजा ऊर्जा निगम ने सलैया कला, महुली कला, और मई खुर्द आदि गांवों के निवासियों को बुधवार को 485 कंबल वितरित किए। कंबल वितरण से ठंड के मौसम में कमजोर और जरूरतमंद परिवारों को ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

अपनी आंखों से दुनिया देख सकेंगे गरीब-राजू भैया

निशुल्क नेत्र शिविर के जरिए गरीब मरीजों का सहारा बन रही डीजीएस टीम

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। प्रदूषित वातावरण एवं जीवन की आपाधापी में लोगों की जीवन शैली में व्यापक बदलाव देखा जा रहा है। उम्र बढ़ने के साथ इसका असर सेहत पर भी देखा जा सकता है।गांव के गरीब बस्तियों में विभिन्न रोगों से ग्रसित लोगों की बड़ी संख्या है। सरकार की मुफ्त इलाज भी नाकाफी मानी जा रही है। गरीबों के सेवा व सहयोग के क्षेत्र में सक्रिय डीजीएस टीम, लोगों की आंखों की रोशनी दिलाकर उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए सक्रिय है।

आंखों की समस्या जीवन की दशा और दिशा बदल देती है। गरीब और असहाय तबके में यह समस्या और विकराल है। धनाभाव इसकी बड़ी वजह है।डीजीएस टीम की सेवा मुहिम में निशुल्क नेत्र शिविर को प्राथमिकता देते हुए सैकड़ों लोगों की आंख की रोशनी दिलाकर उंन्होने कई

परिवारों को खुशियों की सौगात दी है। भाजपा नेता एवं जनसेवक के रूप में चर्चित इंद्रदेव शुक्ल राजू भैया के आग्रह पर गुरुवार को डीजीएस गेस्ट हाउस भारतगंज में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के बैनर तले निशुल्क विशाल निशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया है।

शिविर में डॉ श्रीकांत पांडेय व डॉ. नयन द्विवेदी ने मोतियाबिंद के लक्षण,कारण और उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए करी 500 मरीज़ो की आंखों की जांच की गई। जिसमें 150 मरीजों को निशुल्क चश्मा तथा 200 मरीजों को मुफ्त दवा दी गई। 18 मरीजों को आपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया। राजू भैया द्वारा ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजे गए मरीजों का

➪शिविर में जुटी भारी भीड़, 500 लोगों का हुआ परीक्षण

यात्रा खर्च वहन कया गया है। राजू भैया ने कहा कि किसी की आंखों की रोशनी लौटाना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि डीजीएस परिवार के द्वारा ऐसे लोगों की दुनिया को रोशन करने की कोशिशें आगे भी जारी रहेंगी।

डीजीएस टीम उन गरीबों के साथ खड़ी है जो धनाभाव में अपना इलाज नही करा पा रहे थे। उन्होंने सदुरु सदगुरू सेवा संघ चित्रकूट के सहयोग से इस अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस दौरान प्रमोद दुबे, नीरज द्विवेदी, शिवम दुबे, राधा, कौशल्या, निशा, अंजू ओपी मिश्रा, भगवान दास बिंद, संतोष केसरी, मंजीत तिवारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर आज

करछना(प्रयागराज)। विगत कई वर्षो की भांति इस वर्ष भी क्षेत्र के रामपुर स्थित जनहित अस्पताल परिसर में आज शुक्रवार को विशाल निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया है।जानकारी देते हुए अस्पताल की अधीक्षिका डॉ. व्यंजना पांडेय ने बताया कि उक्त शिविर के दौरान विश्व प्रसिद्ध नेत्र चिकित्सक प्रोफेसर डॉ.आर.एन.मिश्रा और टीम के कुशल नेत्र चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं निशुल्क परामर्श दिया जाएगा।उन्होंने बताया कि शिविर में आए मोतियाबिंद के गंभीर रोगियों हेतु उन्हें चिकित्सकों द्वारा चयनित कर उनके निशुल्क का ऑपरेशन की भी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही नेत्र शिविर में आए नेत्ररोगियों को चिकित्सकों द्वारा परीक्षण कर उन्हें उचित दवा,सलाह दी जाएगी।उक्त नेत्र शिविर में उन्होंने स्थानीय नेत्र रोगियों से पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है।

वैन कार की टक्कर से सफाई कर्मचारी घायल पैर टूटा

लोकमित्र ब्यूरो

थरवई । प्रयागराज जय प्रकाश गुप्ता 47 वर्ष पुत्र उमेश कुमार गुप्ता निवासी जगदीश पुर पुरे चंदा सुबह नौ बजे अपने घर से जुडापुर दादू सोरांव डियूटी पर जा रहे थे। जैसे से पान की पुलिया इस्माइलगंज पहुचे थे। तभी वैन कार ने टक्कर मार दिया। जिससे जय प्रकाश गुप्ता का दाहिना पैर टूट गया। परिवार के लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहा उनका इलाज चल रहा है। कार स्वामी कार लेकर मौके से भाग निकला।

ग्राम सचिवालय भवन से मिलेगा आसानी से ग्रामीणों को लाभ- राजमणि कोल

चपरो में विधायक ने नवनिर्मित सचिवालय भवन का किया लोकार्पण

कोरांव (प्रयागराज)। ग्रामीणों को अब ग्राम पंचायतो में बने सचिवालय भवनों व पंचायत भवनों से ही सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्हें किसी भी प्रकार की योजनाओं की जानकारी भी सचिवालय भवन से ही मिल सकेगी। यह बातें कोरांव भाजपा विधायक राजमणि खोलना क्षेत्र के चपरो गांव में नवनिर्मित सचिवालय भवन का लोकार्पण करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक रजवाड़ी खोल दे अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष ग्राम प्रधान चपरो द्वारा बनवाए गए ग्राम सचिवालय भवन की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से भव्य व सुसज्जित ग्राम सचिवालय भवन

का निर्माण कराया गया है। इसी तरह अन्य ग्राम प्रधानों को भी प्रेरणा लेकर विकास कार्यों को अंजाम देना चाहिए। इसी तरह बतौर विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश शुक्ल ने कार्यक्रम को संबोधित कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और सुसज्जित कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए ग्राम प्रधान की सराहना की। कार्यक्रम को ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मेजा गंगा प्रसाद मिश्र, बबुआन द्विवेदी, संतरा देवी बिंद, विधायक पीआरओ रामाश्रय शुक्ला समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। ग्राम प्रधान सुरेश चंद्र तिवारी की ओर से असहाय जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया गया उन्होंने आए हुए अतिथियों का आभार भी व्यक्त किया।

मेजा ऊर्जा निगम की ओर से परिषदीय विद्यालय के बच्चों को दिया गया उपहार

चपरो में आयोजित ग्राम सचिवालय भवन के लोकार्पण व कंबल वितरण समारोह में मेजा ऊर्जा निगम की ओर से भी आशा है जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया मेजर ऊर्जा निगम के एच आर सुरेश चंद्रा की ओर से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को स्टेशनरी छाता कॉपी किताब आदि का भी वितरण किया गया।

प्रदेश के 128 केन्द्रों पर 60 हजार छात्र देंगे परीक्षाएं

मुक्त विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 27 से होंगी प्रारम्भ

प्रयागराज। उ प्र राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज की सत्र दिसम्बर 2024 की परीक्षाएं 27 दिसम्बर से प्रारम्भ हो रही है। पूरे प्रदेश में 128 परीक्षा केन्द्रों पर लगभग 60 हजार परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह जानकारी गुरुवार को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने दी।

उन्होंने बताया कि परीक्षाएं 25 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी। प्रयागराज तथा गाजीपुर में सर्वाधिक आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उचित छात्र संख्या का मानक स्थापित करते हुए प्रत्येक जनपद में एक परीक्षा केंद्र बनाने का प्रयास किया गया है, जिससे परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कुलपति

प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि प्रदेश के पांच केंद्रीय कारागारों में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिनमें बरेली, फतेहगढ़, अयोध्या, गोरखपुर तथा गौतम बुद्ध नगर प्रमुख हैं । परीक्षाएं दो पालियों में प्रातः10ः00 से 1ः00 तक एवं दोपहर 2ः00 से 5ः00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

विश्वविद्यालय ने परीक्षा संपन्न कराने के लिए समय सारणी को 30 दिन पूर्व प्रकाशित कर दिया था। इस बार समय सारणी को चार खण्डों में विभक्त किया है। जिसके अंतर्गत सर्टिफिकेट और डिप्लोमा कोर्स की परीक्षाएं 27 दिसंबर 2024 से 2 जनवरी 2025 तक, स्नातक कार्यक्रमों की परीक्षा 27 दिसम्बर से 25 जनवरी 2025 तक, स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की परीक्षाएं 11 जनवरी 2025 से 25 जनवरी 2025 तक तथा पीएचडी कोर्स वर्क की परीक्षाएं एक एवं दो जनवरी 2025 को आयोजित की जाएंगी।

प्रोफेसर सत्यकाम ने बताया कि परीक्षा की शुचिता को बनाए रखने के लिए सभी के लिए परीक्षा फॉर्म भरना अनिवार्य किया गया तथा नियमानुसार उन्हीं का प्रवेश पत्र निर्गत किया गया जिन्होंने अपने अधिन्यास कार्य निर्धारित तिथियों पर जमा किए।

जेसीबी मशीन से सरेआम हो रहा मिट्टी का अवैध खनन, प्रशासन मौन

भू स्वामी के जानकारी के बिना दबंग जेसीबी मशीन संचालक ने की किसान के खेत में खुदाई

नारीबारी (प्रयागराज)। जनपद के थाना शंकरगढ़ चौकी नारीबारी अंतर्गत खनन माफियाओं के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर किसान अभिषेक सिंह सुरवल सहनी के खेत से बिना जानकारी दिए खोद कर सैकड़ो ट्रॉली मिट्टी दिन दहाड़े निकाल ली गई ।जिससे किसान के खेत की दुर्दशा हो गई।जिसपर किसान ने आरोप लगाते हुए उचित कार्यवाही करने की अपील की है।बता दे कि चौकी क्षेत्र अंतर्गत आए दिन अवैध खनन किया जा रहा है जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति हो रही है।बताया जाता है कि जेसीबी मशीन द्वारा अवैध खनन कर खनन माफियाओं द्वारा एक ट्राली मिट्टी की कीमत 500 से लेकर ₹700,800 प्रति ट्राली की दर से बेचा जाता है।जिससे राजस्व विभाग को लाखों की क्षति पहुंच रही है।खनन माफिया रात दिन मिट्टी का अवैध खनन करते हैं जैसे उन्हें प्रशासन का कोई डर ही न हो। आरोपित है कि पीड़ित की शिकायत पर जेसीबी संचालक द्वारा सिस्टम फिट होने की बात कर पीड़ित को धमकी दिया जा रहा है।मिली जानकारी से पता चला कि इनके पास मिट्टी खनन का कोई वैध परमिट नहीं है।इसके बावजूद भी अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है।साथ ही बिना किसी रोक टोक के माफियाओं द्वारा अवैध खनन करके मिट्टी बेचने का गोरखधंधा जोरों पर चल रहा है।

संयुक्त आयुक्त खाद्य अधिकारी ने किया क्रय केंद्रों औचक निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। मंडलायुक्त प्रयागराज के निर्देशन पर संयुक्त आयुक्त खाद्य अधिकारी सत्येंद्र सिंह ने गुरुवार को खीरी व लेड़ियारी क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान संयुक्त आयुक्त खाद्य विभाग के सत्येंद्र सिंह विपणन विभाग की शाखा खीरी व लेडियारी पीसीएफ खीरी केंद्रों पर पहुंचे जहां पर पीसीएफ खीरी क्रय केंद्र बंद पाया गया। व विपणन विभाग की शाखा खीरी व लेड़ियारी में खरीद सुचारू रूप से चालू मिली । विपणन शाखा लेडियारी में किसानों से वार्ता व जांच के बाद संयुक्त आयुक्त पूरी तरह से संतुष्ट दिखे।

संयुक्त आयुक्त खाद्य सत्येंद्र सिंह ने कहा की शासन की मंशा के अनुरूप खरीद हो इस उद्देश्य से मंडलायुक्त

द्वारा क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण कराया जा रहा है। किसी भी केंद्र प्रभारी द्वारा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। क्रय केंद्रों पर पूरी पारदर्शिता से खरीद होनी चाहिए। इस दौरान मार्केटिंग इंस्पेक्टर संजय पाण्डेय किसान नेता अतुल द्विवेदी, शिव गणेश तिवारी , शिव मोहन द्विवेदी , लवकुश दुबे ,समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

विद्यार्थियों की समझ बढ़ाने को अध्यापकों को मिलेगा मंत्र

लेड़ियारी (प्रयागराज)। बेसिक शिक्षा विभाग कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों के समझ के स्तर को बेहतर बनाने का कक्षानुरूप उनके बौद्धिक स्तर को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है । इसी क्रम में गुणवत्ता शिक्षा संवर्द्धन के तहत विभिन्न गतिविधियां व विद्यालय स्तर पर वित्तीय उपाशय से संबंधित विंदुओं को लेकर शिक्षकों के साथ संवाद करने तथा आगामी प्राथमिकताओं के संबंध में अभीमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन करने की तैयारी है । इसकी शुरुआत के लिए राज्य परियोजना कार्यालय समग्र की ओर से शनिवार को आनलाइन गोष्ठी होगी । इसमें सभी प्रधानाध्यापकों , शिक्षकों , शिक्षामित्रों , अनुदेशकों , शिक्षक , संकुल , एआरपी व एसआरजी अनिवार्य रूप से शामिल होंगे । संकुल प्रभारी दिनेश कुमार मिश्रा के अनुसार यू ट्यूब सत्र में कक्षा एक से आठ तक के लिए विकसित किए गए । होलिस्टक रिपोर्ट कार्ड को डिजिटल प्रारूप के भरे जाने के संबंध में बताने के साथ ही इको क्लब कफार मिशन लाइव व विद्यालय स्तर पर गठित विभिन्न क्लब तथा प्रोजेक्ट कार्य से संबोधित गतिविधियों पर चर्चा करने के साथ पीएम श्री योजना के तहत आने वाले गतिविधियों का भी लेखा-जोखा लिया जाएगा आईसीटी प्रोजेक्ट जैसे आईसीटी लैब , स्मार्ट क्लास व टैबलेट के संबंध में सभी शिक्षकों को बताया जाएगा ।

गांव की लाइट काट दिए जाने से पसरा अंधेरा

लेड़ियारी (प्रयागराज)। विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत ग्राम पंचायत किहुनी खुर्द के मजरा पथेलवा गांव में लगभग चार सौ से ज्यादा दलित परिवार निवास करते हैं । ग्रामीणों का आरोप है कि, उक्त उपकेंद्र के जेई के निर्देश पर संविदा कर्मचारियों द्वारा मजरे की लाइट काट दिए जाने से अंधेरा कायम बना हुआ है।ग्रामीणों का आरोप है कि प्रत्येक माह में एक घर से दो सौ रुपए के हिसाब वसूली की जाती है । जो उपभोक्ता सुविधा शुल्क नहीं दिया जाता है। उन्हें परेशान किया जाता है। बताया जाता है कि, जब डिनर बस्ती में संविदा कर्मचारियों को पैसे नही देते तो जेई से शिकायत कर उनकी बिजली काट दिया जाता है।जिससे ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश होना पड़ता हैं । जानकारी के मुताबिक पिछले एक सप्ताह से उक्त बस्ती की 11 हजार से लाइन का जम्फर से उतरवा दिया गया है । जिससे बस्ती में अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रही है। इस तरह के विभिन्न मुद्दों को ध्यान में रखते हुए लेड़ियारी के (खोंचा) में बना विद्युत विद्युत उपकेंद्र पर भारतीय किसान यूनियन 'भानू' जिला अध्यक्ष पंकज प्रताप सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर को धरना प्रदर्शन किया करेंगे ।

नहर में पानी न छोड़े जाने से सुख रही फसल किसान चितिंत

नारीबारी (प्रयागराज)। टोंस कैनाल पम्प की लापरवाही से किसानों की फ़सल चौपट होने के कगार पर पहुँच चुकी है।गेंहूँ की फसलों को पहले पानी की दरकार आज से एक सप्ताह पहले से ही है लेकिन आज तक तमाम प्रयासों के बावजूद आज तक नहर मे पानी अभी तक नही आ सका।उधर किसानों में इस बात का निरंतर आक्रोश बढ़ता ही चला जा रहा हैं।कई बार किसानों ने नहर विभाग के उच्चाधिकारियों से सलीक़े पूर्वक

बात करने के बाद भी अधकारीगण अभद्रता और डपट के साथ दूरभाष पर अभद्र व्यवहार करते हैं।नेतागीरी न करो ऐसे जुमलों का प्रयोग धरती पुत्रों के साथ करते हुए नहर न चलाने की धमकी देते हैं।आख़िर कब तक ऐसा चलता रहेगा?कब-तक इसी प्रकार का जल संकट किसानों के समक्ष खड़ा रहेगा डॉ आशा राम सुक्ला ग्राम प्रधान जरखोरी विसभर मिश्र ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फुलतारा सूबेदार सिंह उमेश बहादुर सिंह कृष्णमोहन त्रिपाठी भाई लाल आदिवासी मोहनलाल निषाद राजेश्वरी निषाद आदि किसानों ने उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अविलम्ब नहर में पानी छोड़े जाने की मांग की है

सीढ़ी और बोर्ड लगाकर तालाबों को बना दिया अमृत सरोवर

लेड़ियारी (प्रयागराज)। क्षेत्र में अमृत सरोवर के नाम पर तालाबों में सीधी और विवरण बोर्ड लगाकर जिम्मेदारियों से इतिश्री कर ली । कई गांव के तालाब कचरे से भरे पड़े हैं।स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं। लेकिन अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं । ग्रामीणों का आरोप है कि तालाबों में खराब गुणवत्ता की ईंटों और रेत के मिश्रण से सीढ़ी बना दी गई थी । लेकिन अधिकांश बने सीढ़ी पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है। साथ ही विवरण वाले बोर्ड के साथ कुछ

पौधे रोपे गए थे । हालांकि अब तालाबों के किनारे पौधे भी नहीं बचे हैं । और नहीं बोर्ड बच्चे हैं लेकिन अधिकांश गांव के लंबित पैसे का भुगतान कर दिया गया है । नीबी गांव में 16 बीघे का तालाब के किनारे से निकलने वाली मिट्टी मिश्रित रेत की जुड़ाई से सीढ़ी बनाया गया था । जबकि पैसा निकालने के बाद आज तक गेट नहीं लगवाया गया। लगे बोर्ड और मिट्टी से ढक दिया गया है । पथरपुर , देईबांध , नीबी, किहुंनी खुर्द , किहुंनी कला , डीही खुर्द , लेड़ियारी गांव के तालाब की सफाई तक नहीं कराई गई है । लेड़ियारी में तालाब के किनारे लगे बोर्ड की हटा दिया गया है । वहीं नीबी के तालाब तक रास्ता नहीं होने से तालाब तक पहुंचना भी मुश्किल है ।

हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से तीन एनएच सहित 157 सड़कें बंद

▶▶ कल से फिर बिगड़ेगा मौसम

शिमला, (हि.स.)। हिमाचल प्रदेश में पिछले दिनों हुई भारी बर्फबारी से ठंड का असर बना हुआ है और आम जनजीवन प्रभावित है। हालांकि गुरूवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में धूप खिलने से लोगों को राहत मिली है। धूप से न केवल दिन के तापमान में मामूली वृद्धि हुई है, बल्कि बर्फबारी से अवरुद्ध सड़कों को खोलने का कार्य भी तेजी से जारी है। वहीं राज्य के मैदानी इलाकों में कहीं-कहीं कोहरे का भी असर दिखाई दे रहा है।बिलासपुर और मंडी जिलों में सुबह के वक्त घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटने से यातायात प्रभावित हुआ है। हालांकि दिन में धूप निकलने से स्थिति बेहतर हो रही है और ठंड में भी कुछ राहत मिल रही है।मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टों बाद पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से फिर से बर्फबारी का अनुमान जताया है। 27 से 29 दिसम्बर तक पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानों में वर्षा के आसार हैं। इससे ठंड का प्रकोप और बढ़ेगा। खास बात यह है कि नए साल की शुरूआत भी बर्फबारी से होने की संभावना बनी हुई है।राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक प्रदेश भर में गुरूवार सुबह तक बर्फबारी के कारण तीन नेशनल हाइवे और 157 सड़कों पर यातायात पूरी तरह से अवरुद्ध है। ये हाइवे और सड़कें पिछले चार दिनों से बंद हैं। इनमें सबसे ज्यादा 72 सड़क शिमला जिला के ऊपरी क्षेत्रों कोटखाई, जुब्बल, रोहड़ू, रामपुर, चौपाल, कुपवी, कुमारसेन और डोडरा क्वार उपमंडलों की शामिल हैं। हालांकि शिमला जिला मुख्यालय से रोहड़ू, रामपुर और चौपाल को जाने वाली मुख्य सड़कों को बहाल कर दिया गया है। शिमला जिले के कुफरी, फागू और नारकण्डा क्षेत्रों में बर्फ की परतें इतनी मोटी थीं कि वाहनों की आवाजाही बिल्कुल बंद हो गई थी। प्रशासन ने वहां मिट्टी डालकर बर्फ को हटाने का प्रयास किया है, ताकि लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। लेकिन सुबह-सुबह यहां की सड़कों पर फिसलन की समस्या बनी रही तथा वाहन चालकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा।इसी तरह लाहौल स्पीति जिला में 36, कुल्लू में 25, मंडी में 10, कांगड़ा में छह, किन्नौर में चार, ऊना में तीन और चम्बा जिला में एक सड़क अवरुद्ध है। कुल्लू जिला में एनएच-3 और एनएच-305 जबकि लाहौल स्पीति में एनएच-505 बाधित है। इन सड़कों को खोलने के लिए लोकनिर्माण विभाग की टीम जुटी हुई हैं। शिमला, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिलों में बर्फ़बारी के बीच फंसे सैलानियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बर्फबारी से राज्य के अलग-अलग इलाकों में 25 बिजली ट्रांसफॉर्मर और 12 पानी की स्कीमें भी बंद हैं।कल से शुरू होगा बर्फबारी का दौर, नए साल पर भी बर्फ गिरने के आसारमौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने अपने पूर्वानुमान में अगले तीन दिन वर्षा-बर्फ़बारी की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से 27 से 29 दिसम्बर तक वर्षा व बर्फबारी होने के आसार हैं। 27 दिसम्बर को कुछ स्थानों पर अंधड़ व बिजली चमकने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अगले चार दिन राज्य में शीतलहर और कोहरे का भी अलर्ट रहेगा। 30 व 31 दिसम्बर को मौसम के साफ रहने की उम्मीद है। जबकि पहली जनवरी को दोबारा कुछ स्थानों में बर्फ़बारी हो सकती है।मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार गुरूवार को सात शहरों का न्यूनतम तापमान माइनस में रिकॉर्ड किया गया। इनमें लाहौल स्पीति का ताबो - 12.1 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा स्थल रहा। समधो में न्यूनतम तापमान -8.5 डिग्री, कुकुमसेरी में -7.8 डिग्री, मनाली में -1.8 डिग्री, कल्पा में -1.6 डिग्री, भुंतर में -0.9 डिग्री, बजुआरा में -0.7 डिग्री, शिमला में 4.8 डिग्री, सुंदरनगर में 0.3 डिग्री, नारकण्डा व सराहन में 0.1 डिग्री और भरमौर में 0.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

कश्मीर में भीषण शीतलहर, रात के तापमान में गिरावट से पानी की आपूर्ति लाइनें जमीं

▶▶ डल झील सहित कई जल निकायों की सतह पर बर्फ की एक पतली परत जम गई

श्रीनगर, (हि.स.)। कश्मीर में भीषण शीतलहर की स्थिति बनी हुई है, क्योंकि न्यूनतम तापमान हिमांक बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। शुक्रवार और शनिवार को ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी की संभावना है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाला है। कश्मीर में अधिकांश स्थानों पर रात के तापमान में गिरावट आई है। पारे में गिरावट के कारण पानी की आपूर्ति लाइनें जम गई हैं । डल झील सहित कई जल निकायों की सतह पर बर्फ की एक पतली परत जम गई है।मौसम विभाग के अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि श्रीनगर में बुधवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 7 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जो पिछली रात के शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस नीचे के तापमान से थोड़ा ऊपर है। उत्तरी कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटक रिसॉर्ट शहर गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात माइनस 6.6 डिग्री सेल्सियस था। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविर पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो पिछली रात के माइनस 8.4 डिग्री सेल्सियस से थोड़ा कम है। कश्मीर के प्रवेश द्वार काजीगुंड में न्यूनतम तापमान माइनस 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पंपोर क्षेत्र का एक छोटा सा गांव कोनीबल माइनस 9 डिग्री सेल्सियस के साथ घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान माइनस 6.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में माइनस 5.5 डिग्री सेल्सियस रहा।मौसम विभाग ने कहा है कि शुक्रवार दोपहर से शनिवार दोपहर तक एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ जम्मू-कश्मीर को प्रभावित करेगा। इस वजह से शुक्रवार की दोपहर से लेकर अगले दिन सुबह तक ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। 29, 30 और 31 दिसंबर को मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहेगा, जबकि 1-4 जनवरी तक कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बर्फबारी संभव है। कश्मीर में 21 दिसंबर से शुरू हुआ चिल्लई-कलां चरम पर है, जिसे सर्दियों का सबसे कठोर समय माना जाता है। चिल्लई-कलां के 40 दिनों के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक होती है और तापमान काफी गिर जाता है। यह अगले साल 30 जनवरी को समाप्त होगा, लेकिन शीत लहर जारी रहेगी।

राष्ट्रपति ने 17 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये

नई दिल्ली, (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित एक समारोह में 14 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 17 बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धियों के लिए सात श्रेणियों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किये।सम्मानित होने वालों में सात लड़के और 10 लड़कियां हैं। राष्ट्रपति ने इन्हें एक पदक, प्रमाण पत्र और एक प्रशस्ति पत्र पुस्तिका देकर सम्मानित किया। आज के समारोह में सबसे कम आयु के पुरस्कार विजेता कोलकाता में रहने वाले मास्टर अनीश सरकार उस आयु वर्ग में हैं, जब बच्चे प्ले स्कूल और नर्सरी कक्षा में होते हैं। मास्टर अनीश विश्व में सबसे कम उम्र में विश्व रैंकिंग पाने वाले शतरंज खिलाड़ी बन गए हैं।पंद्रह साल की बेटी हेमबती नाग के माता-पिता का स्वर्गवास हो चुका है। वह छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र से आती हैं। तमाम चुनौतियों के बीच अपने धीरज, साहस और कौशल के बल पर हेमबती ने जूडो में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि पूरे देश और समाज को उन पर गर्व है। उन्होंने बच्चों से कहा कि उन्होंने असाधारण काम किया है, अद्भुत उपलब्धियां हासिल की हैं, उनमें असीम क्षमताएं हैं और अतुलनीय गुण हैं। उन्होंने देश के बच्चों के लिए एक मिसाल कायम की है।उन्होंने कहा कि बच्चों को अवसर प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पहचानना हमारी परंपरा का हिस्सा रहा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस परंपरा को और मजबूत किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 में जब हम भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी मनाएंगे, तब ये पुरस्कार विजेता देश के प्रबुद्ध नागरिक होंगे। ऐसे प्रतिभाशाली लड़के और लड़कियां ही विकसित भारत के निर्माता बनेंगे।राष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2022 से आज के दिन को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने सभी देशवासियों की ओर से साहिबजादों की स्मृति को सादर नमन किया। मुर्मु ने कहा, ÷मुझे आप सभी पर गर्व है। मुझे ही नहीं, पूरे देश को, पूरे समाज को आप सभी पर नाज है। आपने जो काम किए हैं वे असाधारण हैं। आपने जो हासिल किया है वह आश्चर्यजनक है।

प्रधानमंत्री ने एमटी वासुदेवन नायर के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मलयालम सिनेमा और साहित्य की सम्मानित हस्तियों में से एक एम.टी. वासुदेवन नायर के निधन पर शोक व्यक्त किया है।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एम.टी. वासुदेवन नायर के कार्यों ने मानवीय भावनाओं के गहन अध्ययन के साथ कई पीढ़ियों को आकार दिया है और भविष्य में भी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, ÷मलयालम सिनेमा और साहित्य की सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक श्री एमटी वासुदेवन नायर जी के निधन से दुःखी हूं। मानवीय भावनाओं के गहन अध्ययन के साथ उनके कार्य ने कई पीढ़ियों को आकार दिया है और भविष्य में भी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने मूक और वंचित वर्ग के लोगों को आवाज़ भी दी। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ॐ शांति।उल्लेखनीय है कि एमटी वासुदेवन नायर का बुधवार रात 10 बजे कोझिकोड के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन

सफलता के भ्रामक दावे करने वाले तीन कोचिंग इंस्टीट्यूट पर गिरी गाज

▶▶ सीसीपीए ने लगाया जुर्माना

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2022 और 2023 के परिणामों के संबंध में भ्रामक दावों का विज्ञापन करने के लिए वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट और स्टडीआईक्यू आईएएस पर 7-7 लाख रुपये और एज आईएएस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के लिए यह जुर्माना लगाया है।

इसके साथ ही सीसीपीए ने तत्काल प्रभाव से वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट, स्टडीआईक्यू आईएएस स्टडी और एज आईएएस को भ्रामक विज्ञापन बंद करने का आदेश दिया है।प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए यह कार्रवाई की है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी सामान या सेवा के लिए कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए। सीसीपीए की जांच के अनुसार वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट ने अपने विज्ञापन में निम्नलिखित दावे किए हैं–

यूपीएससी सीएसई 2022 में 933 में से 617 चयन,
टॉप 10 एआईआर में 7, टॉप 20 एआईआर में 16,
टॉप 50 एआईआर में 39,
टॉप 100 एआईआर में 72,
भारत में शीर्ष यूपीएससी कोचिंग संस्थानों की सूची में हम पहले स्थान पर हैं।सीसीपीए ने जांच में पाया कि वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट ने सफल उम्मीदवारों के नाम और तस्वीरें प्रमुखता से प्रदर्शित कीं हैं। इसके साथ ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विभिन्न प्रकार के सशुल्क पाठ्यक्रमों का विज्ञापन भी किया। हालांकि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में उक्त सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी उपर्युक्त विज्ञापन में जारी नहीं की गई थी।सीसीपीए ने जांच में पाया कि दावा किए गए सभी 617 सफल उम्मीदवार साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकित थे। यह उपभोक्ता का अधिकार है कि उसे इस बारे में जानकारी मिले कि सफल उम्मीदवारों ने सीएसई के अंतिम चयन में जगह बनाने के लिए कोचिंग संस्थान से कौन सा विशिष्ट पाठ्यक्रम लिया था। संभावित उपभोक्ताओं के लिए यह जानकारी सीएसई में उनकी सफलता के लिए चुने जाने वाले पाठ्यक्रम के बारे में निर्णय लेने में सहायक होगी।उल्ले लेखनीय है कि कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देने के खिलाफ सीसीपीए ने इससे पहले कार्रवाई की थी। इस संबंध में सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापन देने के लिए 45 नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा सीसीपीए ने 22 कोचिंग संस्थानों पर 71 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है, उन्हें भ्रामक विज्ञापन बंद करने के निर्देश भी दिए हैं।

बसपा ही एक ऐसी पार्टी जो गरीब कार्यकर्ताओं की कमाई पर निर्भर: मायावती

लखनऊ,(हि.स.)। बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष मायावती ने गुरुवार को कहा कि उनकी पार्टी ही एक ऐसी है जो आर्थिक मामले में गरीब कार्यकर्ताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर है, जबकि अन्य दल बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल के सहारे राजनीतिक गतिविधियां चलाते हैं। यह वर्ष 2023-24 में विभिन्न दलों को मिले अकूत चंदे के आंकड़ों से भी साबित है।मायावती ने एक्स पोस्ट में कहा कि वर्ष 2023-24 में चंदा के मामले में भाजपा पहले, बीआरएस दूसरे और कांग्रेस तीसरे स्थान पर रही। इन दलों को करोड़ों रुपयों का चंदा मिला, जबकि बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने गरीब कार्यकर्ताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर रहती है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के दोहरे चाल, चरित्र व चेहरे का भी पर्दाफाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है, किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य करती है। इसी प्रकार बाबा साहेब आंबेडकर के मामले में उनका एवं उनके अनुयाइयों की उपेक्षा व तिरस्कार करती है लेकिन उनके वोटकी खातिर किस्म-किस्म की छलावापूर्ण राजनीति भी करती है, जिससे लोगों को हमेशा ही सावधान रहने की जरूरत है।

लोकसभा चुनाव 2024 में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने वोट डालकर बनाया विश्व रिकार्ड

▶▶ ईसीआई ने जारी की रिपोर्ट
▶▶ महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं ने भी बनाया नया रिकॉर्ड
▶▶ थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4त्न का इजाफा

नई दिल्ली, (हि.स.)। इस साल सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। 2024 में दाखिल नामांकनों की संख्या 12,459 थी जबकि 2019 में यह संख्या 11,692 थी। इसी तरह 2019 में जहां 8,054 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा वहीं 2024 में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी रिपोर्ट में दी है।रिपोर्ट के मुताबिक इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति और भागीदारी से लोकतंत्र को नई ऊंचाई दी, जो महिलाओं के मताधिकार के नए मानक का संकेत है। महिला मतदाताओं का मतदान औसत 65.78 प्रतिशत रहा जबकि पुरुष मतदाताओं का यह औसत 65.55 प्रतिशत था। महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी। 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2024 में जहां 90,28,696 पंजीकृत दिव्यांग मतदाता रहे वहीं 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी। वर्ष 2019 में 540 मतदान केंद्रों की तुलना में वर्ष 2024 में केवल 40 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ।दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर 42 सांख्यिकीय रिपोर्ट और एक साथ कराए गए चार राज्य विधानसभा चुनावों पर 14-14 रिपोर्टें जारी की हैं। आयोग का कहना है कि ये लगभग 100 सांख्यिकीय रिपोर्ट गहन विश्लेषण और नीतिगत अंतर्दृष्टि के लिए दुनिया भर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और चुनाव पर्यवेक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण खजाने की तरह होंगी।आयोग के अनुसार इस रिपोर्ट में उपलब्ध डेटा सेट संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और राज्यवार मतदाताओं, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता मतदान, पार्टी के आधार पर वोट शेयर, लिंग आधारित मतदान व्यवहार, महिला मतदाताओं की राज्यवार भागीदारी, क्षेत्रीय विविधताएं, निर्वाचन क्षेत्र डेटा सारांश रिपोर्ट, राष्ट्रीय पार्टियों, राज्य स्तरीय पार्टियों, पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) का प्रदर्शन, जीतने वाले उम्मीदवारों का विश्लेषण, निर्वाचन क्षेत्रवार विस्तृत परिणाम और बहुत कुछ का विवरण प्रदान करते हैं। यह विस्तृत डेटा सेट हितधारकों को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर पहले से उपलब्ध पिछले चुनावों के डेटा सेट से तुलना के साथ बारीक स्तर के विश्लेषण के लिए डेटा को काटने-छांटने का अधिकार देता है। आयोग का कहना है कि ये रिपोर्ट चुनावी और राजनीतिक परिदृश्य में दीर्घकालिक दृष्टिकोण और बदलावों को ट्रैक करने के लिए समय-श्रृंखला विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेगी।

कोटपूतली में मासूम को बचाने की जद्दोजहद का चौथा दिन उम्मीद भरा

कोटपूतली (राजस्थान), (हि.स.)। सात सौ फीट गहरे बोरवेल में गिरी तीन साल की चेतना को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चौथे दिन भी जारी है। खोदाई शुरू हुए 24 घंटे से ज्यादा का वक्त हो चुका है। उत्तराखंड से रैट माइनर्स की टीम पहुंच चुकी है। उनको 160 फीट नीचे उतारने की योजना है। टीम वहां से सुरंग खोदकर चेतना तक पहुंचने की कोशिश करेगी। आज का दिन उम्मीद भरा है।पाइलिंग मशीन से खोदाई के दौरान पत्थर आने के कारण ऑपरेशन रोकना पड़ा। आज सुबह छह बजे दूसरी पाइलिंग मशीन लगाकर खोदाई दोबारा शुरू की गई। एनडीआरएफ इंचार्ज योगेश मीणा ने बताया कि 155 फीट की गहराई पर पत्थर मिलने के बाद मशीन की बिट बदलकर 160 फीट तक खोदाई पूरी कर ली गई। 170 फीट की गहराई तक पहुंचने के बाद हॉरिजेंटल खोदाई मैनुअल की जाएगी। उम्मीद है कि बच्ची को आज रेस्क्यू कर लिया जाएगा।चेतना सोमवार दोपहर करीब दो बजे किरतपुर के बड़ियाली की ढाणी में खेलते हुए बोरवेल में गिर गई थी। मंगलवार शाम तक उसे निकालने के लिए देसी जुगाड़ से चार बार कोशिश की गई। मगर सभी प्रयास विफल रहे। चेतना 46 घंटे से 120 फीट गहराई पर एक हुक के सहारे अटकी हुई है। दो दिन से बच्ची का कैमरे पर कोई मूवमेंट नहीं दिख रहा। बच्ची भूखी-प्यासी है। परिवार व ग्रामीण रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी को लेकर नाराज हैं। बुधवार देररात जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल पहली बार घटनास्थल पर पहुंचीं।कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने ऑपरेशन की निगरानी के बाद बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन एक पल के लिए भी नहीं रुका है। एनडीआरएफ की टीम पहले भी ऐसे ऑपरेशनों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुकी है। पाइलिंग मशीन के आने में समय इसलिए लगा क्योंकि इसे लाने के लिए सड़कें बनानी पड़ीं और कई बिजली के पोल हटाने पड़े

केजरीवाल से मिलने पहुंचे दिल्ली वक्फ़ बोर्ड के इमामों और मोअज्जिन को पुलिस ने रोका

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली वक्फ़ बोर्ड से जुड़े इमाम और मोअज्जिन 17 महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज हो कर आज दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के 5 फिरोजशाह रोड स्थित सरकारी आवास पर पहुंचे, लेकिन पुलिस ने उन्हें उनके घर से दूर ही रोक लिया। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष मौलाना साजिद रशीदी के नेतृत्व में इमामों को केजरीवाल से मिले बगैर खाली हाथ लौटना पड़ा। बाद में केजरीवाल के आवास से 28 दिसंबर को मिलने का समय दिए जाने के बाद इमाम वहां से वापस चले गए।ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना साजिद रसीदी ने बताया कि दिल्ली वक्फ़ बोर्ड जो कि दिल्ली सरकार के अधीन आता है, उसकी मस्जिदों में तैनात 240 के करीब इमाम और मोअज्जिन को पिछले 17 महीने से वेतन नहीं मिल पा रहा है। बार-बार सरकार से अनुरोध करने के बावजूद इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकाला जा रहा है। इसलिए आज वह केजरीवाल से मिलने उनके आवास आए थे लेकिन उन्हें मिलने नहीं दिया गया। उन्होंने बताया कि हमें परसों 28 दिसंबर को शाम 5 बजे का समय दिया गया है।उन्होंने बताया कि वेतन नहीं मिलने की वजह से इमामों की दयनीय स्थिति हो गई है। हम सभी लोग उधार मांग कर अपना गुजर बसर कर रहे हैं।

बच्चों की स्कूल की फीस आदि भी समय पर अदा नहीं कर पा रहे हैं। इमान को 18000 रुपया प्रतिमाह और मोअज्जिन को 16000 रुपया प्रतिमाह वक्फ़ बोर्ड के जरिए दिया जाता है। अगर परसों केजरीवाल से मुलाकात के बाद हमारी समस्या का समाधान नहीं होता है तो वह केजरीवाल के घर के बाहर धरना प्रदर्शन करने पर मजबूर हो जाएंगे।

कटास राज मंदिर में दर्शन-पूजन कर स्वदेश लौटे भारतीय तीर्थयात्री

नई दिल्ली, (हि.स.)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में स्थित कटास राज मंदिर में पूजन-अर्चन करने के बाद 70 भारतीय हिंदू तीर्थयात्रियों का दल बुधवार को स्वदेश लौट आया है। वाघा सीमा पर पाकिस्तानी अधिकारियों ने विशेष उपहार और गुलदस्ते भेंट कर तीर्थ यात्रियों को विदा किया।पाकिस्तान में अपनी सात दिवसीय यात्रा के दौरान हिंदू तीर्थयात्रियों ने कटास राज मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान पूरा करने के साथ लाहौर में रावी रोड पर कृष्ण मंदिर और अनारकली में वाल्मीकि मंदिर के भी दर्शन किये।

रेवाड़ी के नरेंद्र ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

रेवाड़ी, (हि.स.)। रेवाड़ी जिले के गांव नेहरूगढ़ के पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने हरियाणा का नाम रोशन किया है। नरेंद्र यादव ने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर तिरंगा लहराया है। नरेंद्र की इस उपलब्धि पर परिजन ही नहीं समूचा रेवाड़ी गौरवान्वित महसूस कर रहा है।नरेंद्र ने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ पर पहुंचकर तिरंगा लहराया, इस समय पर्वत का तापमान लगभग -52डिग्री था। यह अभियान 6 दिन में पूरा हुआ। इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे। इस अभियान में नरेंद्र भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर विश्व पटल पर भारत का नाम अंकित किया है।नरेंद्र का सपना सभी सात महाद्वीपों को फतह कर विश्व रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराना था, जो इस चोटी को फतेह करके पूरा हुआ। नरेंद्र ने सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर फतह कर कई विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने 2012 में पर्वतारोहण के बेसिक, 2013 में एडवांस, 2015 में एमओआई, 2022 में सर्च एंड रेस्क्यू के साथ सभी कोर्स पास किए, जिसमें माउंट एवरेस्ट को 2016 व 2022 में 6 दिन में बिना अनुकूलन के फतेह किया। किलिमंजारो को तीन बार, एलब्रुस को ट्रैवल्स में 2 बार, कोजास्को व ऑस्ट्रेलिया की 10 सबसे ऊंची चोटियों को दो बार फतेह किया है।इसके साथ-साथ दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी एकंकागुआ को फतेह किया है। अपनी स्कूली पढ़ाई के दौरान 12 साल की उम्र में ही नरेन्द्र ने जम्मू-कश्मीर की पहाड़ियों पर चढक़र अपने पर्वतारोहण की प्रारंभिक शुरूआत कर दी थी।

सिख गुरुओं की प्रेरणा से बढ़ेंगे तो काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे: सीएम योगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिख परंपरा काफी समृद्ध है। इन्होंने विपरीत परिस्थितियों में लड़ते हुए न केवल अपनी परंपरा को सुरक्षित-संरक्षित रखा, बल्कि देश व धर्म के लिए भी बलिदान देकर नई प्रेरणा प्रदान की। एक तरफ इनका गौरवशाली इतिहास है तो दूसरी तरफ सुनते हैं कि काबुल में सिखों के दो, चार-दस परिवार ही बचे हैं। जब बांग्लादेश की घटना व पाकिस्तान के अंदर अत्याचार के बारे में सुनते हैं, तब सिख गुरुओं के त्याग-बलिदान का स्मरण होता है। सिख गुरुओं के आदर्श हमें आगे बढ़ने की ऊर्जा देंगे। उनका आशीर्वाद हमारी प्रेरणा है। उस प्रेरणा से आगे बढ़ेंगे, तब काबुल-बांग्लादेश होने से बच पाएंगे, तब किसी ननकाना साहिब के लिए आंदोलन-संघर्ष की जरूरत नहीं पड़ेगी, बल्कि वह हमें स्वतस्फूर्त भाव से प्राप्त होगा।

मुख्यमंत्री आवास पर गुरुवार को वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) का मुख्य आयोजन किया गया। इस दौरान ऐतिहासिक समागम व 11,000 सहज पाठ का भी शुभारंभ हुआ। मुख्यमंत्री ने गुरु तेग बहादुर के श्लोकों पर आधारित पुस्तक का विमोचन भी किया। सीएम ने कहा कि देश के इस जुझारू व समृद्ध कौम ने सामर्थ्य, पुरुषार्थ व परिश्रम से मिसाल प्रस्तुत की है। कभी बड़ी संख्या में फौज में जाकर सिखों ने भारत की सुरक्षा के लिए खुद को समर्पित किया, लेकिन वे कौन दुश्मन हैं, जो उनके परिश्रम व पुरुषार्थ को कुंद करने की साजिश कर रहे हैं। युवा पीढ़ी को ड्रग की चपेट में लाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। इन्हें पहचानने और उनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। सिख-हिंदू एक दूसरे के पूरक हैं, जो इन्हें लड़ाते हैं, उनसे बचना होगा। गुरु महाराज हमें मित्र-शत्रु पहचानने की ताकत दें। ˈसीएम ने कहा कि 2019 में गुरुनानक देव के 550वें प्रकाश पर्व पर मुख्यमंत्री आवास पर शबद-कीर्तन कार्यक्रम हुआ था। उसके उपरांत 2020 से अनवरत वीर बाल दिवस का आयोजन मुख्यमंत्री आवास पर हो रहा है। अब यह पूरे देश का आयोजन हो गया है। आज की तिथि पर गुरु गोबिंद सिंह के दो साहिबजादे (बाबा जोरावर सिंह-फतेह सिंह) वजीर खां के हाथों दीवार में चुने गए थे। चमकौर के युद्ध में दो बड़े साहिबजादे (बाबा अजीत सिंह-जुझार सिंह) शहादत को प्राप्त हुए।

गृहमंत्री ने नई दिल्ली में बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का किया शुभारम्भ

लोकमित्र ब्यूरो



लखनऊ। सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकार से समृद्धि के तहत 25 दिसम्बर को 10,000 नवगठित बहुउद्देशीय पैक्स, डेयरी व मत्स्य सहकारी समितियों का शुभारंभ केन्द्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नई दिल्ली स्थित भारतरत्न सी सुब्रमण्यम सभागार एनएएससी कॉम्प्लेक्स आईसीएआर पूसा में किया गया। राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी एवं पंचायती राज मंत्री भारत सरकार ने कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया।वहीं कार्यक्रम में कृष्ण पाल सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार व मुरलीधर मोहोल सहकारिता एवं नागर विमानन राज्यमंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में सहकारिता क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए सहकारिता मंत्रालय द्वारा की गई पहलों पर प्रस्तुति दी गयी। प्रदेश स्तर पर जेपीएस राठौर सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में सहकारिता मुख्यालय लखनऊ स्थित चौधरी चरण सिंह सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एमपी अग्रवाल प्रमुख सचिव सहकारिता, के.रविन्द्र नायक प्रमुख सचिव दुग्ध विकास तथा मत्स्य की उपस्थिति में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चयनित पांच बी-पैक्स, 11 दुग्ध, 10 मत्स्य नवगठित सहकारी समितियों को प्रमाण पत्र तथा अन्य को माइक्रो एटीएम, ऋण सीमा स्वीकृत के प्रमाण पत्र प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र, एआईएफ एवं जन सेवा केन्द्र सीएससी की एक-एक समिति तथा एमएसएमई योजना में 03 समितियों को एवं नैनो उर्वरक में सर्वाधिक वितरण हेतु 03 समितियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। इस प्रकार कार्यक्रम में 40 प्रमाण पत्रों प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया गया।कार्यक्रम में बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों में बी-पैक्स अलामचक विकास खण्ड कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर, बी-पैक्स अहरक वाराणसी, बी-पैक्स बहादुर नगर विकास खण्ड-बिजुआ लखीमपुर खीरी, बी-पैक्स कासिमपुरसीतापुर, बी-पैक्स कुरंग अमेठी को मंत्री द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। वहीं दुग्ध समितियों में गोण्डा से दुग्ध समिति तेजपुर व दुग्ध समिति गोंदहा, मेरठ से इस्लामाबाद छिलौर, रायबरेली से दुग्ध समिति ताजुद्दीनपुर, लखनऊ से दुग्ध समिति माँदा उदित खेड़ा वाराणसी से दुग्ध समिति भोरकला, जालौन से दुग्ध समिति सुजानपुर, शाहजहांपुर से कादर दादपुर उर्फ लिल्थरा तथा बाराबंकी से सैदनपुर व जदवापुर को प्रमाण पत्र वितरित किये गये।मत्स्य समितियों में हरदोई की 05 नवगठित समिति यथा मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि. अहिराया बेरूआ, अठीया, थोक माधव, अटवाकटैया व बहर तथा

लखनऊ में जेपीएस राठौर ने बांटे प्रशस्ति पत्र

लखनऊ में राम सहारे लाल, सुजीत कुमार, रिंकू, श्रवण कुमार, जमुना प्रसाद को मत्स्य समितियां गठित करने के लिये प्रमाण पत्र दिये गये।एमएसएमई योजनान्तर्गत 03 लाभार्थियों एमएसएमई योजना में गोण्डा की सनराईस इण्टर प्राइसेस, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में जनपद अमेठी के नीरज विश्वकर्मा व पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जनपद कानपुर के जितेन्द्र शर्मा को प्रमाण पत्र दिया गया।प्रदेश में सहकारिता विभाग के माध्यम से सहकार से समृद्धि की योजनान्तर्गत उत्तर प्रदेश की प्रथम प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र जेनेरिक मेडिकल स्टोर सहकारिता मुख्यालय पर कोआपरेटिव यूनियन लि द्वारा स्थापित करने हेतु संस्था को प्रशस्ति पत्र निर्गत किया गया। पीसीयू ने अब तक जिसमें 15.08 लाख रूपये का व्यवसाय करते हुये 4.58 लाख रूपये की आय अर्जित की है। कार्यक्रम मे सहकार से समृद्धि की सीएससी योजनान्तर्गत नरेन्द्र सिंह, सचिव साधन सहकारी समिति लि, जैंगार-आगरा द्वारा जनसेवा केन्द्र स्थापित कर अब तक रूपये 1,03,38,686.00 का व्यवसाय किया गया है व अप्रैल, 2023 से सितम्बर, 2024 तक रूपये 65,770 की आय अर्जन करने के लिये प्रशस्ति पत्र देकर श्री सिंह द्वारा किये गये प्रयासों की सराहना की गयी।

पत्रकारिता से राजनीति में आये लोगों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

जनहित जागरण परिवार के 30वें स्थापना दिवस पर विद्वतजनों, वरिष्ठ पत्रकारों, कवियों, लेखकों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं समाजसेवियों को मिला भारत रत्न अटल सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि पत्रकारिता जगत में कार्य करना आसान नहीं है। पत्रकार संघर्ष से अपने जीवन जीने का कार्य करते हैं। सरकार की नीतियों व जन जन की आवाज को उठाने में पत्रकारों की अहम भूमिका हैं। डिप्टी सीएम बृहस्पतिवार को लखनऊ जनहित जागरण परिवार के 30वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

विधान सभा मार्ग स्थित सहकारिता भवन के पीसीयू में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्वतजनों, वरिष्ठ पत्रकारों, कवियों लेखकों, साहित्यकारों, कलाकारों एवं समाजसेवियों को %भारत रत्न अटल सम्मान% से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि राजनीति में पत्रकारों तथा पत्रकारिता से राजनीति में आये लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। हिंदी पत्रकारिता, जो निश्चय ही भारत की प्रतिनिधि पत्रकारिता भी है, के संदर्भ में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की चर्चा करना यहां प्रासंगिक होगा। डिप्टी सीएम ने कहा विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में अपनी भूमिकाओं से प्रखर पत्रकार-संपादक की पहचान बना चुके श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में आ कर भी शीर्ष पद प्रधानमंत्री तक पहुंचे। उनकी किसी भी भूमिका पर उनके राजनीतिक विरोधियों तक ने कभी सवाल नहीं उठाया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, मान्यता प्राप्त लोकमित्र ब्यूरो समिति के सचिव भारत सिंह थे। इस अवसर पर एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी किसी सत्ता महत्वाकांक्षा से प्रेरित हो कर नहीं, बल्कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के एजेंडा के साथ राजनीति में आये। राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी कुशल वक्ता के साथ ही अत्यंत सरल ह्रदय संवेदनशील, मगर कभी हार न मानेनवाले इनसान थे। मान्यता प्राप्त लोकमित्र ब्यूरो समिति के सचिव भारत सिंह ने इस आयोजन के लिए जनहित जागरण परिवार की भूरी- भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि किसी भी पत्र पत्रिका व समाचार पत्र के लिए अनवरत 30 साल का लंबा समय तय करना आसान नहीं होता। इसके लिए काफी संघर्ष करना पड़ा होगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह राजनेता और कवि के साथ-साथ राष्ट्रवादी पत्रकारिता के शिखर पुरुष भी थे। उन्होंने राष्ट्रवादी पत्रकारिता को बढ़ावा देने और पत्रकारों की आवाज बुलंद करने में अपना खास योगदान दिया था। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक निवर्तमान विधायक शैलेन्द्र सिंह शैलू व जनहित जागरण प्रकाशन के संपादक केके सिंह कृष्ण ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर मिथिलेश पल पंकज, दिव्य प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

पीलीभीत पहुंची निषाद पार्टी की रथ यात्रा

- पूर्व की सरकारों ने मछुआ समाज के साथ किया विश्वासघात
- जातीय जनगणना पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है विपक्षः संजय निषाद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ।निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी द्वारा संवैधानिक अधिकार यात्रा जनपद पीलीभीत में पहुँची। निषाद पार्टी-राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा जनपद पीलीभीत निरीक्षण भवन (बाइक रैली) से गौरी शंकर मंदिर से मचबा खेड़ा से बरखेड़ा से टिकरी से परसिया से बिसलपुर से वाराह पत्थर चौराहा से ईदगाह चौराहा से फैक्ट्री चौराहा से ब्लॉक चौराहा से बिसलपुर रामलीला मैदान से विलखेड़ा होते जनपद शाहजहांपुर की ओर प्रस्थान किया।

निषाद ने कहा की संवैधानिक अधिकार यात्रा उत्तर प्रदेश के मछुआ समाज को एकजुट कर उनके हक़-हक़ूक़ के लिए लड़ी जा रही लड़ाई के प्रति जागरूक किया जायेगा साथ ही मछुआ आरक्षण पर निषाद पार्टी द्वारा उठाये गये सभी व्यापक कदम से अवगत कराया जा रहा है।

निषाद ने कहा कि जनपद पीलीभीत की निषाद/ कश्यप/ मछुआ समाज का समर्थन निषाद पार्टी को हमेशा से मिलते आया है।

प्रदेश सरकार में मंत्री बनने के बाद जनपद पीलीभीत का दौरा बेशक कम हुआ है, किंतु जब मत्स्य विभाग के जनपदीय बजट के अलॉटमेंट करने की फाइल उनके पास आती है, तो वो पीलीभीत में पश्चिमांचल/रूहैलखंड के बजट का अधिकतम हिस्सा पीलीभीत के मछुआ समाज के लोगो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिया जाता है।

उन्होंने कहा कि आगामी 13 जनवरी 2025 को निषाद पार्टी अपना 10वाँ संकल्पन दिवस जनपद गोरखपुर में मनाने जा रही है और इस संकल्प दिवस पर प्रदेश के सभी जनपदी से मछुआ समाज के लोग पहुचेगे और संकल्प दिवस में ही मछुआ समाज के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक आरक्षण के मुद्दे को नई दिशा देने का काम किया जायेगा।

अंग्रेजी शासन की तरह काम करती है भाजपाः सुरेंद्र राजपूत

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ।कांग्रेस नेता सुरेंद्र राजपूत ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा अब अंग्रेजों की तरह काम करने पर उतारू हो गई है। उन्होंने कहा, ÷भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का हमेशा से एक ही तरीका रहा है, जो अंग्रेजों के शासन के तरीकों जैसा लगता है। पार्टी पहले अपने सहयोगियों को अपने पाले में लाकर उन्हें अपने साथ जोड़ती है, फिर धीरे-धीरे उन सहयोगियों को कमजोर कर, उन पर दबाव डालती है, और अंत में उन सहयोगियों को छोड़कर अपना शासन स्थापित करती है।उन्होंने आगे कहा, ÷ऐसा ही कुछ महाराष्ट्र में हुआ था, जहां पहले उद्धव ठाकरे की गठबंधन सरकार बनी थी, लेकिन बाद में भाजपा ने अपने सहयोगी शिंदे को मुख्यमंत्री बना दिया। आज की तारीख में, एकनाथ शिंदे की स्थिति भाजपा के प्रभाव में पूरी तरह से ढल चुकी है और महाराष्ट्र का शासन भाजपा के हाथों में है। उन्होंने कहा, ÷इसी तरह भाजपा बिहार में भी यही खेल खेलने की कोशिश कर रही है। भाजपा का मकसद नीतीश कुमार को कमजोर करना है, ताकि वे खुद बिहार में अपनी सत्ता मजबूत कर सकें। हालांकि, बिहार की जनता बहुत प्रबुद्ध और जागरूक है और वे इस बार भाजपा और नीतीश कुमार दोनों को एक साथ नकार देंगे। बिहार की जनता अब भाजपा के दुष्प्रचार और नीतीश कुमार के साथ उनके गठबंधन के झांसे में आने वाली नहीं है। उन्हें समझ में आ गया है कि यह केवल सत्ता की लड़ाई है, जो उनके हितों की अनदेखी करती है। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करेगी। हम लोग केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक में चर्चा करेंगे।

देश संविधान से चलेगा, मनु स्मृति से नहीं: सांसद

- कांग्रेस की अनुसूचित जाति विभाग की बैठक लखनऊ में सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश कांगेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग कि लखनऊ एवं फैजाबाद मंडल के प्रदेश पदाधिकारियों एंव जिला/शहर अध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के चेयरमैन तनुजपुनिया -सांसद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक का आरंभ श्री तनुज पुनिया जी ने बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेड़कर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। बैठक में उपस्थित उक्त मंडलों के जिलों से आए प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला/शहर अध्यक्षों ने संगठन को और अधिक गतिशील बनाने हेतु अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किये। बैठक का संचालन अनुसूचित जाति विभाग लखनऊ के अध्यक्ष श्री विषम सिंह ने किया। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन तनुज पुनिया जी-सांसद ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि आप सभी कांग्रेस संगठन की रीढ़ हो, संगठन को मजबूत करने में आप सभी का विशेष योगदान रहा और मैं आशा करता हूं कि वह आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

पुनिया ने अपने सम्बोधन में कहा कि दलितों के कार्यक्रम में बुद्धजीवियों तथा कांग्रेसी विचारधार को मानने वाले लोगों को कांग्रेस संगठन से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित भारतीय संविधान को लेकर भाजपा जो गलत बयानबाजी कर रही है उसे कतई स्वीकार नहीं किया जायेगा और इसका मुंहतोड़ जवाब दिया जायेगा। पुनिया ने कहा कि देश संविधान से चलेगा मनु स्मृति से नहीं।

पुनिया ने कहा अभी हाल ही में देश के गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा बाबा साहब पर घृणित टिप्पणी कर उनका अपमान जो किया गया है जिससे देश का दलित, शोषित, वंचित समाज बुरी तरह से आहत है और आक्रोशित है।

भाजपा के नेताओं द्वारा पूर्व में भी संविधान को बदलने की साजिश की जा चुकी है। भाजपा के नेताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया जाना इस बात का संकेत था कि यदि भाजपा प्रचंड बहुमत में आई तो संविधान को बदलने का प्रयास करेगी। परंतु इस देश की देवतुल्य जनता ने भाजपा को सबक सिखाते हुए उनके 400 पार के नारे को जमींदोज कर सबक सिखाने का काम किया।

आज देश का दलित समाज समझ चुका है कि उनका असली हितैषी कौन है? दलित समाज आज कांग्रेस की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है। भाजपा दलितों को को लेकर सिर्फ वोट की राजनीति करती है लेकिन उनको हक, अधिकार और सम्मान से वंचित रखकर उनकी उपेक्षा करती है।

आज की बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक मीता गौतम, पूर्व राज्य मंत्री कमलेश भारती, अनु0 जाति विभाग की प्रवक्ता सिद्धि, सुशील बाल्मीकि, प्रो0 आर0बी0 बौद्ध, पारसनाथ गौतम, जयंत गौतम, राम हरक रावत, दिलीप रावत, सरोज रावत, डॉ0 आर0के0 गौतम, सुशीला सोनकर, राजीव रतन राजवंशी, राम किशोर रावत, हीरालाल शास्त्री सुरेश कुमार पासवान, महेशचन्द्र दोहरे, सी0आर0 भारती, विजय पाल गौतम, बृजेश गौतम सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

महाकुम्भ में 05 एकड़ में होगी यूपी स्टेट पवेलियन की स्थापना

- पवेलियन में होंगे पर्यटन स्थलों की झलक, हस्तशिल्प बाजार एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमः जयवीर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा महाकुंभ-2025 में लगभग 05 एकड़ में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन की स्थापना की जायेगी। पर्यटक प्रदेश के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों सहित अन्य आकर्षणों की झलक देख सकेंगे। हस्तशिल्प बाजार और सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित कई अन्य आयोजन भी होंगे। पवेलियन में लोकप्रिय एवं प्रसिद्ध हस्तशिल्प बाजार सजाई जायेगी। इसके अलावा धार्मिक स्थलों की झांकी प्रस्तुत की जायेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रत्येक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की अपनी विशिष्टता है। धार्मिक-आध्यात्मिक, प्राकृतिक पर्यटन स्थलों के साथ-साथ यहां के व्यंजन, हस्तशिल्प, गीत और नृत्य पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। महाकुंभ-2025 में लगभग 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना हैं। इन्हें प्रदेश की प्रसिद्ध विरासत से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। महाकुंभ क्षेत्र सेक्टर 7 नागवासुकी मंदिर के समीप लगभग पांच एकड़ क्षेत्र में उत्तर प्रदेश स्टेट पवेलियन का निर्माण हो रहा है।

बीएसपी कार्यकर्ताओं के खून-पसीने की कमाई पर निर्भर

- धन्नासेठों के धनबल के सहारे भाजपा, कांग्रेस चला रही हैं अपनी राजनीतिक गतिविधियां

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने 2023-24 में मिले पार्टियों को चंदे को लेकर कांग्रेस बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश की अधिकतर पार्टियाँ बड़े-बड़े पूंजीपतियों व धन्नासेठों के धनबल के सहारे अपनी राजनीतिक गतिविधियां व चुनाव आदि लड़ाती हैं जैसा कि वर्ष 2023-24 में इनको मिले अकूत धन के आँकड़ों से साबित है, जो इनके धन्नासेठ-समर्थक एवं गरीब व किसान विरोधी होने का प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि मीडिया के अनुसार वर्ष 2023-24 में भाजपा को पहले, बीआरएस को दूसरे व कांग्रेस को तीसरे नम्बर पर करोड़ों-अरबों रुपयों का चंदा मिला है, जबकि बीएसपी ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने गरीब कार्यकर्ताओं के खून-पसीने की कमाई पर ही निर्भर रहती है। अतः सहारा लेकर इशारों से पाक-साफ है। मायावती ने कहा कि इससे कांग्रेस के दोहरे चाल, चरित्र व चेहरा का भी पर्दाफाश होता है कि वह पूंजीपतियों का विरोध करके संसद अवरोध करती है किन्तु उन्हीं धन्नासेठों से धन लेकर पार्टी चलाती है और सरकार बनने पर उन्हें लाभ पहुँचाने का कार्य करती है, जो इनकी राज्य सरकारों के कार्यकलापों से स्पष्ट है। इसी प्रकार, भारतरत्न परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के मामले में उनका व उनके अनुयाइयों की उपेक्षा व तिरस्कार करती है, लेकिन उनके वोट के स्वार्थ की खातिर किस्म-किस्म की छलावापूर्ण राजनीति भी करती है, जिससे लोगों को हमेशा ही सावधान रहने की जरूरत है।

प्रमुख सचिव ने परिषदीय विद्यालय का किया निरीक्षण, मिड डे मील चखा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बीकेटी स्थित परिषदीय विद्यालय का बेसिक शिक्षा प्रमुख सचिव ने गुरुवार को निरीक्षण किया। सचिव ने अर्धवार्षिक परीक्षा और मिड डे मील की जांच की। वहीं बच्चों को हैंड वास करने का तरीका बताया। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ. एम के समुंगा सुंदरम परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय मामपुर बाना और प्राथमिक विद्यालय तकिया पहुंचे। यहां अर्धवार्षिक परीक्षा और मध्याह्न भोजन का जायजा लिया।

विद्यालय में उपस्थित शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली। लाइब्रेरी, विज्ञान कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष और बाउंडरी निर्माण को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के साथ बैठक कर चर्चा की। प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा ने पौधारोपण कर बच्चों को हैंड वास करने करने का तरीका बताया।

विद्यालय में बने हाइजीन कॉर्नर को लेकर छात्रों को जानकारी दी। प्रधानाध्यापक मिनाक्षी उपाध्याय ने बताया कि स्कूल के पूर्व छात्र स्काउट गाइड कैप्टन आकाश, सुमन मौर्या और अंकित मौर्या की टीम अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर बीकेटी खंड शिक्षा अधिकारी प्रीती शुक्ला, एमआरपी अनुराग सिंह राठौर, अध्यापिका रेनू बाला गुप्ता तथा इंदू श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

सुशासन के संवाहक और महान राष्ट्रवादी थे अटल जी : केशव

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अटल जी का जीवन और कार्यकाल हम सबके लिए एक प्रेरणा का स्रोत है। अटल जी महान राष्ट्रवादी विचारक, युग दृष्टा, प्रखर वक्ता व सुशासन के संवाहक थे। केशव प्रसाद मौर्य वाराणसी के भारतीय शिक्षा मंदिर विद्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने अटल जी के स्मृति चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित का नमन किया तथा उनके जीवन से जुड़ी प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। अटल जी की कविताएं, उनकी जीवन गाथा, पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंनेजो आधारशिला रखी थी, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उसी आधार शिला पर देश का नव निर्माण हो रहा है। उन्होंने उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह वर्ष अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है। सुशासन के लक्ष्यों को कैसे प्राप्त किया जा सकता है यह अटल जी ने करके दिखाया था, इसीलिए उनके जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को ही लखनऊ स्थित दिलकुशा लॉन में अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य मेले के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में साइकिल वितरण, मोबाइल वितरण व विभिन्न प्रकार के इलाज से संबंधित कैंपों का अवलोकन भी किया।

संक्षिप्त खबरें

भारतीय स्टेट बैंक के स्थानीय प्रधान कार्यालय में फायर ड्रिल का आयोजन किया गया

लखनऊ। भारतीय स्टेट बैंक के हजरतगंज स्थित स्थानीय प्रधान कार्यालय में फायर ड्रिल का आयोजन किया गया। फायर ड्रिल मे स्थानीय प्रधान कार्यालय के सभी स्टाफ एवं फायर एवं इमरजेंसी विभाग , लखनऊ, उत्तर प्रदेश के अग्निदलकर्मियों ने भी भाग लिया । फायर ड्रिल के दौरान बिल्डिंग के पाचवें तल पर आग लगाकर धुआँ निकालकर बिल्डिंग का फायर अलार्म बजाया गया एवं बिल्डिंग के कंट्रोल रूम से पी. ए. सिस्टम द्वारा बिल्डिंग को खाली करने की उद्घोषणा की गई इसी समय बिल्डिंग की विधुत सप्लाई भी पूरी तरह काट दी गई। बैंक के सभी कर्मियों द्वारा जिसमे मुख्य महाप्रबंधक, महाप्रबंधक- नेटवर्क -1, महाप्रबंधक-नेटवर्क-2, महाप्रबंधक-नेटवर्क-3 एवं मंडल विकास अधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने बिना किसी बिलंब के बिल्डिंग को खाली कर दिया । तदुपरांत स्टेशन फायर आफिसर हजरतगंज श्री राम कुमार रावत की अगुवाई में फायर ब्रिगेड कर्मियों द्वारा बिल्डिंग के आठवें फ्लोर पर हायड्रौलिक प्लेटफॉर्म लैडर लगाकर एक बैंक कर्मी का रेसक्यू आपरेशन किया, इसके बाद अग्निशमन दल एवं बिल्डिंग के अग्नि सुरक्षा कर्मियों ने फायर फायटिंग आपरेशन किया । बैंक के फायर आफिसर नें कंट्रोल रूम स्टाफ सदस्यों की सहायता से फायर फायटिंग आपरेशन मे भाग लेकर विभिन्न अग्निशामकों से आग बुझाने का तरीका भी बताया । तदोपरांत 13.15 बजे ऑल क्लियर की उद्घोषणा की गई और सभी बैंक स्टाफ अपने-अपने ड्यूटि स्थल पर वापिस चले गए ।

कम राजस्व वसूली पर एक्सईएन मछली शहर निलम्बित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल की समीक्षा बैठक के बाद राजस्व वसूली में खराब प्रदर्शन करने वाले बिजलीकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हो गई है। जौनपुर जिले में तैनात एक्सईन मछलीशहर राम सनेही को निलंबित करने का आदेश जारी कर दिया गया है। अभी और दर्जनों बिजलीकर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई किए जाने की तैयारी है। मंगलवार को समीक्षा बैठक के दौरान चेयरमैन ने राजस्व वसूली तथा एकमुश्त समाधान योजना में लापरवाह कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई किये जाने का आदेश प्रबंध निदेशकों को दिया था। निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्युत वितरण कंपनी में खराब प्रदर्शन करने वाले एक अधीक्षण अभियंता और चार अधिशासी अभियंता के खिलाफ प्रबंध निदेशक कार्रवाई करें। मुख्य अभियंता के क्षेत्र में खराब प्रदर्शन के मामले में 40 कार्मिकों को चेतावनी देने का निर्देश दिया। चेयरमैन ने बिल वसूली के साथ ही एकमुश्त समाधान योजना की समीक्षा भी की। अधिकारियों से कहा कि बिजली बिल के एक-एक बकायेदार से संपर्क कर उनसे बकाया बिल जमा कराएं।

चलती इलेक्ट्रिक स्कूटर में लगी आग

लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र के उतरेठिया बाजार में चलती इलेक्ट्रिक स्कूटर में अचानक आग लग गई। जिससे बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया। बैटरी में ब्लास्ट होने की आशंका से लोग दहशत में आ गए। वहीं, कुछ व्यापारियों ने हिम्मत दिखाते हुए पानी डाल कर आग बुझाई। आग लगने से स्कूटर पूरी तरह से जल गया। उतरठिया उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित कुमार सक्सेना ने बताया कि बुद्धेश्वर में रहने वाले सर्वेश कुमार बुधवार को जरूरी काम से मोहनलागंज गए थे। वह वापस घर लौट रहे थे, इसी बीच उतरेठिया बाजार स्थित ललित इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने पहुंचे थे कि स्कूटर से धुआं उठने लगा। सर्वेश नीचे उतरे और स्कूटर खड़ी कर दूर हट गए। बैटरी जलने से दुर्गंध आ रही थी और ब्लास्ट होने का खतरा भी था। वहीं पास में मौजूद ललित कुमार सक्सेना और उनके साथी दुकानदारों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डाल कर आग पर काबू पा लिया। सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंची और जांच पड़ताल की।

सिल्वर अपार्टमेंट में लगी आग,पड़ोसियों ने ताला तोड़ा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बीबीडी इलाके में गुरुवार को एक फ्लैट में आग लग गई। फ्लैट में रहने वाले किरायेदार शहर से बाहर गए थे। आसपास के लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद खुद ही आग बुझाने में लग गए। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले इलाके के लोगों ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। बीबीडी स्थित क्राउन मॉल के पास सिल्वर अपार्टमेंट में गुरुवार सुबह करीब 11.30 बजे फ्लैट नंबर- 609 में आग लग गई। फ्लैट पंकज निमानी का है, जिसमें अयोध्या के रहने वाले मोहित तिवारी किराए पर रहते हैं। मोहित 3 दिन पहले लखनऊ से बाहर गए हुए थे। आसपास के लोगों ने बंद फ्लैट से धुआं निकलता देख फायर ब्रिगेड को सूचना दे दी। इसके बाद फ्लैट का ताला तोड़कर खुद ही आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही लोगों ने आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया। आग की वजह से ड्राइंग रूम में रखा समान सोफा, टीवी, एसी व अन्य सामान जल गया। कोई जनहानि नहीं हुई है। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी।

बिजली विभाग की टीम पर स्कार्पियो चढ़ाने की कोशिश

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बिजली चोरी पकड़ने गई गई बिजली विभाग की टीम पर पर स्कार्पियो से कुचलने का प्रयास किया गया। बिजली चोरों ने टीम को घेर कर हमला कर दिया। एक महिला ने खुद को एक्साइज इंस्पेक्टर बताकर टीम को देख लेने की धमकी दी। वहीं आरोपियों ने बिजलीकर्मियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपने कपड़े फाड़ डाले और अत्महत्या करने की बात कही। अवर अभियंता की शिकायत पर सआदतगंज पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अवर अभियंता नितेश सिंह ने बताया, बिजली चोरी की सूचना पर टीम मॉर्निंग रेड के लिए गई थी। इस दौरान मेहंदीगंज में रहने वाले संतोष साहू अपने मकान में बिजली के खंभे से सीधे केबल खींचकर घर के सामने टीन शेड के अंदर 20 ई-रिक्शा और ऑटो चार्ज करा रहा था। कार्रवाई करने पर संतोष ने टीम पर हमला करते हुए अपनी स्कॉर्पियो से कुचलने का प्रयास किया। टीम पर हमले की सूचना पर अधिशासी अभियंता कुलदीप श्रीवास्तव पुलिस के साथ मौके पर पहुंच कर बचाया। यहां पर ई-रिक्शा का अवैध रूप से चार्जिंग स्टेशन चलाया जा रहा था। जिसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने बताया कि सत्येंद्र साहू परिवार के साथ बिजली चोरी का काम करता है। कई बार शिकायत मिलने पर टीम ने छापेमारी की थी। पकड़े जाने पर सत्येंद्र साहू ने अपने कपड़े फाड़ कर आत्मदाह की धमकी दी। वहीं पत्नी सोनिया साहू ने खुद को एक्साइज इंस्पेक्टर बताते हुए धमकी दी।

150 साल पुराने मंदिर पर काम्प्लेक्स बनाने का दावा

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हुसैनगंज क्षेत्र में विधानसभा मार्ग पर मंदिर के ऊपर काम्प्लेक्स बनाने का मामला लगातार तूल पकड़ रहा है। दूसरे समुदाय के द्वारा मंदिर की जमीन पर कॉम्प्लेक्स बनाने का दावा किया जा रहा है। गुरुवार को संबंधित मामले को लेकर मंदिर पक्ष के लोग एलडीए पहुंचे। ब्राह्मण संसद के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा के साथ मंदिर पक्ष के डेलिगेशन ने एलडीए के अधिकारियों से मुलाकात किया। अमरनाथ मिश्रा ने बताया कि एलडीए के सचिव से मुलाकात करके संबंधित बिल्डिंग के नक्शे को निरस्त करने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि मंदिर की जमीन जब बिक नहीं सकती तो बिल्डर डॉक्टर शाहिद ने कैसे खरीद लिया। अगर मंदिर की जमीन और भवन में कुछ भी कार्य करना हो तो उसके लिए जिला मजिस्ट्रेट की अनुमति आवश्यक है। संबंधित मामले में पुलिस की रिपोर्ट पर कैसे जमीन बिकी और कॉम्प्लेक्स का निर्माण हुआ। यह अपने आप में बड़ा सवाल है। अमरनाथ मिश्रा ने कहा कि बिल्डर के द्वारा जमीन खरीदने के जो कागजात दिखाए जा रहे हैं वह फर्जी हैं। देवकी तिवारी के पास इस जमीन का कोई मालिकाना हक नहीं था तो उन्होंने कैसे बेच दिया। हमने मंडलायुक्त, जिलाधिकारी और एलडीए के अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराते हुए तमाम जरूरी कागजात उनके सुपुर्द कर दिया है।

कृष्णानगर और गोमतीनगर में पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी में गुरुवार तड़के दो थानाक्षेत्रों में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में तीन बदमाश घायल हो गये। तीनों को पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पहली मुठभेड़ कृष्णारनगर के विजयनगर इलाके में रात दो बजे हुई। वहीं करीब 40 मिनट बाद दूसरी मुठभेड़ गोमतीनगर के जनेवश्वर मिश्र पार्क के पास हुई। पुलिस पकड़े गये आरोपियों के आपराधिक इतिहास खंगालने में जुटी है। डीसीपी दक्षिणी निपुन अग्रवाल के मुताबिक इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम रात दो बजे विजय नगर इलाके में गश्त कर रही थी। इसी बीच बाइक सवार दो संदिग्ध युवक आते हुए दिखे। पुलिस ने रूकने का इशारा किया तो बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। इसी बीच पीछे बैठे बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के पैर में गोली लगी। पुलिस ने घेराबंदी कर घायल बदमाश के अलावा दूसरे को भागते समय पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश की पहचान शमीम के रुप में हुई। वहीं दूसरा आकाश है। पुलिस ने शमीम को लोकबंधु अस्पताल पहुंचा गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। शमीम सीतापुर के विसावां स्थित पठान टोला का रहने वाला है। वहीं आकाश तालकटोरा राजाजीपुरम का रहने वाला है। एसीपी कृष्णानगर सौम्या पांडेय के मुताबिक शमीम पर लूट, नकबजनी और दुष्कर्म के 24 मामले दर्ज हैं। वहीं आकाश पर 12 मामले दर्ज हैं। दोनों बदमाशों ने 15 दिसंबर को कृष्णानगर इलाक में रहने वाले रिटायर्ड फौजी व विधानसभा में सिक्योरिटी गार्ड मनोज मिश्रा के घर पर फायरिंग की थी। दहशत फैलाने के लिए पेट्रोल बम फेंका था। घटना में दो और बदमाश शामिल थे। जो 21 दिसंबर की रात में सीतापुर जिले में हुई एक घटना गिरफ्तार हो गये थे। वहीं आकाश व शमीम वहां से भाग निकले थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस और कार बरामद किया है। गोमतीनगर पुलिस टीम बुधवार देर रात को जनेश्वरम मिश्र पार्क पुल के नीचे चेकिंग कर रही थी। रात करीब 2.40 बजे कार सवार संदिग्ध उधर से गुजरे। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो कार सवारों ने फायरिंग कर दी। साथ ही कार की तरफ्तार तेज कर दी। पुलिस टीम ने पीछा शुरू किया। कुछ दूरी पर जाकर कार को घेर लिया तो बदमाश पैदल फायरिंग करते हुए भागने लगे। पुलिस की जवाबी फायरिंग में अमन सिंह और वीर यादव के पैर में गोली लगी। दोनों को पुलिस ने पकड़ लिया। दोनों को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के पास से कार, असलहा, मोबाइल बरामद किया है। डीसीपी पूर्वी शशांक सिंह के मुताबिक 21 दिसंबर को अमन और वीर यादव ने अपने अन्य साथियों संग मिलकर विपुलखंड स्थित नीरज चौक पर कार सवार दवा व्यापारी दंपति को ओवरटेक किया। व्यापारी की कार में तोड़फोड़ किया। ईंट से हमला कर दंपति का सिर फोड़कर जेवरात व नकदी लूट ली थी। इसके 10 मिनट बाद ही दयाल पौराडाइज चौराहे पर एक अन्य कार सवार को रोककर 20 हजार नकदी, चेन व मोबाइल लूट लिया। विरोध करने पर कार सवार दो व्यक्तियों के सिर फोड़ दिये। वारदात को अंजाम देने के बाद से फरार चल रहे थे। पुलिस टीम लगातार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही थी। कमिश्नरेट पुलिस की बदमाशों से पिछले चार दिनों में ताबड़तोड़ चार मुठभेड़ हुई। इसमें चार बदमाश घायल हुए। वहीं, एक बदमाश ढेर हो गया। चार मुठभेड़ तीन थानाक्षेत्र में हुई। घायल बदमाशों समेत कुल सात को गिरफ्तार कर लिया गया। इसकी शुरूआत सोमवार तड़के चिनहट के जलसेतु इलाके में हुई। जहां ओवरसीज बैंक के 42 लॉकर तोड़कर करोड़ों का माल साफ करने वाले तीन बदमाशों से मुठभेड़ हुई। इसमें एक बदमाश को गोली लगी। कुल तीन गिरफ्तार कर लिये गये। वहीं, सोमवार देर रात को ही चिनहट पुलिस की दोबारा बदमाशों से मुठभेड़ जलसेतु इलाके में ही हुई। जिसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से ढेर हो गया। वह भी ओवरसीज बैंक में हुई घटना का आरोपी था। इसके बाद गुरुवार तड़के हुए दो मुठभेड़ में पुलिस ने चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। जबकि तीन घायल हो गये।

हर्ष फायरिंग करने वाले गिरफ्तार

लखनऊ। शादी समारोह में हवाई फायरिंग करने वाले दो युवकों को चिनहट पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों का एक शादी में हवाई फायरिंग करते सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ था। आरोपियों के पास से एक देशी पिस्टल और तमंचा बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चिनहट इंस्पेक्टर भरत पाठक के मुताबिक, गुरुवार को सोशल मीडिया पर फायरिंग करते हुए वायरल वीडियो के आधार पर राष्ट्रीय ग्राम उद्योग देवा रोड के पास से दोनों आरोपियों को पकड़ा गया है। गिरफ्तार मटियारी कंचनपुर का अमन रावत के पास से एक देशी पिस्टल और कमता हरिहर नगर के वैभव पांडेय के पास से देशी तमंचा बरामद हुआ है। जिससे यह लोग शादी में हवाई फायरिंग कर रहे थे। इनके आपराधिक इतिहास के विषय में जानकारी की जा रही है।

बलरामपुर के तीन चिकित्सकों को अटल सेवा सम्मान मिलने पर दी बधाई

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। बलरामपुर चिकित्सालय में गतवर्षों के उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन राष्ट्रीय संगठन द्वारा भारत रत्न अटल सम्मान 2025 पाकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं, यह कहना है बलरामपुर चिकित्सालय में एक वर्ष में सबसे अधिक सर्जरी करने वाले सर्जन डॉ एस आर समद्दर का।

डॉक्टर समद्दर आज एक बेहद लोकप्रिय चिकित्सक बन गए हैं। उन्होंने इस वर्ष 1000 से अधिक सर्जरी कर चिकित्सालय का नाम रोशन किया है। गरीबों के लिए डॉक्टर समद्दर वरदान हैं, उन्हें गैस्ट्रो सर्जरी, इंडोस्कोपी के साथ सामान्य सर्जरी में भी महारत हासिल है। चिकित्सालय के अधिकारियों और कर्मियों के साथ उन्हें इस सम्मान प्राप्त होने पर कई संगठनों ने भी बधाई दी है। बलरामपुर चिकित्सालय के रेडियोलॉजिस्ट डा राकेश कुमार और चेस्ट स्पेशलिस्ट डा ए के गुप्ता को भी आज संस्था ने सम्मानित किया। फार्मेसिस्ट फेडरेशन के अध्यक्ष सुनील यादव, महामंत्री अशोक कुमार ने डॉक्टर समद्दर को बधाई के साथ ही प्रिंट मीडिया वर्किंग जर्नलिस्ट एसोसिएशन को धन्यवाद दिया है।

कूटरचित दस्तावेज़ तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के थाना मोहनलालगंज पुलिस ने कूटरचित दस्तावेज़ तैयार कर धोखाधड़ी से भूमि विक्रय करने वाले चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों ने एक सुनियोजित आपराधिक षड्यंत्र के तहत फर्जी दस्तावेज़ों का उपयोग कर वादिनी शांति यादव की भूमि को जालसाजी से बेच दिया था।

कोतवाली मोहनलालगंज जनपद लखनऊ

पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी कि उसकी भूमि ग्राम सौनई कंजेहरा, थाना सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में स्थित है। दिनांक 02 अप्रैल 2024 को कुछ लोगों ने भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास किया। जांच के दौरान पता चला कि अभियुक्तों ने फर्जी महिला को भूमि की विक्रेता दिखाते हुए फर्जी दस्तावेज़ों के माध्यम से रजिस्ट्री कराई। मामले में थाना मोहनलालगंज में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई।

पुलिस की टीम ने अभियुक्त अवधेश कुमार, बिलासा, अखिलेश विश्वकर्मा और सगीर अंसारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उन्होंने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, और अन्य दस्तावेज़ तैयार कर रजिस्ट्री कराई थी। अभियुक्तों ने क्रेता को गुमराह करने के लिए समाचार पत्रों में विज्ञापन भी दिया।

सगीर अंसारी-61/2020 धारा 406/419/420/467/468/471 /120बी भादवि थाना हुसैनगंज लखनऊ गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में: उपनिरीक्षक वीर बहादुर दुबे, परवेज अहमद, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अतुल सिंह, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, और महिला कांस्टेबल शिवानी यादव शामिल रहे।

प्रवर्तन जोन-7 में अधिकारियों की मिलीभगत से सील बिल्डिंग पर निर्माण जारी

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में भ्रष्टाचार का एक और घिनौना चेहरा सामने आया है। प्रवर्तन जोन-7 में अधिकारियों की मिलीभगत से एक सील की गई बिल्डिंग पर खुलेआम निर्माण कार्य जारी है।यह मामला अधिकारियों की मनमानी और भ्रष्टाचार की गहराई को उजागर करता है। जानकारी के मुताबिक जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक और अवर अभियंता शशि भूषण मिश्रा ने 09 जनवरी, 2023 को इस बिल्डिंग को सील किया था। लेकिन वर्तमान में जोनल अधिकारी राजीव कुमार के कार्यकाल में निर्माणकर्ता ने बिल्डिंग की सीलिंग तोड़ दी है और धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है। यह बिल्डिंग चौक क्षेत्र स्थित वी-मार्ट के पास अधिकारियों की संरक्षण में बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस मामले की शिकायत करने पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई और शिकायतकर्ता को झूठा आश्वासन देकर टरका दिया गया।

छात्र को डंपर ने कुचला, डंपर ड्राइवर को लोगों ने दौड़ा कर पकड़ा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह स्कूल जा रहे छात्र को डंपर ने कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं डंपर छोड़कर भाग रहे ड्राइवर को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने छात्र के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर डंपर को कब्जे में ले लिया है।

बिजनौर के गोल्डन सिटी, औरंगाबाद जागीर के रहने वाले चंद्र प्रकाश मौर्य का बेटा कार्तिकेय मौर्य (14) उर्फ आर्यन सरोजनी नगर के बेहसा, न्यू गुड़ौरा स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 का छात्र था। सुबह करीब 8 बजे साइकिल से पढ़ने के लिए स्कूल जा रहा था। औरंगाबाद अंडरपास के पास बिजनौर की तरफसे आ रहे तेज रफ्तार डंपर (यूपी 32 एलएन 0249) ने उसकी साइकिल में पीछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिससे कार्तिकेय बुरी तरह घायल हो गया। वहीं घटना को अंजाम देकर भाग रहे डंपर व उसके चालक गोविंद सिंह कुशवाहा को स्थानीय लोगों ने दौड़ाकर पकड़ लिया। सूचना पाकर कार्तिकेय के घर वाले मौके पर पहुंचे और गंभीर हालत में लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बिजनौर थाना प्रभारी का कहना है कि बच्चे के पिता ने तहरीर दी है। डंपर को कब्जे में लिया गया है। ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जांच की जा रही है। कार्तिकेय अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था। परिवार में पिता चंद्र प्रकाश, मां सुधा और बड़ी बहन अनु है।

स्कूटी सवार को कार ने मारी टक्कर युवक गंभीर रूप से घायल

लखनऊ। राजधानी के टेढ़ी पुलिया के इलाके में गत शुक्रवार की शाम को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें एक स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वासिफअली खान नामक युवक जिम से अपने घर लौट रहा था, तभी पीछे से आ रही एक कार ने उसकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वाफिस अली बुरी तरह से घायल होकर बेहोश हो गया। राहगीरों द्वारा कोई मदद न किए जाने के कारण बुरी तरह से घायल वाफिस अली यूंही सड़क पर बेहोश पड़ा रहा। और इस दौरान उसके शरीर से खून बहता रहा। काफी देर बाद जब उसे खुद होश आया तो किसी तरह उसने हिम्मत जुटा कर एक नजदीक के अस्पातल मुस्कान पहुंचा, जहां उसका प्राथमिक इलाज हुआ। परिवार को सूचना मिलते ही परिवार के लोग मुस्कान अस्पताल पहुंचे। बाद में उसे ट्रामा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। इस घटना की सूचना परिवार वालों ने संबंधित पुलिस थाने में दी। पुलिस ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। परिवार के लोगों ने इसे हत्या की साजिष बताया है। युवक की पत्नी इंषा खान का कहना है कि उनके साथ षानू आफरीन और उसके पति अल्ताफ ने पैसों का गबन किया है। जिसका प्रार्थना पत्र हम लोगों ने कैसरबाग कोतवाली में दे दिया है। तभी इन लोगों ने हम लोगों को धमकी दी थी कि अगर तुम लोगों ने हमारे खिलाफकोई कानूनी कार्यवाही करने की कोशिश की तो तुम लोगो को जान से मरवा देंगे। घायल युवक की पत्नी ईशा खान ने पुलिस से कार चालक के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि उनके पति की हालत अभी भी गंभीर है।

बेकाबू कंटेनर ट्रक में घुसा, ड्राइवर की मौत, कंटेनर चालक की हालत गंभीर

लखनऊ। दुबग्गा में तेज रफ्तार बेकाबू कंटेनर खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। इससे कंटेनर का अगला हिस्सा डैमेज हो गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। दुर्घटना के बाद वहां भीड़ लग गई। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायल व्यक्ति को इलाज वे ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जानकारी के मुताबिक दुबग्गा में झांखरबाग अंडरपास के ऊपर किसान पथ (आउटर रिंग रोड) ट्रक खराब होकर खड़ा था। ट्रक चालक राजस्थान के डींग के कामा गांव निवासी घन सिंह खराब ट्रक की मरम्मत कर रहे थे। तभी पीछे से आ रहे बेकाबू कंटेनर ने टक्कर मार दी। इसमें ट्रक चालक घन सिंह की मौत हो गई। हादसे में कंटेनर चालक निर्मल भी घायल हो गया। इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेज दिया गया है। ड्राइवर निर्मल की हालत गंभीर बताई जा रही है।

ट्रेन के सामने कूदा बुजुर्ग, मौत

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। एक बुजुर्ग ट्रेन के सामने कूद गया। इससे उसका शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मांस के टुकड़े रेलवे ट्रैक पर कई मीटर तक बिखर गए। हादसा इटौंजा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के पास हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कल्याणपुर गांव के पास लखनऊ इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के सामने गुरुवार दोपहर एक बुजुर्ग अचानक ट्रेन के सामने कूद गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। मृतक की उम्र 50 वर्ष के आस-पास है। उसकी जेब से एक कागज मिला है, जिसमें सियाराम वार्ड एक लिखा है। पुलिस ने आस-पास के गांवों में पता किया, लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। इटौंजा थाना प्रभारी मार्कंडेय यादव ने बताया कि ट्रेन चालक ने डेथ मेमो भेजा है, जिसमें बताया कि व्यक्ति अचानक ट्रेन के सामने आ गया, जिससे रन ओवर हुआ है। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है।

नर्स के कमरे का ताला तोड़कर चोरी, दूध वाले पर शक

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में किराए पर रहने वाली नर्स के कमरे का ताला तोड़कर चोर जेवर और नकदी चुरा ले गए। युवती ने एक युवक पर चोरी का शक जाहिर करते हुए गुरुवार को पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सुशांत गोल्फसिटी थाना क्षेत्र में स्थित पीएम आवास आवासीय योजना में एक युवती किराए पर कमरा लेकर रहती है। वह मेदांता अस्पताल में नर्स है। बीती बुधवार शाम करीब पांच बजे ताला बंद कर अपनी सहेली के साथ मार्केट में सब्जी खरीदने गई थी। वापस घर लौटने पर देखा कि कमरे का ताला टूटा और अलमारी में रखा सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर अलमारी में रखे पांच हजार रुपए की नकदी और सोने की बाली सहित एक मोबाइल फोन चुरा ले गए। नर्स ने बताया कि उसके जाने के बाद दूध देने वाला युवक आया था। शक है कि उसी ने चोरी की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

माता गुजर कौर का शहीदी दिवस मनाया गया, कीर्तन के बाद लंगर आयोजित

लखनऊ। गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा नाका हिन्डोला में बुधवार को माता गुजरी सत्संग सभा की ओर से सरबंसदानी साहिब श्रीगुरु गोविंद सिंह महाराज के चारों साहिबजादों (साहिब अजीत सिंह साहिब जुझार सिंह, साहिब जोरावर सिंह, साहिब फतेह सिंह उनकी माता, माता गुजर कौर जी का पावन शहीदी दिवस बड़े श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया गया। प्रातः सुखमनी साहिब के पाठ से दीवान का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात हजूरी रागी जत्था भाई राजिंदर सिंह जी ने आसा दी वार का पवित्र शबद कीर्तन गाकर संगत को निहाल किया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी गुरजिंदर सिंह जी ने इस ऐतिहासिक दिवस पर अपने भावपूर्ण विचार साझा किए। उन्होंने साहिबजादों की अदम्य वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए संगत को प्रेरित किया। ज्ञानी हरविंदर सिंह सुहाना वालों ने चमकौर की गढ़ी और सरहंद की ऐतिहासिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए साहिबजादों और माता गुजर कौर जी के बलिदान को हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया।

सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध मौत,पत्नी ने कंपनी के खिलाफ थाने में तहरीर दी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी में प्राइवेट सिक्योरिटी गार्ड की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने सिक्योरिटी कंपनी पर अधिक कार्य लिए जाने के कारण मौत होने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को सरोजनी नगर थाने में तहरीर दी है। बंथरा के गढ़ी चुनौटी गांव निवासी महिला प्रतिभा सिंह के मुताबिक उनके पति धर्मेंद्र सिंह गोमती नगर के विभूति खंड स्थित व्हाइट विंग्स सिक्योरिटी गार्ड सर्विस में नियुक्त थे। वहीं नई पुलिस लाइन, कानपुर रोड में ड्यूटी करते थे। प्रतिभा का कहना है कि पति धर्मेंद्र बीती 11 नवंबर को दोपहर करीब 12 बजे घर से ड्यूटी करने गए थे। कुछ देर बाद करीब सवा 1 बजे उपेंद्र नामक सुपरवाइजर ने फोन कर सूचना दी कि उसके पति की मौत हो गई है। प्रतिभा ने बताया कि मेरे पति की मौत अत्यधिक कार्य का दबाव पड़ने और कंपनी द्वारा अमानवीय तरीके से काम कराए जाने के कारण ड्यूटी स्थल पर ही हो गई थी। बाद में पंचनामा भरकर नियमानुसार पोस्टमॉर्टम किया गया। महिला ने क्रिया कर्म करने के बाद गुरुवार को सरोजनी नगर थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। इस मामले में सरोजनी नगर थाना प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मृतक धर्मेंद्र की मौत के बाद पोस्टमॉर्टम कराया गया। रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीपीएसएचआरआईटी कैंपस ने शिक्षा के क्षेत्र में प्राप्त किया गोल्डन स्टार आइकॉन अवार्ड 2024

» गत 16 वर्षों से भारत एवं विश्व के विभिन्न संगठनों को उनके कार्यों और समाज को उठकर सेवा प्रदान करने के लिए गोल्डन स्टार आइकन अवार्ड प्रदान किए जाते

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। पी0आर0 संगठन अवीवा कियोन द्वारा नवां गोल्डन स्टार आइकन अवार्ड 2024 आयोजित किया गया। गत 16 वर्षों से भारत एवं विश्व के विभिन्न संगठनों को उनके कार्यों और समाज को उठकर सेवा प्रदान करने के लिए गोल्डन स्टार आइकन अवार्ड प्रदान किए जाते हैं । इस वर्ष राजनीति, मीडिया ,मनोरंजन, खेल, स्वास्थ्य, शिक्षा और प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न देशी व विदेशी संगठनों द्वारा इस समारोह में हिस्सा लिया गया। जिसमें डी0पी0एस0 एच0आर0 आई0टी0 कैंपस को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया । जो विद्यालय द्वारा भविष्य निर्माण के क्षेत्र में किए गए अग्रणीय योगदान का प्रतीक है । यह अवार्ड विद्यालय की माननीय डायरेक्टर महोदया डॉ0 वैशाली अग्रवाल जी को प्रदान किया गया । जो विद्यालय के सदस्यों, छात्रों व अभिभावकों के योगदान को समर्पित है । संगठन द्वारा दिया गया यह अवार्ड विद्यालय को आगे भी शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिए प्रोत्साहित करता रहेगा।

डीएम ने एसडीएम, खण्ड विकास अधिकारियों के साथ कलक्ट्रेट सभागार में की समीक्षा बैठक

» पंचायत सचिव, पंचायत सहायक क्षेत्र में जाएं, योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही मिली तो होगी दण्डात्मक कार्यवाही

» शासन की मंशानुसार जीरो पावर्टी, गौआश्रय स्थल, फार्मर रजिस्ट्री, अंश निर्धारण में बेहतर प्रगति सुनिश्चित कराएंः डीएम

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने मंगलवार को देर रात्रि समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। डीएम ने सर्वप्रथम फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि पंचायत सचिव, पंचायत सहायक के माध्यम से कार्य में तेजी लाई जाए। सभी पंचायत सचिव, पंचायत सहायक अपने आवंटित क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण करें, शिकायत मिलने पर दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी, जिसके पंचायत सचिव, पंचायत सहायक स्वयं जिम्मेदार होंगे। ब्लाक सकीट, अलीगंज में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति को सुधारा जाए। डीएम ने अंश निर्धारण, खसरा फीडिंग, कृषि आवंटन, मत्स्य पालन, आर्थिक सहायता प्रकरण, रिट याचिकाओं आदि की समीक्षा करते हुए मौजूद उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों को सख्त हिदायत दी कि शासन की मंशानुसार सभी अधिकारियों को कार्य करना है। जो भी कार्य करें, उनको नियमानुसार किया जाए। सीएम डैशबोर्ड के तहत जो भी बिन्दु राजस्व विभाग से संबंधित हैं, उन पर त्वरित कार्यवाही की जाए, जिससे कि प्रगति में शासन की मंशानुसार सुधार हो सके। कृषि आवंटन, मत्स्य पालन के तहत नियमानुसार पात्रजनों को आवंटन किया जाए, जिससे कि अनावश्यक शिकायतें प्राप्त न हों। डीएम ने गौआश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी खण्ड विकास अधिकारी अपने क्षेत्र की गौशालाओं का नियमित रूप से भ्रमण करते रहें। ठण्ड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए गौआश्रय स्थल में गोवंशों को ठण्ड से बचाव हेतु हीटर लगवाए जा सकते हैं, इसके साथ ही पीने के पानी, चारा, भूसा, प्रकाश के समुचित प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं। प्रत्येक गौआश्रय स्थल में सीसीटीवी कैमरे लगातार क्रियाशील रहने चाहिए। पंचायत सचिवों द्वारा भी नियमित रूप से अपने क्षेत्र की गोशाला का भ्रमण कर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। जीरो पावर्टी के तहत गांव में पात्रजनों के चिन्हांकन में लापरवाही न बरती जाए। ग्राम स्तरीय कर्मचारी इस ओर गंभीरता से ध्यान दें, जिससे कि कोई भी पात्र चिन्हांकन होने से वंचित न रहे। समीक्षा के दौरान सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एडीएम वित्त एवं राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एसडीएम सदर विमल कुमार, एसडीएम अलीगंज एसडीएम जलेसर विपिन कुमार, डीएसटीओ प्रदीप कुमार, डीडी कृषि रोताश कुमार, समस्त तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि मौजूद रहे।

साहित्यकार ज्योति जैन ज्योति को प्रान्ति इंडिया द्वारा सम्मानित किया जाएगा

लोकमित्र ब्यूरो

दिल्ली / गाजियाबाद। प्रान्ति इंडिया द्वारा 10 जनवरी 2025 को वाराणसी में आयोजित होने वाली सम्मान समारोह में पश्चिम बंगाल(कोलाघाट) की प्रख्यात साहित्यकार ज्योति जैन ज्योति को उनकी हिंदी साहित्य साधना और हिंदी के प्रचार- प्रसार में उनके योगदान के लिए प्रान्ति इंडिया साहित्य सम्मान 2025 से अलंकृत किया जाएगा। यह सम्मान प्रान्ति इंडिया के वरिष्ठ संपादक डॉ.लेखराज शर्मा व अन्य वशिष्ठ अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया जाएगा। साथ ही ज्योति जैन %ज्योति% की दोहा संकलन÷ धूप छाँव सी ज़िंदगी÷को प्रान्ति इंडिया पुरस्कार 2025 (चांदी का सिक्का) से सम्मानित किया जाएगा। आदरणीया ज्योति जैन ज्योति एक प्रतिष्ठित साहित्यकार हैं। उनकी रचना देश के विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित होती रहती है। उनकी कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी कोलकाता और लखनऊ रेडियो से ऑनलाइन हो चुका है उन्हें देश के कई शहरों में साहित्य लेखन के लिए सम्मानित किया जा चुका है। प्रान्ति इंडिया वार्षिकोत्सव 2025 इस भव्य आयोजन में देशभर से चयनित 111 साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा एवं 51 चयनित पुस्तकों को चांदी का सिक्का प्रदान किया जाएगा। यह कार्यक्रम वाराणसी के मैदागिन में स्थित पराड़कर स्मृति भवन मैं आयोजित किया जाएगा। हिंदी साहित्य को समर्पित यह आयोजन हिंदी के प्रचार-प्रसार और साहित्यकारों के योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा।

कोरवा, आरडब्लूए फेडरेशन ने पुलिस कमिश्नर के साथ की बैठक

» अतिक्रमण और ध्वनि प्रदूषण पर हुई चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। गुरुवार को कोरवा यू पी,आर डब्लू ए फेडरेशन एवं फ्लेट ओनर फेडरेशन गाजियाबाद यानी सिविल सोसाइटी के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर अजय मिश्र के साथ बैठक की। बैठक में कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी ने ध्वनि नियंत्रण, नगर के मुख्य चौराहों पर फैले अतिक्रमण को हटाने और एसपीओ नियुक्त करने पर चर्चा की। बैठक में गाजियाबाद के सभी जोन इंदिरापुरम, वसुंधरा, मोहननगर, विजय नगर, कविनगर और सिटी जोन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में कर्नल त्यागी ने शहर में सद्भाव कायम रखने के लिए एसपीओ नियुक्त किए जाने, रेड लाइट चौराहों को ई रिक्शा मुक्त, वेन्डर मुक्त और भिखारी मुक्त किये जाने, सभी सोसाइटियों और सार्वजनिक स्थानों मे धार्मिक अनुष्ठानों अथवा जन्मदिन पार्टियों के नाम पर लाउड स्पीकर के इस्तेमाल और डेसीबल लिमिट पर नियंत्रण करने के लिए निर्देश जारी किए जाने, सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों को पुलिस स्टेशनों में वरीयता देने, रिहायशी इलाकों में चल रहे देह व्यापार की शिकायतों पर कार्यवाही, ट्रेफिक व्यवस्था व अतिक्रमण, अपने साइज से चार गुणा ज्यादा सरिया ढोने वाली ट्रॉलियों पर नियंत्रण, सीसीटीवी कैमरा, टायर ब्रेकिंग स्पाइक्स आदि के लिए नगर निगम को लिखे जाने आदि पर सुझाव दिए। पुलिस आयुक्त ने सभी बिन्दुओ पर आवश्यक निर्देश और कार्यवाही का भरोसा दिया है। बैठक में कोरवा-यूपी के अध्यक्ष पवन कौशिक, डॉ. आर पी शर्मा, राज कुमार त्यागी, कप्तान गोपाल शर्मा, डॉ आर के आर्या, ज्ञान सिंह, अनुज पहलवान, नेमपाल सिंह, शरद सिंघल, मनोज अग्रवाल, गोपाल सिंह, रमेश नेगी, गणेश दत्त, सोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

कार की टक्कर से मजदूर घायल होने पर मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

इंदिरापुरम। वसुंधरा सब्जी मंडी चौक के पास पैदल जा रहे एक मजदूर को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी मजदूर भवानी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मजदूर को जीटीबी अस्पताल भिजवाया।

वहीं, ठेकेदार की तहरीर पर इंदिरापुरम थाने में अज्ञात कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दिल्ली के पटपड़गंज निवासी सोनू कुमार ने पुलिस को बताया कि कल्याणपुरी निवासी भवानी पेंटिंग का काम करता है। वर्तमान में वह उनके घर पर रंगाई-पोताई का काम कर रहा था। पांच दिसंबर को वह काम के बाद पैदल जा रहा था। इंदिरापुरम सब्जी मंडी चौक के पास पहुंचा तो तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। पैर में गंभीर चोट आने के कारण से पैर काटने की स्थिति बन गई है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह बताया कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही हैं। कार चालक को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

जनसुनवाई के दौरान महिला ने पुलिसकर्मी पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. मीनाक्षी भराला ने मंगलवार को विकास भवन स्थित सभागार में जनसुवाई की। जनसुनवाई के दौरान खोड़ा थाना क्षेत्र निवासी महिला ने एक पुलिसकर्मी पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया।

महिला ने बताया कि खोड़ा निवासी व्यक्ति की प्रताड़ना और दुष्कर्म की शिकायत करने के लिए वह खोड़ा थाने गई थीं, जहां उनकी सुनवाई नहीं हुई। पुलिसकर्मियों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और एक पुलिसकर्मी ने दुष्कर्म किया। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी व्यक्ति अपनी मां के साथ मिलकर अभी भी उसका शोषण कर रहा है और बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहा है।मीनाक्षी भराला ने एसीपी क्राइम श्वेता यादव को आरोपी के खिलाफ 24 घंटे के अंदर कार्रवाई कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आरोपी पुलिसकर्मी के खिलाफ भी जांच के निर्देश दिए। अपनी आपबीती सुनाने के दौरान महिला बेहोश हो गईं। वहीं, मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करने वाली 20 से अधिक महिलाओं ने अपनी-अपनी समस्याएं बताईं, जिसका मौके पर विभागीय अधिकारियों से बातचीत करके निस्तारण कराया गया।

सबसे अधिक शिकायतें पुलिस विभाग की रहीं।कुछ महिलाओं ने यह शिकायत की कि महिला थाने के अधिकारी और कर्मचारी उनके साथ अच्छा व्यवहार नहीं करते जिस पर महिला आयोग की सदस्य ने फोन पर अभद्र व्यवहार करने वाली आईओ को फटकार लगाई और फरियादियों के साथ अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। मसूरी इलाके की महिला ने आरोप लगाया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म हुआ आरोपी पकड़े गए लेकिन जल्द ही छूट गए और उनपर गंभीर धाराएं भी नहीं लगाईं। बैठक के दौरान डीपीओ मनोज कुमार पुष्कर, वन स्टॉप सेंटर इंचार्ज निधि, जिला सूचना।

न्यू ईयर का क्रेज: 20 लोगों ने किया वन डे बार लाइसेंस के लिए आवेदन

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। नए साल की पूर्व संध्या पर 31 दिसंबर को वन डे बार के लिए 20 होटल, रेस्टोरेंट और बैंक्वेट हाल संचालकों ने लाइसेंस के लिए आवेदन किया है। जिला आबकारी अधिकारी संजय सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर और एक जनवरी के लिए ऑनालाइन आवेदन किए जा रहे हैं। एक दिन के व्यवसायिक लाइसेंस के लिए 11 हजार रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक के लिए लाइसेंस मान्य होगा। वहीं, यदि कोई अपने आवास या फार्म हाउस पर एक दिन के लिए लाइसेंस के लिए आवेदन करता है तो उसे चार हजार रुपये जमा करना होगा। आबकारी विभाग के पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है। Upe&cise.gov.in पर आवेदन किया जा सकता है। पिछले साल आए थे 50 आवेदन जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि पिछले साल करीब 50 आवेदन आए थे। इस साल दो दिनों में 20 लोगों ने आवेदन किया है।

हल्दीराम स्किल अकादमी का दीक्षांत समारोह संपन्न

» हल्दीराम के चेयरमैन मनोहर लाल अग्रवाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इससे पहले समारोह की शुरुआत अभिनन्दन भाषण से हुई। इसके बाद चेयरमैन अग्रवाल के साथ अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। स्किल इंडिया के तहत मल्टी कुजीन कुक और फैशन टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए सेक्टर 127 में स्थित हल्दीराम स्किल अकादमी के दीक्षांत समारोह में चेयरमैन मनोहर लाल अग्रवाल ने कोर्स पूरा करने वाले बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

इस मौके पर हल्दीराम के चेयरमैन मनोहर लाल अग्रवाल ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इससे पहले समारोह की शुरुआत अभिनन्दन भाषण से हुई। इसके बाद चेयरमैन अग्रवाल के साथ अन्य अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद मल्टीकुजीन कुक और फैशन टेक्नोलॉजी के एक सौ से अधिक छात्रों को अतिथियों ने प्रमाणपत्र वितरित किए।

इस मौके पर हल्दीराम एजुकेशनल सोसाइटी की निदेशक सुश्री रीता कपूर ने इस युग में कौशल के महत्व पर जोर दिया और छात्रों से कहा कि सकारात्मक मानसिकता के साथ चुनौतियों को स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि छात्रों पूरे जीवन सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने इस पहल की अगुवाई करने और समाज के लिए सार्थक योगदान देने के लिए प्रमोटरों और एचएसए को धन्यवाद दिया। राष्ट्रगान के साथ दीक्षांत समारोह का समापन हुआ। समारोह में हल्दीराम के चेयरमैन मनोहर लाल अग्रवाल के अलावा एमडी न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर योगेश एंडले, महिला एवं बाल विकास विभाग एमपी के सहायक निदेशक डॉ. शालीन शर्मा, एमिटी यूनिवर्सिटी फॉर पब्लिक हेल्थ एंड एडमिनिस्ट्रेशन में सहायक प्रोफेसर सुश्री पूर्णिमा सूर्यनाथ सिंह, अदार फाउंडेशन के संस्थापक सुश्री विभा अनेजा, हल्दीराम की निदेशक सुश्री प्रीति अग्रवाल, सेवानिवृत्त डीजीपी चंडीगढ़ प्रदीप श्रीवास्तव, ज्ञानश्री स्कूल की प्रधानाचार्य सुश्री प्रियंका भटकोटीके अलावा हल्दीराम, केयर लीवर्स इनर सर्कल, एचएसए, सहायक एनजीओ और तमाम छात्रों के परिजन मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि इस अकादमी की शुरूआत अप्रैल 2023 में मल्टी कुजीन कुक और फैशन टेक्नोलॉजी (एटीडीसी) कार्यक्रमों के साथ शुरू हुई। अब तक 350 छात्रों ने अपना कोर्स पूरा करने के बाद हल्दीराम, नाथूस, शाही एक्सपोर्ट्स, ज़ारा, बीकानेरवाला और इसी तरह के विभिन्न ब्रांडेड प्रतिष्ठानों में जॉब हासिल कर चुके हैं।

ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट ने मनाया तुलसी पूजन

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। जेजे कॉलोनी सेक्टर 5 हरौला ऋषि चैरिटेबल ट्रस्ट की संस्थापक भारती नेगी ने पाठशाला के बच्चों के साथ तुलसी दिवस मनाया। सभी बच्चों को प्रसाद के रूप में मीठा दिया एवं जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरण किए गए भारती नेगी ने कहा हमें अपनी आने वाली पीढियां को तुलसी पूजन के महत्व से अवगत कराना चाहिए ताकि यह परंपरा जीवित रहे हिंदू धर्म में तुलसी पूजन दिवस को बहुत शुभ दिन माना जाता है और यह दिन विशेष रूप से तुलसी की पूजा के लिए समर्पित होता है।

मोबाइल फोन चोरी करने वाले 5 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया

» भिन्न भिन्न कम्पनियों के 57 मोबाइल फोन बरामद कर फेस 2 पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा गोपनीय सूचना व लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से भंगेल सब्जी मण्डी से मोबाइल फोन चोरी करने वाले 2 बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया। जिनके कब्जे से चोरी के भिन्न-2 कम्पनी के 30 कीमती मोबाइल फोन बरामद किये गये। अभिरक्षा में लिये गये बाल अपचारियों की निशादेही पर इनके 3 अन्य साथी बाल अपचारियों को अभिरक्षा में लिया गया, जिनके कब्जे से चोरी के भिन्न-2 कम्पनी के 27 कीमती मोबाइल फोन को बरामद किये गये।

सभी बाल अपचारी एनसीआर क्षेत्र में भीड़-भाड़ वाले बाजारो, सब्जी व फलो की मण्डियों व साप्ताहिक बाजारो में मौका पाकर लोगो के कीमती मोबाइल फोन चोरी करते थे और चोरी के मोबाइल फोन सस्ते दामों पर बेच देते थे।

1.यह सभी बाल अपचारी नियमित रूप से लगने वाली मण्डी तथा साप्ताहिक बाजार में आने वाले ग्राहक विशेषकर महिलाओं को टारगेट करते थे।

2.यह सभी बाल अपचारी ग्राहकों का ध्यान भंग होने की प्रतीक्षा करते थे तथा थोड़ी सी भी चूक होने पर तुरन्त मोबाइल लेकर गायब हो जाते थे।

3.यह सभी बाल अपचारी समूह में कार्य करते थे तथा मोबाइल चुरा लेने के उपरान्त पकड़े जाने की सम्भावना की आशंका होते ही अपने दूसरे साथी को मोबाइल पकड़ा देते थे।

4.यह सभी बाल अपचारी काफी मात्रा में मोबाइल एकत्र हो जाने के उपरान्त दूरस्थ स्थानों पर जाकर औने-पौने दाम में बेच देते थे।

5.यह सभी बाल अपचारी बिना अभिभावक के ही जनपद में आगमन करते है तथा मकान मालिक को कोई भी झूठी कहानी बताकर टोकन मनी देकर किराये का कमरा ले लेते हैं तथा ठेले इत्यादि पर खाना खाते हैं।

6.यह सभी बाल अपचारी पकड़े जाने के डर से एक जगह न रहकर निरंतर स्थान बदलते रहते हैं तथा एक जगह टिक कर नही रहते।

7.यह सभी बाल अपचारी भारी मात्रा में मोबाइल फोन चोरी कर लेने के उपरान्त 3 से 4 दिन में ट्रेन के माध्यम से चोरी के मोबाइल बेचने के लिये दूरस्थ स्थानों पर चले जाते हैं।

8.इन सभी बाल अपचारी का कोई निश्चित ग्राहक नही होता हैं बल्कि यह मोल तोल करके जहां भी इनको अधिक दाम मिलता है वही बेच देते हैं।

9.यह सभी बाल अपचारी अनपढ़/कम पढ़े लिखे है।

अगवा कर किशोरी को बनाया बंधक, केस दर्ज

मुरादनगर। एक कॉलोनी निवासी किशोरी को अगवा कर उसे बंधक बनाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर पर आजम निवासी सरधना, मेरठ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 दिसंबर को आजम ने उनकी 17 वर्षीय बेटी को अगवा कर लिया। उसने बेटी को बंधक बनाकर रखा हुआ है। परिजन किशोरी की तलाश करते सरधना पहुंचे तो वहां उनके साथ मारपीट की गई। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि किशोरी की तलाश की जा रही है।

अब तक 50 लाख से अधिक यात्रियों ने नमो भारत ट्रेन में की यात्रा

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर परिचालन शुरू होने से अब तक 50 लाख से अधिक यात्री नमो भारत ट्रेनों में यात्रा कर चुके हैं। गाजियाबाद और मेरठ साउथ स्टेशनों से सबसे ज्यादा यात्रियों ने यात्रा की। इनमें सबसे अधिक यात्री 19 अगस्त को 34 हजार लोगों ने यात्रा की है। इसी तरह अन्य दिनों में भी बड़ी संख्या में लोगों ने आवाजाही की। मेरठ कॉरिडोर से जुड़ने के बाद यात्रियों की संख्या बढ़ी है। साहिबाबाद से मेरठ साउथ तक परिचालित खंड की कुल लंबाई 42 किमी है, जिसमें 9 आरआरटीएस स्टेशन शामिल हैं। यात्री सिर्फ 30 मिनट में साहिबाबाद से मेरठ साउथ तक का सफर पूरा करते हैं। वर्तमान में साहिबाबाद से दिल्ली की ओर आनंद विहार और न्यू अशोक नगर स्टेशन पर नमो भारत ट्रेनों का ट्रायल रन अंतिम चरण में है। एनसीआरटीसी के प्रभारी ने बताया कि आनंद विहार एक भूमिगत स्टेशन है, जो आरआरटीएस कॉरिडोर पर परिचालित होने वाला पहला भूमिगत स्टेशन होगा।

जल्द ही साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक नमो भारत ट्रेनों का परिचालन शुरू होगा और इस हिस्से के जुड़ने पर परिचालित खंड की लंबाई बढ़कर 55 किमी हो जाएगी। साथ ही दिल्ली से मेरठ के बीच आवागमन भी आसान हो जाएगा। एनसीआरटीसी ने हाल ही में यात्रियों की सुविधा के लिए किराये पर 10 फीसदी की छूट का लाभ उठाने के लिए लॉयल्टी पॉइंट भी शुरू किया है, जिसके तहत यात्री आरआरटीएस कनेक्ट एप के माध्यम से क्यूआर कोड बेस्ड टिकट खरीदकर लॉयल्टी पॉइंट हासिल कर सकते हैं।

नमो भारत ट्रेन की उपलब्धियां-23 अक्तूबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड का उद्घाटन किया था।

संक्षिप्त खबरें

न्यायालय के आदेश पर सात पर हत्या का मुकदमा दर्ज

शुक्लागंज उन्नाव। कोर्ट के आदेश पर गंगाघाट पुलिस ने हाजीपुर के शिवशरणखेड़ा निवासी एक युवक को गायब कर उसकी हत्या करने के मामले में छह वर्ष बाद सात लोगो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत हाजीपुर चौकी क्षेत्र के शिवशरणखेड़ा गाव निवासी 23 वर्षीय मुन्नी लाल पुत्र होरीलाल छह वर्ष पहले गायब हो गया था। जिसके बाद परिजनों ने गंगाघाट कोतवाली में में सात लोगों के खिलाफ बेटे को गायब कर हत्या कर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर कोतवाली पुलिस टाल मटोल करती रही। काफी दिन बीतने पर जब पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तब युवक के पिता हरिलाल ने न्यायालय की शरण ली। पुलिस ने जानकारी दी की न्यायालय के आदेश पर होरीलाल की तहरीर पर गांव के रहने वाले शिवम,बाबूराम,रामचंद्र,शिवराज,अरुण,गुड्डू व अमृतलाल आदि के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

क्षतिग्रस्त पुलिया की टूटी रेलिंग पर रखे गए रेडियम लगे सीमेंटेड बोल्डर

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट क्षेत्र के जाजमऊ चौकी अन्तर्गत लखनऊ-कानपुर हाइवे स्तिथ त्रिभुवन खेड़ा पुलिया की टूटी रेलिंग के हिस्से पर खतरे को देखते हुए एनएचआई ने रेडियम लगे सीमेंटेड बोल्डर (सीमेंटेड जस्सी क्रास बैरियर) रखवा दिए है। जिससे हादसों से बचाव हो सके। गौरतलब है कि बीती 14 दिसंबर शनिवार को त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के पथ वे के गड्ढे से 30 फिट नीचे गिरकर एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई थी। त्रिभुवन खेड़ा निवासी सरोज पत्नी फूलचंद्र की 28 वर्षीय पुत्री नेहा खेत जा रही थी। तभी उसका पैर पुलिया के पथ वे पर बने गढ्ढे पर पड़ गया। जिससे वह 30 फिट नीचे गिर कर गंभीर घायल हो गई थी। हादसे के अगले दिन 15 दिसंबर दिन रविवार को एनएचआई ने पुलिया के पथ वे पर बने गढ्ढो को भरवा दिया था। जिसके बाद एनएचआई की तरफ से मेंटिनेंस के लिए अधिकृत जीएस एक्सप्रेस एजेंसी ने त्रिभुवन खेड़ा पुलिया के दाहिनी ओर रेलिंग लगभग 12 फिट टूटे हिस्से में रेडियम लगे सीमेंटेड बोल्डर (सीमेंट जस्सी क्रास बोल्डर) रखवा दिये है। जीएस एक्सप्रेस एजेंसी के मैनेजर आरके सिंह ने बताया कि फिलहाल खतरे के मद्देनजर रेडियम लगे बोल्डर रखवा दिए गए है। जिससे आगे किसी हादसे से बचाव हो सके।

11 करोड़ से 6.44 मीटर चौड़ी होंगी पोनी रोड

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट का पोनी रोड काफ़ी व्यस्त मार्ग है, जिसपर लगभग 3-4 लाख की आबादी प्रभावित होती है। काफ़ी लम्बे समय से मार्ग चौड़ीकरण की बात हो रही थी। लेकिन चुनाव एवं अन्य अवरोधो के कारण कार्य संभव न हो सका। हाल ही मे पीडब्ल्यूडी के प्रांतीय खंड अधिकारी हरदयाल अहिरवार ने टेंडर प्रकाशित कर कार्य को रफ़्तार दी है। कोतवाली तिराहे से लेकर पोनी गांव तक मार्ग चौड़ा किया जायेगा। मौजूदा समय पोनी रोड महज 3 - 3.5 मीटर ही है। 11 करोड़ रूपए की लागत से पोनी रोड 5.5+ 1 मीटर चौड़ा होगा। कार्य दायी संस्था को 1 वर्ष मे कार्य पूर्ण करने की डेड लाइन टेंडर मे उल्लेखित की गई है। जिससे नगर की एक बड़ी आबादी को बहुत सी समस्याओ से निजात मिलेगी। अधिकारियों के मुताबिक जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा।

भागवत कथा के दूसरे दिन धुंधकारी गोकर्ण काआख्यान सुनाया

बीघापुर,उन्नाव। विकासखंड क्षेत्र के जंगली खेड़ा स्थित अंबर दास बाबा मंदिर परिसर में चल रही नौ दिवसीय ज्ञान यज्ञ कथा महोत्सव के दूसरे दिन भागवताचार्य सुशील पांडेय ने धुंधकारी गोकर्ण का आख्यान सुनाया। भागवताचार्य ने गोकर्णोपाख्यान सुनाते हुए कहा कि कलिकाल में भागवत की कथा सुनकर उसका आचरण करने से जीवन सुखी व संपन्न होता है ।दूसरे का हित करना ,किसी को कष्ट न देना जहां तक संभव हो दान देना ही ईश्वर की सच्ची आराधना है। उन्होंने गोकर्ण धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि पापकर्म से धुंधकारी की प्रेत योनि मिली । गोकर्ण द्वारा भागवत कथा द्वारा धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्ति दिलाई । कथा श्रवण करने वालों में समाजसेवी मुन्ना सिंह, कुलदीप सिंह ,सूरज सिंह, रज्जन सिंह, विवेक सिंह,देवेंद्र सिंह, सुजीत तिवारी, ब्रजेश सिंहरहे। कथा आयोजक संतोष सिंह व वीणा सिंह ने भागवताचार्य का पूजन कर अंग वस्त्र प्रदान सम्मानित किया।

अवैध देशी तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

शुक्लागंज, उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चल रहे अभियान के दौरान गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। जिसके बाद पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया कि दरोगा गजेंद्र सिंह हमराहियों के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि मनोहर नगर पार्क निवासी फहीम तमंचा और कारतूस लेकर घूम रहा है। जिस पर वह मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़ लिया। जहां उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा दो जिंदा कारतूस 315 बोर के बरामद किया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर कोर्ट भेजा है।

मंशादेवी मंदिर मे निशुल्क नेत्र शिविर का हुवा आयोजन

सफीपुर,उन्नाव। क्षेत्र के प्रसिद्ध सिद्धपीठ माता मंशादेवी मंदिर प्रांगण में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह ठाकुर एवं अनुराग सिंह एडवोकेट द्वारा कराया गया। जहां डॉ शिवम गौड़ एवं मनीष एवं उनकी टीम द्वारा 42 मरीज का नेत्र परीक्षण किया किया गया जहां 10 मोतियाबिंद के मरीजों को कानपुर के लिए वाहन द्वारा रवाना किया गया। जिसमे 6 पुरुष एवं 4 महिला कानपुर रवाना हुवे। बताते चले कि चित्रकूट आई केयर के बैनर तले वरिष्ठ पत्रकार विकास सिँह ठाकुर एवं अनुराग सिँह एडवोकेट द्वारा आयोजित निशुल्क नेत्र शिविर में मोतियाबिंद का बिना ऑपरेशन निशुल्क इलाज किया जा रहा है जहां मोतियाबिंद लेंस, खाना पीना,आना जाना तथा काला चश्मा सहित सेवाएं पूरी तरह निशुल्क है। शिविर में मुख्य रूप से माता मंशारानी मेला प्रबंधक रामबकश सिंह, अवधेश सिंह फौजी, अनुराग सिंह, रामविलास विवेक सिंह रोशन, सुजीत सिंह, सोनू सिंह, विनीत आदि ने सहयोग किया।

ट्रक से कुचलकर बाइकसवार की दर्दनाक मौत

हैदरगढ़। कस्बा में लखनऊ-सुल्तानपुर हाइवे पर मुख्य चौराहे के समीप गुरुवार की दोपहर ट्रक से कुचलकर बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ही रनापुर गांव निवासी अर्पित पुत्र बलराम 24 वर्ष दोपहर में बाइक से कस्बा हैदरगढ़ में सामान खरीदने जा रहा था।मुख्य चौराहे के निकट स्थित पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रहे ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी।दुर्घटना में बाइक सवार युवक का सिर ट्रक के पहिए के नीचे आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

51वी कुंडीय महायज्ञ में जिलाधिकारी व विधायक ने डाली आहुति, हुआ समापन

लोकमित्र संवाद

हसनगंज उन्नाव। कस्बा हसनगंज के एक मैरिज लॉन में चल रहे इक्यावन कुंडीय महायज्ञ में विगत दिवस जिलाधिकारी उन्नाव के साथ साथ मोहान विधायक सपरिवार पहुंच कर महायज्ञ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, एवं देश के शहीदों के लिए आहुतियां अर्पित की।

हसनगंज के एम एल जी लॉन में गायत्री यज्ञसमिति के तत्वाधान में विगत 22 दिसंबर से चल रही इक्यावन कुंडीय महायज्ञ में निरंतर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है।

जिसमें आज यज्ञशाला में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के साथ साथ देश को अपनी जन समर्पित करने वाले वीर सपूतों को श्रद्धांजलि स्वरूप में उनके लिए सैकडों लोगो ने आहुति डाली जिसके क्रम में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बुधवार को शायं 3 बजे पहुंच कर यज्ञशाला में आहुति अर्पित की, साथ ही मोहान विधायक ब्रजेश रावत ने सपरिवार पहुंचकर कार्यक्रम में यज्ञ में आहुतियां अर्पित की है

गायत्री यज्ञसमिति के सदस्य पप्पू राठौर ने बताया कि यह कार्यकम 26 दिसंबर तक निरंतर चलता रहेगा जिसमें प्रातः योगासन के बाद यज्ञ में आहुतियां डाली गई व यज्ञ कर रही टोली को विदाई दी गई तथा देर शाम को अजय याग्निक जी द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ संरक्षक ओम शंकर त्रिपाठी, कार्यक्रम प्रभारी बलबीर यादव, मंच संचालक मुकेश गुप्ता , राजेंद्र राठौड़ पप्पू, मनोज गुप्ता , कृष्ण कुमार शुक्ला टिंकू अनुज दिक्षित वीरेंद्र शर्मा, राज नारायण गुप्ता, सदन सिंह छोटू शुक्ला, योगेश कृष्णा साहू रामजी तिवारी ,प्रमोद रस्तोगी, अमित पाण्डेय,राम जी गुप्ता, लिटिल सिंह, राजेंद्र यादव, सुशील शुक्ला, राजन ,शिव,ओम रस्तोगी, जयंत साहू, मुन्ना गुप्ता, अभिषेक यादव, समीर पाण्डेय एडवोकेट मुनेश्वर रितिक गुप्ता विकास गुप्ता ,के साथ साथ समस्त गायत्री परिवार हसनगंज के सदस्यों के साथ साथ सैकड़ों के संख्या में महिलाएं भी सम्मिलित रही।

धर्म परिवर्तन कराए जाने की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

लोक मित्र संवाद

पाटन। बिहार थाना क्षेत्र ग्राम खेसुआ में चल रहे धर्मांतरण को लेकर बजरंगदल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओ के विरोध के बाद प्रार्थना सभा बन्द कराई गई। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छह लोगों को हिरासत में लिया है।

तहसील बीघापुर के ग्राम खेसुआ मे करीब बीस वर्षों से चल रही प्रार्थना सभा की जानकारी पर विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के पदाधिकारियों को बुधवार को होने पर पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर पुलिस को सूचित किया।

पुलिस ने पहुंच कर प्रार्थना सभा बंद कराई। ग्रामीणों ने बताया कि महिला शारदा प्रार्थना करवाती है। प्रार्थना सभा का विरोध करने पर शारदा देवी और उसके लड़के राहुल, अजय, विजय,आशीष, मनीष पुत्र गण स्व चंद्रशेखर निवासी ग्राम खेसुआ व भोजपुर निवासी रमेश और राजेश आदि हम लोगों को मारपीट कर हमारी जमीनों में कब्जा कर जबरदस्ती प्रार्थना सभा का आयोजन किया करते है। सूचना पर उपजिलाधिकारी रणवीर सिंह एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह प्रचारक शिव शंकर विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सह मंत्री अविनाश, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष संजय शुक्ला आदि पहुंचे। क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला ने भी मौके पर पहुँचकर ग्रामीणों से जानकारी ली। घटना को लेकर प्रिया देवी पत्नी अरुण कुमार की तहरीर पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(1), 115(2), 351(2) एवं उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम 2021 धारा 3 व धारा 5(1) मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि नामजद शारदा, राहुल गांधी, अजय, विजय, आशीष, मनीष आदि अभियुक्तों को हिरासत में लिया गया है। जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

जिले से कनिष्ठ लिपिक पद पर भेजी गईं रूबी द्विवेदी

रामनगर। तहसील में जिले से पंचायत चुनाव की वोटरलिस्ट के लिए एक कर्मचारी की तैनाती की गई है।शासन से ग्राम पंचायतो की लिस्ट व अन्य डाटा आने पर उसकी फीडिंग उनकी देख रेख में होगी। अब चर्चा यह होने लगी है कि आगामी पंचायत चुनाव समय पर कराने के लिए तैयारी अभी से शुरु है। पिछले पंचायत चुनाव कोरोना काल अप्रेल - मई 2021 में हुए थे जिसके अनुसार पांच साल मई 2026 में पूर्ण होंगे। एक साल पहले से ही पंचायत चुनावो की वोटर लिस्ट का काम शुरु हो जाता है।नाम बढ़ाने,घटाने सहित अन्य संसोधन के कार्यो को तहसील मुख्यालयो पर किया जाता है। इसी वजह से रामनगर तहसील में जिले से कनिष्ठ सहायक के पद पर रूबी दिबेदी को भेजा गया है जो पंचायत चुनाव की गतिविधियो के कार्य करेंगी। तहसीलदार भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जिले से कनिष्ठ सहायक के पद पर पंचायत चनाव संबंधी कार्य करने के लिए तैनाती हुई है।उच्च स्तर पर आए निर्देशों के क्रम में पंचायत चुनावी कार्य कराया जाएगा।

महाराजा बिजली पासी की मनाई गई जयंती

सपा कार्यकर्ताओं ने वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी की जयंती सपा कार्यालय पर मनायी

लोक मित्र संवाद

हसनगंज, उन्नाव। महाराजा बिजली पासी की जयंती धूमधाम से कस्बे में मनाई गई। इस अवसर पर सभी समाज के लोगों ने महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। महाराजा बिजली पासी 12वीं सदी के एक महान योद्धा और शासक थे इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी डॉक्टर आचाल वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह गुड्डू , विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम यादव जिला सचिव शिव सिंह प्रधान , जितेंद्र यादव, बादल सिंह राहुल यादव, नंदकिशोर रावत, छंगा प्रजापति धर्मेंद्र रावत, सुरेश सिंह, दीपक राठौर, राहुल रावत अनमोल रावतआदि बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आहुति व विशाल भंडारे के साथ महायज्ञ का हुआ समापन

भागवत कथा का लाभ सुनने और सुनाने वाले दोनों की मन स्थिर पर निर्भर करता है

लोकमित्र संवाद

मसौली (बाराबंकी)। क्षेत्र के ग्राम सिसवारा स्थित श्री दिगम्बर नाथ मंदिर में विनोदाचार्य महाराज की अध्यक्षता में चल रही नव दिवसीय श्री रुद्रात्मक हनुमंत महायज्ञ एवं मानस वेदांत संत सम्मेलन का पूर्ण आहुति व विशाल भंडारे के साथ कथा का समापन। कथावाचक व्यास अरुण कुमार मानस लहरी ने कहा- भागवत कथा सुनने का बड़ा महत्व है। भागवत कथा का लाभ सुनने और सुनाने वाले दोनों की मन स्थिर पर निर्भर करता है। यदि कथा सुनने और सुनाने वाले की मन स्थिर शुद्ध और निस्वार्थ होती है, तो कथा का पूर्ण लाभ मिलता है और व्यक्ति को शान्ति और मोक्ष की और ले जाता है।

भागवत कथा सुनने से मन शुद्ध होता है और मस्तिष्क निर्मल होता है। इससे जन्म-जन्मांतर के विकार खत्म होते हैं और आध्यात्मिक विकास होता है।पापों से मुक्ति मिलती है और मरने के बाद मोक्ष की प्राप्ति होती है,भागवत कथा सुनने से सभी तरह के ग्रह दोष, मंगल दोष, पितृदोष, शनि दोष, राहु दोष, और अन्य किसी भी प्रकार दोष हो तो वह समाप्त हो जाता है। श्री दिगम्बर नाथ मन्दिर भण्डारा में पहुंचे विधायक गौरव रावत भाजपा की सरोज रावत व अमित वर्मा अंशू वर्मा आदि लोगों ने पहुंचकर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के आसपास के गांवों सिसवारा, चंदनपुर, नसीरनगर, जकरिया, गुरेला, धरौली, मीरापुर, गढ़ी, रामनगरा, मसौली, बड़ागाँव, बांसा, आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने भंडारे में पहुंच कर सब्जी-पूड़ी, खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर पुजारी शिव कुमार वर्मा,अजय वर्मा भट्ठा, गजेंद्र सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, ओमकार यादव, पंकज वर्मा, अरविंद कुमार,मन्टू वर्मा चौधरी शैलेन्द्र कुमार, पिंटू वर्मा, अप्पी वर्मा, रणवीर, अनूप वर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

शाम को घर से निकले व्यक्ति का शव दूसरे दिन गाँव से दो सौ मीटर दूर मिला

ज्यादा शराब की वजह से मौत होने की आशंका

लोकमित्र संवाद

बाँगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली बांगरमऊ के ग्राम झखरा निवासी एक युवक की संदिग्धावस्था में मौत हो गई। वह बीते बुधवार की शाम अपने घर से निकला था। आज गुरुवार की सुबह युवक का शव गांव से करीब दो सौ मीटर दूर खेत से बरामद हुआ। भाई ने दारू के नशे के चलते गहरे गड्ढे में गिरकर मौत हो जाने की आशंका जताई है।

ग्राम बेहटा कच्छ के मजरा झखरा निवासी 40 वर्षीय परभू पुत्र प्यारेलाल बीते बुधवार की शाम घर से निकला था। किंतु रात में वापस घर नहीं लौटा। आज गुरुवार की सुबह घर से करीब दो सौ मीटर दूर खेत में उसका शव पड़ा पाया गया। खबर फैलते ही तमाम ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे और शव की शिनाख्त परभू के रूप में की। शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।मौके पर मौजूद ग्रामीणों के अनुसार मृतक की नाक व मुंह से खून रिस रहा था। जबकि मृतक के भाई द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में अधिक शराब पीने के बाद गहरे गड्ढे में गिरने और रात भर पड़े रहने से मौत होना कहा गया है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। उधर चर्चा यह भी है कि मृतक ने कुछ जमीन बेची थी। जिसके बचे रुपए उसे मिले थे। बुधवार की शाम उसने कुछ लोगो के साथ मिलकर शराब पी थी। सीओ अरविंद कुमार ने बताया कि मृतक के भाई छत्रपाल ने शराब के नशे में गड्ढे में गिरकर मौत होना बताया है। मामले की जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

एसडीएम के निरीक्षण के बाद भी नहीं बनी टूटी पुलिया

लोक मित्र संवाद

बीघापुर,उन्नाव। नगर पंचायत बीघापुर के मुख्य बाजार को जोड़ने वाली शारदा नहर पर बनी पुलिया के टूट जाने के चलते आवागमन प्रभावित है सोमवार रात एसडीएम द्वारा निरीक्षण करने के बाद नहर विभाग के एक्सइन को दिए गए निर्देश के बाद भी अब तक आवागमन ठीक नहीं किया जा सका। क्षेत्र के व्यापारियों किसानों में आक्रोश व्याप्त है।

नगर पंचायत बीघापुर को सीधे रुझेई, दूंदपुर मवैया, टिकरीमऊ, लालकुआं, मेहंदी नगर, खरौली सहित गंगा कटरी के दर्जनों गांव को सीधे जोड़ने के लिए शारदा नहर पर बनी पुलिया के टूट जाने के चलते क्षेत्र की लगभग 20000 की आबादी प्रभावित है नहर में पानी न आने के चलते लोग पुलिया के बगल से सूखी नहर होने के चलते नहर के अंदर से आवागमन कर रहे हैं ।नगर में पानी आ जाने के बाद पूरी तरह से आवागमन बंद हो जाएगा। व्यापारी नेता विजय साहू, गोकुल प्रसाद,अंबिका प्रसाद चौधरी , राजन पंडित आदि ने उप जिलाधिकारी से मामले को अवगत करा समस्या समाधान की मांग की थी ।शिकायत की संज्ञान में लेकर सोमवार रात एसडीएम रणवीर सिंह ने मौके पर जाकर टूटी पुलिया का निरीक्षण किया नहर विभाग के एक्सीइन से बात कर तत्काल पटरे डालकर आवागमन चालू करने के निर्देश दिए थे।

लेकिन दो दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर वाजपेई ने कहा कि बीघापुर से सीधे व्यापारियों किसानों,छात्रों को जोड़ने के लिए शारदा नहर पर बनी पुलिया के टूट जाने से सभी लोग परेशान है। नगर पंचायत में संचालित बैंक, थाना, ब्लॉक, प्राथमिक, स्वास्थ्य केंद्र,सौ शैय्या अस्पताल,बिजली विभाग, किसान कल्याण केंद्र तथा शैक्षिक संस्थान में आने जाने वाले लोगों को 5 किलोमीटर का चक्कर लगाना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि नहर विभाग को पत्र भेजा गया था लेकिन कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई। सभासद रामदयाल भारतीय,अनिल बाजपेई, बीना अग्निहोत्री व सभासद प्रतिनिधि विक्की मिश्रा ने अभिलंब पुलिया का निर्माण कराए जाने की मांग की है जिससे क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

लाखों का सामान और नगदी लेकर फरार हुए चोर

अमेठी। बीती देर रात चोरी की बड़ी वारदात सामने आई जहां देर रात थाने से महज चंद कदम की दूरी पर चोरों ने एक साथ तीन दुकानों को निशाना बनाया।चोर हजारो रुपए की नगदी और लाखों रुपए का सामान लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही दुकान मालिकों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। यह पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के गौरीगंज रोड चौराहे का है जहाँ देर रात चोरों ने ज्वैलरी ऑटो पार्ट और किराने की दुकान को निशाना बनाया।चोरों ने तीनों दुकानो के दरवाजे को तोड़कर लाखों रुपए का सामान और हजारो रुपए की नगदी पर हाथ साफ कर दिया।थाने से महज चंद कदम की दूरी पर एक साथ हुई तीन वारदातों के बाद इलाके में हड़कंप मचा हुआ है और दुकान मालिको द्वारा पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही मौके पर पहुँची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्रेम प्रसंग के विरोध में प्रेमी ने की थी भाई की हत्या

लापता हुए युवक की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा

लोकमित्र ब्यूरो

मसौली बाराबंकी। बीएमसी के छात्र शिवम तिवारी को बहन का प्रेम प्रसंग का विरोध करना महंगा पड़ा बहन के प्रेमी ने प्रेम प्रसंग मे बाधा बन रहे भाई की हत्या कर शव को शारदा सहायक सहाबपुर नहर मे फेंक दिया। पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए हत्याभियुक्त को आला कत्ल के साथ गिरफ्तार किया। बताते चले कि गत रविवार को जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम लालापुर मजरे पिपरौली निवासी सुशील कुमार तिवारी का 22 वर्षीय पुत्र शिवम तिवारी रविवार की सुबह बीएमसी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा देने के लिए अयोध्या लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सागर इंस्टीट्यूट मे परीक्षा देने के लिए आया था जो देर रात्रि घर वापस न लौटने पर परिजनों ने किसी अनहोनी घटना को लेकर गुमशुदगी की तहरीर दी थी तथा सोमवार को शिवम तिवारी की मोटरसाईकिल शारदा सहायक सहाबपुर मे पड़ी मिली पुलिस ने काल डिटेल का सहारा लेते हुए मृतक के शव की दो दिनों तक एसडीआरएफ टीम के सहयोग से तलाश की बुधवार को नहर मृतक शिवम का शव नहर से बरामद हुआ पुलिस ने डिजिटल डेटा व मैनुअल इंटेलीजेंस की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलीपार निवासी जय सिंह गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम को गिरफ्तार कर हत्या का खुलासा किया हत्याभियुक्त की निशानदेही पर हत्या मे प्रयुक्त कुल्हाड़ी एव मृतक का मोबाईल बरामद किया।

बहन के प्रेम प्रसंग मे बाधा बन रहा था भाई -पुलिस की गिरफ्त मे आये हत्याभियुक्त जय सिंह गौतम पुत्र ब्रम्हानन्द गौतम ने बताया कि मृतक शिवम तिवारी की बहन सहाबपुर राजकीय इंटर कालेज मे पढ़ती है हत्याभियुक्त बहन का क्लासमेंट है दोनो के बींच प्रेम प्रसंग होने के कारण जय सिंह गौतम अपनी प्रेमिका के घर भी आता जाता था दोनो के बींच प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर शिवम तिवारी ने विरोध करते हुए घर आने पर अंकुश लगा दिया जिससे प्रेम मे बाधा बन रहे शिवम को रास्ते से हटाने के लिए 20 व 21 दिसंबर को भी

तहसील क्षेत्र में 23000 घरौनी शुक्रवार को होंगी वितरित

रामनगर। तहसील सभागार में शुक्रवार को घरौनी वितरण कार्यक्रम पांच गाँवों के करीब 250 लोगों में किया जाएगा। ब्लॉक के अगल बगल की ग्राम पंचायतों से लाभार्थी बुलाए गए हैं। इसके आलावा 37 ग्राम पंचायतो के लाभार्थियो को पंचायत घरों में घरौनी दी जाएगी।कुल 41 ग्राम सभाओ के लाभार्थी लाभान्वित होंगे। एस डी एम पवन कुमार द्वारा तहसील सभागार में कार्यक्रम कराया जाएगा ।बीडीओ रामनगर जितेंद्र कुमार को लाभार्थी लाने के लिए कहा गया है। चंदनापुर, विछ्लखा, निजामपुर, अशोक पुर चाचू सराय, सिसौडा ग्राम पंचायतो के सचिव ऋषभ पांडेय, अमित मौर्य को गाँवों में लगाया गया है। प्रधानमंत्री का लाईव प्रसारण भी होगा। ब्लॉक प्रमुख रामनगर व निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी को भी आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि तहसील क्षेत्र मे 23000 घरौनी वितरित होंगी जिसके लिए लेखपालों व अन्य को लगाया गया है।

कोटेदार पर राशन न वितरण करने का आरोप

ग्रामीणों ने डीएम से की शिकायत, जांच करने गांव पहुँची सप्लाई इंस्पेक्टर

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। कोटेदार द्वारा ग्रामीणों को राशन का वितरण न करने से नाराज ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम से की थी जिसके बाद डीएम ने मामले की जांच करने के लिए सप्लाई इंस्पेक्ट को आदेश दिया था।डीएम का आदेश मिलने के बाद अमेठी तहसील की सप्लाई इंस्पेकर गांव पहुँची। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले तीन महीने से उन्हें राशन नही मिल रहा और शिकायत के बावजूद कोई कार्यवाही नही हो रही है। यह पूरा मामला भादर ब्लाक के नरबहनपुर गांव का है जहां का गांव के कोटेदार द्वारा पिछले कई महीनों से ग्रामीणों को राशन का वितरण नहीं किया जा रहा था।जिसे लेकर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत डीएम निशा अनन्त से की। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने पूरे मामले की जांच अमेठी की सप्लाई इंस्पेक्टर को सौंपा।डीएम का आदेश मिलने के बाद सप्लाई इंस्पेक्टर ने गांव पहुंचकर पूरे मामले की जांच की और मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बात की।सप्लाई इंस्पेक्टर सुमन ने कहा कि जांच के बाद अपनी रिपोर्ट डीएम को सौपेंगी जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी। गांव के ग्रामीण पुष्पेंद्र कुमार पाल ने कहा कि कोटेदार द्वारा पिछले महीने भी रसीद काट कर राशन का वितरण नहीं किया गया था और इस महीने भी रसीद तो काट दिया गया लेकिन राशन नहीं दिया जा रहा है। कोटेदार 1 तारीख से 20 तारीख तक रसीद काटता है और 20 से 25 तक राशन का वितरण करता है अगर उसके बाद कोई जाता है तो सीधे कोटेदार द्वारा कहा जाता है।

संक्षिप्त खबरें

मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह को किया सम्मानित

नोएडा। विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बीके शर्मा हनुमान द्वारा गाजियाबाद के दो बार सांसद/पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने पर संस्था की ओर से भगवा अंगवस्त्र, भगवान परशुराम का शस्त्र फरसा भेंट कर दी शुभकामनाएं।

मृतक आश्रित शिक्षोत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन

लखीमपुर-खीरी। उत्तर-प्रदेश में बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत मृतक आश्रित कर्मचारियों की समस्याओं के निदान के उद्देश्य से मृतक आश्रित शिक्षोत्तर संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन एक बैठक आहूत कर किया गया। नगर के जिला पुस्तकालय परिसर में आयोजित इस बैठक के मुख्य अतिथि नूतन मिश्रा व दीपक सिन्हा रहे, जिनकी अध्यक्षता में जनपद कार्यकारिणी का गठन हुआ। उक्त कार्यकारिणी का गठन,संगठन व मृतक आश्रित कर्मचारियों के हित में किया गया। इस दौरान कर्मचारियों की समस्याओं के निदान सहित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए ब्लाक व जनपदीय कार्यकारिणी में विस्तार के विषय पर वार्ता हुई। आपको बता दें, मृतक आश्रित शिक्षोत्तर संघ की गठित जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आगामी माह में आयोजित किया जाएगा। आज आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में दीपेश शुक्ला, रोहित कुमार, अजय कुमार, मधुर श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, अशफाक खान, रानी सिंह, रोहित कुमार, कबकौसेन, शिवम शर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

अमेठी। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय अमेठी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गौरीगंज द्वारा 27 दिसम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10.30 बजे जनपद के राजकीय आई0टी0आई0 तिलोई में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोजगार में निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा जिसमें 12वीं, स्नातक तथा आई0 टी0 आई0 उत्तीर्ण एवं अन्य तकनीकी योग्यताधारक अभ्यर्थी रोजगार हेतु rojgaarsangam.up.gov.in पोर्टल पर अपना पंजीकरण करने के उपरान्त अपने योग्यता के अनुरुप इच्छुक, कम्पनी में आवेदन किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में भाग लेने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी फोटो तथा बायोडाटा के साथ उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते है, इस हेतु उन्हें कोई मार्ग व्यय देय नही होगा।

नहरों की आकस्मिक कटान हेतु कंट्रोल रूम स्थापित

अमेठी। शारदा सहायक खण्ड-41 के अधिशासी अभियन्ता (नोडल) मनीष रंजन ने बताया कि वर्तमान रबी 1432 फसली में जनपद अमेठी के अन्तर्गत पड़ने वाली नहरों की आकस्मिक कटिंग से होने वाले जलप्लावन जैसे हालत से त्वरित रूप से निपटने हेतु कंट्रोल रूम स्थापित करते हुए तहसील गौरीगंज व अमेठी हेतु प्रवेन्दर कुमार वर्मा मो0नं0-9760605121 एवं सरदार अली मो0नं0-9919174205 तथा तहसील मुसाफिरखाना व तिलोई में संदीप कुमार मो0नं0-9415638889 एवं उबेद हाशमी मो0नं0-9041920466 जूनियर इंजीनियरों को नामित किया गया है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त नामित अवर अभियन्ता अपने से सम्बन्धित तहसीलों में नहर कटिंग होने की सूचना प्राप्त होने पर अद्यतन स्थिति की जानकारी सम्बन्धित खण्ड से समन्वय स्थापित करते हुए प्राप्त करेंगे एवं उक्त जानकारी/सूचना से अधिशासी अभियन्ता (नोडल) एवं सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को भी अवगत करायेंगे।

आज घरौनी वितरण कार्यक्रम का होगा आयोजन

अमेठी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया कि जनपद में 27 दिसंबर 2024 को स्वामित्व योजना के अंतर्गत अपराह्न 12:30 बजे से घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनियों) का डिजिटल वितरण किया जाएगा तत्पश्चात माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घरौनी का वितरण किया जाएगा। जनपद में तहसील, ब्लॉक व ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में माननीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में घरौनियों का वितरण किया जाएगा। सभी जगह माननीय प्रधानमंत्री जी व माननीय मुख्यमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण भी किया जाएगा।

डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के खिलाफ टिप्पणी करने पर कैंडिल मार्च निकाला

एटा। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, भारतीय समाज संघ/बीएए के नेतृत्व में संविधान निर्माता डॉ0 भीम राव अंबेडकर पर अमित शाह द्वारा की गई टिप्पड़ी से दुखित होकर आज एटा मुख्यालय पर कैंडल मार्च धरना प्रदर्शन स्थल कचहरी परिसर से भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक बाबा साहब भीमराव अंबेडकर अमर रहें, जब तक सूरज चांद रहेगा बाबा तुम्हारा नाम रहेगा के नारों के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय धनगर समाज महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेन्द्र सिंह धनगर ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर गृह मंत्री अमित शाह द्वारा की गई टिप्पड़ी उनकी ओछी मानसिकता का प्रतीक है।

भाजपा के लोग एटा में भाजपा के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को अपमानित होते देख सकते है हम बाबा साहब का अपमान सहन नहीं करेंगे। इस अवसर पर जहीर अहमद, रामवीर सिंह, रवेन्द्र सिंह धनगर, अतर सिंह पाल, डॉ0 राजपाल राजपूत, कपूर सिंह यादव, ज्ञान सिंह बघेल, योगेश, सर्वेश, राकेश कुमार, अभिषेक, कुमरपाल सिंह जाटव, संतोष बघेल, नीरज, मुकेश, लखपत सिंह, दिलीप कुमार, आशुतोष कुमार, दीप सिंह, वासदेव, उदयवीर, सत्यपाल सिंह, सतेंद्र, सौरव, हाकिम सिंह, बिंदू सहित आदि लोग मौजूद रहे।

आयोग ने चुनाव में पॉलीटिकल पार्टी की शंकाओं का दिया जवाब:एडीएम

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं घटाने तथा मतदान के दिन 5:00 के बाद मतदान प्रतिशत के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का विस्तार से वर्णन किया

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में हुए महाराष्ट्र, झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई शंकाओं का जवाब दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं घटाने तथा मतदान के दिन 5:00 के बाद मतदान प्रतिशत के संबंध में आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रियाओं का विस्तार से वर्णनकर इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा की गई शंकाओं का समाधान किया गया। उक्त आशय की जानकारी अपर जिलाधिकारी/डिप्टी डीईओ संजय कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी और नियम आधारित बताते हुए सभी आरोपों और शंकाओं का सटीक जवाब दिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि शाम 5 बजे तक जारी किए गए मतदान प्रतिशत और अंतिम मतदान आंकड़ों में अंतर पूरी तरह स्वाभाविक है। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद सभी मतदान केंद्रों से आंकड़ों का संग्रह और सत्यापन किया जाता है, जो रात 11:45 बजे तक जारी रहता है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने यह भी बताया कि मतदान का अंतिम और वैध रिकॉर्ड फॉर्म 17सी में दर्ज किया जाता है, जो मतदान केंद्र बंद होते ही उम्मीदवारों के अधिकृत एजेंटों को सौंप दिया जाता है। यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और सुरक्षित है, जिसमें किसी भी प्रकार की हेरफेर असंभव है।

मतदाता सूची का अद्यतन एक पारदर्शी और भागीदारीपूर्ण प्रक्रिया है। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा है कि सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया सख्त नियमों और प्रावधानों के तहत होती है। राजनीतिक दलों और जनता की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाती है, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की संभावना समाप्त हो जाती है।

भारत निर्वाचन आयोग ने इस विषय पर एक विस्तृत प्रश्नोत्तर (स्न्नत्तह्य) भी जारी किया है, जिसमें मतदाता सूची की प्रक्रिया से जुड़ी हर शंका का समाधान दिया गया है।

आयोग ने यह भी कहा कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और जांच-पड़ताल के लिए पर्याप्त तंत्र मौजूद हैं।भारत निर्वाचन आयोग ने ÷ रोल टू पोल प्रक्रिया में राजनीतिक दलों की सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया है। आयोग ने करीब 60 ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किए हैं, जहां राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को विभिन्न चरणों में शामिल किया गया है। राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया के हर चरण–मतदाता सूची के अद्यतन से लेकर मतदान और मतगणना तक–का अभिन्न हिस्सा हैं।

एसपी ने की जनसुनवाई, रिजर्व पुलिस लाइन में किया निरीक्षण

अमेठी। गुरुवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी । इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। और उसके बाद रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में उ0प्र0 पुलिस की आरक्षी भर्ती प्रकिया के तहत चल रही प्रपत्रों की जांच एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण का पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्पणा रजत कौशिक द्वारा निरीक्षण किया गया तथा निष्पक्ष, पारदर्शी ढंग से प्रपत्रों की जांच एवं शारीरिक दक्षता प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज/पुलिस लाइन्स अखिलेश कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राजेन्द्र कुमार व अन्य अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे। प्रथम दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन्स अमेठी में प्रपत्रों की जांच व शारीरिक दक्षता परीक्षण प्रक्रिया में 50 महिला अभ्यर्थी शामिल हुई।

डीएम ने किसान हरप्रीत सिंह को किया सम्मानित

फौज से रिटायर होने के बाद फौजी हरप्रीत सिंह ने संभाली अपनी खेती हरप्रीत ने बिना केमिकल से सब्जी व गुड़ बनाने के लिए जाने जाते है

लोकमित्र ब्यूरो

निघासन-खीरी। जिला अधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा प्रशस्ति पत्र व नकद प्रोत्साहन राशि पाकर ग्रामीण क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले किसान हरप्रीत सिंह की चर्चा चाहु ओर आपको बता दे कि फौज से रिटायर होने के बाद फौजी हरप्रीत सिंह ने संभाली अपनी खेती हरप्रीत ने बिना केमिकल से सब्जी व गुड़ बनाने के लिए जाने जाते है।

किसान हरप्रीत सिंह पर पिता का साया न होने के बाद फौज से रिटायर होने पर अपनी तीन एकड़ पुस्तैनी जमीन से एक नई पहल की ओर रसायन मुक्त खेती (प्राकृतिक खेती) करने लगे जिससे अन्न गुड शकर का उत्पादन करके जिले से लेकर विदेश तक मांग आने लगी इस उत्पादन से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया जो की कृषि विभाग द्वारा जिला अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जो कि क्षेत्र में चर्चा बना हुआ है साथ ही हरप्रीत की अन्य किसान भी सराहना कर रहे है।

विधायक ने गरीबों को वितरण किया कम्बल

तिकुनियां-खीरी। तहसील प्रशासन की मौजूदगी में क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने बॉर्डर के पाँच गाँवों में कंबल का वितरण किया है। कंबल पाकर गरीबों के चेहरे खिल गए हैं। क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने कहा कि ठंड को देखते हुए सभी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था, ठंड से बचने के लिए रैन बसेरा और कंबलों का वितरण सभी ग्राम पंचायत में कराया जा रहा है। ग्राम पंचायत सूरतनगर के प्रधान प्रतिनिधि विजय कुमार ने बताया गांव के 50 गरीबों को विधायक द्वारा कंबल वितरण किया गया है। वही जसनगर के प्रधान सुरेश तलवाड ने बताया उनके गांव में भी 50 गरीबों को विधायक द्वारा कंबल दिए गए हैं। बरसोला कला, रायपुर, कोल्हौरी मैं भी गरीबों को कंबल वितरण किया गया है। कुल 250 कंबल वितरित हुए हैं। इस अवसर पर तहसीलदार भीमचंद, नायब तहसीलदार हरीराम, कानूनगो आलोक रंजन मौर्य, सुच्चा सिंह, सहित क्षेत्रीय लेखपाल भी मौजूद रहे।

आबकारी निरीक्षक की कार्यवाही से शराब माफियाओं में मचा हड़कम्प

लोकमित्र ब्यूरो

निघासन-खीरी। क्रिसमस डे एवं नववर्ष व आगामी त्यौहार को देखते हुए जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह के निर्देशन में क्षेत्र नंबर तीन आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे विशेष अवैध कच्चीं शराब माफियाओं के खिलाफ धर-पकड़ अभियान के तहत आबकारी टीम ने थाना निघासन के क्षेत्र के अन्तर्गत पुरैना,लुधौरी,रानीगंज प्रीतमपुरवा में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए बीस चढ़ी भट्टियों साठ कुंतल लहन व इसमें प्रयुक्त होने वाले बर्तनों को तहस-नहस करते हुए करीब अस्सी लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किये गये आबकारी निरीक्षक मनोज कुमार यादव ने बताया कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा शराब माफियाओं को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा इस दौरान आबकारी दीवान मोहम्मद रफीक बेग, सिपाही उमेश कुमार सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

शिक्षा संघर्ष मोर्चा व फाउंडेशन के द्वारा किया गया धौरहरा की धरोहर कार्यक्रम

शुक्रवार को किया जाएगा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन के द्वारा कस्बे के एक मैरिज हाल मे आयोजित सांस्कृतिक प्रतियोगिता धौरहरा की धरोहर कार्यक्रम मे कस्बा सहित क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों ने अपनी सुन्दर सुन्दर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बुधवार की शाम को कस्बा धौरहरा के शान्ति गोविन्द मैरिज हाल मे शिक्षा संघर्ष मोर्चा/फाउंडेशन के द्वारा धौरहरा की धरोहर सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना व शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिसमें कस्बे के सन राइज एकेडमी, पीसीएल, जय मिश्रा कोचिंग सेंटर,राजकीय बालिका इंटर कालेज, राजकीय इंटर कॉलेज सहित क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों ने गीत संगीत, सोलो एवं डांस प्रतियोगिता मे अपनी अपनी प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम मे निर्णायक मंडल के मुख्य रुप मे बद्री प्रसाद यादव, शुभी मिश्रा, रेखा रानी, शुभी मिश्रा मौजूद रही।

धौरहरा की धरोहर के रुप मे संस्था के द्वारा स्व. समलिया प्रसाद मिश्र को चुना गया जिनका सम्मान उनके पुत्र योगेंद्र मिश्रा को दिया गया। कार्यक्रम मे प्रतिभाग करने वाले बच्चों को संस्था के अध्यक्ष महेश गंभीर ने शील्ड व प्रसास्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कोतवाली प्रभारी धौरहरा सुरेश मिश्रा, सुदीप निगम, अधिवक्ता संघ तहसील धौरहरा के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय कुमार त्रिवेदी, अभय अवस्थी, अनुज अवस्थी, राजहंस मिश्रा, मीडिया प्रभारी उपेंद्र मिश्रा सहित संस्था के सदस्य मौजूद रहे। संस्था के अध्यक्ष ने बताया की शुक्रवार को रामवाटिका धाम मे प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमें शिक्षक सम्मान, प्रतिभाशाली विद्यार्थी सम्मान, सामाजिक कार्यकर्ता, लेखक, कवि व पत्रकार सम्मान किया जायेगा।

धर्म की रक्षा के लिए गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को नमन करते हैं

लोकमित्र ब्यूरो

गोला गोकरन-खीरी। नगर पालिका परिषद गोला के सभागार में गोष्ठी का आयोजन सिक्खों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह के चार वीर साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान एवं साहस को सम्मान देने के लिए वीर बाल दिवस मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा के सानिध्य मनाया गया। गोष्ठी का शुभारंभ वीर साहिबजादों को पुष्पांजलि अर्पित कर उनके जीवन पर बनी शार्ट फिल्म देखकर हुआ ।सभागार में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा,÷ सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया ।परिवार की शहादत को हम सब नमन करते हैं। उनके दो छोटे साहिबजादों ने निरंकुश मुगल शासक के आगे झुकने से इनकार कर दिया और डट कर आततायी का सामना किया। उन नन्हें साहिबजादों को श्रद्धा से याद करते है।

गोष्ठी मे प्रमुख रूप से इनकी रही उपस्थिति सुख विन्दर सिंह टोनी प्रमुख सेवादार,कुलजीत सिंह भाटिया,जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा ने भी गोष्ठी में अपने विचार रखें। गोष्ठी में नगर उपाध्यक्ष गुरमेल सिंह, अनिल जलोटा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, विनोद कुमार वर्मा, राजीव वर्मा, नगर मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर उपाध्यक्ष रेखा मिश्रा, नगर कोषाध्यक्ष विमलेश मिश्रा, गीता विश्वकर्मा, गीता दुबे, सीमा सक्सेना, सुमित्रा मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक कैलाश गुप्ता, राहुल बाल्मीकि, श्यामू कनौजिया, नवीन भसीन, प्रमोद भारद्वाज सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कानपुर में युवक के लिए भगवान बनी बर्रा पुलिस

सीपीआर से जान बचाने में चौकी प्रभारी नितिन की सराहना

हार्ट अटैक की वजह से बीच सड़क पर बेहोश हुआ युवक, कुछ समय का विलंब भी बन सकता था असमय मौत का कारण

सुनील बाजपेई

कानपुर। अगर ईश्वर , अल्लाह और गॉड को अगर किसी की जान बचानी होती है तो वह इंसान के रूप में ही बचाता है। यह कथन सत्य साबित हुआ बर्रा थाने की यादव मार्केट चौकी क्षेत्र में, जहां एक दरोगा ने हार्ट अटैक से युवक की जान बचाने के मामले में उसका भगवान बन गया।

इस सब इंस्पेक्टर ने राह चलते हार्ट अटैक का शिकार हुए इस युवक की जान सीपीआर देकर बचाई। अगर सीपीआर देने में कुछ मिनट का ही विलंब हो जाता तो इस युवक की जान का बच पाना मुश्किल हो जाता लेकिन इसके पहले कि ऐसा कुछ हो पाता यादव मार्केट चौकी प्रभारी नितिन कुमार और उनकी टीम ने तत्काल सीपीआर देकर युवक को असमम मौत का शिकार होने से साफ बचा लिया। जान बचाने के मामले में भगवान जैसा का रोल अदा करने वाली पुलिस के इस कार्य की सराहना भी होती नजर आई।

प्राप्त विवरण के मुताबिक घटना के समय एक युवक कहीं जा रहा था कि अचानक हार्ट अटैक की वजह से सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया जैसे ही इसकी जानकारी कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में हर तरह के अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की प्रबल विचारधारा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की हर संभव सहायता में भी अग्रणी तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और कठोर परिश्रमी यादव मार्केट के चौकी प्रभारी नितिन कुमार को मिली वह तत्काल ही अपनी टीम के साथ मनोहर नगर बर्रा 2 पहुंच गए लेकिन तब तक कानपुर में हार्ट अटैक के बढ़ते मामलों के क्रम में शिकार हुआ युवक सड़क पर गिरकर बेहोश हो चुका था। यह देख एक भी पल का विलंब किए बगैर निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले चौकी प्रभारी नितिन कुमार उसे सीपीआर देना शुरू किया।

अंततः किसी की प्राण रक्षा जैसे संसार के सर्वोत्तम परोपकार वाला जुझारू तेवरों वाले यादव मार्केट के चौकी प्रभारी नितिन कुमार यह सर्वोत्तम सराहनीय प्रयास युवक की जान बचाने के रूप में सफल भी हो गया। कुल मिलाकर डॉक्टर को तो भगवान का रूप माना ही जाता है लेकिन सीपीआर देकर युवक की जान बचाने के रूप में पुलिस का भी रोल भगवान जैसा ही साबित हुआ। उसके इस सराहनीय कार्य का वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ। पुलिस का यह सराहनीय कार्य सर्वत्र चर्चा का विषय भी बना हुआ है।

अटल बिहारी के जन्म शताब्दी के अवसर पर कम्बल का किया वितरण

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। युगपुरूष भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी के जन्म शताब्दी के अवसर पर एटा जिला सहकारी बैंक लि0, एटा के अध्यक्ष श्री प्रत्येन्द्रपाल सिंह उर्फ पप्पू भैया एवं संचालक, बैंक मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री प्रेम प्रकाश गौतम, उपमहाप्रबन्धक श्री मुकेशचन्द्र एवं सभी बैंक अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा वृद्धा आश्रम में निराश्रित वृद्धजनों को सुवह 10.30 बजे कम्बल एवं फलों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में सदर विधायक विपिन वर्मा डेबिड, मारहरा विधायक बीरेन्द्र लोधी, पूर्व विधायक एम0एल0सी0 सुधाकर वर्मा, पूर्व विधायक शिशुपाल यादव, एटा अर्वन कोऑपरेटिव अध्यक्ष गजेन्द्र चौहान बबलू, उपभोक्ता भण्डार के अध्यक्ष सचिन उपाध्याय, ब्लाक प्रमुख शीतलपुर पुष्पेन्द्र लोधी, ब्लाक प्रमुख मारहरा रवी वर्मा, धर्मवीर सिंह गहलौत एवं बैंक संचालकगण सन्तोष चौहान, नागेन्द्रपाल सिंह, संजय कुशवाह, कैलाश चन्द्र, अनेकपाल, बैंक शाखा प्रबन्धक सतेन्द्र यादव, प्रदीप सिसौदिया, बिनोद कुमार, रत्नेश शर्मा, नीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिला सहकारी बैंक लि0, एटा के मुख्यालय पर श्रद्धेय अटल बिहारी के जन्म शताब्दी के अवसर स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सरकारी चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा निशुल्क परीक्षण कर रोगियों को दवाईयां दी गयी। इस कार्यक्रम का संचालन पूर्व बैंक अधिकारी डी0एस0 वर्मा द्वारा किया गया इसमें पूर्व सांसद एवं पूर्व बैंक अध्यक्ष कैलाश यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश वशिष्ठ द्वारा अटल जी के गरिमामयी इतिहास पर प्रकाश डाला गया इस कार्यक्रम में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता जनपद एटा सतीश कुमार एवं अपर जिला सहकारी अधिकारी एटा दिव्या श्रीवास्तव द्वारा प्रतिभाग किया गया।

सीएस कॉलेज में हुआ टेबलेट वितरण

एटा। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिजीटल इण्डिया की ओर एक कदम आगे छात्रों के लिए अति महत्वपूर्ण योगदान है। यह शब्द मारहरा विधायक प्रतिनिधि शीतलपुर ब्लाक प्रमुख पुष्पेंद्र सिंह लोधी ने टेबलेट वितरण के दौरान कहे। इस अवसर पर भाजपा श्रमिक प्रकोष्ठ के जिला संगठन मंत्री देवेन्द्र कुमार लोधी भी कार्यक्रम में शामिल रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता सी0एस0कॉलेज के चेयरमैन चरन सिंह यादव ने की। और संचालन डॉ0अनूप चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम संयोजक टीम में मैनेजिग डायरेक्टर मोहित यादव, केशव राजपूत, जीरेंद्र सिसोदिया, उमेश चन्द्र, डॉ0राजू वर्मा आदि रहे। टेबलेट वितरण समारोह में शामिल छात्रों में लवली राजपूत, सरिता कुमारी, रास देवी, ईशा, राखी मिश्रा, प्रवोध कुमार, सूरज कुशवाह, सुषमा कुमारी, अरुण शर्मा, सत्यवीर, विनोद यादव, आदि फर्मेशी छात्रों को टेबलेट वितरण किए गए।

एलयूसीसी के खिलाफ व्यापार मंडल ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट को-ऑपरेटिव सोसाइटी अनेक प्रकार की स्कीम चला कर नगरवासी सहित व्यापारियों का पैसा लेकर हुई फरार जनमानस में आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

निघासन-खीरी। अपना पैसा लेकर भागने का आरोप लगाते हुए कस्बे के व्यापारियों व आम जनमानस ने एलयूसीसी नामक संस्था के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इसमें व्यापारियों ने अपना लाखों रुपए जमा बताया है आपको बता दे कि यह संस्था नवंबर माह से संचालन बंद कर दिया था और ब्रांच के मैनेजर फरार बताया जा रहे हैं जबकि फोन पर कन्नी काटते हुए नजर आते हैं इसी दौरान व्यापारी समेत गरीब तबके के लोग काफी परेशान हैं नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी और महामंत्री बल्देव सिंह तथा मुन्ना खान की अगुआई में मंगलवार को तमाम व्यापारी तहसील पहुंचे उन्होंने एसडीएम राजीव निगम को ज्ञापन सौंपते हुए आरोप लगाया कि करीब दस सालों से कस्बे में संचालित लोनी अर्बन मल्टी स्टेट को-आपरेटिंव सोसाइटी में तमाम व्यापारियों को मुनाफे की बात कहकर खाते खुलवाए गए थे। इनमें डेली डिपाजिट, आरडी, एफडी और सुकन्या घर की बेटी जैसी कई पॉलिसियों में कस्बे सहित आसपास के तमाम व्यापारियों ने पैसा जमा कर रखा था। व्यापारियों का कहना है कि करीब तीन हफ्ते पहले अचानक इसका आफिस खुलना बंद हो गया।

संक्षिप्त खबरें

प्लास्टिक बैग में मिला युवती का शव

इनायतनगर -अयोध्या। अयोध्या जनपद थाना इनायतनगर अंतर्गत पारा ताजपुर कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पास झाड़ियों में अज्ञात युवती का शव मिला है। शव प्लास्टिक के बोरी में स्थानीय लोगों को दिखाई दिया। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और शिनाख्त का प्रयास कर रही है। युवती की हत्या कर शव बोरी में रखकर फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। सीओ का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद घटना कैसे हुई स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी के मुताबिक जिले के पुलिस चौकी हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के पारा ताजपुर स्थित कस्तूरबा गांधी विद्यालय के पास झाड़ियों में शौच करने गए लोगों को एक प्लास्टिक की बोरी दिखाई दी, जिससे बहुत दुर्गंध आ रही थी। झाड़ियों के बीच में बोरी में कुछ पड़ा होने की जानकारी होते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों को प्लास्टिक की बोरी में युवती का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। संदिग्ध परिस्थितियों में बोरी में शव मिलने की जानकारी मिलते ही चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर देवेंद्र पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। क्षेत्राधिकारी श्रीयश त्रिपाठी का कहना है कि बोरी में मिली युवती 18-19 वर्ष की लग रही है। जिसकी शिनाख्त कराई जा रही है। आस-पास के गांव के लोगों से भी जानकारी ली जा रही है कि कोई युवती लापता तो नहीं थी। फिलहाल ग्रामीणों की मौजूदगी में शव का पंचनामा भरने के बाद शव मोर्चरी हाउस भिजवा दिया गया है। मोर्चरी हाउस में 72 घंटे तक शव को शिनाख्त के लिए रखवाया जाएगा। शिनाख्त न होने पर शव का पोस्टमार्टम कराने बाद अंतिम संस्कार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

स्त्री मुक्ति और अस्मिता की पहचान, परिचर्चा का हुआ आयोजन

अयोध्या । क्लब सेपियंस और होप सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में आज शाम एक शानदार परिचर्चा और काव्य पाठ का आयोजन किया गया। परिचर्चा का विषय %स्त्री मुक्ति और अस्मिता की पहचान% था, जिस पर गेस्ट स्पीकर श्वेता राज सिंह , नीलम मंध्यान और सिम्मी ने अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम के दूसरे चरण में कविता पाठ हुआ, जिसमें सुप्रिया मिश्रा, ज्योति तिवारी, पूजा मिश्रा यक्ष, अंकिता तिवारी, निधि सूद, और डॉ. आकांक्षा सिंह ने अपनी कविताएं, गीत और गज़लें प्रस्तुत की। कार्यक्रम के दौरान नीली जायसवाल ने आध्यात्मिकता के महत्व पर अपने विचार रखे और वर्तमान तनावपूर्ण जीवन में आध्यात्मिकता की उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।इस कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि डॉ. आकांक्षा सिंह रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों का अहम योगदान था। तस्वीरें इस कार्यक्रम की पूरी कहानी बयान कर रही हैं।

धूमधाम से मनाई गई महाराजा बिजली पासी की जयंती

अयोध्या । नगर पंचायत मां कामाख्या भवानी में बुधवार को महाराजा बिजली पासी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत अनुसूचित जाति जनजाति के प्रदेश अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री व रूदौली विधायक रामचंद्र यादव और मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने महाराजा बिजली पासी के चित्र पर माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि बैजनाथ रावत व विधायक रामचंद्र यादव ने कार्यक्रम को संबोधित किया। अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला ने कहा कि समाज के लोगों को जागरूक करने के साथ-साथ संगठित रहने का संदेश दिया। संगठित होने की शक्ति का आनंद अलग ही होता है, और यदि समाज बिखरकर रहेगा तो कोई भी उसे कुचल सकता है।कार्यक्रम के अंतर्गत ÷वीर शिरोमणि महाराजा बिजली पासी दौड़ प्रतियोगिता÷ भी आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। प्रथम विजेता को 11,000/- रूपये, द्वितीय विजेता को 5,100/- रूपये और तृतीय विजेता को 2,100/- रूपये की राशि प्रदान की गई। इस दौरान पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, तेज तिवारी, कप्तान गिरि बाबा, आलोक चंद्र यादव वेद प्रकाश शुक्ला,भगौती प्रसाद रावत, दुर्गा प्रसाद रावत, सियाराम रावत, जग प्रसाद रावत,सुमन रावत, अमित पासवान, किशोरी लाल भारती जसकरन रावत, रामसेवक रावत शंकर गौतम सहित तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

धूमधाम से मनी पूर्व प्रधानमंत्री स्व॰ अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी

मिल्कीपुर -अयोध्या। मिल्कीपुर में कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म शताब्दी मनाई गई। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मंजनाई में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी को भारतीय राजनीति का युग पुरुष बताया। उन्होंने कहा कि वाजपेयी के कार्यकाल में भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षण किया था और परमाणु शक्ति हासिल किया विश्व में अपना लोहा मनवाया।कुमारगंज में आयोजित कार्यक्रम में गोरखपुर के एमएलसी एवं मिल्कीपुर चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। वे देश के एक होनहार कवि और कुशल राजनेता थे।
इस अवसर पर मेयर अयोध्या गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, चंद्रभान पासवान, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, सरोज मिश्रा, राधेश्याम त्यागी, ऊषा रावत सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

अटल बिहारी बाजपेई की प्रेरणादायक कविताएं लोगो के भीतर सदा आत्मविश्वास का संचार करती रहेंगी॰ लल्लू सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। अटल जयंती पर जिले के राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन साहित्य के विभिन्न रंगो से मिश्रित नजर आया। यहां मनोभाव को कलात्मक रुप से प्रस्तुत करती अभिव्यक्ति ने अटल जी की तस्वीरों को सजीवता प्रदान कर दी। वीर, हास्य व श्रंगार रस की कविताओं की प्रस्तुति के दौरान पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। कवि सम्मेलन का उद्घाटन महंत नृत्यगोपाल दास के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास व श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चम्पतराय ने किया। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने किया था। संचालन शशिकांत यादव ने किया।
महंत कमलनयन दास ने दास ने कि अटल जी एक कुशल राजनीतिज्ञ के साथ प्रखर वक्ता, कवि, पत्रकार व साहित्यकार भी थे। उनकी रचनाएं युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत्र है। जिसका अध्ययन व्यक्ति के भीतर शौर्य व पराक्रम का संचार कर देता है। मुख्य अतिथि चम्पत राय ने कहा कि अटल जब पहली बार संसद पहुंचे तो नेहरु ने उनके द्वारा देश का नेतृत्व करने के बारें में कहा था। उनकी कविताएं हमें मंत्रमुग्ध कर देती है। जिसमें राष्ट्रवाद व राष्ट्र प्रेम का

भाव समाहित रहता है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई की प्रेरणादायक कविताएं लोगो के भीतर सदा आत्मविश्वास का संचार करती रहेंगी। जयंती पर उनको श्रद्धांजलि अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में कविता व साहित्य की प्रज्जवलित रश्मि के माध्यम से दी गई।
कवि सम्मेलन के दौरान कवियत्री कविता तिवारी ने वीर रस की कविताओं की प्रस्तुति करके श्रोताओं को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने भारतवर्ष की बेटी हूं, हरगिज डर नहीं सकती, मगर जो देशद्रोही हो उसे पूजा नहीं जाता, इसलिए हे राम धरा पर आना जरुरी है, मुक्तिमार्ग चुनना चाहो तो मेरे संग जय श्री राम कहो की भावपूर्ण प्रस्तुति दिया। प्रियांशु गजेन्द्र ने काट रहा दिन जैसे तैसे, कोई पीकर मर जाए तो प्याले की खता क्या है, जमुना उपाध्याय ने कुछ लोगो को हंसने की तैयारी करनी पड़ती है, हकीकत ये की ख्यालों के सिवा कुछ भी नहीं की प्रस्तुति से श्रोताओ को भाव विभोर कर दिया। जानी वैरागी ने देश में वही जिएगा जो खाएगा, मुस्कुराता हुआ कश्मीर मिला, विकास बौखल ने पेड़ काटने वाला छुट्टी पर है हम अपना काम कर रहे है, बाद में पता चला पड़ोस वाली चाची है की प्रस्तुति करके श्रोताओ को खूब हसाया। अशोक टाटम्बरी ने जन्मदिन की बधाई अटल के लिए, सबका बांटा हमका डांटा इ मुराही न चली, डा. भुवन मोहिनी ने हो गई हो गई रे बांवरिया दुनिया हो गई रे, अपने राम के पास आई हूं, रमेश विश्वधर ने हमने देखे तुम्हारे कुंवारे नयन, दर्द बनके तू आंखो के पानी में है, प्रवीण पाण्डेय ने इन पलको पर सबसे ज्यादा जिम्मेदारी है, मौत से ठने तो स्वाभिमान को नमन है, गणेश शंकर विद्यार्थी ने लोहू की प्यासी अग्निशिखा सी तलवार न होती, अमन सोनी ने राम जनजन में समाया की प्रस्तुति किया। सरिता शर्मा ने मंत्रमुग्ध करने वाली प्रस्तुति दिया। मौके पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा, उ.प्र. अनूसूचित जाति एंव जनजाति आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत, महंत रामकुमार दास, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक रामचन्दर यादव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिलाध्यक्ष बाराबंकी अरविंद मौर्या, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, कमलाशंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिर, अवधेश श्रीवास्तव, रोहित सिंह, राघवेन्द्र पाण्डेय, अखंड प्रताप सिंह डिम्पल, गिरीश पाण्डेय डिप्पुल, करूणाकर पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, सुनील तिवारी शास्त्री, मनमोहन जायसवाल, विजय गुप्ता, शैलेन्द्र कोरी, सहित बड़ी संख्या में जनमानस मौजूद रहा।

गोशाईगंज बाजार को तहसील बनाने की सभासद सांसद को दिया मांग पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

गोशाईगंज -अयोध्या। अयोध्या जनपद के विस0 गोसाईगंज मुख्यालय स्थित गोसाईगंज बाजार को तहसील बनाए जाने की मांग गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य आरती जायसवाल ने अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद को पत्र देकर की है।दिए गए पत्र में श्री मती जयसवाल ने दर्साया है कि अयोध्या जनपद की प्रमुख व्यावसायिक नगर गोसाईगंज से जिला मुख्यालय की दूरी 40 किमी0 है !नगर के पूर्वी छोर स्थित ग्राम धारूपुर,अमसिन, गद्दोपुर,चिरकिटहा,अंकारीपुर से सदर तहसील की दूरी जहा लगभग 60 किमी0 है वहीं ग्राम महबूबगंज, ईसापुर,सेरवाघाट से सदर तहसील की दूरी लगभग 70 किमी0 पड़ती है।इन सभी ग्रामवासियों को अपनी तहसील स्तरीय कार्य कराने हेतु इतनी दूरी का सफर करके जनपद मुख्यालय हेतु तहसील जाना पड़ता है।जिससे इनके समय एवम धन दोनो का नुकसान होता है।आगागंज,तारुन,टिकरी,रामपुर भगन जिनका तहसील बीकापुर है जो बहुत दूरी पर है।जनपद में गोसाईगंज को तहसील बना देने से इन सभी को इतनी दूरी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।क्षेत्रीय जनता, जन प्रतिनिधियों तथा नगर क्षेत्र के बुद्ध जीवियों द्वारा बीते 2 दशक से शासन-प्रशासन को पत्र भेजकर तथा समय-समय पर समाचार पत्रों के माध्यम से गोशाईगंज को तहसील बनाने की बराबर मांग की जाती रही है।लेकिन क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के रुचि न लेने के कारण शासन-प्रशासन द्वारा इस मांग को नजर अंदाज कर दिया जाता है।जनहित में लोगों की दूरियों और परेशानियों को ध्यान मे रख गोशाईगंज को तहसील बनाने से इन ग्राम वासियों को उनके वर्तमान तहसील की दूरी से जहा निजात मिलेगी वही गोसाईगंज तहसील बन जाने से इनकी दूरियां बहुत ही कम होने के साथ ही इनके लिए सुविधाएं भी बढ़ने के साथ लोगों की बहु प्रतीक्षित मांग भी पूरी हो जाएगी।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, राघवेन्द्र सिंह अनूप, पूर्व विधायक जय शंकर पांडे, पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव, महिला जिलाध्यक्ष सरोज यादव, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा, गोसाईगंज नगर पंचायत सभासद प्रतिनिधि दिनेश कुमार जायसवाल ÷पत्रकार÷, सभासद कल्लू कुरैशी, सहित कई लोग मौजूद थे।मालूम हो कि गोसाईगंज को तहसील बनाने की मांग सभासद श्रीमती जायसवाल ने बीते दिनों अंबेडकरनगर सांसद लालजी वर्मा,श्रावस्ती सांसद राम शिरोमणि वर्मा,गोसाईगंज विधायक अभय सिंह को भी पत्र देकर कर चुकी हैं।

30 दिसंबर को मिल्कीपुर आएंगे कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर

आयोजित जनसभा को करेंगे संबोधित, लाखों की भीड़ जुटने की उम्मीद

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (स्क्स्क) द्वारा 30 दिसंबर को मिल्कीपुर विधानसभा में उपचुनाव से पहले एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसमें कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर मुख्य अतिथि होंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी पूरी ताकत से जुटे हुए हैं और घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत करा रहे हैं।जिलाध्यक्ष डॉ जेपी सेन सुभासपा ने बताया कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेशभर के पदाधिकारी पूरे जोश के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी को विभिन्न क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें प्रदेश अध्यक्ष अमरमणि कश्यप, पूर्व मंत्री प्रतिनिधि बलिया गुड्डू उर्फ मुस्ताक अहमद, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमाकांत शर्मा जैसे प्रमुख नेता शामिल हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा जनसभा में लाखों की भीड़ जुटने की उम्मीद है, और यह कार्यक्रम सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है।इन नेताओं ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव क्षेत्र में आयोजित जनसभा के सफल आयोजन के लिए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह के साथ भाजपा कार्यालय में रणनीतिक विचार-विमर्श किया। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने का आश्वासन दिया और जिले के सभी पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस कार्यक्रम के दौरान सरकार की ÷जीरो प्रॉपर्टी स्कीम÷ और पंचायत राज की नीतियों को गांव-गांव, अंतिम परिवार तक पहुंचाने का लक्ष्य भी रखा गया है। विधायक प्रतिनिधि रविंद्र कुमार पांडेय क्षेत्र भ्रमण और जनसंपर्क में जुटे हुए हैं।
साथ ही, बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष वीरेंद्र नायक और मिल्कीपुर विधानसभा अध्यक्ष सूरज शर्मा भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं।

भू माफियाओं ने अयोध्या के पावन भूमि का बेच दिया कोना कोना

पौराणिक रानोपाली का चारागाह ही चर गए रामनगरी के भूमाफिया

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । भू माफियाओं ने अयोध्या के पावन भूमि का कोना कोना बेच दिया है। भाजपा पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा तो अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। अब आम जनमानस में यह सवाल उठ रहा है क्या अयोध्या की लाज बचाने कोई आगे आएगा। पौराणिक रानोपाली के चारागाह को भी भू माफियाओं ने चर लिया है इस इलाके में 42 तालाब थे, अब सिर्फ दो तालाब अपने हालात पर आंसू बहा रहे है जबकि सरकार का दावा पूरे प्रदेश में अमृतसर सरोवर बनाने का है।
रानोपली अयोध्या का वह पौराणिक इलाका है जहां वन गमन से पहले श्रीराम अपने राजसी वस्त्र त्यागकर वनवासी वेश धारण किया था। यहां स्थित उदासीन आश्रम में महारानी कैकेई का निजी भवन था। त्रेता में श्रीराम इसी महल से पत्नी सीता और भाई लक्ष्मण के साथ वन के लिए रवाना हुए थे। राम नगरी की पावन भूमि पर %ग्रहण% लग चुका है। भू माफिया इसे राहु बनकर ग्रस रहे हैं। अयोध्या में विकास प्राधिकरण व भू माफियाओं के गठजोड़ ने टाउन प्लान और महायोजना का बंटाधार कर दिया है। राजस्व, नजूल, तहसील भी इस खेल में शामिल हैं। अयोध्या का ऐसा कोई कोना बचा नहीं है, जिसे लैंड माफ़िया ने ग्रसा ना हो। भू-माफिया ने अब अयोध्या महानगर में शामिल रानोपाली इलाके को भी नहीं छोड़ा। भू-माफिया और तहसील के काकस ने मिल कर इस इलाके को भी अपनी चारागाह में तब्दील कर दिया। इतना ही नहीं इस काकस ने पौराणिक त्रिलोदकी गंगा की जमीनों तक पर कब्जा कर लिया। रानोपाली क्षेत्र में यह बड़ा भूमि घोटाला तब सामने आया जब शासन स्तर पर एक शिकायत हुई जिसकी जांच की खानापूर्ति अब तहसील प्रशासन कर रहा है।शहरी इलाके में लम्बे अर्से से सक्रिय भू ङ्क माफिया और सरकारी तंत्र का गठजोड़ बेहद खामोशी के साथ आसपास पैर पसार चुका है। इसमें और तेजी तब आई जब जिले के 41 गावों को नगर निगम में शामिल कर लिया गया। भूमि कब्जाने के सुनियोजित खेल में अयोध्या विकास प्राधिकरण, तहसील और भू-माफिया का तगड़ा काकस शामिल है। बीते दस से 15 वर्षों में रानोपाली ग्राम सभा भी इस काकस की गिरफ्त में आ गई। यहां भी सुनियोजित तरीके से भू-माफिया ने सरकारी तंत्र से अपने गठजोड़ की बदौलत तालाबों और चारागाह समेत ग्राम समाज की जमीनों पर कब्जे कर डाले। रानोपाली ग्राम सभा में सरकारी अभिलेखों में दर्ज छोटे बड़े लगभग 42 ताल पोखर में से अधिकतर को पाट कर कब्जा कर लिया गया और भवन तक खड़े कर दिए। यहां चारागाह के रुप में दर्ज जमीनों पर भी अपना वर्चस्व स्थापित कर लिया।
सूत्रों के अनुसार देवकाली ओवरब्रिज के पास एक सरकारी जमीन को एक बड़े भू-माफिया ने घिरवा रखा है। इस पर न तहसील प्रशासन की नजर पड़ी न ही विकास प्राधिकरण की। जबकि स्थानीय लोगों द्वारा शिकायत भी की गई। वहीं इसी इलाके में दो नामचीन लोगों ने मार्केट और कईयों ने मकान तक बनवा लिए हैं। नाजायज कब्जे के इस षड़यंत्र में स्थानीय लेखपाल, सदर तहसील के कर्मी और तत्कालीन प्रधानों की भी बड़ी भूमिका रही है
सूत्रों के अनुसार इस अवैध कब्जों में तब से और तेजी आई है जब से अयोध्या में मंदिर निर्माण और इस इलाके को नगर निगम में शामिल किया गया है। रानोपाली क्षेत्र में अवैध कब्जों की यह स्थिति है कि एक बड़ा भू-भाग ग्राम सभा क्षेत्र से ही गुम हो गया है। जिसके चलते यहां भी जमीनों के रेट पांच से छह वर्ष के बीच आसमान छूने लगे हैं। रानोपाली ग्राम सभा में पौराणिक त्रिलोदकी गंगा का एक बड़ा हिस्सा भी आता है। यह वही त्रिलोदकी गंगा है जिसे लेकर एक शिकायत के बाद एनजीटी द्वारा जांच के आदेश भी दिए गए हैं। बताया जाता है कि इस क्षेत्र में त्रिलोदकी गंगा के अधिकतर हिस्से पर दुकानें और मकान तक बन गए हैं। जिसके कारण यहां पौराणिक नदी का अस्तित्व ही समाप्त हो चुका है। इसके बाद भी शासन- प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों की नजर इस पर नहीं पड़ रही है। नाम न छापने की शर्त पर एक तहसील कर्मी ने रानोपाली क्षेत्र में अवैध कब्जों की चल रही जांच की बात कही है। बताया कि पूरी फाइल एसडीएम के पास है, वही यह मामला देख रहे है।

श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर सुशासन यात्रा का हुआ आयोजन

अयोध्या। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय पंडित अटल बिहारी वाजपेई के जयंती पर पूरा मंडल के मड़ना ग्राम पंचायत में सुशासन यात्रा का आयोजन किया गया।मुख्य अतिथि नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, गन्ना समिति अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह , पूर्व जिला महामंत्री शारदा यादव, महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा ,मंडल प्रभारी दिनेश मिश्रा, सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक पूर्व मेजर प्रदीप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि जिला पंचायत सदस्य देवता प्रसाद पटेल, दीपक सिंह गब्बर, पूर्व मंडल अध्यक्ष कालिका सिंह, ओम प्रकाश यादव ,विजय बहादुर सिंह, हरकेश सिंह, हृदय राम सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

अटल जी एक अप्रतिम प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे॰स्वतंत्र देव सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जयंती पर भाजपा कार्यालय सहादतगंज में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया। प्रदर्शनी में विभिन्न माध्यमों से अटल जी के जीवन चरित्र को प्रदर्शित किया गया था। जल शक्ति मंत्री ने मिल्कीपुर विधान सभा के मजनाई गांव में निकली गई सुशासन यात्रा में भाग लिया। यहां उन्होंने ग्राम चौपाल भी लगाई।चौपाल को सम्बोधित करते हुए जल शक्ति मंत्री ने कहा कि अटल जी एक अप्रतिम प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। कुशल नेतृत्व, प्रखर वक्ता, कवि तथा राजनीति दृढ़ इच्छा शक्ति उनके विराट व्यक्तित्व के विभिन्न अंग थे। वह पहले ऐसे गैर कांग्रेसी प्रधानमंत्री रहे जिन्होंने अपना

कार्यकाल पूर्ण किया। उनके नेतृत्व में भारत ने 1998 में पोखरण में परमाणु परीक्षण किया, जिससे भारत वैश्विक मंच पर एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा। इस दौरान वैश्विक स्तर पर तमाम दवाब के बावजूद अटल जी ने दृढ़ राजनैतिक इच्छा शक्ति का परिचय दिया।
जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि अटल जी के कार्यकाल में राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जिसने देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया। सर्व शिक्षा अभियान जैसी योजनाओं से शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ बनाया गया।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि अटल सरकार की आर्थिक नीतियां उदारीकरण और निजीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ गरीबों के उत्थान पर केंद्रित थीं।
कार्यालय पर आयोजित प्रर्दशनी में डॉ बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अवधेश पांडे बादल, कमला शंकर पांडे, अभिषेक मिश्रा, आलोक सिंह रोहित, सहकारी बैंक के सभापति सभापति धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, जिला पंचायत सदस्य इंद्रभान सिंह, चंद्रभान सिंह राघवेंद्र पांडे, शैलेंद्र कोरी, परमानंद मिश्रा, राकेश मणि त्रिपाठी, चौपाल में आयोजित चौपाल में, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, आलोक सिंह रोहित, पूर्व जिला अध्यक्ष कमला शंकर पांडे, ,कृष्ण कुमार पांडे राधेश्याम त्यागी राघवेंद्र पांडे, अशोक कसौधन, अर्जुन सिंह, अजय तिवारी, जिपंस अशोक मिश्रा चंद्रभान सिंह, बबलू पासी, चंद्रभान पासवान, लल्लन दुबे, विजेंद्र सिंह, कैलाश प्रधान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अयोध्या महोत्सव में दुरदूरिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन॰ 12264 मातृ शक्तियों के साथ बना वर्ल्ड रिकॉर्ड

▸▸ वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन की हेड शरीफा बानो ने दिया प्रमाण पत्र

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। अयोध्या महोत्सव में गुरुवार को दुरदूरिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें 12264 मात्र शक्तियों ने भाग लिया। वर्ल्ड रिकॉर्ड यूनियन की टीम ने महोत्सव स्थल पर मौजूद 876 से अधिक ग्रुप की गणना की , जिसमें प्रत्येक ग्रुप में 14 महिलाएं शामिल थी जिसकी कुल संख्या 12,264 पाई गई । उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने पूरे कार्यक्रम की भूरी भूरी सराहना की और इसमें सम्मिलित प्रत्येक व्यक्ति के प्रति आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ,महानगर संघ चालक डॉ विक्रम प्रसाद पांडेय, पूर्व विधायक मिल्कीपुर गोरखनाथ बाबा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह %रोहित% उपस्थित रहे । आलोक सिंह ने कहा,यह कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने और उनके अधिकारों को बढ़ावा देने के लिए काम किया जा रहा है । उन्होंने आगे कहा,हमें गर्व है कि हमारी सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।
हमारा लक्ष्य है कि महिलाएं समाज में समान अधिकारों और अवसरों का आनंद ले सकें।

उन्होंने अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष व पदाधिकारियों के कार्यों की सराहना की तथा आई हुई मातृ शक्तियों का धन्यवाद ज्ञापित किया ।अयोध्या महोत्सव न्यास के मीडिया प्रभारी श्रीप्रकाश पाठक ने बताया कि यह कार्यक्रम नारी सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों को बढ़ावा देना है।उन्होंने बताया कि अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव की मंशा है कि जनपद अयोध्या में महिलाओं को सशक्त बनाया जाए और उनके अधिकारों के प्रति उन्हें जागरूक किया जाए। उक्त वर्ल्ड रिकॉर्ड में न्यास के प्रबंधक आकाश अग्रवाल, प्रबंध निदेशक नाहिद कैफ़ , महासचिव ऋचा उपाध्याय,वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय यादव, उपाध्यक्ष गिरिजेश त्रिपाठी, भूपेंद्र प्रताप सिंह% बल्ले%, संयुक्त सचिव बृजेश ओझा,संगठन सचिव जनार्दन पाण्डेय,कोषाध्यक्ष रेगन सिंह चौहान, उज्ज्वल चौहान, उपाध्यक्ष मोहित मिश्रा, गौतम सिंह, निकिता चौहान ,स्वाति सिंह, तनु पांडेय, प्रभारी सूर्यांश चोपड़ा ,मीडिया प्रभारी श्री प्रकाश पाठक,आज़ाद सदक, अनूप द्विवेदी, शिप्रा श्रीवास्तव, पूजा अरोड़ा, सुरेश मिश्रा, आलोक तिवारी, शशांक उपाध्याय,सूर्यांश चोपड़ा, स्वाती सिंह, अवनीश सिंह,अभिनव दूबे, राजेश गौड़, अंकित श्रीवास्तव, ताहा, अनिकेत जायसवाल,सिराज, सत्यम ,गरिमा ,शनि सिंह, हर्षित तिवारी आदि उपस्थित रहे ।

ओ मेरे भारत के गौरव श्री पंडित अटल बिहारी है

कवियों के काव्य से महका एमएलके कॉलेज सभागार

बलरामपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जन्मशताब्दी समारोह के तहत राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया यह कवि सम्मेलन उत्तर प्रदेशसंस्कृति विभाग एवं एमएलकेपीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ है। सम्मेलन का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर जनार्दन प्रसाद पांडेय एवं संयोजक हास्य कवि विनोद सिंह कल हंस रहे हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन से से किया गया। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अरुण प्रकाश मिश्रा ने करते हुए कहा कि तुमसे तो अच्छी तुम्हारी तस्वीर है कम से कम रंग तो नहीं बदलता,, कभी डॉक्टर ओमप्रकाश मिश्रा ने काव्य पाठ के माध्यम से कहा कि गर जागे नहीं सोते रहे, सोते रहेंगे दुश्वारियां का बोझ सदा ढोते रहेंगे, यूं जुल्मों सितम सह के जो चुप बैठे रहे आप ,नफरत के बीज बोने वाले बोते रहेंगे,,, कवि सम्मेलन में लखनऊ से पधारे हास्य कवि मुकुल महान ने कहा अब वे नेताओं पर कविताएं नहीं लिखते अब वह उनकी पत्नियों पर कविताएं लिखते हैं, जिसको ऐसे ही लोगों ने तालियां खूब बजाई उन्होंने कहा कि नेता जी को खल गई, जब उनकी पत्नी घर छोड़कर निकल गई,

नेताजी ने पूछा कहां जा रही हो ,मेरी पॉलिटिकल इमेज पर कहर ढा रही हो, पत्नी बोली माफ कीजिए दिल पर हाथ रखकर इंसाफ कीजिए, मैंने आपका साथ 20 साल तक निभाया है, आज पहली बार पति बदलने का विचार आया है,, अंबेडकर नगर के ओज कवि अभय निर्भीक ने काव्य के माध्यमसे कहा कि भारत माता का हरगिज सम्मान नहीं खोने देंगे, अपने पूज्य तिरंगे का अपमान नहीं होने देंगे, इसी क्रम में बाराबंकी के कवि रवि रुद्राक्ष ने कहा जिनके पद चिन्हों पर चलकर हम घोषित हुए सिकंदर हैं ,साहित्य व्यम के राका पति ओ राजनीति के दिनकर हैं ,जिनके निर्धारित लक्षणों के संधान निरंतर जारी हैं, वह मेरे भारत के गौरव श्री पंडित अटल बिहारी वाजपेई हैं। कवियत्री नीता सिंह नवल के श्रृंगार काव्य पाठ पर लोग खूब तालियां बजाई उन्होंने कहा कि हमसे क्या भूल हुई ओ वफा से बेवफा हो गए,,। गीतकार कन्हैया लाल मधुर एवं आशीष आनंद ने तेरा नाम रटते रटते बेनाम हो न जाऊं, तेरी गली भटकते बदनाम हो ना जाऊं,,।

मंच का संचालन कर रहे हास्य कवि विनोद सिंह कलहंस ने काव्य पाठ में कहा कि उसकी गली में आना-जाना सबके बस की बात नहीं, चोरी चुपके दिल को चुराना सबके बस की बात नहीं , हुई कुटाई हुई धुनाई तब जाकर यह इल्म हुआ, इश्क में इतने डंडा खाना सबके बस की बात नहीं, पर कवि सम्मेलन का समापन हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ला सदर विधायक पलटू राम उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, स्ववित्त पोषित प्रबंधक संघ जिलाध्यक्ष डॉ एमपी तिवारी अजय सिंह पिंकू धीरेंद्र प्रताप सिंह डीप सिंह प्रोफेसर जेपी पांडे डॉक्टर राजीव रंजन डॉ देवेंद्र चौहान डॉक्टर ए के सिंह डॉक्टर लाल शाबान अली आदि शामिल रहे हैं कार्यक्रम में कभी प्रदीप कुमार एवं सर्वेश सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

जनसेवक ग्राम प्रधान ने तालाब की जमीन पर मकान बना कर लिया कब्जा

सुल्तानपुर। तहसील क्षेत्र बल्दीराय की ग्राम पंचायत पीरोसरैया में जनता का प्रतिनिधित्व करने वाले ग्रामप्रधान ने ही तालाबी नम्बर में व्यवसायिक मकान बनाकर अवैध अतिक्रमण किया है। जिसकी पैमाइस तहसील की राजस्व टीम ने करवा करके पुष्टि कर दी है। ग्राम पंचायत के निवासी अजय ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से करके कार्यवाही की मांग की है।

बता दे कि ग्रामसभा पीरोसरैया प्रधान शिव बहादुर द्वारा तालाबी गाटा संख्या 1187 में ,पक्का मकान निर्माणकर अवैध कब्जा कर लिया है जिसकी पुष्टि भी राजस्व टीम के पैमाइस के बाद हो चुकी है। जिसमें प्रधान के ऊपर तहसील प्रशासन द्वारा मुकदमा दर्जकर बेदखली व जुर्माना का आदेश भी दिया जा चुका है। ग्राम पंचायत के निवासी अजय कुमार ने ग्रामप्रधान द्वारा तालाबी गाटा की वेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर ब्यवसायिक भवन निर्माण कर अपने पद का दुरुपयोग करने ,व ग्राम पंचायत/राज्य सरकार की क्षति करने की पुष्टि रिपोर्ट की प्रतिलिपि के साथ जिलाधिकारी को शिकायतीपत्र देते हुए ,उचित कार्यवाही व प्रधानपद के बर्खास्तगी की मांग की है। जिसके क्रम में जिलाधिकारी ने जिला पंचायतराज अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही कर आख्या रिपोर्ट मांगी है।

नई चुनौतियों से निपटने के लिए एक हो समाज-पंडित राम शब्द मिश्र

अंग वस्त्र से हुए सम्मानित, वितरित हुआ कंबल

लोकमित्र ब्यूरो

सुल्तानपुर। महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्राह्मण समाज के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं सैकड़ो जरूरतमंदो को ठंड से बचाने के लिए कंबल वितरण किया गया। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पंडित रामचंद्र मिश्र, कांग्रेस के पूर्व प्रमुख वरिष्ठ समाजसेवी पंडित राम शब्द मिश्रा अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी ने महामना के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। यहां रामचंद्र मिश्र ने कहा हमें महामना के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए समाज की विभूतियो के पद चिन्हों पर चलकर ही हम स्वस्थ समाज की स्थापना कर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं वरिष्ठ समाज सेवी पंडित राम शब्द मिश्र ने कहा ब्राह्मण समाज देश में सभी समाज का मार्गदर्शक रहा है उसके द्वारा किए गए कार्य और व्यवहार जनमानस में एक संदेश देते हैं। वर्तमान चुनौतियों से निपटने के लिए समाज को एकजुट होने की जरूरत है। शिक्षा स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में भी संगठित होने के लिए अभियान चलाने की आवश्यकता है। ब्राह्मण समाज त्याग और बलिदान के लिए जाना जाता है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी व महामंत्री पंडित नारायण राय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में सृजनात्मक कार्यक्रम के लिए सभी से आशीर्वाद मांगा वे समाज में हर प्रकार के सहयोग के लिए तैयार है। संगठन के नेताओं सुभाष तिवारी नारायण राय व सत्यनारायण तिवारी ने आए हुए अतिथियों को ब्राह्मण समाज की ओर से साल पहनकर सम्मानित किया। वहीं मौजूद सैकड़ो जरूरत मंदों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पंडित सुभाष तिवारी ने किया यहां प्रमुख रूप से भवानी प्रसाद मिश्र बंगाली पदुमनाथ तिवारी पालिका अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर दूबे एसपी त्रिपाठी कृपा निधान तिवारी रामकिंकर तिवारी पूर्व सभासद राजदेव शुक्ल बेनू रामदयाल शुक्ला एडवोकेट श्रवण पाठक दिलीप मिश्रा चंद्रभान मिश्रा नरेंद्र देव तिवारी अरविंद तिवारी गोपी मिश्रा राम कीरत मिश्रा निशाकांत पांडेय रामदत्त तिवारी कमला तिवारी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

प्रांत अध्यक्ष एवं प्रांत मंत्री के रूप में प्रो सुचिता और अभय पुनर्निर्वाचित

अभाविप, काशी प्रांत की सदस्यता 3 लाख 5 हज़ार के पार पहुँची

सुलतानपुर। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप), काशी प्रांत के चार-दिवसीय 64वें प्रांत अधिवेशन का शुभारंभ भगवान कुश की नगरी कुशभवनपुर (सुल्तानपुर) के फरीदीपुर स्थित केएनआईटी प्रांगण में हुआ। अधिवेशन के पहले दिन, उद्घाटन सत्र के साथ ही पिछले सत्र की कार्यकारिणी को भंग किया गया। इसके पश्चात चुनाव अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वाराणसी महानगर की प्रो. सुचिता त्रिपाठी और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के अभय प्रताप सिंह को अभाविप काशी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष और प्रांत मंत्री के रूप में पुनर्निर्वाचित किया। प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह ने अपने प्रतिवेदन में बताया कि पिछले सत्र में अभाविप काशी प्रांत के कार्यकर्ताओं ने कुल 3,05,802 सदस्य जोड़े हैं। अभाविप काशी प्रांत के इस चार-दिवसीय प्रांत अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, रजनी तिवारी, अभाविप के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, विकासार्थ विद्यार्थी की राष्ट्रीय संयोजिका कु. पायल राय, प्रांत अध्यक्ष प्रो. सुचिता त्रिपाठी, प्रांत मंत्री अभय प्रताप सिंह, स्वागत समिति अध्यक्ष डॉ राम आशीष वर्मा, और स्वागत समिति मंत्री चंदन नारायण द्वारा किया गया। यह अधिवेशन 25 से 28 दिसंबर तक महाराज कुश की नगरी कुशभवनपुर के फरीदीपुर स्थित केएनआई प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन की शुरुआत 25 दिसंबर को सायं प्रख्यात कवि पंडित राम नरेश त्रिपाठी के नाम से आयोजित प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ हुई, जिसमें आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बृजेंद्र सिंह और काशी प्रांत की सह-मंत्री आंचल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

पहाड़,जंगल,झरना,झील देखकर बच्चों के खुशी का नहीं रहा ठिकाना

पीएम श्री कंपोजिट स्कूल देवरिया मुबारकपुर के छात्रों ने कोयलाबास का किया भ्रमण

बलरामपुर। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय देवरिया मुबारकपुर का 28 छात्रों का दल शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना हुआ। विद्यालय प्रधानाध्यापिका अनवर जहां ने हरी झंडी दिखाकर तुलसीपुर चीनी मिल एवं कोयलाबास के शैक्षिक भ्रमण लिए रवाना किया।

विद्यालय के छात्रों का शैक्षिक भ्रमण टीम तुलसीपुर चीनी मिल में प्रवेश करते हुए सहायक प्रबंधक आशीष सिंह से मुलाकात की। उन्होंने तकनीकी टीम को बच्चों को चीनी मिल के विभिन्न उत्पादों एवं मशीनरी के बारे में जानकारी देने के लिए भेजा। तकनीकी टीम ने छात्रों के टोली को बॉयलर चीनी बनने की मशीन गन्ना पेराई डिवीजन, चीनी पैकिंग सहित खाद एवं गन्ने से बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जानकारी दी है। बच्चों के जिज्ञासाओं को तकनीकी टीम ने शांत करते हुए विस्तार से उन्हें जानकारी दी है। इसके बाद छात्रों की टीम प्रधानाध्यापिका श अनवर जहां,सहायक अध्यापिका परवीन हुसैन ,सरफराज अहमद,सौम्य मिश्रा, वैभव त्रिपाठी, मिथिलेश कुमारी एवं रामसूरत शिक्षक शिक्षा मित्र के साथ पड़ोसी देश नेपाल के सटे बॉर्डर कोयलाबास के जंगली एवं पहाड़ी क्षेत्र का भ्रमण किया। पहाड़ों पर पाए जाने वाले वनस्पतियों ,जल स्रोत, पहाड़ी नालों पर बनने वाले हैंगिंग फूल आदि का भ्रमण किया है। बच्चों ने बॉर्डर पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों से मुलाकात करते हुए उनसे सैन्य शक्तियों एवं कार्यों के बारे में अवगत हुए। इंडो नेपाल बॉर्डर को देख कर बच्चों में कई बिंदुओं को जिज्ञासा जागृत हुई,जिसको विद्यालय के शिक्षक टीम एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने शांत करते हुए विस्तार से जानकारी दी है। बच्चों ने शैक्षिक भ्रमण के दौरान खूब मस्ती करते हुए पहाड़ सहित जंगल,झील,झरना, एवं औषधीय पौधों को देखकर काफी खुश दिखे। प्रधानाध्यापिका ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बच्चों को शैक्षिक भ्रमण एवं ऐतिहासिक स्थलों सहित इंडस्ट्रियल एरिया से रूबरू होने का अवसर दिया है। इससे बच्चों को पढ़ाई में मन लगेगा एवं घर बैठे बच्चों को स्कूल आने का अवसर मिलेगा।

जिला अध्यक्ष मनोनीत हुए बृजेश कुमार सिंह

लंभुआ/सुल्तानपुर। बृजेश कुमार सिंह सहायक अध्यापक प्रा वि पिलखिनी वि.क्षे लंभुआ जनपद सुलतानपुर को संयुक्त समायोजित शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष की तरफ से संगठन के जिला इकाई के सबसे अहम और महत्वपूर्ण पद जिला अध्यक्ष के लिए मनोनयन किया गया। शिक्षक बृजेश कुमार सिंह अपनी कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के लिए विभाग में जाने जाते हैं।उनके मनोनयन के अवसर पर सुलतानपुर के शिक्षक रणवीर सिंह ब्लॉक अध्यक्ष लंभुआ, सुशांत मिश्र, राणा सिंह, सनत कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, संदीप गोस्वामी उमेश तिवारी, पंकज तिवारी, संतोष कुमार पाण्डेय, अभिनव सिंह आदि ने बृजेश कुमार सिंह को बधाई दी। उनके शिक्षक साथियों ने बताया कि बृजेश सिंह विभागीय समस्याओं के निस्तारण के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वे स्वयं मुख्यालय पहुंचकर शिक्षकों की समस्याओं का समाधान कराते हैं। उम्मीद की जाती है कि उनके द्वारा नवीन दायित्व का निर्वहन पूर्ण मनोयोग से किया जाएगा।

जनाबे फातमा जहरा के जन्म दिवस पर मनाया गया जश्न

सुल्तानपुर। कमर हैदर खान की तरफ से महेल रिसोर्ट बैंकवेट लान अमहट में मंगलवार को रात में मोहम्मद साहब की बेटी जनाबे फातमा जहरा सलामुल्लाह अलैहा के जन्म दिवस के अवसर पर एक महफिल शेरो शायरी का आयोजन करके जश्न मनाया गया। जिसमें तकरीर मौलाना जीशान हैदर सुलतानपुरी संचालन प्रोफेसर डॉ.अब्बास रजा नैयर जलालपुरी ने किया। उक्त कार्यक्रम में मौलाना मुशीर अब्बास खान, मौलाना मोहम्मद जाफर खान, मौलाना आसिफ नकवी, मौलाना शकील अहमद खान, सलीम बलरामपुरी, फाजिल जरैलवी, अलताफजिया मालेगॉव, खुर्शीद मुजफ्फर नगरी, एकबाल अशहर देहली, अली हैदर, जोहेर, वकार सुलतानपुरी ने अपना कसीदा सुनाया। इनके अलावा रजमी सुलतानपुरी आदि शायर-ए-अहलेबैत मौजूद रहे। उक्त जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफेयर एसोसिएशन सुलतानपुर ने दी है।

मैथ आर्ट ओलंपियाड में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

बलरामपुर। उतरौला तहसील मुख्यालय पर संचालित एच. आर. ए. इंटर कॉलेज में %मैथ्स एंड आर्ट अलम्पियाड% का आयोजन किया गया। जिसका परिणाम 26 दिसम्बर को घोषित किया गया। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में प्राइमरी, जूनियर तथा सीनियर में बांटा गया था। परिणाम स्वरूप गणित प्रतियोगिता के प्राइमरी वर्ग में स्कूल टॉपर के रूप में आदित्य गुप्ता कक्षा 3, सुगरा कक्षा 3, मो. अहमद अंसारी कक्षा 3 प्रथम स्थान पर रहे जूनियर वर्ग में कक्षा 6 के ज़िन नूरैन प्रथम स्थान पर रहे।

सीनियर वर्ग में तृतीय स्थान पर कक्षा 10 की येसू जायसवाल, द्वितीय दीपक सोनी कक्षा 9 तथा प्रथम स्थान पर कक्षा 10 की फिरदौस बानो रहीं। कला प्रतियोगिता में प्राइमरी वर्ग में स्कूल टॉपर कक्षा 4 की आस्था कन्नौजिया तथा कक्षा 5 के प्रमोद मौर्या रहे। जूनियर वर्ग में कक्षा 7 की इरम फ़ातिमा तथा कक्षा 8 की अरीबा अंजुम स्कूल टॉपर रहीं। सीनियर वर्ग में स्कूल टॉपर के रूप में द्वितीय स्थान पर कक्षा 10 के मो. यूसुफ हसन तथा प्रथम स्थान पर कक्षा 9 की आस्था सोनी रहीं। सभी विजेताओं को उन्हीं के विषय अध्यापकों/अध्यापिकाओं तथा प्रधानचार्य द्वारा सर्टिफिकेट, मैडल तथा गिफ्ट प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक श्री अंसार अहमद खान ने सभी छात्रों से रूबरू होकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी तथा बताया कि हार और जीत जीवन के दो पहलू हैं। हारने पर निराश नहीं होना चाहिए वरन आगे बढ़ने के लिए सतत प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक अंसार अहमद ने कहा कि बच्चों की मेहनत आज उनकी प्रतिभा को प्रदर्शित कर रही है उन्हें सम्मानित करके न केवल गौरांवित महसूस कर रहा हूं बल्कि बच्चे निरंतर आगे बढ़ रहे हैं इसे देखकर प्रसन्नता भी हो रही है। उन्होंने बच्चों को खूब मेहनत से पढ़ाई करते हुए निर्धारित लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रेरित किया है।

गले में फंसे खिलौने को निकालकर बच्चे को दिया जीवन दान

सुल्तानपुर। एक साल के बच्चे के गले में सांस की नली में चॉकलेट के साथ मिलने वाला खिलौना फंसा हुआ था जिससे बच्चा जिंदगी और मौत की बीच जूझ रहा था यह प्लास्टिक का खिलौना सांस लेने के रास्ते में जाकर रुका हुआ था बच्चा सांस नहीं ले पा रहा था। जनपद में कई चिकित्सकों एवं स्वशासी राज्य की मेडिकल कॉलेज में दिखाया मगर कहीं से बच्चे को राहत न मिली तब बच्चे के परिजन एकाएक गल्ला मंडी स्थित डॉक्टर अमित कौशल के क्लीनिक पर पहुंचे वहां पर उन्होंने बच्चे के परिजनों को राहत की सांस लेने का मौका दिया और बीती रात ऑपरेशन करके सांस की नली में फंसे प्लास्टिक को दूरबीन के विधि से निकला।

गोमती मित्र और विश्व हिन्दु महासंघ ने मनाया तुलसी पूजन दिवस

सुल्तानपुर। तुलसी पूजन दिवस के शुभ अवसर पर 25 दिसंबर को देर शाम गोमती मित्र मंडल व विश्व हिंदू महासंघ द्वारा सीता कुंड धाम स्थित सीता उपवन में तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं व पुरुषों द्वारा हरिप्रिया तुलसी माता का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाकर एवं अक्षत, प्रसाद, पुष्प अर्पित कर आरती व परिक्रमा के साथ पूजन किया गया। गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन ने कहा कि आज लोग अपनी संस्कृति को भूलते जा रहे हैं जिससे आने वाली पीढ़ी प्रभावित हो रही है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हमारी संस्कृति को बचाना है, विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह ने बताया कि पूजन का उद्देश्य केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करना नहीं बल्कि यह भी बताना है कि प्रकृति का संरक्षण कितना महत्वपूर्ण है। गौ रक्षा वाहिनी के वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश सिंह दद्दू ने सभी से तुलसी के औषधीय महत्व को समझते हुए इन्हें संरक्षित करने का संकल्प लेने का आवाहन किया,, अंत में सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

प्ले ग्रुप स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने बनाया तुलसी पूजन दिवस

सुल्तानपुर। हिंदी मान्यता के अनुसार पंचवटी प्ले स्कूल डे केयर में 25 दिसंबर को परम पूज्य संत श्री रविशंकर गुरु भाई के निर्देश पर तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाया गया।

तुलसी पूजन दिवस के आयोजक पंचवटी प्ले स्कूल डे एंड केयर कंचन कसौधन ने बताया कि प्ले स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा तुलसी पूजन दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र की जीवन पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि सभी को अपने घरों में तुलसी का एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए जो मानव जीवन की सुरक्षा के लिए बहुत ही कारगर है तुलसी के पेड़ को ऑक्सीजन प्रदाता कहा जाता है। तुलसी के पत्ते को हम दवा के रूप में प्रयोग करते हैं। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों के बीच स्कूल की अध्यापिका रजनी सिंह, परी श्रीवास्तव, गरिमा त्रिपाठी, ज्योति गुप्ता उपस्थिति रही।

पहली बार साहित्यशाला की पहल पर शिक्षामित्र अनुदेशक हुए सम्मानित

बेसिक शिक्षा के सहयोग से साहित्य शाला में आयोजित किया उत्कृष्ट शिक्षा सम्मान

बलरामपुर। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपाई न केवल राजनीति के पटल पर सूर्य के रूप में प्रकाशमान रहे। साहित्य के क्षेत्र में भी कभी न खत्म होने वाला एक ऐसा प्रकाश बिखेरा है, जिससे आज के समय में नव उदित कलमकार आपकी लेखनी की चमक प्राप्त करते हैं, यह बातें भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के शताब्दी वर्ष के अवसर पर साहित्यशाला मंच के संस्थापक महमूदुल हक अज्म बलरामपुरी ने कही। विभागीय निर्देशों के अनुपालन में बेसिक शिक्षा परिषद के अंतर्गत संचालित साहित्यिक मंच साहित्य शाला की तरफ से सेमिनार हाल डायट बलरामपुर में व्याख्यान, काव्य गोष्ठी एवं बाल कवि व शिक्षा मित्र अनुदेशक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत डायट प्रवक्ता चंद्र मणि मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं छात्रा गौरी मिश्रा ने मां सरस्वती वंदना के साथ की। कार्यक्रम का संचालन डा शम्सुर्रहमान शम्स ने किया। कार्यक्रम में अखलेश, वेद मणि त्रिपाठी, निलय मिश्र, देव सागर, अखिलेश पांडे, कुसुम कुमारी, अनुराधा मिश्रा, आशुतोष मिश्र, गौरी मिश्र, आनंद यादव आदि बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षक, शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंत में हिंदी दिवस के अवसर पर जनपद स्तरीय लेखन प्रतियोगिता में चयनित प्राथमिक स्तर में कंपोजिट विद्यालय कन्या तुलसीपुर की अपराजिता गुप्ता को प्रथम, प्राथमिक विद्यालय तुलसीपुर दक्षिणी की चांदनी को द्वितीय व गंडास बुजुर्ग की कंपोजिट विद्यालय सेखुइया की छात्रा सोनम को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। उच्च प्राथमिक स्तर में कंपोजिट विद्यालय आदर्श नगर की छात्रा अंशु मौर्य को प्रथम, गंडास बुजुर्ग की कंपोजिट विद्यालय सेखुईया की पायल सोनी को द्वितीय व रेहरा बाजार कंपोजिट विद्यालय बंजरिया हुसैन के सुदेश मिश्रा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त साहित्यशाला की अकादमिक शाखा ने जिले में प्रथम बार आयोजित अनुदेशक एवं शिक्षामित्र सम्मान समारोह में परिषदीय विद्यालयों में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षामित्र कंपोजिट विद्यालय चूल्हा भारी की दीपमाला वर्मा, नगर क्षेत्र कंपोजिट विद्यालय आदर्श के अखिलेश कुमार तिवारी व रेहरा बाजार कंपोजिट विद्यालय रामपुर अरना के विजय प्रकाश जायसवाल एवं अनुदेशक कंपोजिट विद्यालय माहेश्वरी बलरामपुर के अभिषेक तिवारी और रेहरा बाजार कंपोजिट विद्यालय रामपुर अरना के विजय कुमार गुप्ता को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए सभी प्रतिभागियों को साहित्य शाला की ओर से प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह संस्थापक व एस आर जी महमूद उल हक एवं डायट प्रवक्ता चंद्रमणि मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि साहित्य शाला इसी प्रकार से प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने वाले शिक्षामित्र एवं अनुदेशक को उनकी गतिविधियों के आधार पर चयनित करते हुए सम्मानित करेगी इससे जनपद के विद्यालयों में शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। इस अवसर पर साहित्य शाला मंच की सदस्य सलमा खान, अनुराधा मिश्रा, निलय मिश्रा सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

दंगल में पहलवानों ने दिखाए दांव-पेच, राधेश्याम ने जीता 21 हजार इनाम

बांदा। ग्राम पंचायत मवई में गुरुवार को विराट दंगल और मेले का आयोजन किया गया। मेले में दूरदराज जनपदों से पहलवान आए और कुश्ती कला का प्रदर्शन किया। मवई के राधेश्याम पहलवान ने 21 हजार रुपये का ईनाम और शील्ड जीती। इसके साथ ही अन्य कुश्तियों में भी पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदी को चित कर विजय हासिल की। ग्राम पंचायत मवई बुजुर्ग गांव के गोसाई तालाब के पास विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय विराट दंगल व मेले का भव्य आयोजन हुआ। दंगल में 21 हजार की इनामी कुश्ती में मिरगहनी के पहलवान राधेश्याम ने अलीगढ़ के पहलवान शहबाज को पटकनी देते हुए पुरस्कार जीता। विजेता पहलवान को शील्ड भी दी गई। इसके साथ ही नंदू पहलवान मूंगुस ने मुकेश पहलवान इलाहाबाद को कड़े मुकाबले में पटकनी दी। शहर की महिला पहलवान पायल और मवई के श्रवण पहलवान के बीच कुश्ती हुई। यह कुश्ती लोगों के लिए आकर्षण केंद्र बनी रही। श्रवण पहलवान ने पायल पहलवान को हराया। लोगों ने विराट दंगल में कुश्ती का लुत्फ उठाया तो वहीं दूसरी तरफ मेले में गांव सहित अन्य जगहों से आई महिलाएं , युवतियो व बच्चों ने मेला का जमकर लुत्फ उठाया और जमकर खरीदारी की वहीं आयोजक रामकिशुन लल्लू पहलवान, नीरज भाऊ जिला पंचायत सदस्य, पथरी प्रधान विनय प्रजापति, गजेन्द्र प्रजापति, राजकरन वर्मा मवई बुजुर्ग प्रधान, पूर्व सांसद आरके पटेल के प्रतिनिधि, मुख्य अतिथि के रूप में हमीरपुर विधायक मनोज प्रजापति सहित पुलिस प्रशासन भी मेले में मौजूद रहे।

मंतशा को मिला भारत रत्न अटल सम्मान

बांदा। ड्रीम्स ऑफ लाइफ फाउंडेशन की संस्थापिका मंतशा को राजधानी लखनऊ में भारत रत्न अटल सम्मान से सम्मानित किया गया। इस पर लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह सम्मान समरोह लखनऊ में आयोजित किया गया था। मंतशा को यह सम्मान मिलने से लोगों ने खुशी जाहिर की है। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीज सिद्दीकी ने बताया कि जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले 25 दिसंबर को सूचना भवन सभागार में समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में तमाम हस्तियां मौजूद रहीं। संस्था के संरक्षक चंद्रमौलि भारद्वाज समेत पदाधिकारियों ने मंतशा को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

कैंप में प्रकृति परीक्षण शिविर का किया गया आयोजन

बांदा। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अनथुवा के प्रभारी चिकित्साधिकारी जितेंद्र कुमार के द्वारा ग्राम अधरोरी में प्रकृति परीक्षण के लिए कैंप का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 150 ग्रामीणों की प्रकृति का परीक्षण किया गया। रोगियों को निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही में प्रकृति अनुसार क्या खाना है और क्या नहीं खाना है, इसकी जानकारी दी गई। आधुनिक जीवनशैली और जलवायु परिवर्तन के कारण लोगो के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभावों की समस्या का समाधान करने आयुर्वेद को अपनाने के प्रति लोगो को प्रोत्साहित करने और आयुर्वेद को जन स्वास्थ्य सेवाओं का मुख्य आधार बनाने की परिकल्पना के तहत अब सभी देशवासियों की प्रकृति परीक्षण किया गया। इस अभियान के द्वारा वात पित्त और कफ दोषों के आयुर्वेदिक सिद्धांतो के आधार पर लोगो को बेहतर स्वास्थ्य व रोगों के रोकथाम के लिए जीवनशैली, आहार और व्यायाम दिनचर्या को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

स्टेडियम कबड्डी टीम ने आगरा को सात अंकों से हराया

बांदा। गुरुवार को राइफल क्लब मैदान में राष्ट्रपति पुरस्कृत स्व. रज्जब खाँ मेमोरियल कबड्डी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट में आगरा,कानपुर, धमरा, रोरी,महोबा ,बीरा, झाँसी, बाँदा स्टेडियम समेत कई जिलों की टीमों ने प्रतिभाग करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला आगरा और स्टेडियम बांदा के मध्य खेला गया। सात अंक से बांदा स्टेडियम टीम विजयी रही। कबड्डी मुकाबले में सभी टीमों ने अपना-अपना बेहतर प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि विकल्प शर्मा जुगनू खान, राकेश पहलवान, नाथू पहलवान, रामप्रसाद यादव , कुकू सैनी, शकील अहमद ,शानू खान, फरीद अहमद (फरीद बाबा) उत्तर प्रदेश कबड्डी एसोसिएशन, शोएब रिजवी, सुनील सक्सेना, महेश साहिल, राजेंद्र अवस्थी, मुन्ने भाई मगरवी साहब, मंगल पांडे उप प्रधानाचार्य बजरंग, शाहान अली सहित जनपद के तमाम प्रतिष्ठ नागरिक खेल प्रेमी, कमल सिंह यादव मौजूद रहे। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दिया गया।

हरि के अवतार पर उत्सव मनाते हैं भक्त - आचार्य नवलेश

नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, जयघोष पर झूमे श्रोता

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। पृथ्वी के पाप, ताप और संताप का हरण करने तथा अपने भक्तों को आनंदित करने के लिये भगवान श्री हरि समय समय पर अवतार लेते हैं। जब प्रभु का अवतार होता है तो भक्तों के घर उत्सव मनता है। नंद बाबा के घर लाला का जन्म सुनते ही पूरा नगर आनंद से झूम उठा और घर घर बधाई गाई जाने लगी । ऐसा माहौल देखने देवता भी आकाश से झांकने लगते हैं। नंद घर आनंद भयौ जय कन्हैया लाल की जैसे भजन पर श्रोताओं ने जमकर थिरकन किया और पूरा पंडाल मानों जशोदा के लाल पर अपना सब कुछ न्यौछावर करने पर उतावला था। यह दृश्य था बांदा के मंगलम मैरिज गार्डन में चल रही भागवत कथा के चौथे दिवस की । कथा वाचक चित्रकूट धाम के श्रीनवलेश दीक्षित जी भागवतरत्न हैं। महाराज श्री ने जैसे ही लाला के जन्म की कथा सुनाई पूरा पंडाल जय नंदलाल के उदघोष से भर गया । कथा प्रसंग के दौरान एक उदाहरण के समय महाराज श्री ने कहा कि गृहस्थ को चाहिए कि घर में मंदिर शिखर वाला न रखें और मूर्ति छोटी ही रखें। संभव हो तो लडडू गोपाल की रखें जिनकी पूजा और उपासन सरल होती है।श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिवस भगवान श्री कृष्ण के जन्म की महिमा का वृतांत महाराज श्री ने कही। इसके साथ ही प्रसिद कथावाचक आचार्य नवलेश जी महाराज ने श्रोताओं को समझाते हुए बताया कि जन्म जन्मांतर , कल्प कल्पांतर , युगयुगांतर के वरदानों को सत्य करने के लिये लीला पुरूषोत्तम भगवान श्रीकृष्ण अवतार लेते हैं। भगवान के अवतार की कथा प्रसंग में ही आचार्य जी ने कर्मावाई की खिचडी वाली कथा महत्व को श्रोताओं को समझाया । यह प्रसंग ऐसा था कि श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए और भाव में डूब गये।महाराज श्री ने कहा कि जब गृहस्थ के जीवन में धर्मयुक्त आचरण मर्यादा और आदर्श पूरी तरह से भर जाता है तब जीव या गृहस्थ श्री कथा श्रवण करने का अधिकारी हो जाता है। इसलिये हम सभी को चाहिये कि अपने गृहस्थ जीवन में बडी सावधानी पूर्वक रहकर अपने गृहस्थ धर्म का पालन करना चाहिये। एक बात याद रखने लायक है कि भगवान जब भी अवतार लेते हैं तो वह घर गृहस्थ का ही होता है । इसलिये गृहस्थ जीवन बडी जिम्मेदारी का जीवन है। इसे साधारण नहीं समझना चाहिये । यह जीवन भगवान का दिया हुआ एक अवसर है । यदि आप उन अवसरों को ठीक ढंग से निभाते हैं तो आपके घर भी श्री हरि का अवतार संभव है। ज्ञात हो कि बामदेव रिषी की तपोभूमि पर कटरा रोड स्थित मैरिज हाल में श्रीमद भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिवस भव्य रूप भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। यह कथा के मुख्य यजमान रामदास शर्मा और मेवाराम शर्मा जिनके पुत्र और पुत्रवधु श्रीमान जीतेंद्र शर्मा और सहधर्मिणी अंकिता शर्मा ने आयोजित किया है। भगवान की मनोहर झांकी का दर्शन भी श्रोताओं ने किया । बता दें कि कथा में संगीत के संगतकार राघवेंद्र जी और विनोद की जुगलबंदी बेहतरीन हैआखिर में भगवान की मंगल आरती और प्रसाद वितरण किया गया।

फार्मर रजिस्ट्री कराने में लापरवाही न करें किसान, वरना रुकेगी किश्त

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी नगेंद्र प्रताप ने कहा है कि सभी किसान फार्मर रजिस्ट्री करवाएं, अन्यथा की दशा में किसान सम्मान निधि की किश्त रुक जाएगी। उन्होंने कहा कि नए आवेदनों पर भी यह प्रक्रिया लागू की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में मुनादी कराकर किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के बारे में जागरूक किया जाए।

बताया कि जनपद में कुल 198103 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री होनी है, इसके पश्चात शेष सभी किसानों की रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण किया जायेगा, जिससे कि किसान सम्मान निधि पाने वाले किसान लाभ से वंचित न हो सकें। जिलाधिकारी ने बताया कि किसान रजिस्ट्री पूर्व में निर्गत किसान बही का ही एक इलेक्ट्रानिक रूप है, जिसके माध्यम से भविष्य में किसानों को अनुमन्य सुविधायें पारदर्शी तरीके से मुहैया कराना सम्भव हो सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री कराने वाले किसानों को न केवल किसान सम्मान निधि, किसान केडिट कार्ड, फसल बीमा, राहत आयुक्त द्वारा प्रदत्त राहत धनराशि सहित धान एवं गेहूँ कय केन्द्रों पर उपज बिकी में सहूलियत होगी। भविष्य में रसायनिक उर्वरकों का वितरण किसान आई0डी0 के माध्यम से ही किया जा सकेगा। जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन रात आठ बजे समस्त उप जिलाधिकारियों, उप कृषि निदेशक एवं जिला पंचायतराज अधिकारी के साथ बैठक कर इसकी प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों के साथ-साथ सभी लेखपालों, सभी खण्ड विकास अधिकारियों तथा उनके पंचायत सहायक, कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी तथा जनपद के सभी जन सुविधा केन्द्रों को जल्दी से जल्दी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करने के लिए लगाया गया है। किसान अपनी फार्मर रजिस्ट्री दो तरीकों से करा सकते हैं, या तो जन सुविधा केन्द्र पर अथवा गाँव में लगने वाले कैम्प में, जिसके लिये उनका मोबाइल, आधार कार्ड एवं खतौनी आवश्यक है। किसी भी जनसुविधा केन्द्र / कैम्प में जाकर फार्मर रजिस्ट्री की प्रकिया में उनके मोबाइल पर आये ओटीपी को बताना होगा, जिससे प्रकिया पूर्ण होगी। ग्राम स्तर पर इस कार्य को पूर्ण करने के लिये ग्राम प्रधान, लेखपाल, कोटेदार, पंचायत सहायक, कृषि सहायक एवं कृषि सखी को जिम्मेदारी सौंपी गयी है, जिसके तहत किसान भाई इनसे सम्पर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जनपद के सभी जन सुविधा केन्द्रों द्वारा प्रतिदिन की जाने वाली प्रगति से अवगत कराने के लिये कहा गया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी ग्रामों में डिग्गी पिटवाकर इसकी मुनादी भी कराई जा रही है। किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

कर्जदार मजदूर ने रस्सी से फंदा लगा कर ली खुदकुशी

- बेटी की शादी में लिया था 50 हजार रुपये का कर्ज
- भरपाई न होने के कारण परेशान रहता था मजदूर

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। शहर कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर मोहल्ले में मजदूरी करने गए। अधेड़ ने कर्ज से परेशान होकर मकान के ऊपरी मंजिल में पड़े जाल में रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर के परशुराम तालाब निवासी 50 वर्षीय महेश पुत्र भगवती प्रसाद मकानो में पुताई का काम करता था। वह आजाद नगर मोहल्ले में नौशाद ठेकेदार के साथ में मोहम्मद अकील के मकान में पुताई का काम करता था। गुरूवार की सुबह वह मकान मालिक से चाबी लेकर काम करने गया था। दोपहर को नौशाद मौके पर पहुंचा देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुड़ी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नही हुई। जब वह छत पर पहुंचा झाक कर देखा तो वह जाल के सहारे फंदे पर लटक रहा था। शव देखते ही वह चीख पड़ा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के पुत्र अक्षय ने बताया कि उसका पिता मजदूरी करता था। मई 2021 में बड़ी बहन अकांक्षा की शादी की थी, शादी में उसने लोगों से 50 हजार रुपये कर्ज ले लिया था। कर्ज की भरपाई को लेकर वह परेशान रहता था। घरवालो ने उसे समझाया था। लेकिन वह मानता नही था। कर्ज से परेशान हो कर उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक अपने पीछे पत्नी उर्मिला के अलावा दो पुत्र दो पुत्रिया छोड़ गया है।

प्रांशू के परिजनों को न्याय दिलाने के लिए होगी आर-पार की लड़ाई

संदिग्ध हालात में प्राशु गुप्ता की हुई थी मौत, एसपी ने दिया दोबारा जांच का आश्वासन

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। मई माह में प्रांशू गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल तो की, लेकिन इस मामले की तहकीकात पर जमकर ढिलाई बरती। मृतक के माता और पिता ने लगातार पुलिस से फरियाद की लेकिन कोई तवज्जो नहीं दी गई। आखिरकार जनता दल युनाइटेड को इस मामले की जानकारी हुई तो परिजनों को न्याय की आस जगी है। जदयू महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी सिंह पटेल और जिलाध्यक्ष उमाकांत सविता ने मृतक परिजनों और अन्य पदाधिकारियों के साथ एसपी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। एसपी को ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच कराए जाने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। एसपी ने पुनः जांच किए जाने का आश्वासन दिया है।गौरतलब हो कि प्रांशु गुप्ता के परिजन वर्तमान में कांशीराम कालोनी में निवास करते हैं। इसके पूर्व वह शहर में किराए के मकान में रहते थे। जन्म दिन की पार्टी देने के लिए प्रांशु गया हुआ था और बाद में उसकी

संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। जदयू जिला अध्यक्ष उमाकांत सविता व जेडीयू नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और न्याय दिलाए जाने समेत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि प्रांशु गुप्ता की संदिग्ध मौत की पुनः जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो। गौरतलब है कि प्रांशु गुप्ता की मौत बीते मई महीने में संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी। शुरू में इसे आत्महत्या बताया गया, लेकिन प्रांशु के परिजनों ने इसे साजिश करार देते हुए न्याय की मांग की थी। फोरेंसिक जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए। फॉरेंसिक जांच में रिपोर्ट में प्राशु की मौत का कारण विषाक्त पदार्थ पाया गया। फोरेंसिक जांच रिपोर्ट आने के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। रिपोर्ट में कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जो इस मौत को हत्या की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट के आधार पर शालिनी सिंह पटेल ने पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की है। एसपी ने दोबारा जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है। जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई न हुई तो मृतक परिजनों को न्याय दिलाने के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

निर्माण कार्यों को तेज गति से पूरा कराया जाए - आयुक्त

फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाई जाए, न हो लापरवाही

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। चित्रकूटधाम मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में गुरुवार को मण्डलीय विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। आयुक्त ने कहा कि समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही न की जाए। इसके साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों और पीडब्लूडी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता को विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने और निर्धारित समयानुसार आपूर्ति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने महोबा जनपद में विद्युत बिल सुधार के लिए विद्युत विभाग का कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि खराब ट्रान्सफार्मर शहरी क्षेत्रों में निर्धारित अवधि के अनुसार एवं ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित अवधि में बदले जायें। उन्होंने पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अवशेष किसानों का केवाईसी कराने तथा फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए जिला अस्पताल बॉदा की सीटी स्कैन मशीन को ठीक कराये जाने के सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी नवजात बच्चों का जन्म के समय रजिस्टेऊशन अवश्य कराये जाने तथा छूटे हुए सभी बच्चों का टीकाकरण शत् प्रतिशत कराये जाने के साथ आशा द्वारा लोगों को टीकाकरण कराये जाने के सम्बन्ध में उनके अभिभावकों को जागरूक भी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त गर्भवती महिलाओं की सभी जांचे समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को ई-आफिस बनाये जाने के सम्बन्ध में प्रभावी रूप से कार्यवाही करते हुए पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निराश्रित सभी गौवंशों को गौशालाओं में संरक्षित करने हेतु सीवीओ महोबा एवं बॉदा को निर्देशित किया। उन्होंने सहभागिता योजना में दिये जाने वाले गौवंशों की सुपुदर्गी बढाये जाने तथा उनका समय से भुगतान कराये जाने के साथ पशुओ का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य जांच का भी ध्यान रखने के निर्देश दिये। आयुक्त ने जल जीवन मिशन हर घर नल जल योजना के अन्तर्गत जिन गाँवों में कनेक्शन दिये गये हैं, उन गॉवों में नियमित रूप से जलापूर्ति निश्चित रूप से निर्धारित समय के अनुसार कराये जाने तथा सभी अवशेष कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने खोदी गयी सभी सड़कों को शत्प्रतिशत रूप से गुणवत्तायुक्त मरम्मत कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में चित्रकूट एवं बॉदा में लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माणाधीन सेतुओं के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यो में तेजी लाये जाने के निर्देश सेतु निगम के अधिकारियों को दिये। आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा करते हुए लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिये कि नई सड़कों का निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चित्रकूट जनपद में निर्माणाधीन स्पोर्ट्स स्टेडियम एवं ओपेन जिम के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने पर्यटन विभाग द्वारा महोबा में संचालित दो परियोजनाओं के कार्यो की प्रगति में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने 15वें वित्त एवं 5वें राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए हमीरपुर जनपद में कार्यो में अपेक्षित प्रगति एवं सुधार करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के बैंक से क्रेडिट लिंकेज कराये जाने के कार्य में जनपद बॉदा व महोबा में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में हमीरपुर एवं महोबा में पात्र लाभार्थियों का ऑनलाइन आवेदन कराकर एवं सत्यापन कर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाकर योजना से लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये।

बैठक में डीएम बांदा नगेंद्र प्रताप, डीएम चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, डीएम हमीरपुर घनश्याम, डीएम महोबा मृदुल चौधरी, संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द कुमार सहित मण्डल के समस्त मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मण्डलीय अधिकारी मौजूद रहे।

किसानों को नहीं मिल रही यूरिया, मासिक पंचायत में उठा मुद्दा

भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों ने आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

बांदा। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत का आयोजन गुरुवार को मंडलीय कार्यालय में हुआ। पंचायत के दौरान किसान नेताओं ने यूरिया खाद न मिलने और अन्य समस्याओं पर चर्चा की। इसके बाद किसानों ने मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपते हुए समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की।

मासिक पंचायत में चर्चा करने के बाद सौंपे गए ज्ञापन में किसान नेताओं ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पूरे जनपद में अभी तक पानी की आपूर्ति बेहतर तरीके से नहीं हो पा रही है। सड़कों की मरम्मत भी नहीं कराई गई है। इससे आम जनता के साथ ही किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान नेताओं ने कहा कि यूरिया खाद की किसानों को भारी किल्लत हो रही है। सहकारी समितियों में पर्याप्त खाद की व्यवस्था न होने की वजह से किसान परेशान है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि कृषि अधिकारी का कोई नियंत्रण नहीं है। खाद की कालाबाजारी को रोकते हुए प्रभावी काय्रवाही करने की मांग किसान नेताओं ने आयुक्त से की है। किसान नेताओं ने ज्ञान में कहा कि जिला विपणन अधिकारी की लापरवाही के चलते धान खरीद केंद्रों में खरीद बंद पड़ी हुई है। शासन की ओर से खरीद में 20 रुपये प्रति कुंतल पल्लेदारी निर्धारित है। जबकि खरीद केंद्रों में पल्लेदारी के नाम पर कटौतती की जा रही है। इस प्रकार गरीब किसानों को लूटने का काम किया जा रहा है। इइसके साथ ही किसानों ने जनपद हमीरपुर की मौदहा तहसील में अन्ना मवेशियों से किसानों के परेशान रहने का मुद्दा उठाया गया। कहा कि किसान रात भर जागकर अपनी पुसलों की रखवाली कर रहा है। पलक झपकते ही अन्ना मवेशी फसल चट कर रहे हैं। किसान नेताओं ने आयुक्त से समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग की है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी, महेंद्र त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष, रोहित द्विवेदी, रचना सेन, शिरोमणि, शैलेंद्र सिंह समेत अन्य किसान नेता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

पूरी भव्यता से निकली श्रीपंच अग्नि अखाड़ा की पेशवाई

नागा संन्यासी बने आकर्षण का केंद्र, ऊंट, घोड़े और रथ पर निकले संत महात्मा

पुराने शहर सहित पूरे मार्ग पर हुआ जोरदार स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। महाकुम्भ 2025 में अमृत पान करने के लिए ब्रह्मचारियों के श्रीपंच अग्नि अखाड़ा की सेना संगम क्षेत्र पहुंच गई। गुरुवार दोपहर 12 बजे चौफटका स्थित अनंत माधव मंदिर से अखाड़े के संतों की सवारी रथों, घोड़ों, ऊंट और लग्जरी वाहनों से शुरू हुई तो हर ओर सनातन का जयघोष होने लगा। आमतौर पर संगमनगरी में दशहरे के दौरान कलात्मक चौकियां निकलती हैं, लेकिन गुरुवार को आकर्षक चौकियों ने एक बार फिर शहरियों को दहशरे की याद दिला दी।

श्री पंच अग्नि अखाड़ा की कुम्भ प्रवेश यात्रा गुरुवार को पूरी सजधज के साथ संगम की ओर पहुंची। दोपहर 12 बजे अनंत माधव मंदिर चौफटका से अखाड़े की इष्ट देवी मां गायत्री की पालकी निकली तो सबसे आगे ऐश्वर्य के प्रतीक गजराज और पीछे आगे ढोल और नगाड़ा बजाते हुए लोग, पीछे घोड़ों पर सवार नागा संन्यासियों की सेना पूरी धूम के साथ आगे चल रही थी। उनके ठीक पीछे रथ पर सवार अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर राम कृष्णानंद अपने अनुयायियों के साथ आम लोगों को आशीर्वाद देते आगे बढ़ रहे थे। इसी बीच चौकी पर राधा कृष्ण की आकर्षक रासलीला का मंचन देख सड़क के दोनों ओर खड़े लोग अभिवादन करने लगे। इसी बीच पंजाब की भांगड़ा पार्टी ने करतब दिखाना शुरू किया तो अखाड़े के करतबबाजों ने हाथों में तलवार और भाले लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक वार से कई ईंटों को तोड़ने के दृश्य को देखकर लोग दांतों तले उंगलियां दबा ली। इसके पीछे महामंडलेश्वर संपूर्णानंद ब्रह्मचारी का आकर्षक रथ सबका ध्यान खींच रहा था। सबसे ऊंचे रथ पर सवार स्वामी संपूर्णानंद ने सभी को आशीष दिया।

प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने किया स्वागत

प्रयागराज। पेशवाई चौफटका पुर पार कर करबला चौकी पहुंची तो एसीपी मनोज कुमार सिंह ने पुलिस दल के साथ माला पहनाकर संत समाज का स्वागत किया। पेशवाई खुल्दाबाद के रास्ते कोतवाली पहुंचीं। विनीत सेठ, पंकज गुप्ता, राजीव गुप्ता, दिलीप गोयल, महेश प्रसाद श्रीवास्तव, महताब और अजीत सिंह ने फूल उड़ाकर संतों का स्वागत किया। यहां संतों की चरण रज पाने के लिए जनता लालायित दिखी। पेशवाई आगे पहुंची तो अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्रपुरी भी पेशवाई में शामिल हुए। आचार्य महामंडलेश्वर को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और कुछ देर साथ ही चले। कोठापार्चा के रास्ते पेशवाई आगे बढ़ी तो हर जगह व्यापारियों ने स्वागत किया।

बैरहना चौराहा पहुंचकर संतों की सवारी यमुना बैंक रोड और फिर नए यमुना ब्रिज पर खुले रास्ते से त्रिवेणी मार्ग और मेला क्षेत्र छावनी पहुंची। प्रयागराज मेला प्राधिकरण के अस्थाई कार्यालय के सामने डीएम महाकुम्भ विजय किरन आनंद, एडीएम महाकुम्भ विवेक चतुर्वेदी और तमाम अफसरों ने स्वागत किया। फिर पेशवाई संगम त्रिवेणी मार्ग से छावनी पहुंची। छावनी प्रवेश के रास्ते पर संतों ने अपने अखाड़ों के सामने उनका स्वागत किया।

वन नेशन वन इलेक्शन देश की जरूरत- मुख्तार अब्बास नकवी

पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी का भाजपाइयों ने किया स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। पूर्व केंद्रीय मंत्री भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी का प्रयागराज पहुंचने पर भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने सर्किट हाउस में उनका स्वागत अभिनन्दन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं से मुलाकात के दौरान मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूत एवं कुशल नेतृत्व सिर्फ भारत के लिए ही नहीं बल्कि दुनिया के लिए संकट मोचन सिद्ध हुआ है। आज पूरी दुनिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर रहा है। भारत विश्व की आर्थिक महाशक्ति बन रहा है और आतंकवाद की कब्र खोद रहा है। उन्होंने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन आज देश की जरूरत है जिस पर सभी दलों को एक होना चाहिए। जिससे बार-बार चुनाव होने के कारण विकास की गति जो रुक जाती है उससे बचा जा सके।

मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में अमन चैन कायम है योगी सरकार में उत्तर प्रदेश गुंडाराज से मुक्त होकर सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से मजबूत हुआ है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता राम जी केशरवानी, नवाब खान, प्रवक्ता राजेश केसरवानी, रमेश पासी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, बिलाल अहमद, हैदर अब्बास नकवी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लूट में शामिल एक और बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

बहरिया। भाई बहन को लूटने के बाद महिला एमआर के ऊपर फायर करके नगदी छीनने के मामले में पुलिस ने एक और बदमाश को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मौके वारदात से एक बदमाश पहले ही पकड़ा जा चुका है। अभी एक बदमाश पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।मंगलवार की रात आयुष यादव अपनी बहन अंशु यादव के साथ शहर से लौट रहा था। सराय मुहद्दी के पास बाइक पर सवार तीन बदमाश पहुंचे और तमंचा सटाकर दोनों के मोबाइल और दो हजार रुपये छीन कर फरार हो गये । तीनो बदमाश रज्जूपुर रोड से आगे निकले। उसी रास्ते से लौट रही दवा कंपनी में एमआर का काम करने वाली विद्या सरोज का बाइक सवार बदमाशों ने पीछा किया और मुबारकपुर चौराहे से पहले ही तमंचे से फायरिंग करते हुये ओवरटेक किया। उससे भी पांच हजार रुपये छीनकर भागने लगे। लेकिन एक बदमाश को ग्रामीणों ने बाइक सहित धर दबोचा। सूचना पर बहरिया थाने की पुलिस मौके पहुंची और पकड़े गये बदमाश को अपने साथ थाने ले आई ।

तलाशी के दौरान उसके पास एक 315 बोर का देशी तमंचा , कारतूस एक चापड़, एक चाकू, तीन मोबाइल फोन तथा लूटी हुई नकदी बरामद हुई । पूछे जाने पर युवक ने अपना नाम अभिषेक उर्फ भोलू सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी सादलपुर थाना मऊआइमा बताया। अपने दोनो फरार साथियों का नाम कुलदीप यादव उर्फ ननके उर्फ राजा पुत्र मिठाईलाल निवासी सातनपुर थाना बहरिया, रवि कुमार पुत्र पुट्टू निवासी बादलपुर थाना मऊआइमा बताया । अंशु यादव, आयुष यादव और विद्या सरोज की तहरीर पर पुलिस ने लूट सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को चैमलपुर की बाग से पुलिस ने रवि कुमार उर्फ सौरभ सरोज पुत्र राजेंद्र सरोज उर्फ चुट्टू निवासी बादलपुर मऊआइमा को गिरफ्तार कर जामा तलाशी लेने पर एक एंड्रायड मोबाइल फोन व 2000 रुपए के साथ गिरफ्तार कर थाने ला कर विधि कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। अब पुलिस घटना में शामिल कुलदीप यादव को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। गिरफ्तारी टीम में बहरिया थाने के उप निरीक्षक अमित कुमार सिंह, उमेश यादव, मैनेजर यादव, अमित मिश्रा, महिला उप निरीक्षक ममता यादव, सौभ्या गुप्ता, हेड कांस्टेबल रामचंद्र वर्मा, ओम प्रकाश मौर्य रहे। थानाध्यक्ष बहरिया महेश मिश्रा ने बताया कि लूट में शामिल अब तक दो बदमाशों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया हैं और जल्द ही तीसरे बदमाश को भी गिरफ्तार करके जेल भेजा जायेगा।

भाजपा काशी क्षेत्र के शिविर भूमि पूजन में शामिल होंगे केशव प्रसाद मौर्य

प्रयागराज। महाकुंभ क्षेत्र के सेक्टर 6 नागवासुकी थाना के पास लगने वाले भाजपा काशी क्षेत्र के शिविर का भूमि पूजन 29 तारीख को किया जायेगा। संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी प्रांत दिलीप पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 29 दिसंबर को दोपहर 12 बजे शिविर का भूमि पूजन किया जाएगा। भूमि पूजन में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शामिल होंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सेवा भावना के उद्देश्य से संगठन का शिविर लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सहायता हेतु भी कार्यकर्ता तत्पर रहेंगे। भाजपा राजनीति से ऊपर देश व समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वाह करती है इसीलिए भाजपा अन्य राजनीतिक दलों से अलग है।

अधिकारियों के निर्देश पर गौर नहीं किया ठेकेदार

जिला पंचायत की सड़क निर्माण में जमकर लूट,बनने के साथ सड़क पर फैलीं बेतरतीब गिट्टियाँ

लोकमित्र ब्यूरो

मेजा (प्रयागराज)। मेजारोड बाजार के कोहडार चौराहे से रेलवे स्टेशन बाईपास सिरसा तक बनने वाली सड़क ठेकेदार के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई।सड़क में धांधली उजागर होने पर पहुंची जिला पंचायत की जांच टीम ने सड़क दोबारा बनाने के निर्देश दिए थे लेकिन दूसरे दिन सड़क उसी स्थिति में बना दी गयी। इसमें सौदेबाजी का आरोप लगाकर लोगों ने गुस्सा जाहिर किया गया है।

बताया गया कि सड़क का निर्माण जिला पंचायत निधि से 9.40 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से किया गया। लेकिन निर्माण कार्य में शुरू से ही मानक की अनदेखी की गई है। घटिया सामग्री का प्रयोग किया गया है। बाजारवासियों द्वारा घटिया निर्माण के विरोध पर जिला पंचायत अधिशासी अभियंता ने कार्य का निरीक्षण कर कार्य पर रोक लगाते हुए नए सिरे कार्य करने का निर्देश दिया था। साथ ही नोटिस भी जारी किया था, रोक के बावजूद ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण को आनन-फानन में पूरा कर दिया गया।बता दें कि समाजसेवी सिद्धांत तिवारी और व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने घटिया सड़क निर्माण का आरोप लगाते हुए काम को रोक दिया था। इसके बाद जिला पंचायत के अधिशासी अभियंता विनोद कुमार सिंह, सहायक अभियंता जसवंत चौहान और अवर अभियंता सुनील कुमार सिंह ने स्थल का निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता ने ठेकेदार को फटकार लगाते हुए सड़क को दोबारा बनाने के निर्देश दिए गए।जिला पंचायत विभाग द्वारा नए सिरे से फिर से सड़क निर्माण कराने के निर्देश के बाद भी ठेकेदार द्वारा सड़क में लीपापोती कर सड़क को बना दिया गया। स्थानीय व्यापारी राजेश कुशवाहा और दशरथ प्रजापति ने सड़क निर्माण को लेकर गहरी नाराजगी जताई।

उन्होंने कहा कि मेरे झूठे बयान प्रकाशित कराए गए। जबकि मैं सड़क निर्माण पर विरोध जता चुका हूं।ठेकेदार ने मनमानी करते हुए घटिया सामग्री का उपयोग किया। वहीं, विनय मिश्रा ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से निर्माण कार्य पर मुहर लगाने का आरोप है।

अधिशासी अभियंता जिला पंचायत विनोद कुमार सिंह ने बताया कि ठेकेदार को नोटिस जारी की गई है,और कार्य का भुगतान रोक दिया गया है अगर वह सड़क उसी तरह बना दिए तो वह खुद जिम्मेदार है।

एक वर्ष में तीसरी बार बन रही सड़क

उक्त बाईपास रोड मौजूदा जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में तीसरी बार बनी है। जब कि जानकारों की माने तो एक बार सड़क बनती है तो दो साल ठेकेदार की जिम्मेदारी होती है, सड़क निर्माण के बाद दो साल में सड़क खराब होती है ठेकेदार को पुनः बनाना पड़ता है। लेकिन इसी सड़क को तीसरी बार बनाया गया और पूरी तरह मानक की अनदेखी की गई है।

मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय में जल्द शुरू होगी नई ओपीडी

प्रयागराज। क्षेत्र नेत्र संस्थान मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय अब नए रंग-रूप में नजर आने लगा है। महाकुम्भ के तहत अस्पताल का भव्य मुख्य द्वार बनाया गया है। मुख्यद्वार में राजस्थान के लाल पत्थर का उपयोग किया गया है। अस्पताल में नई ओपीडी का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। इसके तहत 20 कक्ष बनाए गए हैं, जिसमें उपकरण लगाए जा रहे हैं। अभी जिस जगह ओपीडी संचालित हो रही है वहां पर्याप्त जगह न होने से मरीजों को परेशानी होती है। मरीजों को समय से पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए मॉडर्न किचन का निर्माण किया गया है। अस्पताल की ओर से रैन बसेरा का विस्तार करके और बेहतर बनाया गया है। निदेशक डॉ. अपराजिता चौधरी के अनुसार नई ओपीडी जल्द ही संचालित हो जाएगी।

बुद्धिसेन शर्मा हमारे समय के ख़ास शायर- पाठक

बुद्धिसेन शर्मा जन्मोत्सव' पर पांच लोगों को मिला अवार्ड

प्रयागराज। बुद्धिसेन शर्मा हमारे समय के बहुत ख़ास और उल्लेखनीय शायर रहे हैं। उन्होंने अपनी शायरी से न सिर्फ़ प्रयागराज बल्कि देश और विदेश में पहचान बनाए। मुशायरों में काव्य पाठ के लिए उन्हें इंग्लैंड में भी बुलाया गया था। उनकी ग़ज़लें समय से सवांद करती थीं, जिसकी वजह से हर कोई सुनना-पढ़ना पसंद करता था। उनकी ग़ज़लें अपने समय के विभिन्न अख़बारों और पत्रिकाओं में प्रकाशित होती थीं। यह बात उत्तर प्रदेश सामान्य सचिवालय के संयुक्त सचिव अरिवन्द पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि गुरूवार की शाम सिविल लाइंस स्थित पुस्तक मेले में गुफ़्तगू द्वारा आयोजित 'बुद्धिसेन शर्मा जन्मोत्सव-2024' के दौरान कही।

गुफ़्तगू के अध्यक्ष डॉ. इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी ने कहा कि बुद्धिसेन शर्मा की शायरी और व्यक्तित्व एक सच्चे शायर की तरह की थी। डॉ. एस.एम. अब्बास ने कहा कि बुद्धिसेन बहुत ही लायक शायर थे। उनकी सेवा डॉ. केके मिश्र उर्फ़ इश्क़ सुल्तानपुरी ने एक शिष्य के रूप में की थी, वह बहुत उल्लेखनीय है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ पत्रकार मुनेश्वर मिश्र ने कहा कि बुद्धिसेन शर्मा हमारे समय के उल्लेखित किए जाने वाले शायर थे। उनका व्यक्तित्व हर किसी के लिए उल्लेखनीय है। कार्यक्रम का संचालन मनमोहन सिंह तन्हा ने किया।

दूसरे सत्र में मुशायरा और कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। डॉ. इश्क.सुल्तानपुरी, मासूम रज़ा राशदी, हकीम रेशादुल इस्लाम, नीना मोहन श्रीवास्तव, मंजु लता नागेश, अर्चना जायसवाल 'सरताज', शैलेंद्र जय, शिवाजी यादव, धीरेंद्र सिंह नागा, शिबली सना, डॉ. अरुणा पाठक, मंजू मौर्या, क्षमा द्विवेदी, डॉ. रंजीत सिंह, सुजीत विश्वकर्मा, दीक्षा सिंह, श्रेया सिंह, जान्हवी यादव, मनीष सिंह, मिली श्रीवास्तव, विवके संत्यांशु, नयन यादव, इंदू जौनपुरी, पुष्कर प्रधान, असद ग़ाज़ीपुरी, योगाचार्य धर्मचंद और डॉ. अजय प्रकाश ने काव्य पाठ किया।

इन्हें मिला बुद्धिसेन शर्मा अवार्ड

आसिफ़ उस्मानी (प्रयागराज), डॉ. कृष्णावतार त्रिपाठी 'राही'(भदोही), सरिता सिंह (गोरखपुर), अजीत शर्मा 'आकाश' (प्रयागराज) और अफ़सर जमाल (प्रयागराज)

नीलम करवरिया कप की विभिन्न समितियों का हुआ गठन

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। अगले वर्ष अक्टूबर माह में प्रस्तावित नीलम करवरिया क्रिकेट प्रतियोगिता की आयोजन समिति की तृतीय बैठक पूर्व विधायक उदय भान करवरिया के कल्याणी देवी स्थित आवास पर हुई। बैठक में प्रतियोगिता की विभिन्न समितियों का गठन किया गया। उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से सक्षम करवरिया को प्रतियोगिता का आयोजन सचिव चुना जबकि प्रतियोगिता की आयोजन समिति में उदयभान करवरिया को अध्यक्ष और गौरव करवरिया, वैभव करवरिया एवं नमन करवरिया को उपाध्यक्ष बनाया गया।

इसके अलावा जो समितियां गठित की गई उनमें चयन समिति के (केबी काला इंजार्च), अंपायर एवं स्कोरर समिति (इंचार्ज विमल मिश्रा), तकनीकी समिति (केबी काला, सतीश केसरवानी, अखिलेश त्रिपाठी), मैदान व्यवस्था समिति (इंचार्ज अनूप श्रीवास्तव), प्रचार प्रसार समिति (इंचार्ज खुर्शीद अहमद राईन), कोच एवं खिलाड़ी संपर्क समिति (इंचार्ज सोमेश्वर पांडेय) आदि शामिल है।

बैठक में तय हुआ कि विधानसभावार बनने वाली प्रत्येक टीम में 15 खिलाड़ी होंगे जिनमें से तीन खिलाड़ी प्रत्येक टीम अपनी विधान सभा के बाहर के भी खिला सकती है। टीमों को सफेद ड्रेस आयोजन समिति की तरफ से दी जाएगी। गेंद एवं खान-पान भी आयोजन समिति ही उपलब्ध कराएगी। खिलाड़ियों से संबंधित प्रोफॉर्मा चयन ट्रायल से पूर्व उपलब्ध करा दिया जाएगा। बैठक में सक्षम करवरिया, बीके मिश्रा, केबी काला, एलबी काला, जैगम खान, सतीश केसरवानी, अखिलेश त्रिपाठी, परवेज आलम, योगेश कुशवाहा, अजय कुशवाहा, खुर्शीद अहमद राईन, सोमेश्वर पांडेय, प्रशांत खरे, पवन वर्मा, मुकेश भारतीय, श्यामू भारती आदि मौजूद रहे।

पुस्तक मेला- सस्ती दरों पर उत्कृष्ट साहित्य उपलब्ध

प्रयागराज। देशभर के 250 प्रसिद्ध लेखकों की कृतियों को समेटे साहित्य भंडार का स्टॉल प्रयागराज पुस्तक मेले में आकर्षण का मुख्य केंद्र बना हुआ है। यहां ढाई सौ लेखकों की विभिन्न विधाओं की पुस्तकें मात्र ₹50 में उपलब्ध हैं।

स्टॉल के प्रतिनिधि सूर्यबली मिश्रा ने बताया कि वर्ष 2014 में साहित्य भंडार की स्वर्ण जयंती पर प्रख्यात साहित्यकार दूधनाथ सिंह के सुझाव पर समाजसेवा के तहत महंगी किताबों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराने की शुरुआत हुई थी। यह पहल 50 लेखकों की पुस्तकों से शुरू होकर अब 250 लेखकों की कृतियों तक पहुंच चुकी है।पुस्तक मेले में रक्त संकल्प संस्था द्वारा एक शिविर लगाया गया है, जहां अब तक 40 से अधिक लोगों ने नियमित रक्तदान का संकल्प लिया है। एक दर्जन से अधिक लोगों ने संस्था से जुड़ने की इच्छा व्यक्त की है। कैंप प्रतिनिधि सुधीर केसरवानी ने बताया कि फॉर्म भरने के लिए डिजिटल बारकोड की सुविधा दी गई है।

फोर्सन बुक्स और बुकवाला के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस पुस्तक मेले के संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि मेला हर वर्ग के पाठकों के लिए कुछ विशेष लेकर आया है। सह-संयोजक मनीष गर्ग ने जानकारी दी कि यह मेला 30 दिसंबर 2024 तक चलेगा और इसमें प्रवेश पूरी तरह से निशुल्क है।

अनुशासन शिक्षा समर्पण और विकास बच्चों के लिए आवश्यक

लोकमित्र ब्यूरो

लेड़ियारी (प्रयागराज)। कैथवल गांव स्थित एस. एम पब्लिक स्कूल में क्रिसमस डे मनाया गया। इस दौरान अध्यापकों और अध्यापिकाओं ने बच्चों के लिए खाने-पीने व खेलों के स्टार लगाए थे । स्कूल की प्रधानाचार्या संगीता कुशवाहा ने बच्चों को क्रिसमस की शुभकामना देते हुए अतिथियों का आभार जताया। मुख्य अतिथि ने कहा कि क्रिसमस उत्सव के सफलता आयोजिन के लिए स्कूल के प्रबंधक को बधाई दी। तथा अनुशासन , शिक्षा , समर्पण और विकास जैसे चार महत्वपूर्ण मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए स्कूल की सराहना की । विद्यालय शिक्षक शिवसूरति सिंह, सोनू पाल , पूनम सिंह , प्रीती सिंह , अनामिका सिंह , राजेश्वरी प्रसाद, गमलू पाल , प्रियांशी शुक्ला, विभा तिवारी का सहयोग रहा।

नाबालिक बच्चे के साथ न्याय के लिए दर दर भटक रही महिला

कोराव (प्रयागराज)। क्षेत्र के बरहुला कला गाँव में 17 दिसम्बर को दो पक्षों में सुबह करीब 9 बजे विवाद हुआ था जिसको लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की खलिहान में रखी धान में आग लगा दी थी जिससे पूरी धान जलकर राख हो गई थी मामले में भुक्तभोगी ने चौकी प्रभारी को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई थी।बता दें कि कोराव थाना क्षेत्र के रामगढ़ चौकी अंतर्गत बरहुला कला ग्राम पंचायत में दो पक्षों में 17 दिसम्बर सुबह 9 बजे विवाद हुआ था जिसमें एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की उसी दिन शाम 5 बजे के करीब खलिहान में रखी सोनम की धान में आग लगा दी थी भुक्तभोगी सुशीला देवी ने चौकी इंचार्ज को तहरीर देकर शिकायत किया कि शिखा पुत्री अनुरुद्ध प्रसाद व अनुरुद्ध प्रसाद पुत्र अवधनारायण व अनुरुद्ध प्रसाद की पत्नी ने उससे विवाद किया था और शाम को शिखा ने हमारी धान में आग लगा दी थी जिस पर चौकी प्रभारी ने दोनों पक्षों को चौकी पर बुलाया और वहां समझौता हुआ कि फ़सल की बर्बादी का 34500 रुपए 24 दिसम्बर को भुक्तभोगी सुशीला देवी को मिल जाएगा जब भुक्तभोगी 24 दिसम्बर को चौकी पर गई तो दूसरा पक्ष पैसा देने नहीं आया जिस पर भुक्तभोगी सुशीला देवी ने 25 दिसम्बर को थाना प्रभारी से मिलकर पुनः उपरोक्त अत्याचारियों के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर शिकायत की तो पुलिस हरकत में आई और विपक्षी अनुरुद्ध प्रसाद को थाने ले आकर 151 के तहत शान्ति भंग में चालान कर मामले को रफा दफा कर दिया ।

मण्डलायुक्त ने महाकुंभ 2025 के लिए की जा रही तैयारियों की विभागवार की समीक्षा

प्रयागराज जाने वाले जनपद के मार्गों को चिन्हित करके मरम्मत व निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए: डॉ0 रोशन जैकब

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। महाकुंभ-2025 के आयोजन के दृष्टिगत लखनऊ मण्डलायुक्त लखनऊ, मण्डल लखनऊ डॉ0 रोशन जैकब ने जनपद भ्रमण के दौरान निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग में महाकुंभ आयोजन के लिए की जा रही तैयारियों की विभागवार समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक प्रशान्त कुमार, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चन्द्रा, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।बैठक में लखनऊ से रायबरेली शहर होते हुए प्रयागराज जाने वाले मुख्य मार्गों और चौराहों पर विशेष सजावट के लिए डेकोरेटिव लाइटिंग व साज-सज्जा के सम्बन्ध में विस्तृत योजना पर मंथन किया गया तथा की गयी तैयारियों की समीक्षा की गयी।मण्डलायुक्त ने कहा कि महाकुंभ 2025 का आयोजन न केवल प्रयागराज बल्कि लखनऊ मण्डल के लिये गौरव का क्षण है। यह अवसर शहर का सुंदर और आकर्षक बनाने को है, ताकि श्रद्धालुओं को रायबरेली से गुजरते समय सुखद अनुभव हो।मण्डलायुक्त ने कहा कि प्रयागराज जाने वाले मार्गों को चौड़ा कर, फुटपाथों की मरम्मत और निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जाये तथा सड़क में साइनेज बोर्ड लगवाये जाये। सुचारू यातायात हेतु प्रमुख चौराहों में 100 मीटर दूरी को नो एक्टीविटी जोन घोषित किया जाये, वाहनों के खड़े होने के लिये वेडिंग जोन चिन्हित किया जाये, जिससे यातायात प्रभावित न हो तथा यातायात सुचारू रूप से चलता रहें। उन्होंने कहा कि जनपद में अधिक से अधिक होल्डिंग एरिया सड़क के किनारें विकसित की जाए इसके साथ ही होल्डिंग एरिया का स्थान चिन्हित करते समय यह ध्यान रखा जाये कि उसके आस पास सभी आवश्यक सुविधाये (ईधन, फूड इत्यादि) उप्लब्ध हों। सड़क से होल्डिंग एरिया जाने हेतु साइनेज लगाये जाये, इसके साथ ही होल्डिंग एरिया में क्या-क्या सुविधायें है इसको भी डिस्प्ले किया जाये। प्रयागराज जाने वाले सभी मार्गों को चिन्हित कराकर मरम्मत कार्य सुनिश्चित कराया जाये, इसके साथ ही यदि कही सुरक्षा की दृष्टि से प्रकाश की आवश्यकता है तो वहां पर लाइट लगवाई जाए।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी एक कार्य योजना बना ली जाये तथा प्रत्येक होल्डिंग एरिया के आस-पास चिकित्सकों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जायें तथा आवश्यकता पड़ेन पर किसको कहा पर सम्पर्क करना है कौन सा हास्पिटल नजदीक पड़ेगा, प्रत्येक सरकारी व प्राइवेट आस्पतालों में आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित कराये जायें। जनपद में कुम्भ के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित किया जाये, कन्ट्रोल रूप के नम्बरों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाये, इसके साथ ही एनएचएआई के पट्रोलिंग वाहन, क्रेन, एम्बुलेंस एवं पुलिस के पेट्रोलिंग वाहन व स्वास्थ्य विभाग की एम्बुलेंस आदि को कन्ट्रोल रूम से इन्ट्रीगेट किया जाये, जिसमें आवश्कता पड़ने पर कम समय में कार्य किया जा सकें। व्यापारी संगठनों के साथ बैठक कर उनमें वार्ता कर दुकानों में रेट लिस्ट डिस्प्ले कराना सुनिश्चित करायें, जिसमें कही पर ओवर रेटिंग की शिकायत न प्राप्त हों।इसके पश्चात मण्डलायुक्त ने प्रयागराज जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणाधीन कार्य व आईटीआई में बनाये जा रहे होल्डिंग एरिया का निरीक्षण किया। राष्ट्रीय राजमार्ग के निरीक्षण में कार्य की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अतिरिक्त मैन पावर व मशीनरी लगाकर 24 घण्टे कार्य कराकर निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करायें। होल्डिंग एरिया में प्रकाश व शौचालय इत्यादि की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए एप्रोच रोड की मरम्मत कराने के निर्देश दिये।

सीए एसोसिएशन को हराकर टैक्स बार एसोसिएशन ने जीती फ्रेंडशिप ट्रॉफी

जीआईसी मैदान में हुए रोमांचक मुबाकले में दो विकेट से टैक्स बार ने हराया

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। शहर के जीआईसी मैदान में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) एसोसिएशन और टैक्स बार एसोसिएशन के बीच में मैत्रीपूर्ण (फ्रेंडशिप) क्रिकेट मुकाबला खेला गया। एकदिवसीय फ्रेंडशिप मुकाबले में टैक्स बार एसोसिएशन ने दो विकेट शेष रहते हुए सीए एसोसिएशन की तरफसे दिए गए 89 रनों के लक्ष्य को बनाकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

टैक्स बार एसोसिएशन की तरफ से ऑल राउडंर की भूमिका निभाने वाले एडवोकेट हितेश को मैन ऑफद मैच घोषित किया गया। सीए टीम का नेतृत्व सीए सुशील संतानी और टैक्स बार एसोसिएशन टीम का विजय प्रताप सिंह ने किया। मैच का टॉस मुख्य अतिथि व पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबाल खिलाड़ी अश्वनी बाजपेई जी ने कराया। ट्रॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सीए एसोसिएशन के कैप्टन सुशील संतानी ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए सीए एसोसिएशन की टीम निर्धारित 16 ओवर में 88 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की तरफसे शानदार प्रदर्शन सीए अवनींद्र प्रताप सिंह का रहा। उन्होंने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अपने टीम के लिए 35 रन जोड़े और किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में दो विकेट भी लिए। सीए शिवेंद्र श्रीवास्तव ने 19, निश्चय गुप्ता ने 11 रन बनाकर टीम का स्कोर 88 रनों तक पहुँचाया। टैक्स बार एसोसिएशन की तरफ से किफायती गेंदबाजी कर कुलदीप ने चार ओवर में महज 12 रन देकर 5 विकेट लिए।

योगेंद्र ने दो, हितेश, निमिष और कैप्टन विजय सिंह ने एक-एक विकेट चटकाए। एडवोकेट विजय सिंह के नेतृत्व में लक्ष्य का पीछा करने उतरी टैक्स बार एसोसिएशन टीम के 20 रन पर पांच विकेट हो चुके थे। तब ऐसा लग रहा था कि सीए एसोसिएशन मुकाबले को आसानी से जीत लेगा।

लेकिन सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए हितेश कुमार की ताबतोड़ 43 रनों की पारी ने टीम को जीत की दहलीज पर पहुँचा दिया। बल्लेबाज अरुण वर्मा ने चौके के साथ में टीम को जीत दिलाई और दो विकेट शेष रहते 13वें ओवर में ही मुकाबले को जीत लिया। टैक्स एसोसिएशन की तरफ से अवनीश द्विवेदी ने 12, अरुण वर्मा ने 11 रनों की पारी खेली। सीए एसोसिएशन की तरफसे शानदार गेंदबाजी करते हुए अखंड बाजपेई ने तीन, अवनींद्र प्रताप सिंह ने दो विकेट लिए। मुख्य अतिथि अश्वनी बाजपेई, टैक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जीसी डोबरियाल, अतुल त्रिवेदी, मुकेश गुप्ता, एसबी सिंह ने विजेता व उप विजेता टीम के खिलाडियों को पुरस्कृत किया। मैच मे अंपायर की भूमिका अभिषेक मौर्य एवं सौरभ अवस्थी के द्वारा निभाई गयी।फ्रेंडशिप मैच को सम्पन्न कराने में अहम योगदान एडवोकेट राम विलास यादव, विशाल जायसवाल, सीए अखिलेश प्रताप सिंह, मधुकर गुप्ता, जितेन्द्र श्रीवास्तव, अभिजीत चौधरी, अवनींद्र प्रताप सिंह, अमित चावला, सुदीप शुक्ला, एडवोकेट आलोक यादव, निमिष गुप्ता, चौतन्य, विजय, योगेंद्र, केसी सोनकर,प्रवेश यादव, इन्दर सिंह, आलोक त्रिपाठी का रहा।

पुलिसिया बर्बरता के कारण हुई प्रभात पांडेय की मौत की पारदर्षी जांच के लिए कांग्रेस ने भेजा राज्यपाल को ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। 18 दिसम्बर 2024 को लखनऊ में विधानसभा घेराव के दौरान पुलिसिया बर्बरता की वजह से युवा प्रभात पाण्डेय ने दम तोड़ दिया था, जिसकी निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराए जाने के सम्बन्ध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौंपा गया।इस मौके पर कांग्रेस कार्यवाहक जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि संविधान में प्रदत्त अधिकारों के तहत आम-जन अपनी समस्याओं को भाजपा सरकार के समक्ष रखकर ''सो रही सरकार'' को जगाना चाहता था, किन्तु उत्तर प्रदेश सरकार प्रदेश की ध्वस्त कानून व्यवस्था, बेरोजगारी, मंहगाई, बढ़ते अपराध, किसानों की समस्या आदि को सुनने के बजाय पुलिस के माध्यम से नुकीले कांटों वाली बैरीकेटिंग लगवा दी थी। चूँकि युवा प्रभात पाण्डेय की मृत्यु पुलिसिया बर्बरता की वजह से हुई है और वास्तविक तथ्यों को छिपाने के आशय से पुलिस सच को सामने लाने के बजाय जानबूझकर प्रश्नगत मामले को उलझा रही है। उक्त जानकारी देते हुए काग्रेस जिला कार्यवाहक प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि हम सब कांग्रेस जन महामहिम राज्यपाल जी से निष्पक्ष जांच की मांग करते है व प्रश्नगत प्रकरण की न्यायिक जांच हो और मृतक युवा प्रभात पाण्डेय के परिवार को रुपया 50 लाख की क्षतिपूर्ति दी जाए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से निर्मल शुक्ला, वीरेन्द्र यादव, राहुल बाजपेई, सूर्यकुमार बाजपेई, सुनील कुमार, साक्षर पटेल उपस्थित रहें।

किसानों की समस्याओं को लेकर गंभीर बने अधिकारी - पप्पू लाल निषाद

लोकमित्र ब्यूरो

कोरांव (प्रयागराज)। किसानों की समस्याओं एवं तहसील स्तर की अन्य समस्याओं के निस्तारण को लेकर जिम्मेदार अधिकारी जवाब देह बने और उनके हितों को लेकर कार्य करें। यह बातें समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष यमुनापार प्रयागराज पप्पू लाल निषाद ने तहसील मुख्यालय कोरांव पर आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को संबोधित करने के दौरान कही। जिलाध्यक्ष ने एसडीएम व तहसीलदार तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को चेताया कि अघोषित बिजली कटौती तथा किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। धरना प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष कोरांव जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सौंपे गए ज्ञापन की मांगों पर एक सप्ताह में कार्रवाई नहीं हुई तो समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। समाजवादियों के द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में क्रय केंद्रों पर धान खरीद में की जा रही गड़बड़ी पर कार्रवाई करने, अघोषित बिजली कटौती को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करने, नगर पंचायत कोरांव में लगातार लग रहे भीषण जाम की समस्या से निजात दिलाए जाने, विधानसभा कोरांव में बंद पड़े सभी पंप कैनालों को शुरू कराए जाने, जैसी कल 9 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा समाजवादियों ने चेताया है कि अगर सप्ताह भर में सभी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो हम लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए बढ़े होंगे। धरना प्रदर्शन को प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश पांडेय, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हरि प्रसाद पाल, जयशंकर भारती, रामप्रवेश कुशवाहा,पवन सिंघाल पटेल, पवन सोनकर, मंगल देव कोल, अजीत सिंह, सीमा भारती, जिला पंचायत सदस्य सुमन कोल, महताब खान, शहादत अली, सना उल्ला खान आदि वक्ताओं ने संबोधित कर सरकार विरोधी नीतियों पर निशाना साधा। धरना प्रदर्शन का संचालन विधानसभा महासचिव ग्राम प्रधान रविंद्र जैसल जाटव ने किया।

चांदनी किन्नर ने नकली किन्नरों के विरुद्ध दी तहरीर

कोरांव (प्रयागराज)। कोरांव क्षेत्र की किन्नर चांदनी के नेतृत्व में पूरे जनपद के किन्नर क्षेत्र में कुछ नकली किन्नर होने के मामले को लेकर सुबह 11 से लेकर सायं 5 बजे तक नकली किन्नरों पर कार्रवाई को लेकर जुटे रहे। ज्ञातव्य हो कि किन्नर समाज की महामंडलेश्वर टीना मां भी सुबह पूरे जनपद के किन्नरों के लाव लश्कर के साथ पहुंच गई। महामंडलेश्वर टीना मां सीधे नगर पंचायत कोरांव के अंबेडकर नगर मोहल्ले में स्थित चांदनी किन्नर के कमरे पर पहुंच कर राय मशविरा करने के बाद टीना मां चांदनी किन्नर के कमरे पर ही रुक गई। जिसके बाद चांदनी किन्नर पूरे जनपद के किन्नरों के साथ थाने पहुंच गई। सब लोग नकली किन्नरों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। चांदनी किन्नर के द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि क्षेत्र में कुछ नकली किन्नरों द्वारा हम किन्नर समाज के लोगों को धमकियां दी जाती है, मारा पीटा जाता है और अवैध वसूली भी की जाती है। जिसका उन्हें कोई अधिकार नहीं है। चांदनी किन्नर ने गोपाल श्रीवास्तव उर्फ लाला किन्नर सहित अन्य किन्नरों के विरुद्ध नामजद ताहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। सुबह से शाम तक थाने पर डटे किन्नरों को थाना प्रभारी नितेंद्र कुमार शुक्ल ने कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद किन्नर थाना परिसर से चले गए।

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया रायबरेली महोत्सव का फीता काटकर शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने किया रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन किया, जीआईसी ग्राउंड में 31 जनवरी तक चलेगा रायबरेली महोत्सव। रायबरेली महोत्सव में दिव्य महाकुंभ की सेल्फी का फीता काटकर काटकर ' रायबरेली महोत्सव का आगाज हो गया। महोत्सव के मीडिया प्रभारी आशीष पाठक ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया एवं उद्यान मंत्री के रायबरेली महोत्सव पर पहुंचते ही सैकड़ो दुकानदारों के साथ आयोजक राकेश गुप्ता एवं आशीष पाठक ने भव्य माला एवं फूलों की वर्षा करके मुख्य अतिथि का स्वागत किया।इस मौके पर उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज को नई दिशा देते हैं।केन्द्र और राज्य सरकार हस्तशिल्प के कारीगरों को सहयोग कर उन्नति कर रही है मुख्य अतिथि उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि रायबरेली महोत्सव का आयोजन यहां के लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण रहता है जो लोग अपने बच्चों को बड़े-बड़े माल में नहीं ले जा पाते हैं वह रायबरेली महोत्सव में आकर अपने बच्चों की ख्वाहिशों को पूरा करते हैं दूसरी ओर आत्मनिर्भर भारत के तहत यहां बेरोजगारों को रोजगार भी देने का काम आयोजक राकेश गुप्ता जी कर रहे हैं रायबरेली महोत्सव समिति धन्यवाद के पात्र है ।

आयोजन समिति के आयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि कई राज्यों से हस्तशिल्प उत्पाद महोत्सव में आए हैं। महोत्सव का मुख्य उदेश्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत, आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए विलुप्त होती लोककलाओं को नवजीवन प्रदान करने के साथ रोजगार का अवसर प्रदान करना है। मीडिया प्रभारी आशीष पाठक ने बताया की रायबरेली महोत्सव में रायबरेली के दुकानदारों के साथ साथ उत्तर प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से भी दुकानदार आए हुए हैं

रावली महोत्सव में आपको कश्मीरी कपड़े जयपुरी रजाई राजस्थानी व्यंजन के साथ-साथ गुजरात उड़ीसा महाराष्ट्र आदि प्रदेशों की वस्तु मिलेगी रायबरेली रायबरेली महोत्सव अपनी भव्यता और सुंदरता के लिए प्रचलित है इस मौके पर प्रमुख रूप से रायबरेली महोत्सव समिति के संयोजक विजय यादव, भाजपा किसान नेता रमेश बहादुर सिंह, जिला कार्यसमिति सदस्य संतोष पांडे, उद्योग व्यापार मंडल अतुल गुप्ता, त्रिलोचन सिंह, महेंद्र अग्रवाल, एक्यूप्रेशर चिकित्सा भगवान दीन यादव,अखिलेश द्विवेदी, अमरजीत मौर्य,पंकज साहू सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्ट्रीट फूड वेंडर्स को फासी देगा फूड सेफ्टी का प्रशिक्षण

महापौर गणेश केसरवानी करेगे शुभारम्भ

प्रयागराज। महाकुम्भ मेले में तीर्थ यात्रियो सैलानियो को पौष्टिक भोजन के उत्पाद बिक्री गुड़वत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थ उपलबध कराने हेतु (फासी) आजाद स्ट्रीट वेन्डर युनियन व हाकर्स ज्वाइट एक्शन कमेटी द्वारा 1200 फूड वेन्डर्स को भारतीय खाद्य सुरक्षा एव मानक प्राधिकरण (फासी) के अन्तर्गत खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (फोस्टैक) प्रोग्राम के तहत एक दिवसीय प्रशिक्षण एव प्रमाण पत्र व सुरक्षा किट सभी वेन्डरो को प्रदान किया जायेगा।

रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कार्यक्रम 27 दिसंबर को प्रातः11 बजे दिन मे स्थान मोती लाल नेहरु राष्ट्रीय प्रोधोगिकी संस्थान तेलियगंज के एम पी हाल में होना तय हुआ।

चौहान गुट ने ओदारी व्यापार मंडल का किया गठन, मो0 इमरान सर्वसम्मति से चुने गए अध्यक्ष

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। गुरुवार को ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ने प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश के जनपद रायबरेली के पड़ोसी जिला अमेठी के ओदारी व्यापार मंडल का गठन किया गया। जिसमें मो0 इमरान को ओदारी व्यापार मंडल का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ ही धीरेंद्र मौर्या को उपाध्यक्ष, अरविंद चौरसिया को संगठन मंत्री, मो0 अकील अहमद को महासचिव, मो0 यूसुफ, हाफिज मो0 कयूम, सिराज अहमद, सत्तीदीन मौर्या, हरिश्चंद्र पाल को संरक्षक, सुशील कुमार वर्मा, सरताज अहमद, किरण कुमार, राहुल कुमार, सद्दाम हुसैन, वीरेंद्र मौर्या, मो0 मोईन, लवलेश मौर्या, राकेश अग्रहरि, मनोज अग्रवाल, उमेश गुप्ता, रंजीत वर्मा, मो0 इकबाल, अशोक सोनी, अजय पाल, मो0 ताज, मनोज साहू, ईश्वरदीन, अनुराग सिंह, हरक बहादुर, मो0 रफीक को सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट के प्रदेश व जिला कमेटी के पदाधिकारियों ने फूलमाला व मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान ने कहा कि आज से ओदारी व्यापार मंडल की हर समस्या की जिम्मेदारी मैं लेता हूं, किसी भी प्रकार का व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नवनियुक्त अध्यक्ष मो0 इमरान ने कहा कि चौहान गुट टीम के द्वारा किए जा रहे व्यापारी हितों के कार्यों और निशुल्क लावारिस शवों को अंतिम संस्कार की खबरें आए दिन अखबारों और चैनलों के माध्यम से देखता आ रहा हूं जिससे मुझको भी चौहान गुट टीम में जुड़ने और व्यापारी हितों की रक्षा करने की इच्छा हुई जो आज संगठन में जगह मिलने के बाद पूरी हो गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मोश उमर, प्रदेश सचिव संदीप पाठक, प्रदेश मीडिया प्रभारी एसके सोनी, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश मीडिया महामंत्री रमाशंकर शुक्ला, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रभारी वसीम खान, नीलेश आदि मौके पर मौजूद रहे।

खाताधारक के खाते से पैसा गायब होने को लेकर बैंक का हुआ घेराव

कौंधियारा (प्रयागराज)। देश में आनलाइन फ्राड के चलते लोगो के मन में डर का माहौल बन गया है लोग बैंक पर विश्वास कर के गाढ़ी कमाई का पैसा रखते है ताकि पैसा सुरक्षित रहे।इसके बावजूद भी लोग फ्रॉड करने वालों से सुरक्षित नहीं है। मंगलवार को कौंधियारा में बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के खाता धारक रामकली पत्नी वंशीलाल निवासी मवैया के खाते से कुल 1,36000 रुपये तथा उसी गांव के रहने वाले श्रीपति पुत्र स्व बाबू लाल के खाते से 25 हजार रुपये वर्ष 2021-22 में किसी तरह फ्राड कर के पैसा निकाल लिया गया जिसकी जानकारी होने पर खाता धारक सहित परिजनों बैंक का घिराव करते हुये बैंक मैनेजर को लिखित शिकायत दे कर फ्राड तरीके से निकाले गये पैसे को खाताधारक को पैसा वापस दिलाने की मांग की है। बैंक मैनेजर ने परिजनों को आश्वासन देते हुये जाँच करने की बात कहीं है। वहीं परिजनों का कहना है की जब तक फ्राड किये गये पैसे नहीं मिल जाते तब तक सभी लोग धरने पर बैठे रहेगे।

मार्ग हादसे में पति-पत्नी घायल

लोकमित्र ब्यूरो

तिलहर (शाहजहांपुर) एक युवक पत्नी को बाइक से ले जा रहा रास्ते में सड़क पर नदी आ जान से बाईक अनियंत्रित होकर गिर गई! जिससे पति-पत्नी दोनों लोग घायल हो गए! लोगों की सूचना पर डायल 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई!और घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया! !थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव कट कईया निवासी देवेंद्र सिंह घर से पत्नी नन्ही देवी को बाइक से कटरा की ओर से शाहजहांपुर को जा रहे थे! तभी धनेला के पास सड़क पर नदी आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जिससे बाइक चालक देवेंद्र व बाइक पर सवार नन्ही देवी सहित दोनों लोग घायल हो गए! बही सूचना पर डायल 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंच गई !घायल पति-पत्नी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज मैं भर्ती कराया!

कात्यायनी और प्रीति अंडर-19 ट्रायल के लिए चयनित

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) द्वारा शुक्रवार (27 दिसंबर) को लखनऊ में अंडर-19 महिला क्रिकेटरों का ट्रायल कराया जायेगा। ट्रायल के बाद संभावित खिलाड़ियों का कैंप आयोजित होगा। इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा के अनुसार ट्रायल के लिए इलाहाबाद मंडल की कात्यायनी पाठक और प्रीति यादव का चयन किया गया है। दोनों को 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे तक सेज क्रिकेट अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।